आज का मौसम
36.0⁰ अधिकतम तापमान
23.0⁰ न्यूनतम तापमान
सूर्योदय 06.03
सूर्यास्त 06.24

एक सम्पूर्ण दैनिक अखबार

# अमृत विचार

| लखनऊ |

www.amritvichar.com

2 राज्य | 6 संस्करण
लखनऊ, बरेली, कानपुर, मुरादाबाद, अयोध्या, हल्द्वानी

चैत्र शुक्ल पक्ष एकादशी 07:46 उपरांत द्वादशी विक्रम संवत 2083

रविवार, 29 मार्च 2026, वर्ष 36, अंक 50, पृष्ठ 14+4 | मूल्य 6 रुपये



केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह बोले- पश्चिम बंगाल चुनाव देश की सुरक्षा के लिए अहम - 12




बाहरी झटकों से वृद्धि पर नकारात्मक प्रभाव का जोखिम : वित्त मंत्रालय - 12



इजराइल ने ईरान पर बोला 50 विमानों से हमला - 13



चोटिल एमएस धोनी आईपीएल के पहले दो सप्ताह नहीं खेल पाएंगे - 14




इस बार के रविवारीय संस्करण 'लोक दर्पण' में, आखिर क्यों उड़ी-उड़ी सी है नींद व अन्य विषयों पर विशेष सामग्री दी जा रही है।

www.amritvichar.com

# विकसित यूपी की उड़ान का प्रतीक है नोएडा एयरपोर्ट

## जेवर स्थित अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे के उद्घाटन अवसर पर बोले प्रधानमंत्री | कार्गो टर्मिनल का किया लोकार्पण, 40 एकड़ में बनने वाली एमआरओ सुविधा का शिलान्यास

राज्य ब्यूरो,लखनऊ/ गौतम बुद्ध नगर

**अमृत विचार:** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट के प्रथम चरण का भव्य शुभारंभ किया। इस मौके पर उन्होंने कार्गो टर्मिनल का लोकार्पण व 40 एकड़ में विकसित होने वाली अत्याधुनिक एमआरओ (मेंटेनेंस, रिपेयर एंड ओवरहॉल) सुविधा का शिलान्यास भी किया। प्रधानमंत्री ने इसे 'विकसित भारत-विकसित उत्तर प्रदेश' की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम बताते हुए कहा कि यह एयरपोर्ट राज्य के उज्ज्वल भविष्य की नई उड़ान का प्रतीक है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि जेवर स्थित यह एयरपोर्ट आगरा, मथुरा, मेरठ, अलीगढ़, गाजियाबाद और बुलंदशहर समेत पूरे पश्चिम यूपी के जिलों के विकास को नई गति देगा। इससे किसानों, लघु उद्योगों और युवाओं के लिए नए अवसर सृजित होंगे। उन्होंने किसानों के योगदान को विशेष रूप से सराहते हुए कहा कि उनकी जमीन के सहयोग से यह परियोजना साकार हो पाई है, जिससे कृषि उत्पाद वैश्विक बाजार तक आसानी से पहुंच सकेंगे। कहा, उप्र देश का प्रमुख एविएशन हब बन रहा है। एयरपोर्ट नेटवर्क के विस्तार से कनेक्टिविटी मजबूत हुई है।



नोएडा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे का उद्घाटन करते प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, मुख्यमंत्री योगी और राज्यपाल।

### मोदी बोले- कार्गो हब और कनेक्टिविटी से बढ़ेगा निर्यात

पीएम मोदी ने कहा कि जेवर एयरपोर्ट एक मल्टी-मोडल कनेक्टिविटी हब के रूप में विकसित किया गया है। जहां सड़क, रेल और हवाई सेवाओं का बेहतर समन्वय होगा। एयरपोर्ट का कार्गो हब शुरुआती चरण में 2.5 लाख मीट्रिक टन वार्षिक क्षमता के साथ कार्य करेगा, जिसे भविष्य में 18 लाख मीट्रिक टन तक बढ़ाया जाएगा। इससे उत्तर प्रदेश के उत्पादों को अंतरराष्ट्रीय बाजार में नई पहचान मिलेगी और निर्यात को बढ़ावा मिलेगा।

### एमआरओ सुविधा से आत्मनिर्भर बनेगा भारत

प्रधानमंत्री ने कहा कि अभी तक देश के अधिकांश विमान मेंटेनेंस के लिए विदेश भेजे जाते हैं, जिससे भारी खर्च होता है। जेवर में बनने वाली एमआरओ सुविधा इस स्थिति को बदलेगी और भारत को एविएशन सेक्टर में आत्मनिर्भर बनाएगी। इससे हजारों युवाओं के लिए रोजगार के अवसर भी पैदा होंगे।

### देशवासियों के भरोसे हम पश्चिम एशिया संकट का कर रहे मुकाबला : मोदी

पीएम मोदी ने कहा पश्चिम एशिया में एक महीने से युद्ध जारी है, भारत इस संकट का पूरी शक्ति से सामना कर रहा है। उन्होंने कहा कि युद्ध के कारण कई देशों में खाने-पीने के सामान, डीजल और खाद का संकट उत्पन्न हुआ है। लेकिन भारत अपनी जनता की ताकत के भरोसे इसे पूरी शक्ति से संभाल रहा है। प्रधानमंत्री ने बताया कि भारत बड़ी मात्रा में कच्चे तेल और गैस प्रभावित देशों से मंगाता है। सरकार हर संभव कदम उठा रही है ताकि आम परिवारों और किसानों पर इसका बोझ न पड़े। उन्होंने देशवासियों से अपील की कि वे धैर्य और एकजुटता के साथ इस चुनौती का सामना करें।

### हवाई अड्डे का नया प्रतीक चिह्न बना 'सारस'

**नोएडा।** नोएडा अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे ने अपनी ब्रांड पहचान के लिए सारस-प्रेरित नया प्रतीक चिह्न अपनाया है, जो उप्र की सांस्कृतिक विरासत और आधुनिक, सतत विकास की सोच को दर्शाता है। प्रदेश के राजकीय पक्षी 'सारस' को प्रतीक चिह्न में शामिल कर इसे विशिष्ट और वैश्विक स्तर पर प्रभावी पहचान देने का प्रयास किया है।

### हर दो मिनट में उड़ान की क्षमता

प्रधानमंत्री ने बताया कि जेवर एयरपोर्ट को अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस किया गया है, जहां भविष्य में हर दो मिनट में एक विमान के उड़ान भरने की क्षमता विकसित की जा रही है। यह पूरे उत्तर भारत को वैश्विक स्तर पर जोड़ने में अहम भूमिका निभाएगा।

## यूपी के उज्ज्वल भविष्य का लांचपैड बनेगा हवाईअड्डा

- मुख्यमंत्री बोले-निवेश, रोजगार व कनेक्टिविटी को नई ऊंचाई प्रदान करेगा नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट

राज्य ब्यूरो, लखनऊ/ गौतम बुद्ध नगर

**अमृत विचार :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मौजूदगी में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट के पहले चरण के उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए इसे उत्तर प्रदेश के उज्ज्वल भविष्य का 'लांचपैड' बताया। उन्होंने कहा कि यह एयरपोर्ट राज्य की अर्थव्यवस्था, निवेश और रोजगार को नई ऊंचाई देगा।

सीएम योगी ने कहा कि यह परियोजना उत्तर प्रदेश को वैश्विक एविएशन मानचित्र पर स्थापित करेगी। आगामी वर्षों में पांच रनवे के साथ यह एयरपोर्ट अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बड़ी पहचान बनाएगा।

यह एयरपोर्ट यमुना एक्सप्रेस-वे, दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेस-वे, गंगा एक्सप्रेस-वे और हाईस्पीड रेल जैसे नेटवर्क से जुड़कर प्रदेश को विकास की नई गति प्रदान करेगा। इससे निवेश, लॉजिस्टिक्स और औद्योगिक गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा। समारोह में राज्यपाल आनंदीबेन पटेल सहित कई केंद्रीय व राज्यमंत्री और जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।



### एक्साइज ड्यूटी कटौती पर जताया आभार

मुख्यमंत्री योगी ने पेट्रोलियम उत्पादों पर एक्साइज ड्यूटी घटाने के लिए प्रधानमंत्री का आभार जताते हुए कहा कि इससे आम जनता को बड़ी राहत मिलेगी। अमेरिका जैसे विकसित देश में पेट्रोलियम उत्पादों के दाम आसमान छूते दिख रहे रहे हैं, लेकिन भारत में दाम नियंत्रित है। इनकी आपूर्ति सुगम बनाई गई है।

### किसानों के योगदान को सराहा

मुख्यमंत्री ने एयरपोर्ट निर्माण के लिए भूमि देने वाले किसानों का आभार जताया और कहा कि किसानों ने नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट के लिए 13 हजार एकड़ जमीन दिया। किसानों ने पूरी प्रक्रिया में सकारात्मक योगदान दिया, जनप्रतिनिधियों के साथ मिलकर विकास के कार्यक्रम को बढ़ाया। उन्हें समयबद्ध मुआवजा व पुनर्वास के साथ जोड़ा गया।

## ब्रीफ न्यूज

### इंस्टाग्राम पर लाइव आने के बाद युवक ने की आत्महत्या

**शिवपुरी।** मध्यप्रदेश के शिवपुरी में एक युवक ने इंस्टाग्राम पर लाइव आने के बाद आत्महत्या कर ली। पुलिस अधिकारियों के अनुसार यह घटना शुक्रवार रात जिले के देहात थाना क्षेत्र में हुई। मनोज रजक (22) नामक युवक के आखिरी पलों का करीब 14 मिनट का वीडियो भी सामने आया है। देहात थाना प्रभारी विकास यादव ने बताया कि युवक ने लाइव चैट के दौरान अपने दोस्तों का हाथ हिलाकर अभिवादन किया और उन्हें 'फ्लाइंग किस' दी, इसके बाद उसने छत के पंखे से फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली।

### जम्मू-कश्मीर: रियासी में लश्कर-ए-तैयबा के आतंकी की संपत्ति कुर्क

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर पुलिस ने शनिवार को रियासी जिले में आतंकवादी संगठन लश्कर-ए-तैयबा (एलईटी) के लिए काम करने वाले एक व्यक्ति की अचल संपत्ति कुर्क की। एक पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि आरोपी मोहम्मद कासिम के खिलाफ यूएपीए की धारा 25 के तहत कुर्की की यह कार्यवाही आतंकी समर्थक तंत्र को खत्म करने के अभियान का हिस्सा थी।

### छात्र को 'आतंकवादी' कहने पर प्रोफेसर के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज

**बेंगलुरु।** यहां कक्षा में एक छात्र को आतंकवादी कहने और आपत्तिजनक टिप्पणी करने के आरोप में शनिवार को एक निजी विश्वविद्यालय के सहायक प्रोफेसर के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई। प्रोफेसर द्वारा छात्र को डांटते हुए कक्षा में बाधा डालने का आरोप लगाने वाला एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया है। यह घटना 24 मार्च को हुई।

## नेपाल में नई सरकार के शपथ लेते ही पूर्व पीएम ओली और पूर्व गृह मंत्री गिरफ्तार

काठमांडू, एजेंसी



नेपाल के पूर्व प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली गिरफ्तार।

- जेन जेड के विरोध-प्रदर्शनों पर कार्रवाई के सिलसिले में की गई कार्रवाई
- जांच करने वाले उच्चस्तरीय आयोग की रिपोर्ट के आधार पर हुई गिरफ्तार

नेपाल में पिछले साल सितंबर में हुए 'जेन जेड' विरोध-प्रदर्शनों की जांच करने वाले उच्चस्तरीय आयोग की रिपोर्ट को तुरंत लागू करने के नवगठित सरकार के फैसले के एक दिन बाद शनिवार को देश के पूर्व प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली को गिरफ्तार कर लिया गया। नेपाल के नए प्रधानमंत्री बालेन्द्र शाह 'बालेन' की अध्यक्षता में शुक्रवार को हुई नवगठित मंत्रिमंडल की बैठक में आयोग की रिपोर्ट को तुरंत लागू करने का फैसला किया गया था।

पुलिस ने बताया कि नेपाल कम्युनिस्ट पार्टी-एकीकृत मार्क्सवादी-लेनिनवादी (सीपीएन-यूएमएल) के अध्यक्ष ओली को शनिवार तड़के काठमांडू से 12 किलोमीटर पूर्व भक्तपुर जिले के गुंडू इलाके से गिरफ्तार किया गया। पूर्व गृह मंत्री एवं नेपाली कांग्रेस के नेता रमेश लेखक को भी भक्तपुर जिले की सूर्यविनायक नगरपालिका के कटुंजे स्थित उनके आवास से गिरफ्तार किया गया है। ओली और लेखक को पिछले साल आठ और नौ सितंबर को हुए 'जेन जेड' आंदोलन को दबाने में संलिप्तता के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। इस आंदोलन में कई युवाओं सहित 76 लोग मारे गए थे। 'जेन जेड' आंदोलन से जुड़े घटनाक्रम की जांच के लिए गठित आयोग ने ओली और लेखक सहित अन्य लोगों के खिलाफ आपराधिक मामले में कानूनी कार्रवाई की सिफारिश की है। बालेंद्र के नेतृत्व वाली नेपाल की नवगठित सरकार ने शुक्रवार को अपनी पहली मंत्रिमंडल बैठक में जांच आयोग की सिफारिशों को तत्काल लागू करने का निर्णय लिया। नेपाल की कम्युनिस्ट पार्टी के कार्यकर्ताओं ने ओली की गिरफ्तारी के खिलाफ देशभर में प्रदर्शन किया।

### 10 साल तक की जेल की सजा की सिफारिश

गृह मंत्री सुदन गुरुंग ने ओली की गिरफ्तारी के बाद एक पोस्ट में लिखा, कानून से ऊपर कोई नहीं है। उन्होंने कहा, मेरा मानना है कि अब देश को एक नई दिशा मिलेगी। ओली और लेखक को भद्रकाली स्थित काठमांडू जिला पुलिस सर्किल में हिरासत में रखा गया है। जांच आयोग ने इस अपराध के लिए तीन से 10 साल तक की जेल की सजा की सिफारिश की है। काठमांडू के एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने कहा कि शनिवार को अवकाश होने के कारण उन्हें रविवार को काठमांडू जिला अदालत में पेश किया जाएगा।

### राष्ट्रीय विज्ञान पुरस्कार के लिए नामांकन प्रक्रिया शुरू

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने विज्ञान, प्रौद्योगिकी और नवाचार के क्षेत्रों में उत्कृष्ट योगदान को मान्यता देने के वास्ते शुरू किए गए राष्ट्रीय विज्ञान पुरस्कार (आरवीपी) 2026 के लिए नामांकन आमंत्रित किए हैं। इन पुरस्कारों का प्रबंधन विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्रालय की वैज्ञानिक एवं औद्योगिक अनुसंधान परिषद के आरवीपी सचिवालय द्वारा सरकार के प्रधान वैज्ञानिक सलाहकार की अध्यक्षता में किया जाता है। केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह ने कहा, यह पुरस्कार विज्ञान, प्रौद्योगिकी व नवाचार में उत्कृष्टता को बढ़ावा देने के लिए सरकार की अटूट प्रतिबद्धता दर्शाता है।

### हवा में फ्लाइट का इंजन खराब, इमरजेंसी लैंडिंग

**मुंबई।** विशाखापत्तनम से दिल्ली जा रहा इंडिगो का विमान इंजन में खराबी के कारण शनिवार को दिल्ली के इंदिरा गांधी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर आपात स्थिति में उतरा गया। एक सूत्र ने कहा, विशाखापत्तनम-दिल्ली उड़ान 6ई 579 के एक इंजन में खराबी के कारण इंदिरा गांधी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर पूर्वाह्न 10 बजकर 39 मिनट पर पूर्ण आपात स्थिति घोषित की गई।

## परिवहन मंत्री के महायज्ञ के दौरान यज्ञशाला व गोशाला में लगी भीषण आग

अयोध्या कार्यालय



महायज्ञ स्थल पर कुछ इस तरह दिखा आग का दृश्य।

- बाल-बाल बचे वीवीआईपी व अन्य, मची अफरातफरी, फायर ब्रिगेड के 10 वाहनों ने घंटों मशक्कत के बाद पाया लपटों पर काबू
- रामनगरी के राजघाट में हो रहा था श्रीलक्ष्मी नारायण महायज्ञ

**अमृत विचार :** अयोध्या के थाना कैंट अंतर्गत सरयू तट स्थित राजघाट इलाके में परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह द्वारा कराए जा रहे श्रीलक्ष्मी नारायन महायज्ञ के समापन के दिन शनिवार दोपहर यज्ञशाला में भीषण आग लग गई। गनीमत रही कि आग लगने से कुछ ही मिनट पहले करीब 4500 लोग आहुति देकर बाहर निकल गए थे, वरना बड़ा हादसा हो सकता था। वहीं आग बुझाने का प्रयास हो ही रहा था कि इतने में मुख्य पांडाल के पूर्वी ओर स्थित गोशाला में भी आग लग गई। दोनों घटनाओं में किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई। परिवहन मंत्री के नेतृत्व व बक्सर बिहार के श्रीजीयर स्वामी जी महाराज की मौजूदगी में रामनवमी पर्व पर इस महायज्ञ का आयोजन 20 मार्च को शुरू हुआ था। इसके लिए बने यज्ञशाला में बने 1251 कुंड में प्रतिदिन करीब पांच हजार श्रद्धालुओं द्वारा हवन-पूजन किया जा रहा था। समापन के अवसर पर शनिवार को करीब 4500 लोगों द्वारा हवन कुंड में पूर्णाहुति डाली गई। करीब 12 बजे यज्ञ समाप्त होने के बाद जैसे ही लोग बाहर निकले, इतने में एक कुंड में पड़ा नारियल अचानक फट गया व उसमें से निकली चिंगारी से घास-फूंस व बांस-बल्लियों के बने यज्ञशाला में आग लग गई।

खुला मैदान व तेज हवा के चलते लपटों ने कुछ ही मिनटों में भीषण रूप धारण कर लिया। करीब 10 मिनट में ही पूरी यज्ञशाला जलकर राख हो गई। सूचना पर पहुंचे दमकल के 10 छोटे-बड़े वाहन आग पर काबू करने का प्रयास कर ही रहे थे कि मुख्य पांडाल के पूर्वी छोर पर बनी गोशाला में भी अचानक आग लग गई। वहां मौजूद लोगों ने किसी तरह गोवंशों को बाहर निकाल उनकी जान बचाई। इस दौरान परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह समेत कई विधायक व अन्य वीआईपी भी घटनास्थल के बगल बने मुख्य पांडाल में मौजूद थे। सूचना पर मंडलायुक्त राजेश कुमार, डीआईजी सोमेन वर्मा, जिलाधिकारी निखिल टीकाराम फुंडे, एसएसपी डॉ. गौरव ग्रोवर समेत अन्य अधिकारी मौके पर पहुंचे व घटनास्थल का निरीक्षण किया।

जिलाधिकारी ने बताया कि मौके पर एंबुलेंस तैनात थी। दमकल के अन्य वाहनों को बुलाकर आग बुझाया गया। आग लगने से पूर्व ही यज्ञ समाप्त हो चुका था। यज्ञशाला में कोई मौजूद नहीं था, इससे कोई जनहानि नहीं हुई।

## डीआईजी पर जानलेवा हमला करने वाले 16 दोषियों को आजीवन कारावास

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**मैनाठेर प्रकरण**

- मुख्य दोषी की हो चुकी मृत्यु, छह बाल अपचारियों पर बाल न्यायालय में मुकदमा विचाराधीन



**अमृत विचार:** मुरादाबाद के मैनाठेर कोतवाली क्षेत्र में 6 जुलाई 2011 को बलवा, लूटपाट, आगजनी व डीआइजी पर जानलेवा हमले में शनिवार को अदालत ने 16 दोषियों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई। साथ ही प्रत्येक पर 55 हजार रुपये अर्थदंड भी लगाया। मामले में 25 अपराधियों के खिलाफ चार्जशीट न्यायालय में दाखिल गई थी, जबकि 33 लोग नामजद थे। 25 आरोपियों के खिलाफ अदालत में दाखिल की गई चार्जशीट में में छह बाल अपचारी भी शामिल थे, जिनमें से तीन की मौत हो चुकी है।

चार जुलाई 2011 को मैनाठेर कोतवाली क्षेत्र के गांव में युवती के साथ घर में घुसकर छेड़छाड़ और अश्लील की गई थी। युवती ने पांच जुलाई को असालतनगर बघा के मुस्लिम के विरुद्ध मैनाठेर कोतवाली में तहरीर दी थी। पुलिस आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्जकर 6 जुलाई को सुबह सात बजे आरोपी को पकड़ने उसके घर पहुंची थी। इस दौरान पुलिस की गिरफ्त से मुस्लिम को छुड़ाने के लिए महिलाओं और ग्रामीणों ने पुलिस के साथ हाथापाई की थी। लेकिन, पुलिस टीम उसे गिरफ्तार कर कोतवाली ले आई थी। इस दौरान घर की महिलाओं और कुछ असामाजिक तत्वों ने धार्मिक ग्रंथ फेंकने की झूठी अफवाह उड़ाकर फैला दी। अफवाह फैलाने और धार्मिक उन्माद फैलाने में तत्कालीन ग्राम प्रधान कामिल का अहम रोल था, जिसे पुलिस ने अपनी जांच में मुख्य आरोपी बनाया। आस-पास के गांवों के सैकड़ों लोगों ने मैनाठेर कोतवाली को घेरकर पथराव कर लूटपाट कर आगजनी की।

तत्कालीन डीआईजी अशोक स्थिति नियंत्रण के लिए टीम के साथ मैनाठेर पहुंचे थे। दंगाइयों ने डीआईजी व अन्य पुलिस कर्मियों पर जानलेवा हमला किया था। डीआईजी को मरणासन्न स्थिति में पुलिस टीम ने किसी प्रकार भीड़ के चंगुल से निकाला था।

**सुप्रीम आदेश** | रेप पीड़िताओं के नाम उजागर करने पर सुप्रीम कोर्ट सख्त, सभी हाईकोर्ट को निर्देश जारी

## कोर्ट के आदेशों में दुष्कर्म पीड़िताओं की पहचान उजागर न हो

नई दिल्ली, एजेंसी

- कोई भी प्रिंट, इलेक्ट्रॉनिक, सोशल मीडिया में पीड़िता का नाम प्रकाशित या प्रसारित नहीं कर सकता



उच्चतम न्यायालय ने रेप मामले में एक लड़की की पहचान उजागर किए जाने की कड़ी भर्त्सना की है और सभी उच्च न्यायालयों को निर्देश दिया है कि वे सुनिश्चित करें कि अदालत के आदेशों में पीड़िताओं और उनके परिवार के सदस्यों के नाम का उल्लेख न हो।

शीर्ष अदालत ने 2018 में 'निपुण सक्सेना' मामले में अपने फैसले में कहा था, कोई भी व्यक्ति प्रिंट, इलेक्ट्रॉनिक, सोशल मीडिया आदि में पीड़िता का नाम प्रकाशित या प्रसारित नहीं कर सकता और न ही किसी भी रूप में ऐसे तथ्य उजागर कर सकता है जिससे पीड़िता की पहचान सामने आए या आम जनता को उसकी पहचान पता चल सके।

न्यायमूर्ति संजय करोल और न्यायमूर्ति एन कोटिश्वर सिंह की पीठ ने इस फैसले का पालन न होने के पीछे अदालतों की सामान्य उदासीनता और संभवता ऐसे अपराधों से जुड़े गहरे सामाजिक कलंक के प्रति जागरूकता की कमी को जिम्मेदार ठहराया।

शीर्ष अदालत ने कहा कि विधायिका ने 1983 में भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) में एक प्रावधान जोड़ा था, जिसका उद्देश्य धारा 376 के तहत अपराध की पीड़िता की पहचान सुरक्षित रखना था। इसने कहा कि यह संशोधन मुख्य रूप से उस गंभीर समस्या से निपटने के लिए किया गया था, जो यौन अपराध के मामलों के निपटारे के तरीके से स्पष्ट रूप से सामने आई थी, खासकर पीड़िता की पहचान का सार्वजनिक खुलासा करने जैसी समस्या। इसलिए पीठ ने निर्देश दिया कि इस फैसले की एक प्रति सभी उच्च न्यायालयों के रजिस्ट्रार जनरल को भेजी जाए। अदालत ने भारतीय दंड संहिता, 1860 की धारा 228ए का भी उल्लेख किया, जो रेप सहित यौन अपराधों की पीड़िताओं की पहचान उजागर करने पर रोक लगाती है, ताकि उन्हें सामाजिक कलंक से बचाया जा सके। ये टिप्पणियां हिमाचल प्रदेश उच्च न्यायालय के एक आदेश को रद्द करते समय की गईं, जिसमें नौ-वर्षीय लड़की के रेप के मामले में एक व्यक्ति की सजा को उलट दिया गया था, और कहा गया था कि अदालतों को छोटे मतभेदों को अत्यधिक महत्व नहीं देना चाहिए।

### पीड़िता के नाम को किसी अन्य गवाह की तरह माना गया

शीर्ष अदालत ने कहा कि 1983 से पहले, महिला यौन उत्पीड़न की पीड़िता का नाम या विवरण प्रकाशित करने पर कोई कानूनी रोक नहीं थी, और अदालत की रिपोर्टिंग एवं मीडिया कवरेज से पीड़िताओं को सामाजिक कलंक एवं बहिष्कार का दंश झेलने के साथ आजीवन प्रतिष्ठा को नुकसान पहुंच सकता था। पीठ ने कहा, स्पष्ट रूप से, इन कार्यवाहियों में इस धारा के उद्देश्य को नजरअंदाज किया गया है। पीड़िता के नाम को किसी अन्य गवाह की तरह माना गया है और पूरे रिकॉर्ड में स्वतंत्र रूप से इसका उपयोग किया गया है। इसकी कड़ी भर्त्सना होनी चाहिए। वास्तव में, इस अदालत ने पहले भी देखा है कि इस प्रावधान का पालन नहीं किया जा रहा है।


नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट के पहले फेज के उद्घाटन कार्यक्रम के लिए पहुंचे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, राज्यपाल आनंदी बेन पटेल व अन्य।


नोएडा एयरपोर्ट परिसर के मॉडल के जरिये प्रधानमंत्री को जानकारी देते अधिकारी, साथ में राज्यपाल आनंदीबेन पटेल, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ व अन्य।

# कनेक्टिविटी का रिकॉर्ड बनाएगा नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट

## दिल्ली पर निर्भरता होगी कम, उत्तर भारत के यात्रियों के लिए बड़ी राहत, एयरपोर्ट को यमुना एक्सप्रेसवे से सीधे जोड़ा गया

राज्य ब्यूरो, लखनऊ/जेवर

**अमृत विचार:** नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट देश के सबसे बड़े एविएशन हब के रूप में विकसित होने के साथ अब कनेक्टिविटी के मामले में भी नया रिकॉर्ड बनाने की ओर बढ़ रहा है। सड़क, रेल, मेट्रो और हाई-स्पीड रेल नेटवर्क से जुड़कर यह एयरपोर्ट उत्तर भारत के यात्रियों के लिए बड़ी राहत लेकर आएगा।

एयरपोर्ट को यमुना एक्सप्रेसवे से सीधे जोड़ा गया है, जबकि दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे के लिंक से दक्षिण हरियाणा और पश्चिमी भारत से तेज कनेक्टिविटी सुनिश्चित होगी। आगे गंगा एक्सप्रेसवे और ईस्टर्न पेरिफेरल एक्सप्रेसवे से भी पहुंच और मजबूत होगी।

### रेल और रैपिड रेल कनेक्टिविटी



रेल और रैपिड रेल कनेक्टिविटी को लेकर भी बड़ा काम हो रहा है। दिल्ली से जेवर एयरपोर्ट को जोड़ने वाली रीजनल रैपिड ट्रांजिट सिस्टम (आरआरटीएस) परियोजना का डीपीआर केंद्र सरकार को भेजा जा चुका है। साथ ही, चोला-रुंधी रेल लाइन से कनेक्टिविटी के लिए भी योजना तैयार की जा रही है।

### अंतरराज्यीय बस सेवाएं होंगी शुरू




यात्रियों के लिए कैब और कार रेंटल सेवाएं भी उपलब्ध होंगी, जिससे सफर और आसान बनेगा। इसके लिए उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम (यूपीएसआरटी) के साथ समझौता किया गया है। उत्तर प्रदेश सहित उत्तराखंड, हरियाणा, दिल्ली और राजस्थान से अंतरराज्यीय बस सेवाएं शुरू की जाएंगी।




## सारस की उड़ान बनी एयरपोर्ट की पहचान

- राजकीय पक्षी से सजा प्रतीक चिन्ह, विकास के साथ विरासत का संदेश

**अमृत विचार, लखनऊ/जेवर :** नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट ने अपनी ब्रांड पहचान को खास बनाने के लिए उत्तर प्रदेश के राजकीय पक्षी सारस को अपने लोगो के रूप में अपनाया है। यह कदम राज्य की सांस्कृतिक विरासत को वैश्विक मंच पर प्रस्तुत करने और पर्यावरणीय संतुलन की दिशा में अहम माना जा रहा है।



एयरपोर्ट के लोगो में उड़ते हुए सारस को दर्शाया गया है, जो प्रगति, आत्मविश्वास और नई ऊंचाइयों की ओर बढ़ते उत्तर प्रदेश का प्रतीक है। यह पहल योगी आदित्यनाथ के "विकास के साथ विरासत" विजन को भी दर्शाती है, जिसमें आधुनिक इंफ्रास्ट्रक्चर के साथ सांस्कृतिक पहचान और पर्यावरण संतुलन पर जोर दिया गया है। नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट का यह नया प्रतीक न केवल इसकी ब्रांडिंग को मजबूत करेगा, बल्कि इसे अंतरराष्ट्रीय स्तर पर एक अलग पहचान भी दिलाएगा।

**डिजाइन में तकनीक और इको-फ्रेंडली सोच का मेल:** लोगो का डिजाइन पतली और एकीकृत रेखाओं से तैयार किया गया है, जो गति, तकनीक और बेहतर कनेक्टिविटी का संकेत देता है। वहीं नीले-हरे रंग का ग्रेडिएंट आधुनिक विकास और पर्यावरण संरक्षण के संतुलन को दर्शाता है। जो योगी आदित्यनाथ की ग्रीन और सस्टेनेबल डेवलपमेंट नीति के अनुरूप है।

## प्रदेश के पर्यटन शहरों तक पहुंच हो जाएगी आसान

**राज्य ब्यूरो, लखनऊ/जेवर, अमृत विचार :** नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट के शुरू होने से उत्तर प्रदेश में पर्यटन, निवेश और व्यापार के नए अवसर खुलने जा रहे हैं। यमुना एक्सप्रेसवे किनारे स्थित यह एयरपोर्ट अब विदेशी पर्यटकों के लिए यूपी के प्रमुख धार्मिक, ऐतिहासिक और सांस्कृतिक स्थलों तक सीधे पहुंच का नया विकल्प बनेगा। साथ ही उप्र. को वैश्विक पर्यटन मानचित्र पर नई पहचान और राज्य की अर्थव्यवस्था को भी मजबूती देगा। अब तक विदेशी पर्यटकों को इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा पर निर्भर रहना पड़ता था, लेकिन जेवर एयरपोर्ट के संचालन से आगरा, मथुरा-वृंदावन, फतेहपुर सीकरी, अयोध्या और वाराणसी जैसे प्रमुख स्थलों तक पहुंच आसान होगी। यमुना एक्सप्रेसवे के जरिए आगरा और फतेहपुर सीकरी तक 1.5 से 2 घंटे तथा मथुरा-वृंदावन तक करीब 90 मिनट में पहुंचा जा सकेगा। इन धार्मिक स्थलों पर बीते नौ वर्षों में विदेशी पर्यटकों की संख्या में तेज वृद्धि दर्ज की गई है। यूपी, जिसे 'लैंडलॉक्ड' माना जाता है, अब हवाई मार्ग से दुनिया से जुड़कर विदेशी पर्यटन के क्षेत्र में भी नई ऊंचाइयां छू सकता है। यह एयरपोर्ट न केवल धार्मिक पर्यटन, बल्कि इको-टूरिज्म को भी बढ़ावा देगा। दुधवा राष्ट्रीय उद्यान और जिम कॉर्बेट राष्ट्रीय उद्यान जैसे प्राकृतिक स्थलों तक भी पहुंच सुगम होगी। इसके साथ ही मेडिकल, बिजनेस और हॉस्पिटैलिटी सेक्टर को भी गति मिलेगी। होटल, रेस्टोरेंट, गाइड सेवा और स्थानीय हस्तशिल्प को बढ़ावा मिलेगा।

### दिल्ली एयरपोर्ट पर घटेगा दबाव

बेहतर कनेक्टिविटी के चलते अब इंटरनेशनल फ्लाइट के लिए केवल दिल्ली पर निर्भरता नहीं रहेगी। उत्तर भारत के यात्रियों को जेवर से सीधी सुविधा मिलने से इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा पर दबाव भी कम होगा। क्योंकि इससे पहले इंटरनेशनल फ्लाइट पकड़ने के लिए लोगों को दिल्ली जाना पड़ता था। अब कई राज्यों के लोगों की सहूलियत बढ़ जाएगी।

## बायोगैस संयंत्र लगने से गोशाला रोशनी से होगी जगमग


गोशाला में स्थापित किया गया बायोगैस संयंत्र।

**प्रतापगढ़ अमृत विचार :** गोवंशों के संरक्षण के लिए बनाई गईं गोशालाओं को ऊर्जा में आत्मनिर्भर बनाने की पहल की जा रही है। इसके तहत सबसे पहली गोशाला में बायोगैस संयंत्र लगाया गया है। इससे उत्पादित होने वाली बिजली न सिर्फ गोशाला को जगमग कर रही है, बल्कि आने वाले बिजली के खर्च की बचत कर रही है। लालगंज के पहाड़पुर की गोशाला का निर्माण सितंबर 2023 में हुआ था। इसकी जनपद की सबसे बड़ी गोशालाओं में गिनती होती है। यह गोशाला 102 बीघे में बनी है। यहां पर 1,454 गोवंश संरक्षित किए गए हैं। जब इस गोशाला का निर्माण हुआ तो उस समय बिजली की केबल से बिजली की आपूर्ति हो रही थी।ट्रांसफार्मर की दूरी अधिक होने से आए दिन बिजली की समस्या बनी रहती थी। केबल हटाकर जनरेटर का सहारा लेना पड़ा। करीब एक साल तक इसका उपयोग किया गया। प्रतिदिन एक हजार से लेकर 1,200 रुपये तक का डीजल खर्च होता था। गोशाला बनने के साल भर बाद 45 घन मीटर में बायो गैस संयंत्र लगाया गया। इससे दो हार्सपावर सबमर्सिबल पंप, एक किलो वाट क्षमता की चारा मशीन, करीब तीन किलो वाट क्षमता का सीएफएल व अन्य लाइट में उपयोग होता हैं। यूं कहें कि इस संयंत्र से प्रतिदिन सात से आठ किलो वाट बिजली पैदा होती है। यह बिजली गोशाला के लिए पर्याप्त है। इस पहल से जहां हर माह 20 से 30 हजार रुपये के बिजली के बिल की बचत हो रही है। तत्कालीन डीएम नितिन बंसल, सीडीओ ईशा प्रिया, डीपीआरओ रविशंकर द्विवेदी, बीडीओ अश्वनी सोनकर और ग्राम प्रधान शीला शुक्ला के प्रयास से गोशाला में बायो गैस संयंत्र लगाया गया।

बता दें कि बायो गैस जैविक कचरे जैसे – गोबर, कृषि अवशेष और खाद्य अपशिष्ट के सूक्ष्म जीवों द्वारा अपघटन से उत्पन्न होती है। यह मुख्य रूप से ग्रामीण क्षेत्रों में खाना पकाने, बिजली उत्पादन और प्रकाश के लिए उपयोग की जाती है। वहीं डॉ. प्रदीप कुमार,मुख्य पशु चिकित्साधिकारी ने बताया कि पहाड़पुर गोशाला की तर्ज पर बाकी की गोशालाओं में भी आने वाले दिनों में बायो गैस संयंत्र लगाया जाएगा, ताकि बिजली की बचत हो सके।

## करंट की चपेट में आने से फर्नीचर कारोबारी की गई जान

**प्रतापगढ़, अमृत विचार :** उदयपुर थाना के पूरे पांडेय राजापुर निवासी 48 वर्षीय अर्जुन गौड़ पुत्र राम हर्ष शुक्रवार की शाम घर से खाना खाकर निकले। देर रात भी वह घर नहीं लौटे तो परिजन परेशान हो गए। शनिवार सुबह ग्रामीणों ने गांव के एक मुर्गी फार्म पर अर्जुन को कटीले तार में फंसे देखा। वह मृत अवस्था में मिले। सूचना पर ट्रेनी आईपीएस एसओ आफताब आलम मयफोर्स पहुँचे। पुलिस ने शव का पंचनामा कर पीएम के लिऐ भेजवाया। मृतक की पत्नी मायके गई हुई थी। जानकारी पर रोते विलखते पहुंची। अर्जुन की मौत से तीन पुत्रों व एक बेटी के सिर से पिता का साया उठ गया। मृतक पंजाब के लुधियाना में फर्नीचर का कारोबार किया करते थे। चर्चा रही कि कारोबार के सिलसिले में उसका साठ हजार रुपया डूब गया था। इससे वह इनदिनों तनावग्रस्त था। आईपीएस आफताब का कहना है झटका तार से मौत हुई है। तहरीर के आधार पर विधिक कार्रवाई की जाएगी।

## खड़े डंपर में भिड़ा दूसरा डंपर, चालक के पैर कटे

**कुंडा, प्रतापगढ़ अमृत विचार :** बाघराय के रामवनगमन मार्ग पर डिहवा गांव के सड़क पर खड़े डंपर से शनिवार सुबह पीछे से आया दूसरा डंपर टकरा गया। इससे दोनों डंपर क्षतिग्रस्त हो गए। टक्कर मारने वाला डंपर चालक सीट पर फंस गया। लोगों ने उसे बाहर निकाला लेकिन उसके दोनों पैर कट गए थे। उसे गंभीर हालत में प्रयागराज रेफर किया गया है। रामवनगमन मार्ग पर बाघराय के डिहवा गांव के पास एक डंपर पहले से ही किनारे खड़ा था। करीब सात बजे श्रृंगवेरपुर की ओर से आ रहे एक डंपर चालक ने उसमें पीछे से टक्कर मार दी। इससे टक्कर मारने वाले डंपर की केबिन में चालक फंस गया। वहीं आसपास के लोगों के साथ चौकी इंचार्ज अमित द्विवेदी भी पहुंच गए। लोगो ने डंपर चालक हथिगवां के मिश्र का पुरवा खिदिरपुर निवासी 35 वर्षीय शुभम मिश्र को बाहर निकाला। उसके दोनों पैर कट गए थे।

NOTICE

I, MOHAMMAD HASEEB, son of Mr. Taluk Ali, resident of Village Bhuderi, Tehsil Ramsanehighat, District Barabanki, Uttar Pradesh, hereby declare that my name has been incorrectly mentioned as MOHAMMAD NASEEB in my Passport due to an inadvertent error. My correct and official name is MOHAMMAD HASEEB, which is also recorded in my Aadhaar Card, PAN Card, Birth Certificate, Educational Certificates, and other official documents. Henceforth, I shall be known and identified only as MOHAMMAD HASEEB for all purposes. I request all concerned authorities to take note of the correction of my name from MOHAMMAD NASEEB to MOHAMMAD HASEEB.

पूर्वोत्तर रेलवे
खुली ई–निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मंडल रेल प्रबंधक / इंजीनियरिंग / पूर्वोत्तर रेलवे / लखनऊ द्वारा निम्नलिखित कार्यों हेतु ऑनलाईन 'खुली' ई–निविदायें आमंत्रित की जाती हैं जिसका विवरण नीचे निम्नवत् है:– **ई–निविदा सं.: NER-LJN-2026-50; कार्य का नाम:** NER-LJN डिवीजनः– बलरामपुर में: पीएफ नंबर 2 की ऊंचाई बढ़ाना, पीपी शेल्टर, आरसीसी ओएचटी (50000 गैलन) और 900 फीट गहरे ट्यूबवेल आदि जैसे प्रमुख सुधार कार्य किए जा रहे हैं। **अनुमानित लागत (₹):** ₹4,70,43,792.61; **अग्रिम धन (₹):** ₹9,40,900/-; **समापन अवधि:** 08 माह; **1.** उपरोक्त ई–निविदा संख्या **NER-LJN-2026-50** के लिए ई–निविदा दिनांक 16.04.2026 को 15:00 बजे तक अपलोड की जा सकती है तथा उसी दिन समय 15:00 बजे के बाद ई–निविदा खोली जायेंगी। **2.** उपरोक्त ई–निविदा से सम्बन्धित सभी सूचना, निम्नतम अर्हता, नियम एवं शर्तों का पूर्ण विवरण पूर्वोत्तर रेलवे के वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। निविदाकार ई–निविदा प्रपत्र को अपलोड करने से पूर्व इस ई–निविदा सूचना से संबंधित वेबसाइट पर उपलब्ध शुद्धि पत्र (यदि, कोई हो तो) को भी संज्ञान में लेना सुनिश्चित करें।

**मंडल रेल प्रबंधक / इंजीनियरिंग**
**मुजाधि / डब्ल्यू–529** **लखनऊ**
ट्रेनों में बीड़ी / सिगरेट न पियें

कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग, प्रखण्ड–सुलतानपुर।
पताः–विकास भवन सुलतानपुर
ई–प्रोक्योरमेन्ट निविदा सूचना

पत्रांक 3546 / ग्रा0अ0वि0 / निविदा पत्रा0 / पत्रां0सं0–296 / अनु0सहायक / 2025–26 दिनांक– 21.03.2026

महामहिम श्री राज्यपाल, उ0प्र0 की ओर से अधिशासी अभियन्ता, ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग, प्रखण्ड सुलतानपुर के द्वारा ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग उ0प्र0 में ए, बी, सी एवं डी श्रेणी में कार्य की लागत के सीमा के अनुरूप पंजीकृत निविदा दाताओं से ई–टेण्डरिंग के माध्यम से प्रतिशत दर के आधार पर नीचे दर्शाये गये कार्यो हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है, *बिड् डाक्यूमेन्ट के साथ संलग्न बिल ऑफ क्वान्टिटी के अंकित दरों में जी0एस0टी0 के अतिरिक्त अन्य सभी कर सम्मिलित है, जी0एस0टी0 का भुगतान सरकार के निर्देशानुसार नियमानुसार अलग से किया जायेगा।* निविदादाता किसी एक कार्य अथवा सभी कार्यो के लिए निविदा दे सकता है।

1–कार्यो से सम्बंधित विवरण निम्नवत् हैः–

| क्र0 सं0 | जनपद का नाम | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (लाख रू0 में) | बिड सिकुरिटि (इ0एम0डी0) | निविदा प्रपत्र का मूल्य जी.एस.टी सहित (रूपया में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि वर्षा ऋतु सहित |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| पूर्वांचल विकास निधि जिलांश | | | | | | |
| 1 | सुलतानपुर | विकास खण्ड करौंदीकला दसगरपारा बाजार में ट्यूबलर शेड अधिष्ठापन कार्य । | 10.71 | 22000.00 | 766.00 | 120 दिवस |
| 2 | सुलतानपुर | विकास खण्ड करौंदीकला बांगरकला बाजार में ट्यूबलर शेड अधिष्ठापन कार्य । | 10.71 | 22000.00 | 766.00 | 120 दिवस |
| 3 | सुलतानपुर | विकास खण्ड करौंदीकला हिन्दुआबाद बाजार में ट्यूबलर शेड अधिष्ठापन कार्य । | 10.71 | 22000.00 | 766.00 | 120 दिवस |
| 4 | सुलतानपुर | विकासखण्ड करौंदीकला इब्राहीमपुर घाट के पास सार्वजनिक स्थल पर ट्यूबलर शेड अधिष्ठापन कार्य | 10.71 | 22000.00 | 766.00 | 120 दिवस |
| 5 | सुलतानपुर | विकास खण्ड अखण्डनगर प्राथमिक विद्यालय कामतागंज के पास ट्यूबलर शेड अधिष्ठापन कार्य । | 10.71 | 22000.00 | 766.00 | 120 दिवस |
| 6 | सुलतानपुर | विकास खण्ड अखण्डनगर कामतागंज नई बाजार में ट्यूबलर शेड अधिष्ठापन कार्य । | 10.71 | 22000.00 | 766.00 | 120 दिवस |
| 7 | सुलतानपुर | विकास खण्ड अखण्डनगर हकीमपुर बाजार में ट्यूबलर शेड अधिष्ठापन कार्य । | 10.71 | 22000.00 | 766.00 | 120 दिवस |
| 8 | सुलतानपुर | विकास खण्ड कादीपुर पलिया देवापुर बाजार में ट्यूबलर शेड अधिष्ठापन कार्य । | 10.71 | 22000.00 | 766.00 | 120 दिवस |
| 9 | सुलतानपुर | विकास खण्ड कादीपुर खुर्द देवाढ़ बाजार में ट्यूबलर शेड अधिष्ठापन कार्य । | 10.71 | 22000.00 | 766.00 | 120 दिवस |
| 10 | सुलतानपुर | विकास खण्ड कादीपुर जलालपुर बाजार में ट्यूबलर शेड अधिष्ठापन कार्य। | 10.71 | 22000.00 | 766.00 | 120 दिवस |
| 11 | सुलतानपुर | विकास खण्ड दोस्तपुर दूल्हापुर बाजार में ट्यूबलर शेड अधिष्ठापन कार्य। | 10.71 | 22000.00 | 766.00 | 120 दिवस |
| 12 | सुलतानपुर | विकास खण्ड अखण्डनगर के डौड़ीपुर में शिवम की दुकान से अनुसूचित जाति बस्ती तक इण्टरलाकिंग कार्य। | 15.13 | 31000.00 | 854.00 | 120 दिवस |
| 13 | सुलतानपुर | विकास खण्ड दोस्तपुर के नारा मधईपुर में पूर्णमासी के चक से संतराम के घर तक इण्टरलाकिंग कार्य। | 20.51 | 41000.00 | 854.00 | 120 दिवस |

2. वैब साइट पर बिड् डाक्यूमेन्ट की उपलब्धता की तिथिः 04.04.2026 को दोपहर 12 बजे से।
3. बिड् डाक्यूमेन्ट डाउन लोडिंग प्रारम्भ करने की तिथि एवं समयः–18.04.2026 को प्रातः 10 बजे से।
4. ई–निविदा के माध्यम से निविदा डालने की प्रारम्भ तिथि / समय 21.04.2026 को प्रातः 10 बजे से।
5. ई–निविदा के माध्यम से निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि / समयः– 04.05.2026 को दोपहर 12.00 बजे तक।
6. ई–निविदा के माध्यम से निविदा खोलने की तिथि एवं समयः–04.05.2026 को अपरान्ह 12.30 बजे तक।
7. टेण्डर प्रकिया से पूर्व का कोई शपथपत्र मान्य नही होगा।
8 निविदा ऑनलाईन बेव साइट http//etender.up.nic.in पर उपलब्ध होगा एवं उसी साइट पर डाला जायेगा।
9. निविदा आमंत्रणकर्ता को आईटीबी के क्लॉज–10 के अनुसार परिशिष्ट / शुद्धि पत्र जारी करने का अधिकार है जो किसी भी समाचार पत्र में प्रकाशित नहीं किया जायेगा । सभी संभावित निविदा दाताओ को सलाह दी जाती है कि वह नियमित रूप से ई–निविदा पोर्टल पर निगरानी रखें। अधिक जानकारी के लिए कृपया वैब साइट http//etender.up.nic.in पर लॉग इन करें तथा बिड् डाक्यूमेन्ट को डाउनलोड करे। सभी सम्मानित निविदादाता को सलाह है कि बिड् सब्मिट करने से पूर्व बिड डाक्यूमेन्ट को भली भॉति पढ़ लें।

UP - 249004 दिनांकः 27/03/2026
**विज्ञापन वेबसाइट** www.up.gov.in **पर उपलब्ध है।**

(के0के0 मिश्रा)
अधिशासी अभियन्ता
ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग
प्रखण्ड–सुलतानपुर
श्री राज्यपाल उत्तर प्रदेश की ओर से।

कार्यालय नगर पालिका परिषद, हरदोई

पत्रांक संख्याः 1554 / न0प0प0ह0 (नि0वि0) / ई–निविदा/2025–26 दिनांकः 28/03/2026

अतिअल्पकालीन ई–निविदा सूचना

नगर पालिका परिषद, हरदोई द्वारा राज्य वित्त आयोग / पालिका निधि योजना अन्तर्गत निम्न कार्य की ई–निविदा निर्धारित शर्तो /नियमो के आधीन आमंत्रित की जाती है, जिनका विवरण निम्नवत् है। निविदा की समस्त कार्यवाही https// etender.up.nic.in पर ही की जायेगी ।

टॅण्डर शेड्यूल

| S. No. | नगर पालिका परिषद, हरदोई ANM Stage | निविदादाता / ठेकेदार Vendor Stage | प्रारम्भ तिथि व समय | अन्तिम तिथि व समय |
|---|---|---|---|---|
| 01 | Tender Release | | 28/03/2026 05.00 PM | - |
| 02 | – | Tender Download | 28/03/2026 05.00 PM | 9/04/2026, 02.00 PM |
| 03 | – | Bid Submission | 28/03/2026 05.00 PM | 9/04/2026, 02.00 PM |
| 04 | Close for Bid | | | 9/04/2026, 02.00 PM |
| 05 | Technical Bid Opening | | | 10/04/2026, 12.00 PM |
| 06 | Online Finence Bid Opening | After Approval of Technical Bid & submit original documents as per following clause 13 | | |

निविदा सम्बन्धित समस्त विवरण नगर पालिका परिषद हरदोई की वेबसाइट www.npphardoi.co.in पर व जिले की www.hardoi.nic.in पर देखी जा सकती है।

**(रामेन्द्र सिंह)**
**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद, हरदोई**

**(सुख सागर मिश्र मधुर)**
**अध्यक्ष**
**नगर पालिका परिषद हरदोई**

कार्यालय ग्राम पंचायत, मनोहरगंज विकास खण्ड–जगतपुर, रायबरेली

पत्रांकः 03/ ग्राद्मपद्म/2025–26 दिनांकः 28/03/2026

टेण्डर नोटिस

राज्यवित्त / चौदहवां वित्त / मनरेगा योजनान्तर्गत ग्राम पंचायत की वर्ष 2025–26 की कार्ययोजना में स्वीकृत निम्नांकित कार्य सम्पादित कराने हेतु निम्नांकित सामग्री आपूर्ति करनें हेतु इच्छुक आपूर्तिकर्ताओं से सीलबन्द टेण्डर आमंत्रित किये जाते हैं जो दिनांक 04/04/26 को सांय 3: 00 बजे अधोहस्ताक्षरी कार्यालय में प्राप्त किये जायेंगे तथा उसी दिन सांय 4: 00 बजे अधोहस्ताक्षरी अथवा अधिकृत प्रतिनिधि द्वारा टेण्डरदाता अथवा उसके प्रतिनिधि के समक्ष खाले जायेंगे किसी भी टेण्डर को बिना कारण बतायें निरस्त करनें का अधोहस्ताक्षरी को अधिकार होगा। इच्छुक आपूर्तिकर्ता / टेण्डरदाता को टेण्डर डालने हेतु धरोहर धनराशि नकद / बैंक के रूप में ग्राम पंचायत में जमा करनी होगी जिसकी रसीद टेण्डर के साथ जमा करनी होगी टेण्डर फार्म नोटिस निर्गत होने की तिथि से टेण्डर प्राप्त करने की तिथि के एक दिन पूर्व तक किसी भी कार्य दिवस में अधोहस्तावारी कर्यालय से 100/–रू0 नकद जमा कर अपरान्ह 2:00 बजे से 4: 00 बजे के मध्य प्राप्त किये जा सकेंगे।

| क्र. सं. | सामग्री का विवरण | मात्रा | आपूर्ति हेतु अवधि | धरोहर धनराशि | आपूर्ति स्थल/कार्य का नाम |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 80mm जिक जैक इन्टरलाकिंग ईट | 5500 नग | 07 दिन | | इंटरलाकिंग निर्माण पक्की सड़क में सुधीर के घर तक |

**प्रतिबंध/निर्देश**
1. सामग्री की आपूर्ति कार्यस्थल पर करनी होगी अर्थात कोटेशन में कोट की गयी दर एफ0ओ0आर0 होगी अर्थात लदायी उतराई, चटटा लगवाई एवं भाडा आदि चार्ज उसमें सम्मिलित होंगे।
2. बिल का भुगतान नियमानुसार आयकर की कटौती करके किया जायेगा।
3 सामग्री की आपूर्ति कार्य प्रभारी को कार्यस्थल पर प्राप्त करानी होगी।

**अंजली पाण्डेय**
**ग्राम विकास अधिकारी**
**ग्राम पं0– मनोहरगंज जगतपुर रायबरेली।**

**सरला मौर्य**
**ग्राम प्रधान**
**ग्राम पं0– मनोहरगंज, जगतपुर, रायबरेली**

अमृत विचार
क्लासीफाइड
विज्ञापन हेतु अमृत विचार कार्यालय में सम्पर्क करें

वर्गीकृत विज्ञापन हेतु अमृत विचार अखबार के कार्यालय में सम्पर्क करें

सूचना
पॉलिसी संख्या 219174867 में मेरा नाम माया देवी पत्नी निरहू दर्ज है। अन्य सारे कागजात में शीला पत्नी निराहू के नाम से है। यह दोनों नाम एक ही महिला के हैं। मुझे दोनों नाम से जाना व पहचाना जाता है। **शीला पत्नी निराहू, ग्राम पैगापुर मटियारिया, पोस्ट खजुरिया, जिला–बलरामपुर**

NOTICE
I, TIMME SAHNI W/O MR. HARSH KUMAR SAHNI, R/O-B 203, SHRI RAM APARTMENT, NEW BERRY ROAD, HAZRATGANJ, LUCKNOW, UP, HEREBY INFORM EVERYONE THAT I HAVE CHANGED MY NAME TO TIMMI SAHNI, AND HENCEFORTH I SHOULD BE KNOWN, IDENTIFIED, AND ADDRESSED AS TIMMI SAHNI.

सूचना
मेरे पुत्र का नाम भारतीय जीवन बीमा निगम के अभिलेखों में त्रुटिवश शिवा व जन्मतिथि 28–03–2008 दर्ज है। जबकि आधारकार्ड व अन्य अभिलेखों में हर्ष साहू व जन्मतिथि 24–03–2009 दर्ज है, जो सही है। दोनों नाम मेरे पुत्र के है । अतः अब मेरे पुत्र को हर्ष साहू तथा जन्मतिथि 24–03–2009 के नाम से जाना पहचाना व भारतीय जीवन बीमा निगम की पॉलिसी में दर्ज किया जाए। **राजकपूर पुत्र स्व. राजाराम निवासी ग्राम व पोस्ट खीरो, थाना खीरो , तहसील लालगंज, जनपद रायबरेली**

सूचना
सूचना हो कि पहले मेरा नाम MAHAJBEEN था से बदलकर KM MAHAZABEEN रख लिया है। अब मुझे KM MAHAZABEEN के नाम से जाना व पहचाना जाये। W/O- MAIFUZAHAMAD ADD-VILLA- KUMBHI AIMA POST-KUMBHI AIMA PS-UDAYPUR DIST-PRATAPGARH-230125 (U.P.)

सूचना
मैने अपना नाम MOHAMMAD IMARAN से बदलकर MOHAMMAD IMRAN रख लिया अब इसी नाम से जाना व पहचाना जाये। S/0- ISARAR AHAMAD ADD-115 KATRA BANSA NAWABGANJ DIST-BARABANKI-225204 (U.P.)

सूचना
मै **सुन्दर लाल पुत्र सूरज लाल निवासी बरियारपुर थाना–रामनगर, जिला–बाराबंकी** , मेरे पुत्र अमन कुमार का चाल चलन ठीक नहीं है वह आये दिनं मुझे मारता पीटता है और दारू शराब पीकर मोहल्ले वालों को गाली गुप्तारी देता है। मेरा छोटा लड़का हमारी बड़ी बहू कोमल देवी पत्नी राम प्रसाद को दिनाक 26–03–2026 को अपने साथ जबरदस्ती भगा ले गया है उसके इन कृत्यों से परेशान होकर उसे अपनी चल अचल सम्पत्ति से बेदखल कर रहा है। मेरे पुत्र द्वारा किये गये कृत्यों से कोई लेना देना नही है।

सूचना
अनीता सिंह पत्नी बाल कृष्ण सिंह निवासी 7/344 EWS आवास एवं विकास योजना संख्या 03 हंसपुरम कानपुर नगर उपरोक्त प्रापर्टी का मूल आवंटन पत्र(2621 स/प्र/कानपुर/12.05.2016) और मूल कब्जा पत्र कही खो गया है जिसका प्रयोग किसी अन्य के द्वारा अवैध माना जाएगा।8299538210

# आइसक्रीम बेचने आये युवक की गला काटकर हत्या, सिर चूल्हे में जलाया

## टिकैतनगर थाना क्षेत्र के परसावल में दिनदहाड़े हुई वारदात से सनसनी

**वारदात**

- एसपी व सीओ मौके पर पहुंचे दबोचा गया हत्यारोपी

टिकैतनगर, बाराबंकी



बब्लू (फाइल फोटो)

**अमृत विचार** : शनिवार दिनदहाड़े सरयू नदी की तराई में हुई घटना जिसने सुनी, वह सहम गया। पहली बार साइकिल से आइसक्रीम बेचने गांव गए साइकिल सवार की बिना किसी विवाद के गर्दन काटकर अलग कर दी गई और मनोरोगी हत्यारे ने घर ले जाकर सिर चूल्हे में जला डाला। घटना की खबर फैलते ही हड़कंप मच गया। एसपी, सीओ के साथ पुलिस बल मौके पर पहुंचा। वहीं हत्यारोपी घर से दबोच लिया गया है।

टिकैतनगर थाना क्षेत्र का गांव परसावल सरयू नदी के उस पार बसा हुआ है। शनिवार सुबह दरियाबाद थाना क्षेत्र के ग्राम पारा बेहटा निवासी बब्लू (21) साइकिल से आइसक्रीम बेचने परसावल गांव गया था। गांव की ओर जाते समय रास्ते में शंकर नामक अधेड़ ने उसे पीछे से आवाज दी, ग्राहक जान बब्लू साइकिल समेत रुक गया। इसी बीच पीछे से आए शंकर ने बब्लू को संभलने का मौका भी नहीं दिया और हाथ में मौजूद बांके से उसकी गर्दन पर ताबड़तोड़ वार कर दिए। अचानक हुए हमले से गंभीर रूप से घायल बब्लू जमीन पर गिरकर तड़पने लगा। हत्यारे ने उसका सिर धड़ से अलग कर दिया। शंकर सिर लेकर खेत में बने छप्परनुमा घर चला गया, जहां चूल्हा जलाकर उसमें कटा सिर रख दिया। इस घटना की खबर फैली तो काफी देर बाद सूचना मिलने पर थाना पुलिस मौके पर पहुंची। पूछताछ में ग्रामीणों ने पूरी बात बताई। इसी बीच एसपी अर्पित विजयवर्गीय, सीओ रामसनेहीघाट जटाशंकर मिश्र भी पहुंच गए। पुलिस की दबिश में आरोपी शंकर दबोचा गया, वहीं जले हुए सिर को पुलिस ने धड़ के साथ पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।



मौके पर मौजूद पुलिस व लगी लोगों की भीड़। ● अमृत विचार

### दोनों में बात तक नहीं हुई

क्षेत्राधिकारी रामसनेहीघाट जटाशंकर मिश्र ने बताया कि अभी तक जांच में पता चला है कि हत्यारोपी शंकर के आवाज देने पर साइकिल सवार बब्लू रुक गया और पीछे से आकर शंकर ने उसका सिर धड़ से अलग कर दिया। बब्लू भी पहली बार उस गांव गया था। हत्यारा पुलिस की गिरफ्त में है, उससे पूछताछ की जा रही है।

### जिसे ग्राहक समझा वह निकला हत्यारा

परसावल गांव में पहली बार आइसक्रीम बेचने गए बब्लू को अंदाजा नहीं था कि आगे मौत उसका इंतजार कर रही है। स्वभाव से सीधा सादा बब्लू जिसे ग्राहक समझकर साइकिल रोकने की भूल कर बैठा, वह सनकी और मानसिक मंदित भी है, पहली बार गांव जाने के चलते उसे नहीं पता था। हत्यारे ने पीछे से आवाज दी और पास आते ही खूनी खेल कर डाला। बब्लू खुद का बचाव तक नहीं कर सका। ग्रामीण बताते हैं कि परिवार से अलग खेत में छप्पर रखकर रह रहा आरोपी शंकर मनोरोगी और झगड़ालू प्रवृत्ति का था।

# क्रॉसिंग खुलते ही ट्रक ने बाइक को मारी टक्कर, दो की मौत

- हादसे में जेठीनी-देवरानी की मौत तीन साल की बच्ची घायल
- सीतापुर से बीमार मौसी को देखने जा रहे थे, युवक की बची जान

**फतेहपुर, बाराबंकी, अमृत विचार** : शनिवार दोपहर बाद हुए हादसे में ट्रक से कुचलकर भाभी देवरानी की मौत हो गई, वहीं तीन साल की बच्ची गंभीर रूप से जख्मी हो गई। यह सभी बाइक पर युवक के साथ बीमार मौसी को देखने जा रहे थे।

जानकारी के अनुसार सीतापुर थाना महमूदाबाद क्षेत्र के ग्राम रमद्वारी निवासी इंद्रजीत वर्मा अपनी पत्नी खुशी वर्मा (18), भाभी पिंकी देवी (28) और तीन वर्षीय भतीजी बिट्टू के साथ बाइक से थाना जहांगीराबाद क्षेत्र के ग्राम पिपरौली में रहने वाली बीमार मौसी को देखने जा रहे थे। फतेहपुर-सिहाली मार्ग पर स्थित ग्राम इसेपुर रेलवे क्रॉसिंग बंद होने के कारण बाइक सवार परिवार रुक गया। क्रॉसिंग खुलते ही इंद्रजीत बाइक आगे बढ़ाने लगा, इसी बीच पीछे से आ रहे तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही खुशी और पिंकी देवी सड़क पर गिरीं और दोनों ट्रक के पहियों के नीचे आ गईं, जबकि इंद्रजीत और बालिका दूसरी ओर गिर पड़े। ट्रक दोनों महिलाओं को कुचलते हुए मौके से फरार हो गया। आसपास मौजूद लोगों ने वाहन को रोकने का प्रयास किया, लेकिन चालक भाग निकलने में सफल रहा। हादसे में इंद्रजीत बाल बाल बच गया लेकिन घायल बालिका को तत्काल उपचार के लिए सीएचसी ले जाकर भर्ती कराया गया। सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वहीं फरार ट्रक व चालक की तलाश शुरू कर दी है।

**कार-डंपर की टक्कर में एक की हालत गंभीर : रामसनेहीघाट** : कोतवाली क्षेत्र में शनिवार को एक तेज रफ्तार कार और डंपर के बीच आमने-सामने जोरदार टक्कर हो गई। हादसा भिटरिया-हैदरगढ़ मार्ग पर मोहम्मदपुर उपाध्याय गांव के पास हुआ, जिसमें कार सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया, जबकि एक महिला भी चोटिल हो गई। जानकारी के अनुसार, अयोध्या के दर्शन नगर निवासी मनीष पुत्र महेश कार से हैदरगढ़ की ओर जा रहे थे। इसी दौरान मोहम्मदपुर उपाध्याय गांव के पास सामने से आ रहे डंपर से उनकी कार की भिड़ंत हो गई। भीषण टक्कर से कार के परखच्चे उड़ गए। सूचना मिलते ही कोतवाली पुलिस मौके पहुंची और घायलों को एंबुलेंस के जरिए सीएचसी भिजवाया।



कार्यक्रम में मौजूद प्रोफेसर व अन्य लोग। ● अमृत विचार

### टीमवर्क से हासिल होते हैं बेहतर शैक्षणिक परिणाम

**बाराबंकी, अमृत विचार** : श्री रामस्वरूप मेमोरियल यूनिवर्सिटी के इंस्टीट्यूट ऑफ लीगल स्टडीज द्वारा 28 मार्च को 'ट्रस्ट बिल्डिंग इवेंट 1.0' का आयोजन किया गया। कार्यक्रम चांसलर इं. पंकज अग्रवाल, प्रो-चांसलर इं. पूजा अग्रवाल, कुलपति प्रो. (डॉ.) विजय तिवारी व कुलसचिव प्रो. (डॉ.) हेमेंद्र शर्मा के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। संस्थान के निदेशक प्रो. (डॉ.) नरेंद्र बहादुर सिंह ने कार्यक्रम का विजन साझा करते हुए पारदर्शिता, आपसी विश्वास और सुदृढ़ सहयोग को इसका मूल मंत्र बताया। उन्होंने कहा कि सकारात्मक कार्य-संस्कृति और प्रभावी संवाद से तनाव कम कर टीमवर्क के माध्यम से बेहतर शैक्षणिक परिणाम हासिल किए जा सकते हैं। कार्यक्रम में संकाय सदस्यों ने अपने जीवन में विशिष्ट नारियों के योगदान साझा किए और ऐसे आयोजनों को आगे भी जारी रखने पर जोर दिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रो. (डॉ.) नरेंद्र बहादुर सिंह ने की, जबकि संचालन सांस्कृतिक कमेटी संयोजक आस्था मिश्र व सह-संयोजक आनंद कुमार ने अन्य सदस्यों के साथ मिलकर किया।

# स्थापना दिवस पर भजन संध्या आयोजित

**मसौली, बाराबंकी, अमृत विचार** : चैत्र रामनवमी के पावन अवसर पर ग्राम अमदहा स्थित शिरडी सांई बाबा मंदिर में दो दिवसीय स्थापना दिवस महोत्सव के अंतिम दिन भव्य भजन संध्या का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में हजारों श्रद्धालुओं ने लंगर में प्रसाद ग्रहण किया और भजन गायक ज्योति सिंह द्वारा बाबा एवं उनके कर्तृत्व पर आधारित भजनों का संगीतमय प्रस्तुतिकरण देखा। पूर्व कैबिनेट मंत्री राकेश वर्मा और पूर्व एमएलसी राजेश यादव ने दोपहर में भंडारे का शुभारंभ किया।

भजन संध्या का आरंभ दीप प्रज्वलन एवं आरती से हुआ, जिसमें गणपति वंदना और बाबा की आरती शामिल रही। पीलीभीत के कलाकारों ने सांई बाबा की झांकी, राधा-कृष्ण की रासलीला, फूलों की होली, माता दुर्गा दर्शन, महिषासुर वध, बालाजी महाराज, कृष्ण-सुदामा और भगवान भोलेनाथ की मसान आरती सहित अन्य प्रस्तुतियों से भक्तों का मन मोह लिया।

मुख्य अतिथियों में भाजपा एमएलसी अंगद कुमार सिंह, विधायक गौरव रावत, पूर्व विधायक राम गोपाल रावत, देवा ब्लॉक प्रमुख धर्मेंद्र यादव, भाजपा नेता डॉ. विवेक सिंह वर्मा, पूर्व प्रमुख व नगर पालिका चेयरमैन प्रतिनिधि सुरेंद्र सिंह वर्मा और जिला होमगार्ड कमांडेंट विनोद सिंह शामिल रहे। मन्दिर समिति ने सभी अतिथियों का सम्मान किया। कार्यक्रम में श्यामाचरण गुप्ता, सोनू जैन, अनिल सैनी, बबलू मौर्य, जीतू नाग, राजेन्द्र वर्मा, गुड्डू मौर्या, बलजीत गौतम, सुरेश मौर्या, अंकित वर्मा, सत्यम गुप्ता, सोनम श्रीवास्तव, दिलीप यादव सहित हजारों श्रद्धालु उपस्थित रहे।



आरती पूजन करते पूर्व कैबिनेट मंत्री और नगर पालिका चेयरमैन प्रतिनिधि



प्रस्तुति देते कलाकार। ● अमृत विचार

# वैज्ञानिक सोच से विकसित होती है तार्किक क्षमताः डॉ. रीना सिंह

**बाराबंकी, अमृत विचार** : विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद, उत्तर प्रदेश के निर्देशन में जिला विज्ञान क्लब, बाराबंकी द्वारा वैज्ञानिक शोध प्रयोगशालाओं के भ्रमण व व्याख्यान कार्यक्रम के अंतर्गत डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय में 100 छात्र-छात्राओं का शैक्षिक भ्रमण कराया गया। राजकीय इंटर कॉलेज, बाराबंकी से जिला विद्यालय निरीक्षक ओ.पी. त्रिपाठी ने बसों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। कार्यक्रम में जनपद के 5 विद्यालयों के 100 छात्र-छात्राओं व 13 शिक्षकों ने प्रतिभाग किया। विश्वविद्यालय में विद्यार्थियों को रोबोटिक्स एंड इंडस्ट्रियल ऑटोमेशन, गूगल, साइबर सिक्योरिटी, एआई, इनोवेशन, नैनो टेक्नोलॉजी व मैटेरियल केमिस्ट्री लैब का भ्रमण कराया गया। रजिस्ट्रार डॉ. रीना सिंह ने कहा कि वैज्ञानिक दृष्टिकोण से तार्किक क्षमता का विकास होता है कार्यक्रम में रिसर्च स्कॉलर सौरभ मिश्रा, वैभव सिंह, हारिस, अभय मिश्रा, सोमेश त्रिपाठी, एल.एम. बारी, श्रद्धा सिंह आदि थे।



शैक्षिक भ्रमण पर जानकारी लेते छात्र। ● अमृत विचार

# अधेड़ महिला से दुष्कर्म का प्रयास

**रामसनेहीघाट, बाराबंकी, अमृत विचार** : दरियाबाद थाना क्षेत्र में एक अधेड़ महिला से गुरुवार देर रात दुष्कर्म का प्रयास किया गया। महिला ने विरोध किया तो उसकी पिटाई की गयी। पीड़िता की तहरीर पर मामले की रिपोर्ट दर्ज की गई है।

यह घटना थाना क्षेत्र के एक गांव में गुरुवार की देर रात हुई। यहां की रहने वाली 50 वर्षीय महिला ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 26 मार्च की रात करीब 9:40 बजे वह एक डेयरी पर दूध देकर घर लौट रही थीं। इसी दौरान प्राथमिक विद्यालय मोड़ के पास गांव के ही रज्जन सिंह ने उन्हें रोक लिया। आरोप है कि रज्जन सिंह ने दुष्कर्म का प्रयास किया। इसका विरोध करने पर गाली-गलौज करते हुए मारपीट की।

# निकाह में आए 30 लोग फूड प्वाइजनिंग का शिकार

**देवा, बाराबंकी, अमृत विचार** : देवा कस्बा के मोहल्ला लालापुर में शनिवार को आयोजित एक निकाह समारोह में भोजन करने के बाद करीब 30 लोग फूड प्वाइजनिंग का शिकार हो गए। सभी को सीएचसी में भर्ती कराया गया, जहां डॉक्टरों ने सभी की हालत खतरे से बाहर बताई है।

लालापुर निवासी मोहम्मद मुहीद की पुत्री सलमा का निकाह था, जिसमें निन्दूरा ब्लॉक के खिंझना से बारात आई थी। दोपहर करीब दो बजे बारातियों और मेहमानों ने भोजन किया। कुछ घंटों बाद कई लोगों को उल्टी और पेट दर्द की शिकायत होने लगी शाम होते-होते हालत बिगड़ने पर एक-एक कर लोग सीएचसी पहुंचने लगे। रात नौ बजे तक मोहम्मद शरिक, मोहम्मद सफात, सान वारिश, जिया, फाहरुन निशा, मो. अनीश, रफिया, मो. जावेद, रहमा, मो. इरफान, जब्बार और असमीन रजा समेत लगभग 30 लोग अस्पताल पहुंच चुके थे। चिकित्सक डॉ. संजीव कुमार ने बताया कि सभी मरीजों को प्राथमिक उपचार दिया गया है और उनकी स्थिति नियंत्रण में है। सूचना मिलते ही सीओ संगम कुमार कोतवाल अजय कुमार त्रिपाठी सीएचसी पर पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया वहीं, सीएमओ अवधेश कुमार और तहसीलदार भूपेंद्र विक्रम सिंह भी मौके पर पहुंच गए और पूरी घटना पर लगातार निगरानी बनाए रखी। उन्होंने डॉक्टरों को बेहतर उपचार के निर्देश दिए

**नाराजगी** — दिशा की बैठक से तीन अधिकारी रहे गायब, किया गया जवाब तलब

# योजनाओं की प्रगति से असंतुष्ट दिखे सांसद

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी:

**अमृत विचार** : डीआरडीए स्थित गांधी सभागार में शनिवार को सांसद तनुज पुनिया की अध्यक्षता और अयोध्या सांसद अवधेश प्रसाद की सह-अध्यक्षता में जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति की बैठक हुई। इस दौरान सांसद तनुज ने योजनाओं की प्रगति व धरातल की हकीकत पर असंतोष जताया। वहीं इस बैठक से गायब तीन अधिकारियों से जवाब तलब किया गया।

बैठक में विभिन्न विभागों की योजनाओं की प्रगति की समीक्षा करते हुए जनहित से जुड़े मुद्दों पर चर्चा की गई और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए गए। सांसद तनुज ने स्वास्थ्य सेवाओं को लेकर जिला अस्पताल, सामुदायिक व प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों में चिकित्सकों की नियमित उपस्थिति सुनिश्चित करने और मरीजों को बेहतर इलाज उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। वहीं अनावश्यक बाहरी दवाएं लिखने पर रोक लगाने को भी कहा गया। मनरेगा के तहत समय से भुगतान सुनिश्चित करने तथा प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के लंबित आवासों को शीघ्र पूरा कराने के निर्देश दिए गए। समाज कल्याण विभाग को योजनाओं का व्यापक प्रचार-प्रसार कर पात्र लोगों तक लाभ पहुंचाने के लिए कहा गया। जनप्रतिनिधियों ने क्षतिग्रस्त सड़कों की मरम्मत और पेयजल परियोजनाओं के कार्यों में तेजी लाने की मांग उठाई, जिस पर संबंधित विभागों को समयबद्ध कार्रवाई के निर्देश दिए गए। बैठक में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना, ग्रामीण पेयजल, फसल बीमा, उज्ज्वला योजना, खाद्य सुरक्षा समेत कई योजनाओं की प्रगति की समीक्षा हुई। अंत में सांसद तनुज ने कहा कि सरकारी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना सुनिश्चित किया जाए और जनसमस्याओं का त्वरित समाधान किया जाए। बैठक में बिना सूचना अनुपस्थित रहने पर नल निगम (नगरीय) के अधिशासी अभियंता, डाकघर अधीक्षक और सहायक श्रम आयुक्त से स्पष्टीकरण तलब किया गया। इस दौरान एमएलसी अंगद सिंह, विधायक धर्मराज सिंह यादव, गौरव रावत, दिनेश रावत सहित अन्य जनप्रतिनिधि आदि थे।



बैठक में मौजूद बाराबंकी व अयोध्या सांसद। ● अमृत विचार

# अवैध संबंध के विरोध पर पत्नी को पीटा

**फतेहपुर, बाराबंकी, अमृत विचार** : कोतवाली क्षेत्र के रमनगरा मजरे इसरौली गांव में पति ने अवैध संबंध का विरोध करने पर पत्नी की पिटाई कर दी।

पीड़िता मीरा देवी पत्नी संतोष कुमार वर्मा ने थाना पुलिस को तहरीर देकर आरोप लगाया है कि उसके पति का किसी दूसरी महिला से संबंध है, जिसका वह विरोध करती रहती है। तहरीर के अनुसार, 26 मार्च को मीरा देवी ने अपने पति को दूसरी महिला से बात करते हुए पकड़ लिया था। इस बात को लेकर विवाद बढ़ गया।

आरोप है कि 27 मार्च की सुबह पति संतोष कुमार ने गाली-गलौज करते हुए लात-घूंसों और लाठी-डंडों से मारपीट की, जिससे उसे चोटें आईं। साथ ही जान-माल की धमकी भी दी गई। पुलिस का कहना है कि तहरीर के आधार पर मामले की जांच की जा रही है।

### संविधान संवाद एवं कार्यकर्ता सम्मेलन आयोजित

**रामसनेहीघाट, बाराबंकी, अमृत विचार** : विधानसभा क्षेत्र दरियाबाद में आज 'संविधान संवाद एवं कार्यकर्ता सम्मेलन' का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम का आयोजन सुबह 11 बजे महाराजा मैरिज लॉन, भवानीपुर मोड़ के पास, कोटवा सड़क पर किया जाएगा। आयोजकों के अनुसार इस सम्मेलन का उद्देश्य संविधान के मूल्यों को जन-जन तक पहुंचाना और कार्यकर्ताओं को लोकतंत्र को मजबूत करने के लिए जागरूक करना है। कार्यक्रम में कई वरिष्ठ नेता एवं कार्यकर्ता भाग लेंगे। सम्मेलन को लेकर क्षेत्र में तैयारियां तेज कर दी गई हैं। आयोजकों ने अधिक से अधिक लोगों से कार्यक्रम में पहुंचकर इसे सफल बनाने की अपील की है। इस कार्यक्रम का संयोजन उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सदस्य अब्दुल्लाह शेर खान द्वारा किया जा रहा है, जिन्होंने क्षेत्रवासियों से बड़ी संख्या में शामिल होने का अनुरोध किया है।

### मेधावी छात्रों व अभिभावकों का सम्मान समारोह




कार्यक्रम में मौजूद प्रबंधक, शिक्षक व बच्चे। ● अमृत विचार

**सूरतगंज, बाराबंकी, अमृत विचार** : बीआरजी पब्लिक इण्टर कालेज बरैय्या में शनिवार दोपहर परीक्षा परिणाम वितरण एवं मेधावी छात्रों के साथ आदर्श अभिभावकों का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। समारोह में प्ले ग्रुप से 12वीं कक्षा तक के अनिका मिश्रा, इशिता गुप्ता, वैष्णवी मिश्रा, शिवा पाण्डेय, धनंजय दीक्षित, दिपांशु वर्मा, हिना बानो, बबिता, सानिया, सौम्या वर्मा सहित 270 छात्र-छात्राओं और सात अभिभावक रामराज, विनोद कुमार, शिवशंकर मिश्रा, अनिल कुमार, देवेंद्र कुमार वर्मा, सुनील कुमार, कमलेश कुमार यादव को सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि रामनगर तहसीलदार विपुल सिंह ने कहा कि बच्चों की सफलता में अभिभावकों के त्याग और समर्पण का बड़ा योगदान होता है। उन्होंने अभिभावकों और गुरुजनों की मेहनत और मार्गदर्शन की सराहना की। प्रधानाचार्य संजय वर्मा और कोषाध्यक्ष सीमा वर्मा ने तहसीलदार का अंगवस्त्र और स्मृति चित्र से स्वागत किया। अंजली रस्तोगी, सर्वोदय सिंह, आरडी यादव, संग्राम सिंह, अमित सिंह, श्याम गुप्ता, रोहित मिश्रा, दीपक सिंह सहित अभिभावक और स्टाफ उपस्थित रहे।

### धूम्रपान के खिलाफ जागरूकता अभियान



कार्यक्रम में मौजूद चिकित्सा अधीक्षक व अन्य। ● अमृत विचार

**मसौली, बाराबंकी, अमृत विचार** : पंचायत भवन बड़ागांव में शनिवार को राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम की टीम ने नागरिकों को धूम्रपान के हानिकारक प्रभावों के प्रति जागरूक किया और उन्हें धूम्रपान न करने का संकल्प दिलाया। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बड़ागांव के चिकित्सा अधीक्षक डॉ. राधेश्याम गौड़ ने हृदय रोगों से बचाव और धूम्रपान के हानिकारक प्रभावों के बारे में बताया। कार्यक्रम में साइकोलॉजिस्ट संजय कुमार ने ल्यूकोप्लेकिया, फाइब्रोसिस और कैंसर जैसी बीमारियों की जानकारी दी। इस अवसर पर राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम के साइकोलॉजिस्ट संजय कुमार, सोशल वर्कर राकेश कुमार, अजय सिंह, राजन कुमार, आशाराम उपस्थित रहे।

### डाक अधीक्षक सहित कई विशिष्टजन सम्मानित



डाकघर अधीक्षक किरण सिंह को सम्मानित करते कार्यक्रम संयोजक।

**बाराबंकी, अमृत विचार** : राष्ट्रीय जागरण मंच व अखिल भारतीय कायस्थ महासभा के तत्वावधान व कार्यक्रम संयोजक मनोज कुमार श्रीवास्तव के संयोजन में प्रतिभा सम्मान समारोह के दूसरे चरण का आयोजन नगर के लाजपत नगर स्थित श्रीराम जानकी मंदिर परिसर में किया गया। कार्यक्रम में बाराबंकी मंडल की अधीक्षक डाकघर व साहित्यकार किरण सिंह को विशेष रूप से सम्मानित किया गयाउनके सुपुत्र के सिविल सेवा में चयन पर भी उन्हें सम्मानित किया गया। इसी क्रम में भाजपा जिला महामंत्री विजयानंद वाजपेई, बाबा गुरुकुल एकेडमी के प्रबंधक हरपाल सिंह, समाजसेवी पुष्पेन्द्र सिंह सरोज, संत रविदास जयंती पर शोभायात्रा निकालने वाले मनोज कुरील, भाजपा नगर अध्यक्ष सूरज सिंह, युवा उद्यमी सतीश श्रीवास्तव, सभासद अभिषेक गुप्ता, अधिवक्ता व समाजसेविका मालती यादव व मुस्कान श्रीवास्तव को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में सुभाष श्रीवास्तव, राजीव श्रीवास्तव, हेमंत श्रीवास्तव, योगेंद्र गुप्ता सहित अनेक कार्यकर्ताओं व पदाधिकारियों ने सहयोग प्रदान किया।

### स्कूल चलो अभियान के तहत नामांकन बढ़ाने पर जोर




रैली का नेतृत्व करते बीईओ फतेहपुर, साथ में शिक्षक। ● अमृत विचार

**फतेहपुर, बाराबंकी : अमृत विचार** : स्कूल चलो अभियान के अंतर्गत खंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय द्वारा कंपोजिट विद्यालय फतेहपुर में बैठक आयोजित की गई। बीईओ धर्मेंद्र प्रसाद की अध्यक्षता में हुई बैठक में अपवंचित वर्ग, बालिकाओं, विशेष आवश्यकता वाले एवं कामकाजी बच्चों पर विशेष ध्यान देने पर जोर दिया गया। बीईओ धर्मेंद्र प्रसाद के नेतृत्व में जागरूकता रैली निकाली गई। इस मौके पर प्राथमिक शिक्षक संघ के जिला अध्यक्ष डॉ. राकेश सिंह, जूनियर हाई स्कूल शिक्षक संघ के अध्यक्ष अशोक सिंह, अटेवा ब्लॉक अध्यक्ष राम मिलन वर्मा, ग्राम प्रधान गौरा करौंदी व भैंसुरिया मुजाहिदपुर ने विचार व्यक्त किए।

### कैशलेस चिकित्सा योजना लागू करने की मांग



विधायक को ज्ञापन देता प्रतिनिधिमंडल। ● अमृत विचार

**बाराबंकी, अमृत विचार** : माध्यमिक शिक्षणेत्तर संघ के प्रतिनिधिमंडल ने कैशलेस चिकित्सा योजना का शासनादेश जारी कराने की मांग को लेकर कुर्सी विधायक साकेन्द्र प्रताप वर्मा को ज्ञापन सौंपा। प्रतिनिधिमंडल ने कर्मचारियों की स्वास्थ्य सुरक्षा से जुड़ी आवश्यकताओं को प्रमुखता से उठाते हुए शासन स्तर पर त्वरित निर्णय की अपेक्षा जताई। विधायक ने सकारात्मक रुख अपनाते हुए हर संभव सहयोग का आश्वासन दिया। इस मौके पर जिला अध्यक्ष नीरज पाण्डेय, कार्यकारी जिला अध्यक्ष चन्द्र किशोरी तिवारी, जिला उपाध्यक्ष नरेन्द्र कुमार समेत अन्य साथी मौजूद रहे।

# कैंची प्वाइंट में खामी मिलने पर पीडब्ल्यूआई को लगाई फटकार

## मेगा ब्लाक को लेकर डीआरएम ने गंगाघाट रेलवे पुल का किया निरीक्षण, दिये निर्देश

संवाददाता शुक्लागंज, उन्नाव

अमृत विचारः रेलवे पुल की डाउन लाइन पर प्रस्तावित मेगा ब्लॉक व ट्रफ बदलने के कार्य को लेकर शनिवार को लखनऊ मंडल के डीआरएम सुनील वर्मा विशेष शैलून से गंगाघाट रेलवे स्टेशन पहुंचे। उनके साथ एडीआरएम सूर्यवीर सिंह चौहान, सीनियर डीसीएम कुलदीप तिवारी, सीनियर डीओएम रजनीश श्रीवास्तव, सीपीएम गति शक्ति जयंत चौधरी व सीनियर डीएसटीई/सी अमित कुमार मीणा आदि मौजूद रहे।

दोपहर करीब 12:12 बजे पहुंचे डीआरएम ने पैदल ही गंगाघाट रेलवे पुल का निरीक्षण किया। इस दौरान गंगाघाट केबिन के पास कैंची प्वाइंट में खामी मिलने पर उन्होंने संबंधित पीडब्ल्यूआई को फटकार लगाई। इसके बाद पूरे पुल का गहन निरीक्षण कर अधिकारियों को जरूरी निर्देश दिए। डीआरएम ने बताया कि गंगा ब्रिज की डाउन लाइन पर ट्रफ बदलने के लिए 2 अप्रैल से 42 दिनों का मेगा ब्लॉक लिया जाएगा। इसमें रोज करीब 8 घंटे का ब्लॉक रहेगा। इस दौरान पुराने स्टील ट्रफ हटाकर नई तकनीक के एचबीम स्लीपर लगाए जाएंगे। वर्तमान में ट्रेनों की रफ्तार 30 किमी प्रति घंटा है। जिसे कार्य पूर्ण होने के बाद 75 से 110 किमी प्रति घंटा तक बढ़ाया जाएगा। बताया कि कार्य के लिए मैनपावर, मैटेरियल व अन्य संसाधनों की तैयारियों का जायजा लिया गया है। मेगा ब्लॉक के दौरान डाउन लाइन पर पैसेंजर ट्रेनों का संचालन प्रभावित रहेगा। इस पर यात्रियों ने उन्नाव से लखनऊ के बीच वैकल्पिक ट्रेन चलाने की मांग उठाई। डीआरएम ने कहा कि इस रूट पर पहले से ही क्षमता से अधिक ट्रेनें संचालित हो रही हैं, लेकिन कार्य पूर्ण होने के बाद अन्य ट्रेनों के संचालन पर विचार किया जाएगा। निरीक्षण के दौरान स्टेशन परिसर में यात्रियों की सुविधाओं की भी जांच की गई। टिकट काउंटर के पास लगे इमरजेंसी बटन को दबाकर उसकी कार्यप्रणाली का परीक्षण किया गया, जिस पर उन्नाव से तुरंत रिस्पॉन्स मिला और सिस्टम सही पाया गया। करीब दो घंटे तक निरीक्षण करने के बाद डीआरएम दोपहर करीब दो बजे लौट गए।


कैंची प्वाइंट की हकीकत देखते डीआरएम व अन्य अधिकारी। ● अमृत विचार

### डीआरएम ने कोच डिस्प्ले सक्रिय रखने के दिए निर्देश

उन्नाव : उत्तर रेलवे लखनऊ मंडल के डीआरएम सुनील वर्मा ने शनिवार को उन्नाव जंक्शन का निरीक्षण किया। इसमें यात्री सुविधाओं का मुआयना करने के साथ उन्होंने अमृत भारत स्टेशन के निर्माण कार्य की जानकारी ली। दोपहर 2 बजे उन्नाव जंक्शन पहुंचे डीआरएम ने अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत चल रहे निर्माण कार्यों का जायजा लिया। प्रस्तावित स्टेशन का नक्शा देख पार्किंग स्थल व रेलवे की उपलब्ध जमीन के संबंध में जानकारी ली और मौके पर निरीक्षण किया। उन्होंने प्लेटफॉर्म, मुख्य द्वार, बैठने की व्यवस्था, बैरिकेटिंग के प्रस्तावित स्थानों की समीक्षा की। वंदे भारत ट्रेन के ठहराव को लेकर कहा कि यदि जनता से मांग आती है तो इस पर विचार किया जाएगा। दैनिक यात्री संघ के मुर्तजा हैदर ने पदाधिकारियों के साथ डीआरएम को 6 सूत्रीय ज्ञापन सौंपा। इसमें सुपर फास्ट ट्रेनों के ठहराव की मांग के साथ गंगाघाट में स्लीपर बदलने के दौरान ब्लॉक अवधि में लखनऊ से गंगाघाट तक मेमू ट्रेन चलाने की मांग शामिल रही। इस दौरान सीनियर डीसीएम कुलदीप तिवारी, एडीआरएम सूर्यवीर सिंह चौहान, जनसंपर्क अधिकारी सुशील जायसवाल आदि मंडलीय अधिकारी मौजूद रहे।


रेलवे स्टेशन का निरीक्षण करते डीआरएम।

## न्यूज ब्रीफ

### किशोरी ने फांसी लगाकर की खुदकुशी

शुक्लागंज उन्नाव, अमृत विचार : गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र के कंचन नगर-बी निवासी राम विलास शर्मा की 17 वर्षीय बेटी साक्षी दोपहर में घर के ऊपरी हिस्से में बने कमरे में गई और पंखे के कुंडे के सहारे फांसी लगा ली। कुछ देर बाद मां बीना शर्मा की नजर उस पर पड़ी तो वह चीख उठी। शोर सुन घर में मौजूद भतीजे अभिषेक ने किसी तरह उसे फंदे से नीचे उतारा। परिजन उसे तुरंत अस्पताल लेकर निकले लेकिन वहां पहुंचने से पहले ही उसकी मौत हो गई। इसकी सूचना पर गंगाघाट पुलिस मौके पर पहुंची। बिंदा नगर चौकी इंचार्ज लक्ष्मी नारायण द्विवेदी ने जांच कर शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। परिजनों ने आत्महत्या का कोई स्पष्ट कारण नहीं बताया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है और परिजनों से पूछताछ की जा रही है।

### किशोरी की जहर निगलने से हुई मौत

उन्नाव , अमृत विचार : पुरवा कोतवाली क्षेत्र के सुईखेड़ा गांव निवासी सर्वेश कुमार की बेटी निधि (13) शुक्रवार शाम बकरी चराने खेत गई थी। जहां उसकी हालत बिगड़ गई थी। वह परिजनों को अचेत हालत में पड़ी मिली थी। उसे सीएचसी लाया गया था। जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया था। परिजनों व ग्रामीणों ने जहरीला कीड़ा काटने की बात कही थी। शनिवार को पुलिस ने पोस्टमार्टम कराया जिसमें जहर निगलने से मौत होने की बात सामने आई है। बेटी की मौत से मां कुसमा, भाई अनमोल, बहन वैशाली बेहाल हैं। कोतवाल अमरनाथ यादव ने बताया कि परिजनों ने जहरीला कीड़ा काटने का प्रार्थनापत्र दिया था। परिजनों का कोई आरोप भी नहीं है।

# पांच शातिर चोर चढ़े पुलिस के हत्थे

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

अमृत विचारः सदर कोतवाली पुलिस ने शातिर चोरों के गिरोह का भंडाफोड़ करते हुए 5 लोगों को पकड़ा है। इनके पास चोरी के जेवर व नगदी सहित अन्य कीमती उपकरण व एक ऑटो भी बरामद हुई है। जिसे पुलिस ने सीज किया है।

बता दें कि सदर कोतवाली के सिविल लाइन मोहल्ला निवासी अरुण रश्मि पत्नी श्याम किशोर वर्मा के घर बीती 6 अगस्त को चोरी हुई थी। जनवरी माह में गदन खेड़ा मोहल्ला निवासी संदीप कुमार पुत्र रामविलास व कुलदीप के घर को चोरों ने निशाना बनाया था। एसएसपी ने शनिवार को पुलिस लाइन सभागार में आयोजित पत्रकार वार्ता में बताया कि मुखबिर की सूचना पर सदर कोतवाली प्रभारी ने फोर्स के साथ शैलेंद्र उर्फ दीपू सविता, रविंद्र सिंह उर्फ बऊवा पुत्र स्व. लल्लू निवासी डीह, जलेश उर्फ अयान पुत्र खुशामुद्दीन निवासी शांति नगर सदर कोतवाली, विशाल उर्फ अनुराग कुशवाहा पुत्र शिव शंकर निवासी देवगांव सफीपुर व अमन सोनी पुत्र दुर्गा प्रसाद निवासी दुर्गागंज नवाबगंज अजगैन को ललऊ खेड़ा नहरिया पर डीह मोड़ के पास एक मंदिर के बाहर से दबोच लिया। पूछताछ में सभी ने सदर व माखी थानाक्षेत्र में चोरिया करने की बात कबूल की। पुलिस को बताया कि चोरी का सामान ऑटो में लादकर कबाड़ियों व सुनार आदि के पास बेंचकर रुपये आपस मे बांट लेते थे। पुलिस ने ऑटो जब्त कर सीज किया है।


पुलिस की गिरफ्त में शातिर चोर। ● अमृत विचार

● चोरी के जेवर और नकदी सहित अन्य कीमती सामान हुआ बरामद

### घर के पीछे पेड़ पर लटका मिला युवक का शव

नवाबगंज उन्नाव, अमृत विचार : सोहरामऊ थानाक्षेत्र के बीकामऊ गांव निवासी देशराज (47) पुत्र चंद्रिका प्रसाद खेती करता था। भाई शंकर लाल ने बताया कि वह घर पर अकेला रहता था। पत्नी श्यामा बच्चों ऋतिक, रचित व आर्यन को लेकर मायके वालों के साथ चंडीगढ़ में रहती है। भाई के मुताबिक शुक्रवार को देशराज रात 12 बजे अपने घर पर चारपाई में सोता देखा गया। शनिवार सुबह घर के पीछे 100 मीटर दूर उसका शव नीम के पेड़ पर फंदे से लटका देख भाइयों में कोहराम मच गया। पुलिस ने जांच के बाद शव नीचे उतरवाकर उसका पोस्टमार्टम कराया। वह 4 भाइयों में शंकर लाल, मोतीलाल व जितेंद्र में तीसरे नंबर पर था। भाई उसके आत्महत्या करने की वजह नहीं बता सके। एसओ अरविंद पांडेय ने बताया कि भाई की सूचना पर पोस्टमार्टम कराया है। अभी परिजनों का कोई आरोप नहीं है।

# शव रखकर लगाया जाम, पति गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

अमृत विचारः ससुरालियों की प्रताड़ना से जहर निगलकर जान देने वाली विवाहिता का शव पोस्टमार्टम के बाद मायके पहुंचा तो आक्रोशित परिजनों ने उन्नाव-परियर मार्ग पर जाम लगा दिया। पति की गिरफ्तारी होने की जानकारी मिलने पर लोग सड़क से हटे। इस दौरान घंटों यातायात बाधित रहा।

बता दें कि बिहार थानाक्षेत्र के भदिहा गांव निवासी जया (26) पत्नी राहुल निर्मल ने पारिवारिक कलह से तंग आकर गुरुवार दोपहर कीटनाशक निगल लिया था। हालत बिगड़ने पर उसे केजीएमयू भेजा गया था। वहां शुक्रवार को इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई थी। इसके बाद शनिवार को मायके पक्ष के लोग शव लेकर सदर कोतवाली क्षेत्र के सिकंदरपुर गांव आए। जहां गिरफ्तारी की मांग को लेकर सड़क पर शव रख ग्रामीणों के साथ जाम लगा दिया। इससे उन्नाव- परियर मार्ग पर आवागमन थम गया। बिहार थाना पुलिस से संपर्क कर पति राहुल की गिरफ्तारी की जानकारी दी गई। इस पर लोग उसे मौके पर लाने के लिए अड़ गए। हालांकि पुलिस ने उन्हें समझाकर शांत कराया। एसओ बिहार ने बताया कि पिता राजकुमार की तहरीर पर तुरंत रिपोर्ट दर्ज कर पति को पकड़ लिया गया है।


परिजनों को समझाते पुलिस कर्मी। ● अमृत विचार

● विवाहिता की जहर निगलने से मौत का मामला

# शिया समुदाय की जन्नतुल बकी के पुनर्निर्माण की मांग, ज्ञापन

उन्नाव, अमृत विचारः मदीना सऊदी अरब स्थित ऐतिहासिक कब्रिस्तान जन्नतुल बकी में पैगम्बर हजरत मोहम्मद की पुत्री हजरत फातिमा जहरा व उनके परिजनों की पवित्र मजारों को ढहाए जाने के विरोध में शनिवार को शिया मुस्लिम समुदाय ने एसडीएम के माध्यम से राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञान सौंपा।

समुदाय ने भारत सरकार से मामले में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर हस्तक्षेप करने की मांग की। ज्ञापन में कहा कि वर्ष-1926 को सऊदी अरब की हुकूमत ने जन्नतुल बकी स्थित पवित्र मजारों को बुलडोजर से तहस-नहस कर दिया था। तब से आज तक दुनिया भर का शिया समुदाय इस दिन को 'यौम-ए-इंतकाम' व शोक के रूप में मनाता है। प्रदर्शन कारियों ने कहा कि इन मजारों से भारत के करीब 5 करोड़ शिया मुस्लिमों की भावनाएं जुड़ी हैं। प्रदर्शनकारियों ने ज्ञापन के माध्यम से भारत सरकार के समक्ष मांगें रखीं कि सऊदी अरब अविलंब हजरत फातिमा व उनके नवासे की मजारों का सम्मान पूर्वक पुनर्निर्माण कराए। भारत इस विषय को अंतरराष्ट्रीय मंचों पर प्रमुखता से उठाए। जब तक मजारों का पुनर्निर्माण नहीं होता तब तक भारत सऊदी अरब के साथ संबंधों पर पुनर्विचार करे। इस दौरान जहीर अब्बास, अस्करी रजा, मो. जैदी, साहिल रजा, अबीद अब्बास मौजूद रहे।

# कलयुगी बेटे ने घोंटा मां का गला, मौत

कार्यालय संवाददाता, उन्नाव

अमृत विचारः पैतृक संपत्ति अकेले हथियाने के लिए 75 वर्षीय मां की गला घोंट कर हत्या करने के आरोपी बेटे को पुलिस ने दबोच लिया है। कागजी कार्रवाई पूरी कर पुलिस ने उसे कोर्ट में पेश किया। जहां से वह जेल भेजा जा रहा है।

बता दें कि सफीपुर कोतवाली क्षेत्र के अटवा गांव निवासी शशि कला (75) पत्नी स्व. जय राम सिंह शहर के बंधुहार मोहल्ला में बेटे योगेंद्र के घर में रहती थी। गुरुवार को उसकी हालत बिगड़ने पर वही अस्पताल लाया था। जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया था। पीछे से अन्य भाई बहन भी इमरजेंसी पहुंचे थे। उन्होंने संपत्ति के लालच में भाई योगेंद्र पर मां को बंधक बनाने व हत्या करने का आरोप लगाया था। भाई ज्ञानेंद्र ने कोतवाली में इसकी तहरीर भी दी थी। शुक्रवार को पुलिस ने दो डॉक्टर के पैनल से वीडियोग्राफी के बीच शव का पोस्टमार्टम कराया तो आरोप सही निकले। शशिकला की गला दबाकर हत्या की गई थी। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू की। शनिवार को सदर कोतवाली प्रभारी चंद्रकांत मिश्रा व दरोगा अंजनी सिंह ने मुखबिर की सूचना पर फोर्स के साथ दबिश देकर मां के कत्ल के आरोपी बेटे योगेंद्र को गिरफ्तार किया। कोतवाली प्रभारी ने बताया कि कार्रवाई कर उसे जेल भेजा जा रहा है। संपत्ति के लालच में शिक्षित बेटे द्वारा किया गया कृत्य लोगों में चर्चा का विषय बना है।


पुलिस गिरफ्त में मां का हत्यारोपी बेटा। ● अमृत विचार

● संपति के लालच में दिया घटना को अंजाम

### पुरवा कोतवाल और एसओ बेहटा मुजावर हुए लाइन हाजिर

उन्नाव, अमृत विचार : एसएसपी जय प्रकाश सिंह ने कई निरीक्षक व दरोगाओं के कार्यक्षेत्र बदले हैं। एसएसपी ने पुरवा कोतवाली प्रभारी अमरनाथ यादव व बेहटा मुजावर एसओ मुन्ना कुमार को लाइन भेज दिया है। अमरनाथ की जगह एंटी भूमाफिया सेल प्रभारी निरीक्षक भुवन सिंह मौर्य को पुरवा कोतवाली की जिम्मेदारी दी है। वहीं प्रभारी वीआईपी सेल रहे निरीक्षक राज कुमार को बेहटा मुजावर थाना प्रभारी बनाया है। निरीक्षक अवधेश यादव को चुनाव सेल से एएचटी थाना प्रभारी बनाया है। एसएसपी ने दारोगाओं के भी कार्यक्षेत्र बदले। सदर चौकी इंचार्ज अतुल वर्मा को सर्विलांस सेल की जिम्मेदारी दी। वहीं गंजमुरादाबाद चौकी इंचार्ज अनिल साहू को सदर चौकी भेजा है। एसएसपी ने दरोगा संदीप मिश्रा को अनावरण व विवेचना शाखा से प्रभारी वीआईपी सेल बनाया है।

### 'मेरे वजूद की चौखट' काव्य संग्रह का किया गया विमोचन और लोकार्पण

उन्नाव, अमृत विचार : माध्यमिक शिक्षक संघ के पूर्व अध्यक्ष व क्रीड़ा सचिव देवेंद्र शर्मा द्वारा रचित काव्य संग्रह 'मेरे वजूद की चौखट' का विमोचन व लोकार्पण शिक्षक विधायक राज बहादुर सिंह चंदेल व सदर विधायक पंकज गुप्ता ने शनिवार को लोक नगर स्थित एक रिजॉर्ट में किया। मां सरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। इसमें शिक्षक विधायक ने इन कविताओं को सृजन का एक हिस्सा वह कवि के सद्भाव होने का नाम दिया। कहा कि यह संग्रह समाज को आईना दिखाते हुए उनकी कुरीतियों को दूर करने का अच्छा प्रयास है। विधायक पंकज गुप्ता ने कहा कि एक खिलाड़ी के रूप में जीवन बिताने वाला व्यक्ति अचानक साहित्यिक संवेदना व समाज की वेदनाओं का इतनी सरल भाषा में प्रस्तुतीकरण करें ऐसा मैंने पहली बार देखा है। मुख्य वक्ता अशोक मिश्रा, दिनेश प्रियमन, नसीर अहमद, रमाशंकर मिश्रा मुन्ना, रमेश सिंह ने कविता संग्रह को आधुनिक कविता का नाम देते हुए कहा कि हर कविता का सार्थक व भावनाओं से पूर्ण है। संचालन डॉ. रामनरेश प्राचार्य ने किया। निशा शर्मा, अनुपमा शर्मा, अर्चना शर्मा, प्रेम शर्मा, देवांग शर्मा व उत्कर्ष शर्मा ने अतिथियों का स्वागत किया।


पुस्तक का विमोचन व लोकार्पण करते अतिथि।

# बेहतर कार्य करने वाले शिक्षक सम्मानित

कार्यालय संवाददाता, उन्नाव

अमृत विचारः जिले के प्राथमिक विद्यालयों में हमारा आंगन, हमारे बच्चे पहल के अंतर्गत बच्चों के समग्र विकास के लिए अभिनव गतिविधियों का आयोजन कराने वाली सुपर वाइजर, आंगनबाड़ी कार्यकत्री, नोडल शिक्षक, नोडल संकुल शिक्षक व बाल वाटिका में कार्य कर रहे शिक्षामित्रों के प्रयासों की सराहना करते हुए उन्हें निराला प्रेक्षाग्रह में सम्मानित किया गया।

बाल वाटिका में विद्यालय को शिक्षण सामग्री, रंग बिरंगे चित्रों, खेल आधारित गतिविधियों व कोनों से सजाया गया है। जिससे बच्चे खेल-खेल में सीख सकें। शिक्षकों द्वारा बच्चों की सहभागिता बढ़ाने के लिए समूह गतिविधियां, कहानी कथन, गीत संगीत व कक्षा को कोनों से सजाया जाता है। जिससे बच्चे खेल-खेल में सीख सकें। इससे विद्यालयों में बच्चों की उपस्थिति में वृद्धि हुई है और उनमें सीखने के प्रति रुचि भी बढ़ी है। जिला स्तरीय कार्यक्रम में बीएसए शैलेश पाण्डेय व खंड शिक्षाधिकारी जिला मुख्यालय संजय यादव ने सभी विकासखंड के सुपरवाइजर, आंगनबाड़ी कार्यकत्री, नोडल शिक्षक, नोडल संकुल शिक्षक, शिक्षक व शिक्षामित्रों को सम्मानित किया गया।


सम्मानित शिक्षकों के साथ बीएसए व खंड शिक्षाधिकारी मुख्यालय संजय यादव।

● हमारा आंगन, हमारे बच्चे कार्यक्रम से बच्चों में सीखने का उत्साह बढ़ा

# पटरी दुकानदारों पर कार्रवाई का विरोध

कार्यालय संवाददाता, उन्नाव

अमृत विचारः सदर कोतवाली के पास एबीनगर में बीते 3 दिनों से पुलिस व प्रशासन द्वारा पटरी दुकानदारें की दुकानें बंद कराने के विरोध में उप्र उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के बैनर तले प्रदर्शन किया गया। व्यापारियों का आरोप है कि वेंडिंग जोन घोषित होने व वैध परिचय पत्र होने के बावजूद गरीब दुकानदारों को उजाड़ा जा रहा है।

जिलाध्यक्ष रजनी कांत श्रीवास्तव के नेतृत्व में डीएम कार्यालय पहुंचे आधा सैकड़ा से अधिक दुकानदारों ने अपनी व्यथा सुनाई। उनका कहना था यह क्षेत्र पहले से ही वेंडिंग जोन घोषित है। नगर पालिका व राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन द्वारा चिन्हित 2,804 पटरी दकनदारों में ये दुकानदार शामिल हैं और इनके पास वैध परिचय पत्र भी हैं। व्यापार मंडल ने डीएम की अनुपस्थिति में अतिरिक्त मजिस्ट्रेट देवेंद्र प्रताप सिंह को 6-सूत्रीय ज्ञापन सौंपा। इस दौरान नगर अध्यक्ष संजय शुक्ला, नगर महामंत्री मनोज गुप्ता, जिला वरिष्ठ महामंत्री राजेश सिंह, जिला महामंत्री शैलेंद्र गुप्ता, जिला युवा प्रभारी जितेंद्र क्षेत्र, महेश गुप्ता, कमलेश गुप्ता, नवीन तिवारी, देवकांत जौहरी आदि मौजूद रहे।


अतिरिक्त मजिस्ट्रेट को ज्ञापन देते व्यापारी। ● अमृत विचार

● व्यापार मंडल ने अतिरिक्त मजिस्ट्रेट को सौंपा ज्ञापन

### कार्यशाला में नामांकन बढ़ाने के दिए गए गुरु मंत्र

कार्यालय संवाददाता उन्नाव, अमृत विचार : ब्लॉक संसाधन केंद्र (बीआरसी) बीघापुर में शनिवार को विद्यालय प्रबंध समिति की एक दिवसीय ब्लॉक स्तरीय कार्यशाला आयोजित हुई। इसमें विद्यालयों में गठित प्रबंध समितियों के अध्यक्ष, सचिव, प्रधान/इंचार्ज शिक्षक बड़ी संख्या में मौजूद रहे। उद्देश्य था कि आगामी शैक्षिक सत्र में अधिक से अधिक छात्र-छात्राओं का नामांकन सुनिश्चित करना था। खंड शिक्षाधिकारी शुचि गुप्ता ने समिति के सदस्यों को विद्यालय प्रबंध समिति के गठन व कार्यवृत्त को बताते हुए विद्यालयों की गुणवत्ता सुधार, नामांकन वृद्धि व सामुदायिक सहभागिता को मजबूत करने पर विशेष बल दिया। इसमें उच्च प्राथमिक विद्यालय पिथई खेड़ा की एसएमसी उपाध्यक्ष नीता देवी, शिवगंज से आकांक्षा सिंह, रत्ना पांडे ने भी संबोधित किया। संचालन एआरपी दुर्गेश शुक्ल ने किया। कार्यक्रम में एआरपी मनीषा, योगेश कुमार के अलावा शिक्षक विश्वनाथ सिंह, राज किशोर, धीरज सिंह, विजय सिंह, गणेश शंकर गुप्ता, जितेंद्र सिंह चंदेल, शिव प्रसाद मिश्र, पवन सिंह, संजय पांडेय, संदीप शुक्ल व रजनीश सिंह आदि उपस्थित रहे।


कार्यशाला में उपस्थित प्रबंध समिति के सदस्य व प्रधान।

### सड़क हादसे में राजमिस्त्री की मौत, साथी गंभीर

बांगरमऊ उन्नाव, अमृत विचार : बेहटा मुजावर थाना क्षेत्र के ग्राम मटुकरी निवासी कमल किशोर (50) राजमिस्त्री थे और उनके साथ गांव का ही प्रदीप (25) मजदूरी करता है। शनिवार को दोनों पड़ोसी गांव गोशा कुतुब निर्माण कार्य करने गए थे। देर शाम काम खत्म होने के बाद कमल किशोर बाइक से प्रदीप को लेकर घर लौट रहे थे। इसी दौरान शारदा नहर पुल के पास उनकी तेज रफ्तार बाइक ट्रैक्टर-ट्रॉली के पीछे जा घुसी। हादसे में दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में चिकित्सकों ने कमल किशोर को मृत घोषित कर दिया, जबकि प्रदीप की हालत नाजुक होने पर उसे जिला अस्पताल भेजा गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजने की कार्रवाई शुरू कर दी। मौत की खबर गांव पहुंचते ही परिजनों में चीख-पुकार मच गई। मृतक के चार बेटियां नेहा, निकिता, अंशिका, अनामिका और एक बेटा कपिल है। पत्नी मुन्नी पति का शव देखते ही दहाड़े मारकर रोने लगी।

### फूड सेफ्टी टीम ने खाद्य पदार्थों के भरे सैंपल

शुक्लागंज उन्नाव, अमृत विचार : फूड सेफ्टी एंड स्टैंडर्ड अथॉरिटी ऑफ इंडिया नई दिल्ली के निर्देश पर चल रहे सर्विलांस ड्राइव अभियान के तहत शनिवार को शुक्लागंज में खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने कार्रवाई की। फूड इंस्पेक्टर पल्लवी टीम के साथ नगर पहुंचीं और विभिन्न दुकानों पर जांच अभियान चलाया। इस दौरान पोनी रोड स्थित एक दुकान से अरहर दाल, धुली मूंग दाल व चायपत्ती के सैंपल लिए। वहीं, राजमार्ग स्थित एक शो-रूम से भी खाद्य सामग्री के नमूने लिये गए। सभी सैंपलों को सील कर जांच के लिए प्रयोगशाला भेजा गया है। फूड इंस्पेक्टर ने बताया कि अभियान का उद्देश्य खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता की जांच करना व मिलावटखोरी पर रोक लगाना है। उन्होंने दुकानदारों को हिदायत दी कि वे केवल मानक के अनुरूप ही खाद्य सामग्री का विक्रय करें। कहा कि जांच रिपोर्ट में यदि किसी सैंपल में गड़बड़ी मिलती है तो संबंधित विक्रेता पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। अभियान से व्यापारियों में हड़कंप की स्थिति बनी रही।

**आयोजन** | शिक्षा चौपाल में निपुण बच्चों और अभिभावकों को किया गया सम्मानित

# डीबीटी व सुकन्या समृद्धि योजना छात्र-छात्राओं के लिए लाभकारी

कार्यालय संवाददाता, उन्नाव

अमृत विचारः विकासखंड सिकंदरपुर सरोसी के ख्वाजगीपुर के उच्च प्राथमिक विद्यालय करोवन में ग्राम शिक्षा चौपाल का आयोजन हुआ। इसका शुभारंभ जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डाइट) के वरिष्ठ प्रवक्ता श्याम सिंह यादव ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलन कर किया। उन्होंने शिक्षा के गिरते स्तर को सुधारने व बच्चों के उज्ज्वल भविष्य के लिए सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं पर प्रकाश डाला। उन्होंने निपुण भारत मिशन, डीबीटी व सुकन्या समृद्धि योजना को छात्र-छात्राओं के लिए लाभकारी बताया।

चौपाल में न्याय पंचायत स्तर पर सर्वश्रेष्ठ परिणाम लाने वाले बच्चों को 'निपुण लक्ष्य' हासिल करने पर सम्मानित किया गया। साथ ही राष्ट्रीय आविष्कार अभियान में अपनी प्रतिभा दिखाने वाले छात्र-छात्राओं को भी पुरस्कृत किया गया। अससे अन्य बच्चों का मनोबल बढ़ा। शिक्षिकाओं ने एसएमसी अध्यक्षों व महिला अभिभावकों को अंगवस्त्र देकर उनका सम्मान किया। बालिकाओं द्वारा प्रस्तुत सरस्वती वंदना ने सभी का मन मोह लिया। कार्यक्रम में नोडल शिक्षण संकुल मनोज द्विवेदी संकुल शिक्षक शांभवी शुक्ला, प्रदीप पाल, निशांत बाजपेई, अनुभा सिंह, स्वर्णपाल सिंह, संजय पटेल, प्रिया, लवली, कल्पना, सुनीता चौरसिया और मिथिलेश आदि उपस्थित रहे।


चौपाल के दौरान होता बच्चों व अभिभावकों का सम्मान। ● अमृत विचार

### अंबिका पब्लिक स्कूल में भव्य सम्मान समारोह का हुआ आयोजन

शुक्लागंज, उन्नाव : राजमार्ग स्थित अंबिका प्रसाद मेमोरियल पब्लिक स्कूल में शनिवार को कक्षा 3 से 9 व 11 तक के विद्यार्थियों के लिए सम्मान समारोह आयोजित हुआ। इसका शुभारंभ गणेश पूजन से हुआ व अतिथियों का स्मृतिचिन्ह देकर स्वागत किया गया। विद्यार्थियों ने रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से सबका मन मोह लिया। इसमें मेधावी विद्यार्थियों को शैक्षिक, सांस्कृतिक व सह-पाठ्यक्रम गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान के अनुसार पुरस्कृत किया गया। 100 प्रतिशत उपस्थिति वाले छात्रों को भी सम्मानित किया गया। विद्यालय प्रबंधक अजय त्रिवेदी ने कहा कि शिक्षा के साथ नैतिक मूल्यों का विकास जरूरी है। इस दौरान विधि बाजपेई (एमबीबीएस तृतीय वर्ष) व लेखनी शुक्ला (सीए फाउंडेशन) को उपलब्धि पुरस्कार मिला। कनिका त्रिवेदी, कार्तिकेय, दिनेश त्रिवेदी, अनुराज श्रीवास्तव, हरि राठौर, सौरभ जायसवाल, धीरेंद्र मिश्रा सहित शिक्षक व अभिभावक उपस्थित रहे।


उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वालों को सम्मानित करते प्रबंधक।

न्यूज ब्रीफ

### वरिष्ठ पत्रकार के निधन पर शोक सभा आयोजित

**हरदोई, अमृत विचार।** वरिष्ठ पत्रकार एवं अधिवक्ता अनिल मिश्र के निधन पर शनिवार को लखनऊ रोड स्थित अमृत विचार के कैंप कार्यालय में शोक सभा का आयोजन किया गया। इस दौरान पत्रकारों एवं गणमान्य लोगों ने उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उनके व्यक्तित्व और कृतित्व को याद किया। वक्ताओं ने कहा कि अनिल मिश्र बेहद निडर और ईमानदार पत्रकारों में शुमार थे। उन्होंने अपने जीवन में पत्रकारिता के उच्च मानकों को कायम रखा और समाज के मुद्दों को बेबाकी से उठाया। वे मूल रूप से सांडी क्षेत्र के निवासी थे। उनके पिता स्वर्गीय योगेंद्र नाथ मिश्र भी जिले के तेज-तर्रार पत्रकारों में गिने जाते थे। शोक सभा में पत्रकार पीके गुप्ता, रितेश मिश्रा, हरिश्याम बाजपेयी, लक्ष्मीकांत पाठक, आनंद गुप्ता, डॉ. सुरनाथ अवस्थी खुनखुन के अलावा मनोज गुप्ता, अभिनन्दन गुप्ता, राधेश्याम, कृष्णा व करन सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

### मिशन शक्ति अभियान के तहत दो शोहदे दबोचे

**फतेहपुर चौरासी उन्नाव, अमृत विचार।** मिशन शक्ति अभियान के तहत शनिवार को पुलिस ने अलग-अलग स्थानों से दो शोहदों को गिरफ्तार कर लिया। एसओ ज्ञानेंद्र कुमार ने बताया कि शनिवार को धन्नापुरवा निवासी राजेश को महिलाओं व बालिकाओं से सार्वजनिक स्थल पर अश्लील हरकत करते गिरफ्तार किया गया। वहीं सैता निवासी फरहान को तकिया चौराहे के पास से अश्लील हरकत करते गिरफ्तार किया गया।

### पत्नी के न आने पर युवक ने की आत्महत्या

**फतेहपुर चौरासी उन्नाव, अमृत विचार।** थानाक्षेत्र के गांव अदिलापुर निवासी गेंदेलाल (35) गांव में अकेले रहकर खेती करता था। घर के अन्य सदस्य चंडीगढ़ में रहते हैं। शनिवार शाम उसने घर में छत के कुंडे में रस्सी के सहारे लटककर जान दे दी। मृतक के चाचा राम बालक ने बताया कि गेंदेलाल की पत्नी बिहार प्रांत की रहने वाली है। वह 4 माह पूर्व घर से बच्चों के साथ बिहार चली गई थी। इससे वह परेशान रहता था। प्रभारी निरीक्षक ज्ञानेंद्र कुमार ने बताया कि शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

# मेधावी छात्र-छात्राओं के साथ आदर्श अभिभावक सम्मानित

## मोहान कंपोजिट विद्यालय में वार्षिक परीक्षाफल घोषित

संवाददाता, उन्नाव

**अमृत विचार।** मोहान स्थित कंपोजिट विद्यालय में वार्षिक परीक्षाफल वितरण समारोह आयोजित हुआ। इसमें विद्यालय परिसर में मेधावी छात्र-छात्राओं के साथ उनके अभिभावकों को भी सम्मानित कर शिक्षा के प्रति जागरूक किया गया।

कार्यक्रम में खंड शिक्षाधिकारी दीपेश कुमार व नगर पंचायत चेयरमैन समरजीत यादव ने दीप प्रज्वलित कर समारोह का शुभारंभ किया। अतिथियों ने हर कक्षा में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान पाने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कार व प्रशस्तिपत्र दिये। संबोधित करते हुए बीईओ दीपेश कुमार ने कहा कि कड़ी मेहनत व निरंतरता ही सफलता की एकमात्र कुंजी है। आज के परिणाम बच्चों के साल भर के परिश्रम का फल हैं। उन्हें भविष्य में और बेहतर प्रदर्शन के लिए निरंतर प्रयासरत रहना चाहिए। कार्यक्रम में महिला सशक्तिकरण और बालिका शिक्षा पर भी जोर दिया गया। विद्यालय की इंचार्ज शिक्षिका चारूल चंद्रा ने उन अभिभावकों को आदर्श अभिभावक सम्मान से नवाजा, जिन्होंने अपनी बेटियों की पढ़ाई और स्कूल में उनकी नियमित उपस्थिति सुनिश्चित करने में विशेष योगदान दिया है। इंचार्ज शिक्षिका चारूल चंद्रा ने अपने संबोधन में कहा कि बेटियों में शिक्षा की अलख जगाना विद्यालय का प्राथमिक उद्देश्य है। रिपोर्ट कार्ड और पुरस्कार पाकर बच्चों के चेहरे खिल उठे। कार्यक्रम के दौरान एआरपी प्रीति भारती, सभासद मोहसिन सहित अन्य मौजूद रहे।



मेधावी बच्चों के साथ मौजूद शिक्षक-शिक्षिकाएं। अमृत विचार

## वार्षिकोत्सव में बच्चों ने प्रस्तुत किए सांस्कृतिक कार्यक्रम

**फतेहपुर चौरासी उन्नाव, अमृत विचार।** क्षेत्र के भड़सर नौशहरा गांव स्थित पीएम-श्री कम्पोजिट उच्च प्राथमिक विद्यालय में शनिवार को विद्यालय के प्रधान शिक्षक यशपाल सिंह के संयोजन में विद्यालय का वार्षिकोत्सव आयोजित किया गया। इसका शुभारम्भ दीप प्रज्वलन व सरस्वती वंदना के साथ हुआ। इसमें विधायक श्रीकांत कटियार की पत्नी विभा कटियार मुख्य अतिथि के रूप में रहीं। उन्होंने पीएम-श्री विद्यालय में शासन द्वारा उपलब्ध कराई गई सुविधाओं के बारे में बताया। खंड शिक्षाधिकारी विनय कुमार ने बताया कि पीएम-श्री स्कूल सरकार की महत्वाकांक्षी योजना में है इनमें सरकारी स्कूल को अपग्रेड कर मॉडल स्कूल के रूप में विकसित करना है। छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर सबका मन मोह लिया। मुख्य अतिथि ने वार्षिक परीक्षा में अव्वल रहे विद्यार्थियों को मेडल पहनाकर पुरस्कृत किया। इस दौरान पूर्व ब्लॉक प्रमुख नागेंद्र सिंह, प्रधान रामरतन पाल, पूर्व शिक्षक दुर्योधन सिंह, सुधीर कुमार, एआरपी कमलेश कुमार, श्यामेन्द्र सिंह, क्षितिज श्रीवास्तव, रविकान्त, गीता, आशीष त्रिपाठी, प्रियंका, प्रतीक कुमार, शिव सिंह, कुलदीप, राजेंद्र कुमार सहित शिक्षक व अभिभावक रहे।



छात्र को पुरस्कृत करतीं मुख्य अतिथि विभा कटियार।

# शिक्षा चौपाल में निपुण बच्चे व नन्हे वैज्ञानिक सम्मानित

**परियर उन्नाव, अमृत विचार।** विकासखंड सिकंदरपुर सरोसी में न्याय पंचायत स्तर पर 'शिक्षा चौपाल' का आयोजन प्राथमिक विद्यालय जानकी पुरवा में हुआ। इसमें शिक्षा की गुणवत्ता व बच्चों के सर्वांगीण विकास पर जोर देते हुए मेधावी छात्र-छात्राओं व उत्कृष्ट शिक्षकों को सम्मानित किया गया।

समेकित शिक्षा की ब्लॉक समन्वयक उर्मिला पाल ने दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की। इस दौरान विद्यालय की छात्राओं द्वारा प्रस्तुत सरस्वती वंदना ने सबका मन मोह लिया। एआरपी मुकेश शुक्ला की उपस्थिति में शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यालयों को सराहा गया। प्राथमिक विद्यालय कोलवा व प्राथमिक विद्यालय लल्तूपुरवा के शिक्षकों सहित 5-5 निपुण बच्चों को सम्मानित किया गया। विज्ञान व तकनीक विभाग की 'इंस्पायर अवार्ड' योजना के तहत उच्च प्राथमिक विद्यालय जूड़ा पुरवा की छात्रा करिश्मा व सैदापुर के तनिष्क को 10 हजार की प्रोत्साहन राशि व प्रशस्ति-पत्र दिया गया। हर परिषदीय विद्यालय के कक्षा 5 व 8 में सर्वाधिक अंक पाने वाले छात्र-छात्राओं को भी सम्मानित किया गया। इस दौरान संकुल शिक्षक गिरीश पांडेय, अनुपम शुक्ला, वंदना राठौर, सुमित्रा यादव, सुरेंद्र कुमार तिवारी, भावना मिश्रा, ज्योति त्रिपाठी, मनु सचान आदि रहे।



शिक्षा चौपाल में बच्चे को सम्मानित करते अधिकारी। अमृत विचार

# तालाब में गिरे बाइक सवार की मौत

संवाददाता, मल्लावां, हरदोई

**अमृत विचार।** मल्लावां-गौसगंज मार्ग पर पुरवावां गांव के पास एक तालाब के किनारे बाइक अनियंत्रित हो गई। हादसे में एक बाइक सवार तालाब में जा गिरा जबकि एक किनारे पड़ा मिला। तालाब में मिले युवक की मौत हो गई जबकि दूसरे को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।

कासिमपुर थाना क्षेत्र के बेहसार गांव निवासी छब्बा ने बताया कि उसका पुत्र धर्मेंद्र (20) गांव के ही साथी नवाब (22) पुत्र रामशंकर के साथ शुक्रवार की शाम गौसगंज जाने के लिए घर से बाइक से निकला था। शनिवार की सुबह सूचना मिली कि पुरबांया गांव की पुलिया पर गहरे तालाब में धर्मेन्द्र का शव पड़ा हुआ है। उसका साथी नवाब कुछ दूरी पर गंभीर हालत में सूखे तालाब के पास पड़ा है। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने धर्मेंद्र का शव तालाब से बाहर निकलवाया और घायल नवाब को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मल्लावां पहुंचाया। जहां से प्राथमिक उपचार के बाद उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया। धर्मेंद्र लुधियाना में मजदूरी करता था और कुछ दिन पूर्व गांव आया था। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।



मृतक धर्मेंद्र कुमार की फाइल फोटो।

### हादसे में घायल वृद्धा की तीसरे दिन मौत

**हरदोई, अमृत विचार।** ई-रिक्शे से बेटी के घर जा रही वृद्धा हादसे का शिकार हो गई थी। लावारिस हालत में उसका मेडिकल कालेज में इलाज चल रहा था। जहां शुक्रवार की देर रात तीसरे दिन मौत हो गई। शनिवार को चौथे दिन शव की शिनाख्त की जा सकी। शहर के नुमाइश चौराहे पर 25 मार्च को तेज़ रफ्तार गाड़ी की टक्कर लगने से ई-रिक्शे पर सवार 77 वर्षीय बुज़ुर्ग महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। उसे मेडिकल कालेज में भर्ती कराया गया। शुक्रवार की देर रात उसकी मौत हो गई। शनिवार को बुज़ुर्ग की शिनाख़्त कांति देवी पत्नी मंगल प्रसाद निवासी शहर के मोहल्ला वेटगंज के रूप में हुई।

### हादसे में युवक की मौत, साथी घायल

**हरदोई, अमृत विचार।** बाइक सवार दो युवकों को साण्डी-बिलग्राम रोड पर नकवापुर के पास पिकअप ने टक्कर मार दी। हादसे में बाइक चला रहे युवक की वहीं पर मौत हो गई, जबकि उसके रिश्तेदार को हायर सेंटर लखनऊ के लिए रेफर किया गया है। साण्डी थाने के बंजारन पुरवा निवासी इस्लाम (38) पुत्र हसनू लखीमपुर खीरी ज़िले के कस्ता मितौली निवासी रिश्तेदार सोनिया (50) के साथ शुक्रवार को साण्डी घर जा रहे थे। उसी बीच साण्डी-बिलग्राम रोड पर नकवापुर के पास तेज़ रफ्तार पिकअप ने बाइक में टक्कर मार दी,जिससे इस्लाम की वहीं पर मौत हो गई।



# ऑटो पलटने से 8 घायल, 4 रेफर

संवाददाता, बिलग्राम, हरदोई

**अमृत विचार।** बिलग्राम-कन्नौज मार्ग पर शनिवार सुबह एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया, जब म्योरा मोड़ के पास एक सीएनजी ऑटो अनियंत्रित होकर पलट गया। हादसे में ऑटो सवार आठ लोग घायल हो गए, जिनमें चार की हालत गंभीर होने पर उन्हें जिला चिकित्सालय रेफर किया गया है।

बताते चले कि ऑटो बिलग्राम से कन्नौज की ओर जा रहा था, तभी अचानक चालक का संतुलन बिगड़ने से वाहन पलट गया। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। स्थानीय लोगों की मदद से सभी घायलों को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया।



म्योरा मोड़ के पास पलटा सीएनजी ऑटो।

घायलों में श्यामा देवी (75) पत्नी राम निवास निवासी मोहल्ला खतराना, बिलग्राम प्रतिभा (29) पत्नी विनोद, खतराना बिलग्राम कविता (55) पत्नी रमेश खतराना बिलग्राम और अभय सिंह (17) पुत्र दिलीप कुमार उद्योग गली बिलग्राम को गंभीर हालत में जिला अस्पताल रेफर किया गया। वहीं अन्य घायलों में विनोद (38), जैनपुर कन्नौज कमलेश (45), जैनपुर कन्नौज पंकज त्रिपाठी (54) खतराना और आदित्य पटेल (23) नबीपुर बिलग्राम का प्राथमिक उपचार किया गया। चिकित्सकों के अनुसार चार घायलों की स्थिति नाजुक बनी हुई है। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर घटना की जांच शुरू कर दी है। हादसे के कारणों का पता लगाया जा रहा है।



मेडिकल कॉलेज में भोजन वितरण करतीं समिति के लोग। अमृत विचार

### मेडिकल कॉलेज में हुआ भोजन वितरण

**हरदोई, अमृत विचार।** एसएसएन जनकल्याण समिति ने शनिवार को जिला चिकित्सालय में भोजन वितरण संपन्न किया। संस्था की नई सदस्य रूबी गुप्ता ने बताया कि प्रत्येक शनिवार अथवा रविवार को भोजन वितरण किया जा रहा है जिसका शनिवार को 143वां है जो कि हमेशा आप सभी के सहयोग से चला है और चलता रहेगा। उन्होंने जनपद के प्रत्येक सक्षम नागरिक से बढ़ चढ़कर सहयोग की अपील की। इस मौके पर संस्थापक अरविन्द कुमार सिंह एडवोकेट, प्रदेश अध्यक्ष मीना टंडन, प्रदेश महासचिव कल्पना तिवारी दीक्षित, जिला अध्यक्ष डॉ सोहिनी दीक्षित, जिला महासचिव पूनम सिंह, प्रिया मिश्रा, ज्योति मिश्रा, संतोषी वर्मा,वत्सल गुप्ता, पुनीत गुप्ता आदि मौजूद रहे।

### नशे से होने वाली शारीरिक, मानसिक व सामाजिक हानियों पर किया जागरूक

**बांगरमऊ उन्नाव, अमृत विचार।** रूरी सादिकपुर गांव स्थित श्री विशंभर दयाल त्रिपाठी राजकीय महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई शक्ति के अंतर्गत गांव मटुकरी में शनिवार को एकदिवसीय नशा मुक्ति जागरूकता शिविर का आयोजन हुआ। कार्यक्रम अधिकारी डॉ. कुलदीप शुक्ल ने नशा मुक्ति के महत्व पर प्रकाश डाला और लोगों को नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि नशा व्यक्ति के स्वास्थ्य के साथ उसके परिवार व समाज पर भी गंभीर प्रभाव डालता है। उन्होंने ग्रामीणों को नशे से होने वाली शारीरिक, मानसिक व सामाजिक हानियों के बारे में बताया और इससे बचाव के उपाय बताए।

# अभिलेखागार का किया लोकार्पण

**शाहाबाद, हरदोई, अमृत विचार।** उच्च शिक्षा राज्य मंत्री रजनी तिवारी ने ब्लॉक मुख्यालय पर आयोजित अभिलेखागार लोकार्पण कार्यक्रम के मंच से क्षेत्र में किए गए विकास कार्यों को गिनाया। साथ ही दावा किया कि इससे पहले की सरकारों ने क्षेत्र को पूरी तरह से विकास से दूर रखा।

उच्च शिक्षा राज्य मंत्री रजनी तिवारी अपने निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार ब्लॉक मुख्यालय पर पहुंची। यहां पर उन्होंने सबसे पहले अभिलेखों के रखरखाव हेतु बनाए गए वृहद अभिलेखागार का लोकार्पण किया। इस मौके पर उन्होंने शुक्रवार को रामनवमी के दिन एक सपा नेता द्वारा भगवान श्रीराम के ऊपर की गई अभद्र टिप्पणी पर नाराजगी व्यक्त की और कहा कि भगवान ऐसे व्यक्ति को स्वयं मिट्टी में मिला देंगे, लेकिन आप लोगों को ऐसे लोगों से दूर रहने की जरूरत। कहा कि कोरोना काल में क्षेत्रवासियों को ऑक्सीजन प्लांट की बेहद जरूरत थी मैंने आवश्यकता महसूस की और ऑक्सीजन प्लांट और हेल्थ एटीएम की स्थापना करवाई। 20 बेड की अतिरिक्त सुविधा भी अस्पताल में उपलब्ध करवाई। इसके अलावा उन्होंने क्षेत्र में तमाम सड़कें बनवाई। कार्यक्रम में क्षेत्र पंचायत प्रमुख पिहानी कुशी बाजपेई, डीसीडीएफ अध्यक्ष रामदास गुप्ता, पूर्व प्रमुख रामनाथ त्रिपाठी, जिला कार्य समिति सदस्य गंगाराम राठौर, गोपाल त्रिपाठी, भाजपा नगर अध्यक्ष अनिल पांडे सहित अन्य मौजूद रहे।



अभिलेखागार का लोकार्पण करतीं उच्च शिक्षा राज्य मंत्री रजनी तिवारी।

### शॉर्ट-सर्किट से लगी आग, सामान जला

**भरखनी, हरदोई, अमृत विचार।** क्षेत्र के हरदासपुर गांव में बीती रात 9:30 बजे शॉर्ट सर्किट की चिंगारी से लगी आग में रमाकांत का घर जलकर राख हो गया। घटना के समय रमाकांत अपने परिवार के साथ अपने बहनोई के घर पाली गया हुआ था। बताया गया कि घर में अचानक शॉर्ट सर्किट होने से आग लग गई और देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया। सूचना मिलते ही रमाकांत मौके पर पहुंचे, तब तक घर में रखा अनाज, कपड़े, बिस्तर, फर्नीचर और अन्य घरेलू सामान जलकर राख हो चुका था।

# बरेली सेंट्रल जेल के कैदी की ट्रेन में तबियत बिगड़ी, मौत

**हरदोई, अमृत विचार।** बरेली सेंट्रल जेल में उम्रकैद की सज़ा काट रहे कैदी को लखनऊ के मेडिकल कालेज में भर्ती कराया गया था। शनिवार को छुट्टी होने के बाद उसे ट्रेन से बरेली ले जाया जा रहा था। लेकिन हरदोई रेलवे स्टेशन के पास ट्रेन में ही कैदी की तबियत बिगड़ गई। आनन-फानन उसे एंबुलेंस-108 से मेडिकल कालेज पहुंचाया गया, लेकिन वहां पहुंचते ही उसकी मौत हो गई।

50 वर्षीय शानदार पुत्र जानदार बरेली सेंट्रल जेल में उम्रकैद की सज़ा काट रहा था। जेल में तैनात कांस्टेबल जितेंद्र सिंह ने बताया कि कैदी शानदार बीमार था, उसे हाइड्रोसील के अलावा पेट की शिकायत थी, लखनऊ मेडिकल कालेज से इलाज चल रहा था। शनिवार को वहां से छुट्टी के बाद उसे ट्रेन से बरेली ले जाया जा रहा था। कांस्टेबल जितेंद्र सिंह ने बताया कि ट्रेन के देर शाम हरदोई रेलवे स्टेशन पहुंचते ही उसकी तबियत और बिगड़ गई। वहां से उसे मेडिकल कालेज पहुंचाया गया, लेकिन वहां पहुंचते ही उसकी मौत हो गई। पुलिस ने शव कब्ज़े में लेते हुए जांच शुरु कर दी है।

# क्षेत्र पंचायत की बैठक में विकास कार्यों पर हुई चर्चा

**गंजमुरादाबाद उन्नाव, अमृत विचार।** विकासखंड कार्यालय के हितैषी सभागार में विकास योजनाओं के संबंध में क्षेत्र पंचायत की महत्वपूर्ण बैठक हुई। इसकी अध्यक्षता ब्लॉक प्रमुख संध्या सिंह पटेल ने की। इसमें पूर्व में हुए विकास कार्यों पर चर्चा हुई और सरकार की विभिन्न विकास योजनाओं की जानकारी दी गई। समाज कल्याण, कृषि, स्वास्थ्य, शिक्षा व पशुपालन आदि विभागों के कर्मचारियों ने अपने विभाग की योजनाओं के बारे में बताया। खंड विकास अधिकारी अनिल सिंह ने ब्लॉक प्रमुख संध्या सिंह पटेल का स्वागत किया। आगामी विकास कार्यों के बारे में क्षेत्र पंचायत प्रमुख ने व अफसरों ने प्रस्तावना रखी। बैठक में ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि विवेक सिंह पटेल, सतीश यादव प्रधान, रणधीर सिंह, पूर्व जिला पंचायत सदस्य रावेन्द्र सिंह, गुफ़रान प्रधान आदि रहे।



बैठक में मौजूद लोगों को सम्बोधित करतीं ब्लाक प्रमुख।

### एक दिवसीय ब्लाक स्तरीय संगोष्ठी में शिक्षक सम्मानित

**गंजमुरादाबाद उन्नाव, अमृत विचार।** ब्लॉक संसाधन केंद्र में ग्राम प्रधान व स्थानीय निकाय के सदस्यों की एक दिवसीय ब्लॉक स्तरीय संगोष्ठी व उन्मुखीकरण कार्यशाला का आयोजन किया गया। इसमें सेवानिवृत्त शिक्षकों को सम्मानित भी किया गया। बीईओ देवेन्द्र कुमार व शिक्षक संघ के ब्लॉक अध्यक्ष अजय कटियार ने शाल ओढ़ाकर व स्मृतिचिन्ह देकर अतिथियों को सम्मानित किया। संगोष्ठी विभिन्न स्कूलों की छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए।

### गड्ढा खोदाई कराकर आख्या वन विभाग को प्रेषित करें : सीडीओ

**हरदोई, अमृत विचार।** जिला वृक्षारोपण, जिला पर्यावरण तथा जिला गंगा समिति की बैठक शनिवार को सीडओ सान्या छाबड़ा की अध्यक्षता में स्वामी विवेकानन्द सभागार में आयोजित की गई। सीडीओ ने डीएफओ से कहा कि प्रत्येक तहसील स्तर पर एक बडे क्षेत्र में तथा ब्लाक स्तर पर एक छोटे स्तर पर वानिकीकरण के लिए भूमि का चिन्हिकन कराकर उनमें फलदार पौधे लगाये जाएंगे। संबंधित क्षेत्र के एसडीएम से संपर्क कर भूमि के संबंध में जानकारी प्राप्त कर लें। गड्ढा खोदाई कराकर आख्या वन विभाग को प्रेषित करें।

कार्यक्रम | कस्बा स्थित मां शंकरी देवी दरबार में जागरण का हुआ आयोजन

# भजनों और सुंदर झांकियों ने किया मंत्रमुग्ध

**सफीपुर उन्नाव, अमृत विचार।** कस्बा स्थित मां शंकरी देवी दरबार में समिति द्वारा शनिवार रात देवी जागरण का आयोजन हुआ। इसमे कलाकारों ने अपनी प्रस्तुतियों से भक्तों को रात भर भक्ति रस में सराबोर किया। जागरण का शुभारंभ समिति संरक्षक व विधायक बंबालाल दिवाकर व चेयरमैन प्रतिनिधि सौरभ बाजपेई ने मां की ज्योति प्रज्ज्वलित कर किया। इससे पूर्व मां शंकरी देवी की महाआरती उतारी गई।

समिति अध्यक्ष सुनील चौरसिया ने सपरिवार माता के चरणों में अरदास लगाकर क्षेत्र की सुख-समृद्धि की कामना की। जीएस जागरण पार्टी के कलाकारों द्वारा प्रस्तुत भजनों पर श्रद्धालु रात भर झूमते रहे। गायक ज्ञानेंद्र शुक्ला, भजन गायक सरदार सनी सरताज, ज्योति गोस्वामी, विजया सलोनी व रोली सरगम ने माता रानी व श्याम बाबा के भजनों की प्रस्तुति दी। इसमें श्री राधा-कृष्ण, प्रभु श्री राम, हनुमान जी व मत्स्य अवतार की झांकियां आकर्षण का केंद्र रहीं। सुबह तारा रानी की कथा के बाद देवी मां को पंचमेवा का भोग लगाया गया। इसके बाद प्रसाद वितरण व जागरण का समापन हुआ। इसमें वीपी सिंह सेंगर, अनिल तिवारी, रामनरेश सिंह, नीरज सैनी, नागेंद्र सिंह सेंगर, उत्तम निषाद, आशीष कनौजिया, अमित कुशवाहा, देवकी नंदन, अमरनाथ पांडेय, वीरेंद्र मिश्र, बृजेंद्र सिंह, विकास सिंह ठाकुर, डॉ. दिनेश यादव, अभिनव शर्मा, विनोद मिश्रा, संजय चौरसिया, कमलेश चौरसिया, राजू चौहान आदि रहे।



जागरण के दौरान मौजूद विधायक व चेयरमैन प्रतिनिधि। अमृत विचार

### महिला ने मारपीट और चोरी का आरोप लगाया

**उन्नाव, अमृत विचार।** बारासगवर थानाक्षेत्र के मलुहा खेड़ा गांव निवासी सरोज ने एसपी को दिए प्रार्थनापत्र में बताया कि उसके पति मैकू की 16 अगस्त-2024 को मौत हो गई थी। इसके बाद वह अपनी इकलौती बेटी मीरा पत्नी वीरेंद्र के साथ उसकी ससुराल थाना क्षेत्र के ही मधुकर खेड़ा में रहने लगी। आरोप है कि वह बारिश से बचाव के लिये अपना घर बनवाने मलुहा खेड़ा आई तो पड़ोसियों ने उसका घर नहीं बनने दिया। आरोप है कि विरोध करने पर उन लोगों ने उससे मारपीट की व घर बनवाने के लिए रखे रुपए उठा ले गए। साथ ही उसकी दीवार भी गिरा दी। उसने पीआरवी को सूचना दी लेकिन फोन नहीं उठा।

# बांगरमऊ में होली व ईद मिलन समारोह में बही गंगा-जमुनी तहजीब की बयार

**बांगरमऊ उन्नाव, अमृत विचार।** कपूरपुर गांव में जन्ना जमशेर साबरी चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा परम्परागत होली व ईद मिलन समारोह आयोजित हुआ। जहां गंगा-जमुनी तहजीब की अनुपम छटा देखने को मिली। रंगों की उमंग व आपसी सौहार्द की मिठास से इस आयोजन ने सामाजिक समरसता का संदेश दिया।

समारोह में आए इलाहाबाद हाईकोर्ट के न्यायाधीश राजवीर सिंह ने हिंदू-मुस्लिम एकता को भारत की आत्मा बताते हुए कहा कि यह देश प्रेम, भाईचारे व साझी विरासत की मजबूत नींव पर खड़ा है। कहा कि होली व ईद जैसे पर्व हमें प्रेम, सम्मान व सद्भाव का पाठ पढ़ाते हैं। ट्रस्ट पदाधिकारियों ने अतिथियों का स्वागत कर समाज में सौहार्द, भाई चारे व राष्ट्रीय एकता को सुदृढ़ बनाने का संकल्प दोहराया। इस दौरान कवियों व शायरों ने कलाम पेश कर वाहवाही लूटी। आयोजक सईद साबरी द्वारा जरूरतमंद महिलाओं को अंगवस्त्र बांटे गए। संचालन सुधीर मिश्रा सद्धू ने किया। इसमें जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव रत्नेश दीप, कमल आनंद, वसीक खान, वसीम खान, फरीद खान, शिवम, मौलाना वारिस, अनुराग, इमरान व रईस खान पप्पू आदि रहे।



कार्यक्रम को सम्बोधित करते मुख्य न्यायाधीश उच्च न्यायालय इलाहाबाद राजवीर सिंह।

अमृत विचार

लखनऊ, रविवार, 29 मार्च 2026 हरदोई

## न्यूज ब्रीफ

### महिलाओं पर फब्तियां कसने वाला गिरफ्तार

**शाहाबाद, हरदोई, अमृत विचार।** कोतवाली पुलिस ने रास्ते में आती-जाती महिलाओं पर फब्तियां कसने और अश्लील इशारे करने के आरोप में एक युवक को गिरफ्तार किया है। कोतवाली पुलिस को सूचना मिली बीएन डिग्री कॉलेज के पास एक युवक महिलाओं पर फब्तियां कस रहा है और अश्लील इशारे कर रहा है। सूचना पाकर सरदार गंज चौकी इंचार्ज प्रदीप पांडे ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया, जिसने अपना नाम संतराम निवासी मोहल्ला मोहल्ला गंज बताया।

### बच्चों को लेकर महिला भतीजे के साथ फरार

**शाहाबाद, हरदोई, अमृत विचार।** कोतवाली क्षेत्र के एक गांव से रिश्ते की सगी चाची अपने तीन बच्चों को साथ लेकर भतीजे के साथ फरार हो गई। पीड़ित चाचा ने आरोपी के खिलाफ कोतवाली में मामला दर्ज कराया है। शाहाबाद कोतवाली क्षेत्र के गांव के रहने वाले पति के अनुसार उसका भतीजा शिवम वाल्मीकि दिल्ली में सफाई का काम करता था। 21 मार्च की शाम उसकी पत्नी तथा तीन बच्चों को साथ लेकर चला गया। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर महिला की तलाश शुरू कर दी है।

### मिशन शक्ति की तैयारी को लेकर बैठक कल

**हरदोई, अमृत विचार।** मिशन शक्ति के विशेष अभियान फेज 5.0 के द्वितीय चरण के सफल क्रियान्वयन के लिए जिलाधिकारी की अध्यक्षता में 30 मार्च को विवेकानन्द सभागार में बैठक होगी।

# दो भाइयों को पीटकर मौत के घाट उतारने वाले तीन गिरफ्तार

## ढ़ोलिया हत्या कांड: पुलिस व एसओजी टीम के साथ मुठभेड़ में दो आरोपियों के पैर में लगी गोली, तीसरे आरोपी को दौड़ाकर पकड़ा

संवाददाता, हरदोई

**अमृत विचार।** बोलेरो से कुचल कर बुजुर्ग की मौत के बाद दो सगे भाइयो की पीट-पीट कर हत्या कर दी गई थी। इस सनसनीखेज वारदात से इलाके में दहशत फैल गई। देर शाम ढ़ोलिया पहुंचे डीआईजी किरण एस के एक्शन का कुछ ही देर में रिएक्शन सामने आ गया। पुलिस के साथ एसओजी/स्वाट व सर्विलांस टीम ने हत्यारोपी भाइयों को पकड़ने के लिए घेराबंदी की। इस पर हत्यारोपियों ने पुलिस को निशाना बनाते हुए गोली चला दी। जवाबी कार्रवाई में पुलिस की गोली से दो हत्यारोपी जमीन पर आ गए। जबकि तीसरे को दौड़ाकर पकड़ लिया गया, अभी चौथा हत्यारोपी फरार है।

बता दें कि शुक्रवार की शाम सुरसा थाने के ढ़ोलिया निवासी बुजुर्ग भारत पाण्डेय उर्फ देवी सहाय की उसी गांव के शिवम कश्यप की बोलेरो से कुचल कर मौत हो गई थी। इसका पता होते ही भारत पाण्डेय उर्फ देवी सहाय के पुत्रों ने शिवम को पकड़ कर बेरहमी से पिटाईकर मौत के घाट उतार दिया। भाई को बचाने पहुंचे शिवम के छोटे भाई अमन कश्यप की भी पीट-पीट कर हत्या कर दी। वारदात से इलाके में दहशत फैल गई। एसपी अशोक कुमार मीणा अपने मातहतों के साथ पहुंचे। उन्होने हत्यारोपियों को पकड़ने के लिए एएसपी के नेतृत्व में पुलिस की चार टीमें गठित की। देर शाम को डीआईजी किरण एस भी ढ़ोलिया पहुंचे। उन्होंने इस बाबत पूछताछ की। कुछ ही देर में उनके कड़े एक्शन का रिएक्शन सामने आ गया। हत्यारोपियों को तलाश कर रही सुरसा पुलिस और एसओजी/ स्वाट/सर्विलांस व सर्विलांस टीम ढ़ोलिया चौराहे पर थी। उसी बीच बिलग्राम रोड से बाइक आती हुई दिखाई दी। मझिला पुल पर रुकने का इशारा करते ही बाइक सवारों ने पुलिस पर गोली चला दी। पुलिस ने अपने बचाव में गोली चलाई जो हत्यारोपी अतुल व अनूप के पैरों में लगी। घायल होकर दोनों वहीं गिर पड़े। वहीं तीसरे हत्यारोपी नीरज को दौड़ा कर पकड़ लिया। उनके पास से दो तमंचे, कारतूस, खोखा, एक बाइक और लोहे की राड बरामद हुई है।


पुलिस की गिरफ्त में आरोपी।

- शुक्रवार शाम बोलेरो की टक्कर से पिता की मौत के बाद दबंगों ने वारदात को दिया था अंजाम

### बहन ने कहा, हत्यारोपियों ने खुद अपने पिता पर चढ़ाई थी बोलेरो

**हरदोई, अमृत विचार।** मौत के घाट उतारे गए शिवम व अमन की बहन साधना दोनों को बेगुनाह बता रही है। उसने बताया कि पहले उसके भाइयों की हत्या की गई। उसके बाद आरोपियों ने बचने के लिए अपने पिता को बोलेरो से कुचल दिया। साधना का कहना है कि आरोपियों ने अपने बुजुर्ग पिता भारत पाण्डेय उर्फ देवी सहाय के ऊपर बोलेरो चढ़ा दी और उसके बेगुनाह भाइयों को मार डाला। साधना आगे कुछ बोलती, उससे पहले ही बेहोश हो गई।

### गांव की गलियों में पसरा सन्नाटा, पसरा मातम

**हरदोई।** कल तक जिस गांव में सभी लोग हंसी-खुशी रह रहे थे। खेतीबाड़ी के काम कर रहे थे, वहीं हत्याकांड के बाद शनिवार को गांव की गलियों में सन्नाटा छाया रहा। तीन हत्याओं के बाद मृतकों के दरवाजों पर पुलिस का पहरा है। सन्नाटे का आलम यह है कि दिन में भी कोई गलियारों में नहीं दिखाई पड़ा। अधिकांश लोग मृतकों के अंतिम संस्कार में गए, वहीं महिलाएं व बच्चे घर से निकलने के लिए परहेज करते दिखे।


शव गांव पहुंचने पर रोते-बिलखते परिजन व मौजूद ग्रामीण। अमृत विचार

### टीम-23 से हुआ तीन हत्यारोपियों का सामना

**हरदोई।** सगे भाइयों की पीट-पीट कर हत्या करने वाले तीन आरोपियों का पुलिस की टीम-23 से सामना हुआ।एसएचओ सुरसा एसआई सुनील कुमार मिश्रा के नेतृत्व में टीम-9 और एसओजी/स्वाट टीम प्रभारी एसआई राजेश कुमार व सर्विलांस टीम प्रभारी एसआई अब्दुल जब्बार के नेतृत्व में टीम-14 से मुठभेड़ हुई, जिसमें तीन हत्यारोपियो.को गिरफ्तार कर लिया गया, जबकि चौथा हत्यारोपी फरार बताया गया है।


गांव में तैनात पुलिस फोर्स। अमृत विचार

### गांव पहुंचे एक साथ तीनों शव, भारी सुरक्षा के बीच हुआ अंतिम संस्कार

अमृत विचार Follow UP

**हरदोई/सुरसा, अमृत विचार।** बुजुर्ग की मौत के बाद दो सगे भाइयों की हत्या किए जाने के बाद से ढ़ोलिया गांव को मानों दहशत ने अपनी चादर से ढंक लिया हो। पुलिस ने तीनों शवों को अपने कब्जे में लेते हुए उनका पोस्टमार्टम कराया, शुक्रवार से ही गांव में पुलिस और पीएसी तैनात है, पोस्टमार्टम के बाद शनिवार की सुबह भारत पाण्डेय और शिवम कश्यप व उसके भाई अमन के शव जैसे ही गांव पहुंचे, वहां हर तरफ से चीखने-चिल्लाने की आवाज़े आने लगी।

सीओ सिटी अंकित मिश्रा अपनी टीम के साथ वहां रात से ही डटे थे। दोपहर करीब 12 बजे भारत पाण्डेय उर्फ देवी सहाय का शव राजघाट ले जाया गया, शिवम व अमन का अंतिम संस्कार मेंहदी घाट पर होना था, काफी देर पुलिस बाहर खड़ी राह देखती रही, बाद में पति चला कि शिवम व अमन के घर वालों की कोई शर्त है, इसका पता लगाने के लिए सीओ सिटी श्री मिश्रा आगे बढ़े, शिवम के घर वालों ने अपनी सुरक्षा का हवाला देते हुए असलहे का लाइसेंस मांगा, सीओ सिटी ने लाइसेंस का आश्वासन दिया, उसके बाद ही करीब एक बजे दोनो.शवों को मेंहदी घाट ले जा कर वहां अंतिम संस्कार किया गया। शुक्रवार शाम हुई वारदात के बाद से ही ढ़ोलिया पुलिस की कड़ी निगरानी में है। शनिवार को पुलिस ने मेंहदी घाट से राजघाट तक पूरी चौकसी बरती। शवों के अंतिम संस्कार के बाद पुलिस कुछ राहत महसूस कर रही है, लेकिन फिलहाल उसकी तैनाती रहेगी।

# मेधावियों को मंत्री ने किया सम्मानित

संवाददाता, हरदोई,

**अमृत विचार।** डाल सिंह मेमोरियल स्कूल में शनिवार को वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित मुख्य अतिथि उच्च शिक्षा राज्यमंत्री रजनी तिवारी की मौजूदगी में हुआ।

कार्यक्रम का शुभारंभ मंत्री रजनी तिवारी व भाजपा नेता मुकुल सिंह आशा ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलन तथा माँ सरस्वती के साथ विद्यालय संस्थापक स्व अखिलेश सिंह के चित्र पर पुष्प अर्पित कर किया। मंत्री ने वार्षिक परीक्षा में मेधावी छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत किया गया।जिसमें विभिन्न कक्षाओं के मेधावी छात्र-छात्राओं ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। मुख्य अतिथि मंत्री रजनी तिवारी ने स्कूल में टॉप करने वाली छात्रा अर्पिता मिश्रा को स्व अखिलेश सिंह सम्मान से पुरस्कृत किया। साथ ही अन्य छात्र छात्राओं को पुरस्कार एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। विद्यालय प्रबंधक मुकेश सिंह ने मुख्य अतिथि का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि ऐसे आयोजनों से छात्रों का मनोबल बढ़ता है। कार्यक्रम में अभिभावक व छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।



मेधावी छात्रा को पुरस्कृत करतीं मंत्री रजनी तिवारी।

### याद किए गए स्मृति शेष अखिलेश सिंह

मंत्री रजनी तिवारी ने विद्यालय संस्थापक स्व. अखिलेश सिंह की प्रशंसा में कहा कि उन्होंने मेहनत करते हुए इस विद्यालय को नए मुकाम तक पहुंचाया है, आज वह इस दुनिया में नहीं हैं, लेकिन उनके आशीर्वाद स्वरुप ये विद्यालय दिन प्रतिदिन ऐसे ही उन्नति करता रहे और हरदोई ही नहीं प्रदेश व देश में नाम रोशन हो।

## राज्यमंत्री ने सीएचसी में एचपीवी टीकाकरण का किया शुभारंभ

**शाहाबाद, हरदोई, अमृत विचार।** सीएचसी में शनिवार को सर्वाइकल कैंसर की रोकथाम के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण एचपीवी (ह्यूमन पैपिलोमावायरस) वैक्सीनेशन अभियान का शुभारम्भ राज्यमंत्री रजनी तिवारी ने किया। इस अवसर पर राज्यमंत्री ने अभिवावकों से अपील की कि वह अपनी 14 से 15 वर्ष की बेटियों को सर्वाइकल कैंसर जैसी गंभीर बीमारी से बचाने के लिए निश्चित रूप से एचपीवी का टीका आवश्य लगवाएं। उन्होंने कहा कि बेटी बचाओ, बेटी पढाओ की तर्ज पर "बेटी स्वस्थ, समाज सशक्त सरकार का लक्ष्य है। सीएचसी के प्रभारी डॉ. प्रवीण दीक्षित ने बताया कि यह टीका पूर्णतया निःशुल्क है तथा प्रत्येक कार्य दिवस में प्रातः नौ बजे से दोपहर दो बजे तक सीएचसी पर लगवाया जा सकता है। टीकाकरण के समय आयु सत्यापन के लिए कोई न कोई प्रमाण पत्र जैसे आधार कार्ड, स्कूल का आईडी कार्ड, फोटोयुक्त मार्कशीट इत्यादि अवश्य लेकर आये तथा टीकाकरण के समय खाली पेट न आकर हल्का नाश्ता या भोजन अवश्य करके आयें।

# गोली मारकर हत्या करने में तीन दोषियों को आजीवन कारावास

**हरदोई, अमृत विचार।** अपर जिला व सत्र न्यायाधीश योगेंद्र चौहान ने तीन हत्या अभियुक्तों को जुर्म साबित होने पर आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। जज ने विभिन्न धाराओं में इन पर जुर्माना भी लगाया है।

शासकीय अधिवक्ता संजीव कुमार सिंह ने बताया कि थाना बेनीगंज क्षेत्र के गोवर्धनपुर निवासी स्पोर्ट सिंह, कल्लू सिंह व प्रमोद कुमार सिंह ने 8 मार्च 2008 की शाम लगभग 8 बजे गांव के विजय कुमार को गोली मार दी थी, गंभीर रूप से घायल विजय कुमार की इलाज के दौरान अगले दिन की मौत हो गई थी। इस मामले में रिपोर्ट मृतक के चचेरे भाई पिंटू सिंह ने दर्ज कराई। कहा कि उसके चचेरे भाई विजय सिंह और अभियुक्तों में फौजदारी के मुकदमे को लेकर रंजिश चल रही थी। इसी के चलते घटना के दिन अभियुक्तों ने ताबड़तोड़ फायरिंग कर घटना को अंजाम दिया। इस घटना में उसे भी गंभीर चोटें पहुंची थी। सत्र न्यायाधीश ने अदालत के समक्ष पेश हुए सबूत के आधार पर और दोनों पक्षों को सुनकर तीनों आरोपितों पर हत्या और हत्या के प्रयास का जुर्म साबित पाया और उन्हें हत्या के



जुर्म में आजीवन कारावास की सजा और 10-10 हजार रुपए जुर्माना अदा करने की सजा सुनाई। जबकि हत्या के प्रयास के जुर्म में 10-10 साल की कड़ी कैद और पांच-पांच हजार रुपया जुर्माना अदा करने की सजा सुनाई। अन्य धाराओं में दो-दो साल की कैद और चार-चार हजार रुपए जुर्माना अदा करने की सजा भी सुनाई। इसी मामले में आरोपित स्पोर्ट सिंह व कल्लू सिंह को नाजायज असलाह रखने के जुर्म में दो-दो साल की है और पांच-पांच हजार रुपए जुर्माना अदा करने की सजा सुनाई। जुर्माना न देने पर अतिरिक्त कैद की सजा भुगतनी पड़ेगी।

## बिजली चोरी में 25 लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**हरदोई, अमृत विचार।** विद्युत विभाग द्वारा बिजली चोरी के खिलाफ सख्त कार्रवाई जारी है। लगातार विभाग बिजली चोरों के खिलाफ अभियान चलाए हुए हैं। शनिवार को भी दो दर्जन से अधिक बिजली चोरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया गया। शनिवार की सुबह तड़के 4:15 बजे से 6:15 बजे तक विद्युत वितरण खण्ड-हरदोई की टीम ने विशेष अभियान चलाया। यह अभियान शहर और आसपास के कई इलाकों में एक साथ संचालित किया गया, जिसमें विभागीय अधिकारियों और कर्मचारियों की संयुक्त टीमें शामिल रहीं। छापेमारी के दौरान धन्नूपुरवा, मोमिनाबाद, इदरीशगंज, सुभाषनगर, बिलग्राम चुंगी, महेन्द्र नगर कॉलोनी, प्रगति नगर, अनंग बेहटा और खदरा सहित विभिन्न क्षेत्रों की जांच की गई। निरीक्षण के दौरान कुल 25 लोग अवैध रूप से बिजली का उपयोग करते हुए पकड़े गए। विभाग ने सभी के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई है।

## हत्या हरण तीर्थ में नहाते समय डूब रही युवती को युवक ने बचाया

संवाददाता, हरदोई,

**अमृत विचार।** हत्याहरण तीर्थ में शनिवार को नहाते समय युवती पानी के बहाव में बहने लगी। उसे डूबता देख एक युवक बचाने के लिए नदी में कूद पड़ा। लेकिन पानी के तेज बहाव में वह भी एक समय डूबने लगा। हालांकि आखिर में युवक न केवल खुद सकुशल बाहर आया बल्कि युवती को भी बचा लिया।

बताते चलें कि स्नान के दौरान एक युवती अचानक गहरे पानी में समाने लगी। आसपास मौजूद लोगों ने शोर मचाया। इस पर किनारे खड़े लोगों में से एक युवक युवती को बचाने के लिए पानी में कूद गया। लेकिन पानी के तेज बहाव में वह भी युवती के साथ डूबने लगा। लहरों का तेज वेग और युवती की घबराहट के चलते युवक को काफी मशक्कत करनी पड़ी। लेकिन कड़े संघर्ष और जद्दोजहद के बाद डूबते हुए युवक ने खुद को और युवती को मौत के मुंह से खींच निकाला। दोनों को सुरक्षित बाहर आते देख किनारे पर मौजूद श्रद्धालुओं ने राहत की सांस ली। श्रद्धालुओं का कहना था कि श्रद्धा और भक्ति के केंद्रों पर प्रशासन की लापरवाही और गोताखोरों की कमी अक्सर भारी पड़ती है। इस बार तो चमत्कार हो गया, लेकिन हर बार किस्मत साथ नहीं देती।



शिक्षा चौपाल में सम्मानित गए गए निपुण बच्चे। अमृत विचार

### सहभागिता सम्मान और शैक्षिक चेतना की पहचान

**संवाददाता, हरदोई, अमृत विचार।** बावन ब्लाक की न्याय पंचायत बेहटा सधई के सबसे ज़्यादा 14 विद्यालय निपुण आंकलन में सफल हुए है। शनिवार को आयोजित शिक्षा चौपाल में निपुण बच्चों को सम्मानित किया गया, एआरपी सुधीर शुक्ला ने कहा कि अध्यापकों का ग्राम वासियों से बेहतर संपर्क के माध्यम से शिक्षा के स्तर को और अधिक बढ़ाया जा सकता है। कार्यक्रम में अध्यापक हरिहर नारायण शुक्ला ने कहा कि शिक्षा के माध्यम से अशिक्षा रूपी अंधकार को दूर कर सकते हैं। न्याय पंचायत के 10 बेहतर कार्य करने वाले अध्यापक/ शिक्षा मित्रों, बालवाटिका में बेहतर कार्य करने वाले एक ईसीसीई एजुकेटर व आंगनवाड़ी में उच्च मानकों पर कार्य करने वाली एक आंगनवाड़ी कार्यकत्री को पुरस्कृत किया गया। निपुण भारत मिशन के तहत न्याय पंचायत बेहटा सधई से बावन ब्लाक में सर्वाधिक 14 विद्यालय निपुण आंकलन में निपुण होने में सफल हुए।

# शिक्षा चौपाल में निपुण बच्चों का सम्मान सेवानिवृत शिक्षिकाओं को दी गई विदाई

**हरदोई, अमृत विचार।** सुरसा ब्लाक की न्याय पंचायत भैनामऊ के कन्या प्राथमिक विद्यालय लालपालपुर में शनिवार को शिक्षा चौपाल का आयोजन हुआ। जिसका शुभारंभ मुख्य अतिथि राज्य पुरस्कार विजेता मंजू वर्मा ने सरस्वती पूजन और माल्यार्पण कर किया। कार्यक्रम का संचालन सियाराम शर्मा ने किया। चौपाल में निपुण बच्चों को प्रमाण-पत्र देकर सम्मानित किया गया। इसके अलावा प्रतियोगिताओं में प्रथम, द्वितीय व तृतीय आने वाले प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया।

कार्यक्रम में नोडल शिक्षक संकुल सुनील कुमार सिंह ने आए हुए अतिथियों का स्वागत किया। इस साल सेवानिवृत्त हुईं शिक्षिका बसंती देवी व निर्मला सिंह को विदाई से पहले उन्हे स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में एआरपी अनुज यादव, एआरपी प्रदीप त्रिवेदी, बृजेश सिंह, वीरेंद्र सिंह, अनिल कुशवाहा, सोमेंद्र यादव आदि शिक्षक-शिक्षिकाएं, शिक्षामित्र व अनुदेशक शामिल हुए। प्रधानाध्यापक सुनील कुमार सिंह ने अतिथियों का आभार जताया।



सेवानिवृत्त शिक्षिका को सम्मानित करतीं मंजू वर्मा।

## आयोजन

हमारा आंगन हमारे बच्चे कार्यक्रम का हुआ आयोजन

# उत्कृष्ट कार्य करने वाले शिक्षक किए गए सम्मानित

संवाददाता, हरदोई

**अमृत विचार।** जनपद स्तरीय हमारा आंगन हमारे बच्चे कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें उत्कृष्ट कार्य करने वाले शिक्षकों व आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम में बीएसए डॉ अजित सिंह ने बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा प्री प्राइमरी हेतु किए जाने वाले कार्यों की जानकारी दी। बताया कि लोकेटेड आंगनबाड़ी केंद्रों को उपलब्ध कराई गई शैक्षिक सामग्री जैसे खिलौने टीएलएम, वंडर बॉक्स, स्टेशनरी एवं लर्निंग कॉर्नर के बारे में अवगत कराना है। साथ ही 3 से 6 वय वर्ग के बच्चों के सीखने-सिखाने में माता की भूमिका से भी अवगत कराना कार्यक्रम का उद्देश्य है। खंड शिक्षा अधिकारी मुख्यालय प्रभाष कुंवर श्रीवास्तव ने निपुण भारत एवं राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के परिप्रेक्ष्य में पूर्व प्राथमिक शिक्षा एवं बुनियादी शिक्षा के उद्देश्यों का प्रस्तुतीकरण किया। इन्होंने प्री प्राइमरी शिक्षा में विभाग के वर्ष 2020-21, 21-22, 22-23 23-24 एवं 2024-25 में किए गए कार्यों का वर्णन किया। इस अवसर पर आदर्श बालवाटिका मॉडल, लर्निंग कॉर्नर तत्योरा विकासखंड बावन के लर्निंग कॉर्नर एवं अन्य सामग्री से युक्त टीएलएम मेला भी लगाया गया।



कार्यक्रम को संबोधित करते बीईओ व मौजूद शिक्षक-शिक्षिकाएं। अमृत विचार

### इनका हुआ सम्मान

कार्यक्रम में प्रत्येक विकासखंड से छह व्यक्तियों में उत्कृष्ट कार्य करने वाली टीम को चयनित किया गया। इसमें एक नोडल शिक्षक, एक नोडल संकुल शिक्षक, एक सुपरवाइजर, एक आंगनबाड़ी कार्यकत्री, एक शिक्षामित्र तथा ईसीसीई एजुकेटर को आमंत्रित किया गया एवं उन्हें सम्मानित भी किया गया।

## निजी स्कूल में शिक्षिका को हुईं उल्टियां, सीएचसी में मौत

**हरदोई, अमृत विचार।** निजी स्कूल की शिक्षिका वहां चाय पी रही थी। उसी बीच उसे उल्टियां होने लगी। स्टाफ के बताने पर स्कूल पहुंचे घर वाले उसे सीएचसी अहिरोरी से मेडिकल कालेज उठा ले गए। जहां कुछ देर बाद उसकी मौत हो गई। ऐसा कहा जा रहा है कि शिक्षिका ने चाय में कुछ मिलाया होगा, लेकिन उसे ऐसा क्यों किया, इस बारे में फिलहाल उसके परिजन कुछ नहीं बता सके। टड़ियावां थाने के सरैंया गांव की 18 वर्षीय चांदनी गांव के ही एक निजी स्कूल में शिक्षिका थीं। बड़ी बहन पूनम ने बताया कि शनिवार की सुबह चांदनी रोज़ की तरह स्कूल गई हुई थी। दोपहर में उसी स्कूल के एक शिक्षक ने उसके भाई अनुज को फोन पर बताया कि चांदनी ने चाय में कुछ विषाक्त चीज मिलाकर पी लिया है जिससे उसे उल्टियां होने लगी हैं। इसकी जानकारी होने पर परिजन तत्काल स्कूल पहुंचे और चांदनी को वहां से उठा कर सीएचसी अहिरोरी पहुंचे। वहां के डाक्टरों ने उसे मेडिकल कालेज रेफर कर दिया। मेडिकल कालेज में इलाज शुरु हुआ लेकिन कुछ ही देर में उसकी मौत हो गई। स्कूल की शिक्षिका की मौत या आत्महत्या को लेकर फिलहाल कुछ स्पष्ट नहीं हो सका था।


मृतका चांदनी की फाइल फोटो।

# मेढ़ौआ गांव में हिंदू युवक ने रखी मस्जिद की नींव

संवाददाता, कछौना, हरदोई

**अमृत विचार।** ब्लॉक के मेढ़ौआ गांव में हिंदू-मुस्लिम एकता की अनोखी मिसाल कायम हुई। राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं गरीब बेरोजगार सेवा फाउंडेशन के डॉ. नृपेंद्र वर्मा ने नई मस्जिद की नींव रखी। इस पुण्य कार्य से गांव में सद्भाव की नई लहर दौड़ पड़ी है।

डॉ. वर्मा ने कहा कि मौलाना साहब का धन्यवाद, जिन्होंने मुझे यह अवसर दिया। कार्यक्रम में दिलशाद, जाबिर अली, साबिर, रियाज, नवाब, शामिन, अनूप वर्मा, आलोक वर्मा, नईम सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे। सभी ने डॉ. वर्मा का स्वागत सम्मान के साथ किया। डॉ. वर्मा ने कहा कि आप सभी का आभार, जिन्होंने इतना स्नेह दिया। स्थानीय लोगों का मानना है कि ऐसे आयोजन से गांव का भाईचारा और मजबूत होगा। यह घटना क्षेत्रीय सामाजिक सद्भाव को बढ़ावा देने वाली है।


नई मस्जिद की नींव रखते हिंदू समाजसेवी डॉ. नृपेंद्र वर्मा।

## न्यूज ब्रीफ

### टेंट लगाते समय करंट से युवक की मौत

**मानपुर, सीतापुर:** खैराबाद ब्लॉक के मानपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत भिमरी गांव में एक दर्दनाक हादसा हो गया। यहां मजदूरी पर टेंट लगाने गए एक युवक की बिजली की चपेट में आने से जान चली गई। मृतक की पहचान राकेश कुमार के रूप में हुई है। बताते हैं कि वो रहिमाबाद में टेंट लगाने का काम कर रहा था। टेंट का स्वागत द्वार गेट खड़ा करते समय वह अचानक ऊपर से गुजर रही बिजली की हाईटेंशन लाइन की चपेट में आ गया।

### राम जन्मोत्सव पर भक्ति में डूबे भक्त

**सीतापुर, अमृत विचार:** रामनवमी पर्व श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया गया। शहर के आर्य नगर स्थित सीता राम मंदिर में भगवान श्रीराम का जन्मोत्सव धूमधाम से संपन्न हुआ। मंदिर को भव्य रूप से सजाया गया था। घंटे-घड़ियालों और शंख की गूंज के बीच पुजारी महंत राजेंद्र दास व आशीष शास्त्री ने स्वस्तिवाचन किया। इसके बाद सागर गुप्ता, नेहा अवस्थी, नम्रिद, मुनिंद और यतींद्र अवस्थी सहित अन्य भक्तों ने महाआरती में भाग लिया।

### सर्वाइकल कैंसर से बचाएगा गार्डासिल टीका

**लहरपुर, सीतापुर:** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सीएचसी में बेटियों को जानलेवा सर्वाइकल कैंसर से सुरक्षित रखने के लिए एक नई पहल शुरू की जा रही है। अब यहां बालिकाओं को मुफ्त में 'गार्डासिल' एचपीवी का टीका लगाया जाएगा। सीएचसी अधीक्षक डॉ. अरविंद वाजपेई ने बताया कि सर्वाइकल कैंसर से बचाव के लिए एचपीवी टीका सुरक्षा का एक मजबूत विकल्प है। यह टीकाकरण अभियान रविवार सुबह 10 बजे से शुरू होगा।

# बीईओ, सीएचसी अधीक्षक तथा प्रधानाध्यापक समेत 12 पर गाज

## डीएम ने ककराही स्वास्थ्य केंद्र और कंपोजिट विद्यालय का किया औचक निरीक्षण



मिड-डे-मील चखकर जांचते जिलाधिकारी। अमृत विचार



छात्रा से किताब पढ़वाते जिलाधिकारी साथ में बीएसए। अमृत विचार

**कार्यालय संवाददाता, सीतापुर**

**अमृत विचार:** जिलाधिकारी डॉ. राजागणपति आर. के हुए ताबड़तोड़ औचक निरीक्षणों ने सरकारी महकमों में मची लापरवाही की पोल खोलकर रख दी। ऐलिया और हरगांव ब्लॉक में बदहाल स्वास्थ्य सेवाओं और लचर शिक्षा व्यवस्था को देखकर डीएम का पारा चढ़ गया। उन्होंने कड़ी कार्रवाई करते हुए तीन एएनएम का वेतन काटने और खंड शिक्षा अधिकारी समेत पूरे स्कूल स्टाफ को प्रतिकूल प्रविष्टि देने के निर्देश दिए हैं। ऐलिया ब्लॉक के ककराही स्वास्थ्य उपकेंद्र के निरीक्षण में डीएम को भारी अव्यवस्था मिली। उपकेंद्र खुला तो था, लेकिन वहां तैनात तीनों एएनएम ड्यूटी से नदारद थीं। परिसर में गंदगी देख डीएम ने कड़ी नाराजगी जताई और तीनों एएनएम का 15 दिन का वेतन काटने का आदेश दिया।

**भ्रामक सूचना पर अधीक्षक को फटकार:** निरीक्षण के दौरान सीएचसी ऐलिया के अधीक्षक डॉ. संजय गौड़ ने उपकेंद्र पर 6 प्रसव होने का दावा किया, जिसे डीएम ने मौके की स्थिति देखकर फर्जी पाया। जिलाधिकारी ने अधीक्षक को कड़ी फटकार लगाते हुए साक्ष्य पेश करने को कहा है। लापरवाही पर अधीक्षक और बीपीएम को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है।

**स्कूल में न यूनिफॉर्म मिली न ही शैक्षिक स्तर:** हरगांव ब्लॉक के ककराही कंपोजिट विद्यालय में डीएम को छात्र संख्या बेहद कम मिली। जो बच्चे आए थे, वे बिना यूनिफॉर्म के थे।

हद तो तब हो गई जब कक्षा-2 के बच्चे साधारण किताब भी नहीं पढ़ सके। मास्टर रजिस्टर गायब होने और निपुण तालिका के अपडेट न होने पर डीएम ने प्रभारी प्रधानाध्यापक जाहिरा बानो समेत पूरे स्टाफ पर कार्रवाई के निर्देश दिए।

### खराब मिड-डे-मील पर नपे बीईओ

स्कूल में बन रहे मिड-डे मील की गुणवत्ता मानक के विपरीत पाए जाने पर डीएम ने सख्त रुख अपनाया। उन्होंने पर्यवेक्षण में लापरवाही बरतने पर खंड शिक्षा अधिकारी रमाकांत मौर्य को तत्काल प्रतिकूल प्रविष्टि जारी करने के लिए बीएसए को निर्देशित किया।

### खनन और प्लाटिंग के खेल पर भाकियू का हल्ला बोल

**सीतापुर, अमृत विचार:** भारतीय किसान यूनियन (टिकैत) ने जनपद में चल रहे अवैध मिट्टी खनन और भू-माफियाओं के गठजोड़ के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। शनिवार को भाकियू के जिलाध्यक्ष मयंक सिंह चौहान 'विवेक' ने जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपकर नैपालापुर-कसरैला मार्ग पर स्थित एक ईंट भट्ठे की आड़ में हो रहे अवैध खेल को रोकने की मांग की। संगठन ने चेतावनी दी है कि यदि 15 दिनों के भीतर कार्रवाई नहीं हुई, तो जिला मुख्यालय पर बड़ा आंदोलन किया जाएगा। डीएम को दिए गए ज्ञापन में आरोप लगाया गया है कि नैपालापुर-कसरैला मुख्य मार्ग पर स्थित एक ईंट भट्ठे पर ईंट पथाई के नाम पर रॉयल्टी जमा कर मिट्टी ली जा रही है, लेकिन उस मिट्टी का उपयोग ईंट बनाने के बजाय भट्ठे की जमीन पर की गई अवैध प्लॉटिंग को समतल करने में किया जा रहा है। आश्चर्यजनक बात यह है कि उक्त ईंट भट्ठा वर्तमान में संचालित भी नहीं है। संगठन ने मांग रखते हुए कहा कि अवैध मिट्टी खनन और अवैध प्लॉटिंग को तत्काल प्रभाव से रोका जाए। संरक्षण देने वाले कर्मचारियों पर कठोर विधिक कार्रवाई हो।

## बीईओ ने मेधावियों को किया पुरस्कृत



मेधावियों को सम्मानित करते बीईओ। अमृत विचार

**रामपुर मथुरा, सीतापुर:** स्थानीय क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय तिवारीपुर में वार्षिकोत्सव एवं सम्मान समारोह का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ बच्चों द्वारा प्रस्तुत सरस्वती वंदना और स्वागत गीत से हुआ।

मुख्य अतिथि खंड शिक्षा अधिकारी उदयमणि पटेल ने कक्षा एक से पांच तक के मेधावी छात्र-छात्राओं नेहा, प्रिंस, शिप्रा, कामिनी, शुभम व चांदनी आदि को शैक्षिक सामग्री भेंट कर सम्मानित किया। साथ ही, नवोदय विद्यालय के लिए चयनित मीठी मौर्य व उद्धव मौर्य को विशेष रूप से पुरस्कृत किया गया। बीईओ ने अपने संबोधन में कहा कि युवा शिक्षकों की मेहनत से प्राथमिक विद्यालयों की तस्वीर बदली है। उन्होंने अभिभावकों से बच्चों को नियमित स्कूल भेजने की अपील की। समारोह में चांदनी, गौरी, नेहा और शिवाजी समेत अन्य बच्चों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं। विशेष रूप से नामांकन जागरूकता गीत 'तू हू चली हमारे चली...' को खूब सराहा गया। इस अवसर पर शिक्षक संघ अध्यक्ष जंग बहादुर, प्रधान प्रतिनिधि मोहन निषाद, सोनू निषाद, विनायक मिश्रा व शिक्षक रोहित कुमार सहित बड़ी संख्या में अभिभावक मौजूद रहे।

## भैंसों की लड़ाई शांत कराने गए चरवाहे की मौत

**थानगांव, सीतापुर:** थाना क्षेत्र के खनुवापुर गांव में शाम को आपस में लड़ रहे भैंसों को शांत कराने के प्रयास में एक बुजुर्ग चरवाहे की जान चली गई। खनुवापुर निवासी रामबालक (60) पुत्र गुरदयालगुरुवार दोपहर अपने दो पालतू भैंसों को चराने के लिए खेतों की ओर गए थे। देर शाम घर लौटते समय रास्ते में दोनों भैंसे अचानक आपस में भिड़ गए। रामबालक ने उन्हें अलग करने और शांत कराने की कोशिश की, तभी भैंसों ने हमला कर दिया। हमले में रामबालक गंभीर रूप से घायल हो गया। चीख-पुकार सुनकर जब तक आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंचे, तब तक उनकी मृत्यु हो चुकी थी।

## बोतल या जरीकेन में पेट्रोल देने पर पाबंदी



खैराबाद स्थित पेट्रोल पंप की जांच करते जिलाधिकारी डॉ. राजा गणपति आर।


**सीतापुर, अमृत विचार:** जिलाधिकारी डॉ. राजागणपति आर. ने जनपद के सभी पेट्रोल पंपों को सख्त निर्देश दिए हैं कि वे किसी भी स्थिति में मानक से हटकर खुले पात्रों, जैसे प्लास्टिक की बोतल या जरीकेन आदि में पेट्रोलियम पदार्थों की बिक्री न करें। जिलाधिकारी द्वारा जारी आदेश में कहा गया है कि वर्तमान में ग्रीष्म ऋतु के आगमन को देखते हुए सुरक्षा की दृष्टि से यह कदम उठाया गया है। मानक विहीन पात्रों में पेट्रोल या डीजल ले जाना जनमानस और संपत्ति के लिए खतरनाक साबित हो सकता है। यह नियम 'पेट्रोलियम नियम 2002' के तहत निर्धारित मानकों के अनुरूप है। डीएम ने स्पष्ट चेतावनी दी है कि यदि जांच के दौरान किसी भी प्रतिष्ठान द्वारा नियमों का उल्लंघन पाया गया, तो संबंधित के विरुद्ध कड़ी कानूनी और वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

## शहर की सड़कों पर दौड़ी नारी शक्ति



शहर के मुख्य मार्ग पर दौड़ लगातीं महिलाएं और बच्चे। अमृत विचार

**सीतापुर, अमृत विचार:** मिशन शक्ति' अभियान फेज 5 .0 के द्वितीय चरण के अंतर्गत जनपद में 'रन फॉर एम्पावरमेंट' का भव्य आयोजन किया गया। पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल के निर्देशन में अपर पुलिस अधीक्षक (उत्तरी) आलोक कुमार सिंह ने महिला थाने से प्रातः 8 बजे हरी झंडी दिखाकर दौड़ को रवाना किया। दौड़ में महिला पुलिसकर्मियों, रिक्रूट आरक्षियों और स्कूली छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य महिलाओं में आत्मविश्वास जगाना और उन्हें अधिकारों के प्रति जागरूक करना था। दौड़ के समापन पर छात्राओं को वुमेन पावर लाइन 1090 व 112 जैसे हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी भी दी गई। इस अवसर पर पुलिस विभाग के अन्य अधिकारी व कर्मचारी रहे।



शहीद अष्टक का विमोचन करते डिप्टी सीएम साथ में उप्र राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष।

## शहीद अष्टक' में जीवंत हुई बलिदानियों की गाथा

**सीतापुर, अमृत विचार:** शहर के ऐतिहासिक लालबाग पार्क में वर्ष 1942 के 'भारत छोड़ो आंदोलन' के दौरान शहीद हुए छह वीर सपूतों की गौरवगाथा अब साहित्य के माध्यम से जन-जन तक पहुंचेगी। वरिष्ठ साहित्यकार रामकृष्ण पांडेय 'संजय' द्वारा रचित काव्यकृति 'शहीद अष्टक' इन अमर सेनानियों को एक भावपूर्ण काव्यांजलि है। बता दें कि 18 अगस्त 1942 को अंग्रेजी हुकूमत की गोलीबारी में कुल्लूराम, मैकूलाल, चंद्रभाल मिश्र, मुन्नेलाल, बाबूशाह और मोहर्रम अली शहीद हुए थे। इस घटना को 'मिनी जलियांवाला बाग' भी कहा जाता है। लेखक व वरिष्ठ साहित्यकार रामकृष्ण पाण्डेय ने बताया कि पहली बार इन बलिदानियों के शौर्य को घनाक्षरी छंदों के माध्यम से साहित्यिक रूप में सहेजा गया है। इसमें परमवीर चक्र विजेता कैप्टन मनोज पांडेय को भी काव्यांजलि दी गई है। नई पीढ़ी को इस गौरवशाली इतिहास से जोड़ने के लिए इस कृति को ग्राम पंचायतों की डिजिटल लाइब्रेरी तक पहुंचाने का लक्ष्य रखा गया है।

## सफाई कर्मियों ने गैस सिलेंडर की किल्लत को लेकर सौंपा ज्ञापन

**बिसवां, सीतापुर:** उत्तर प्रदेशीय सफाई कर्मचारी संघ के पदाधिकारियों ने गैस सिलेंडरों की भारी कमी को लेकर एसडीएम शिखा शुक्ला को मांगपत्र सौंपा। संघ के अध्यक्ष बृजपाल वाल्मीकि ने बताया कि नगर पालिका के सफाई कर्मचारियों को लंबे समय से सिलेंडर के लिए घंटों लाइनों में लगना पड़ रहा है, जिससे शहर की सफाई व्यवस्था और उनके दैनिक कार्य प्रभावित हो रहे हैं। संघ ने मांग की है कि सफाई कर्मियों के लिए गैस सिलेंडर की अलग से व्यवस्था की जाए ताकि वे बिना किसी बाधा के अपने कर्तव्यों का निर्वहन कर सकें।

## सड़क हादसे में मजदूर की मौत

**खैराबाद, सीतापुर:** थाना क्षेत्र के रहीमाबाद में देर रात एक तेज रफ्तार ट्रैक्टर-ट्रॉली और ऑटो की जोरदार भिड़ंत हो गई। इस हादसे में रामगढ़ चीनी मिल से काम कर लौट रहे 10 मजदूर गंभीर रूप से घायल हो गए। आनन-फानन में सभी को जिला अस्पताल पहुंचाया गया, जहां इलाज के दौरान पकरिया निवासी महेंद्र कुमार (28) की मौत हो गई। अन्य 8 घायलों का उपचार अस्पताल में जारी है, जिनमें से कुछ की हालत नाजुक बताई जा रही है। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि ऑटो के परखच्चे उड़ गए। घटना के बाद चालक ट्रैक्टर लेकर मौके से फरार हो गया।



जनसभा को संबोधित करते सांसद राकेश राठौर। अमृत विचार

## संविधान विरोधी राजनीति को पलटने का समय आ गया : राकेश

**बिसवां, सीतापुर:** विकास खंड बिसवां के ग्राम बहेरवा में शनिवार को संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा का भव्य अनावरण संपन्न हुआ। कांग्रेस सांसद राकेश राठौर ने प्रतिमा का अनावरण करते हुए इसे सामाजिक न्याय की नई इबारत बताया। जनसभा को संबोधित करते हुए सांसद राकेश राठौर ने कहा कि जब हाशिए पर खड़ा समाज अपने नायकों को खुद स्थापित करता है, तो वह सत्ता के गलियारों को चुनौती देने वाली क्रांति बन जाती है। उन्होंने विपक्षी दलों पर निशाना साधते हुए कहा, सीतापुर में दलित और मुसलमान बहुसंख्यक हैं, लेकिन भाजपा, सपा और बसपा ने उन्हें हक में हमेशा छोटा बनाए रखा। बहेरवा का यह आयोजन ऐसी साजिशों के खिलाफ एक प्रतिरोध है। कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व चेयरमैन जलीस अंसारी ने की। इस अवसर पर डॉ. ब्रज बिहारी, डॉ. आरपी वर्मा, कांग्रेस उपाध्यक्ष शिवप्रकाश सिंह, महामंत्री हसीना खातून, सुनीला रावत, राहुल सिंह, मजरूल इस्लाम, सुनीता चौधरी और रोशनी गुप्त सहित भारी संख्या में क्षेत्रीय लोग मौजूद रहे। इससे पूर्व इटिया शहीद पहुंचने पर सांसद का स्वागत किया गया।

## फसल रौंदने के खिलाफ अनिश्चितकालीन धरना




अनिश्चितकालीन धरने पर बैठे किसान। अमृत विचार

**सीतापुर, अमृत विचार:** सिधौली तहसील के हिण्डोरा गांव में राजस्व अधिकारियों द्वारा किसानों की खड़ी फसल पर ट्रैक्टर चलवाकर उसे नष्ट करने के मामले ने तूल पकड़ लिया है। किसान अनिश्चितकालीन धरने पर बैठ गए हैं। धरना स्थल पर बैठी महिला किसान रेखा देवी, जगरानी और देवकली ने अपनी व्यथा सुनाते हुए कहा कि वे कड़ाके की हवा और मच्छरों के बीच खुले आसमान के नीचे रात गुजारने को मजबूर हैं, लेकिन अब तक प्रशासन का कोई अधिकारी उनकी सुध लेने नहीं आया है। किसानों का आरोप है कि सिधौली उपजिलाधिकारी की मौजूदगी में गेहूं, सरसों और मटर की तैयार फसलों को बेरहमी से रौंद दिया गया। सोशलिस्ट पार्टी इण्डिया के प्रदेश अध्यक्ष कमलेश पाण्डेय और महासचिव संदीप पाण्डेय ने इस घटना की निंदा करते हुए दोषियों पर कार्रवाई की मांग की है।

## धीरेश कश्यप चार जिलों के प्रभारी नियुक्त, स्वागत

**सीतापुर, अमृत विचार:** उत्तर प्रदेश कांग्रेस पिछड़ा वर्ग विभाग के प्रदेश अध्यक्ष मनोज यादव ने विभाग के प्रदेश उपाध्यक्ष व पीसीसी सदस्य धीरेश कश्यप को बड़ी जिम्मेदारी सौंपी है। उन्हें हरदोई, लखीमपुर, शाहजहांपुर एवं पीलीभीत जनपद का प्रभारी नियुक्त किया गया है। जनपद आगमन पर कांग्रेसियों व समाजसेवियों ने धीरेश कश्यप का माल्यार्पण कर स्वागत किया। इस दौरान कांग्रेस नेता संजय कुमार सनी, अनुज सिंह चौहान, श्याम किशोर पांडे, रामकुमार कश्यप, निर्मल कश्यप, सुरेश वर्मा, गुड्डू पाल, कमलेश मौर्य आदि शामिल रहे।



पुलिस की गिरफ्त में शातिर। अमृत विचार

## दबोचे गए 5 अभियुक्त, असलहे व ट्रैक्टर बरामद

**मिश्रिख, सीतापुर:** थाना मिश्रिख पुलिस ने वन्य जीव संरक्षण और पशु क्रूरता अधिनियम सहित विभिन्न धाराओं में वांछित पांच अभियुक्तों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना पर कार्रवाई करते हुए ग्राम सेमरा निवासी साहिल, इरफान, फैज, शाबान और सलीम को गिरफ्तार किया। पुलिस के अनुसार, पकड़े गए अभियुक्तों के पास से एक अवैध बंदूक, दो जिंदा कारतूस, एक चाकू और एक सोनालिका ट्रैक्टर (हाइड्रा) बरामद किया गया है। इसके अलावा पुलिस ने घटनास्थल से खून से सनी मिट्टी और बाल के नमूने भी साक्ष्य के तौर पर एकत्र किए हैं। थाना प्रभारी के नेतृत्व में उप-निरीक्षक शिवकुमार और उनकी टीम ने यह कार्रवाई की। सभी आरोपियों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

## दिव्यांगों को वितरित किए गए सहायक उपकरण

**महमूदाबाद, सीतापुर:** विकास खण्ड महमूदाबाद क्षेत्र में दिव्यांग सशक्तिकरण विभाग द्वारा दिव्यांगजनों को सहायक उपकरण वितरित किए गए।

इस अवसर पर क्षेत्रीय विधायक आशा मौर्या के कर-कमलों द्वारा लाभार्थियों को उपकरण प्रदान किए गए, जिससे उनके चेहरों पर खुशी साफ झलक उठी। वितरित किये गए उपकरणों में 55 ट्राई साइकिल, 33 एमआर किट, 4 स्मार्ट केन (छड़ी), 21 श्रवण यंत्र शामिल रहे। कार्यक्रम में दिव्यांग सशक्तिकरण अधिकारी राजकुमार, एडीओ समाज कल्याण प्रेमचंद सहित अन्य मौजूद थे।




कार्यक्रम के दौरान उपस्थित बीईओ व अन्य। अमृत विचार

## लक्ष्य पाने के लिए कठिन परिश्रम करना बेहद जरूरी: खंड शिक्षा अधिकारी

**सीतापुर, अमृत विचार:** संकुल धरैंचा के कंपोजिट विद्यालय नेवादा देवमन में परीक्षाफल वितरण, वार्षिकोत्सव एवं विदाई समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि खंड शिक्षा अधिकारी बीईओ संतोष कुमार मिश्र ने बच्चों को प्रेरित करते हुए कहा कि अपने लक्ष्य को पाने के लिए परिश्रम आवश्यक है, मेहनत से कभी पीछे न हटें। समारोह में कक्षा 8 की मेधावी छात्रा कृतिका मिश्रा प्रथम और काजल द्वितीय सहित विभिन्न कक्षाओं में अव्वल रहे छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत किया गया। प्रधानाध्यापक काजिम हुसैन के संचालन में आयोजित इस कार्यक्रम में आरफा खातून, हुदा अमरीन, अवधेश कुमार, गायत्री मिश्रा व अभिभावक मौजूद रहे।

## राहवीर योजना के प्रचार पर डीएम का जोर



कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक करते जिलाधिकारी। अमृत विचार

**सीतापुर, अमृत विचार:** जिलाधिकारी डॉ. राजागणपति आर. ने कलेक्ट्रेट सभागार में दो महत्वपूर्ण बैठकें कर अधिकारियों को कड़े निर्देश दिए। जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में जिलाधिकारी ने दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए राहवीर योजना के व्यापक प्रचार-प्रसार पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि सड़क दुर्घटना में घायलों की मदद करने वाले गुड सैमेरिटन को सम्मानित किया जाएं और शासन द्वारा देय धनराशि का वितरण हो। साथ ही, ब्लैक स्पॉट पर होर्डिंग्स लगवाने और जंक्शन सुधार के लिए एनएचएआई व संबंधित विभागों को आपसी समन्वय से कार्य करने को कहा। वहीं, अभियोजन कार्यों की समीक्षा के दौरान डीएम ने पास्को, एससी-एसटी और गैंगस्टर एक्ट से जुड़े मामलों में प्रभावी पैरवी के निर्देश दिए। बैठक में नगर मजिस्ट्रेट मीनाक्षी पाण्डेय, एआरटीओ सर्वेश चतुर्वेदी, बीएसए अखिलेश सिंह सहित पुलिस व प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे।

## थाना समाधान दिवस

### हरगांव थाने पहुंचे डीएम व एसपी, कोतवाली नगर में दोपहर तक रहा सन्नाटा, नैमिषारण्य कोतवाली में पिता-पुत्र का हंगामा बना चर्चा का विषय

# कहीं फरियादियों का उमड़ा रेला तो कहीं कुर्सियां मिलीं खाली

**अमृत विचार टीम, सीतापुर**

साहब! फैसला कराने के नाम पर पैसे ले लिए गए हैं। निर्माण कार्य तो रुका नहीं, पैमाइश भी मुश्किल हो गई है। थाना समाधान दिवस में अधिकतर प्रकरण राजस्व और भूमि संबंधी विवाद से जुड़े देखने को मिले। डीएम-एसपी ने हरगांव पहुंचकर कुछ मामलों का मौके पर ही निस्तारण किया। सदरपुर थानाक्षेत्र के ग्राम मनिकापुर की प्रेमा देवी थाने पर शिकायत लेकर आईं, इनका दावा है कि विपक्षी जबरन भूमि पर निर्माण कार्य करा रहे हैं। इसको लेकर एक जिम्मेदार ने उनसे पैसे ऐंठ लिये, निर्माण कार्य रुकना तो दूर अब पैमाइश भी मुश्किल है।



प्रेमा देवी। अमृत विचार

**तिलक से बाइक चोरी बनी चर्चा:** रेउसा थाने पर इलाके के टेड़वा निवासी रामकिशोर शिकायत लेकर आते हैं। इनका दावा है कि सदरपुर थानाक्षेत्र के धुरिहा गांव में वे तिलक समारोह में गए थे, यहीं से उनकी बाइक चोरी हो गई।



हरगांव थाने में जनसुनवाई करते डीएम व एसपी। अमृत विचार

**हरगांव में डीएम-एसपी सख्त:** डीएम डॉ. राजा गणपित आर. और एसपी अंकुर अग्रवाल ने हरगांव थाने में जनसुनवाई के दौरान राजस्व और पुलिस की संयुक्त टीमें गठित कर विवादों को मौके पर सुलझाने के निर्देश दिए। डीएम ने कहा कि अवैध कब्जों और महिला संबंधी अपराधों पर जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाई जाए। निस्तारण की गुणवत्ता और रजिस्टर अपडेट रखने पर विशेष जोर दिया गया।



निर्माण कार्य स्थल पर शिकायत पत्र लेकर खड़ीं इंद्रा श्रीवास्तव। अमृत विचार

**नगर कोतवाली में नहीं पहुंचा एक भी फरियादी:** तहसील क्षेत्रों में जहां भीड़ उमड़ी, वहीं शहर की नगर कोतवाली में नजारा उलट था। सहायक पुलिस अधीक्षक विनायक गोपाल भोंसले दोपहर 2 बजे तक इंतजार करते रहे, लेकिन एक भी फरियादी समस्या लेकर नहीं पहुंचा।

**नैमिषारण्य में कोतवाली के भीतर नोक-झोंक:** नैमिषारण्य कोतवाली में दावे की भूमि पर निर्माण कार्य का विरोध-समर्थन छाया रहा। अतिवृद्धा महिला और उनकी पुत्री ने निर्माण कार्य का विरोध किया, चालीस वर्ष पूर्व के दस्तावेज दिखाए, ऐसे में दूसरे पक्ष ने स्थानीय अदालत से दिया गया आदेश प्रस्तुत किया। पिता-पुत्र द्वारा कोतवाली के भीतर दिखाए गए हंगामे भरे तेवर खासी चर्चा में रहे।

## पुरस्कार पाकर खिले प्रतिभागियों के चेहरे

**मिश्रिख, सीतापुर:** तहसील क्षेत्र के गुफ्फापुरवा में एचआईवी/एड्स पर सामुदायिक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ डॉ. विनय त्रिपाठी और अविजित मिश्रा ने फीता काटकर किया। कार्यक्रम में विशेष रूप से हाई रिस्क ग्रुप एचआरजी के लोगों ने भागीदारी की। इस दौरान प्रतिभागियों के लिए विभिन्न खेल प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं, जिनमें विजेताओं को पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम के अंतर्गत लगभग 150 लोगों की एचआईवी व विडाल जांच भी की गई। इस मौके पर कार्यक्रम प्रबंधक दिलीप, काउंसलर गौरव, सचिन त्रिपाठी, रंजना, ममता व जितेंद्र सहित अनेक लोग मौजूद रहे।

## न्यूज ब्रीफ

### बबुरिहा धाम के महंत लक्ष्मण दास लल्लू बाबा का निधन

**महराजगंज :** क्षेत्र के प्रसिद्ध धार्मिक स्थल बबुरिहा गांव स्थित स्वामी हरिदास जी महाराज की तपोस्थली के चौथी पीढ़ी के पूज्य महंत श्री लक्ष्मण दास उर्फ लल्लू बाबा का शुक्रवार की रात आकस्मिक निधन हो गया। वह 57 वर्ष की आयु के थे। निधन की खबर से पूरे क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। उनके अंतिम संस्कार में धर्म जगत के साथ-साथ राजनीति और समाज सेवा से जुड़ी कई प्रमुख हस्तियां शामिल हुईं। इस मौके पर जानकी पीठ अयोध्या के महंत जन्मेजय जी महाराज, खैखरुवा कुटी के महंत राम बचन दास, बड़ा मठ डलमऊ के महंत देवेंद्र आनंदगिरि, विधायक श्यामसुंदर भारतीय, पूर्व विधायक राम लाल अकेला, चेयरमैन प्रतिनिधि प्रभात साहू आदि रहे।

### संदिग्ध परिस्थितियों में घर में लगी आग

**जगतपुर :** शनिवार को जगतपुर थाना क्षेत्र के जोग गांव में किसान राम सजीवन पुत्र शिवमंगल के घर में संदिग्ध परिस्थितियों में आग लग गई। जिसमें घर में रखा गृहस्थी का सामान व 20 हजार नगद जलकर नष्ट हो गए। इसमें 25 मुर्गी के बच्चे की भी मौत की खबर है। सूचना पर पहुंची फायर ब्रिगेड की टीम ने मौके पर पहुंचकर आग बुझाने का प्रयास किया, लेकिन तब तक आग में विकराल रूप धारण कर लिया था। फिलहाल समाचार लिखे जाने तक घटनास्थल पर राजस्व विभाग का कोई भी अधिकारी व कर्मचारी नहीं पहुंचा था।

### ससुरालीजनों पर प्रताड़ना का केस दर्ज

**अमावां :** मिल एरिया थाना क्षेत्र के पूरे शहादत गांव निवासी नीशू ने दहेज प्रताड़ना से आजिज आकर पुलिस से ससुरालीजनों की शिकायत की है। आरोप है कि विवाह के बाद से ही पति मनोज के अलावा ससुर गुरु प्रसाद व ससुरालीजन महेश कुमार, दिनेश कुमार, अनीता, सुनीता, नीतू द्वारा जबरन उसे मायके से दो लाख रुपए लाने के लिए प्रताड़ित किया जा रहा है। मांग न पूरी होने पर 27 मार्च को ससुराली जनों ने मारपीट कर उसे घर से भगा दिया। इस संबंध में इंस्पेक्टर विंध्य विनय रावत ने बताया विवाहिता की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है जांच की जा रही है।

### परेशान विवाहिता ने लगाई न्याय की गुहार

**जगतपुर :** थाना क्षेत्र के पूरे रघुराज मजरे जिन्ना निवासी अंशु पटेल पुत्री रामकेश पटेल ने पुलिस को शिकायती पत्र सौंपा है। उसका कहना है कि शादी के समय पिता ने कर्ज लेकर दहेज में आवश्यक सामान दिया था। पीड़िता के पिता आरोप है कि उसका पति दहेज कम मिलने के कारण आए दिन उसके साथ मारपीट करता है और जान से मारने की धमकी देता है। यह भी आरोप है कि कई बार गले में फंदा लगाकर हत्या करने की कोशिश की जा चुकी है। घटना से परेशान होकर पीड़िता के पिता ने जगतपुर थाने में तहरीर देकर आरोपी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है।

### सड़क हादसे में युवक घायल, रेफर

**महराजगंज :** महराजगंज क्षेत्र में शुक्रवार की देर रात पहरेमऊ-दुसौती मार्ग पर राहगीरों ने सड़क किनारे बाइक सवार युवक को लहूलुहान और बेसुध हालत में पड़ा देखा। मौके पर मौजूद लोगों ने तुरंत एम्बुलेंस से घायल युवक को सीएचसी महराजगंज पहुंचाया, जहां से उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया। चंदापुर थाना पुलिस के अनुसार घायल युवक की पहचान सतीश कुमार पुत्र राजाराम (30) अमेठी जनपद के फुरसतगंज थाना क्षेत्र के राइनी गुलजार निवासी के रूप में हुई। घायल के परिजन जिला अस्पताल पहुंचे।

## दो पक्षों में हुई मारपीट में चेयरमैन समेत दो लोग घायल

छतोह (रायबरेली)

**अमृत विचार।** नगर पंचायत नसीराबाद में दो पक्षों में हो रहे झगड़े में बीच बचाव करने गये नगर पंचायत नसीराबाद के चेयरमैन मोहम्मद अली फाखिर सहित दो लोग घायल हो गए। चेयरमैन के चाचा सिद्दीक ने तीन लोगों के खिलाफ तहरीर दी है। चेयरमैन के चाचा सिद्दीक अहमद ने तहरीर में कहा है कि कस्बे के वार्ड नंबर चार मुहल्ला सोनी नगर निवासी वसीम ने रास्ते में रिक्शा खड़ा कर दिया था जिसे हटाने को कहा गया तो मोहम्मद अहमद पुत्र सिद्दीक व तालिब, हुरैरा पुत्र वसीम ने मारना शुरू कर दिया। बीच बचाव करने पहुंचे नगर पंचायत अध्यक्ष मोहम्मद अली फाकिर उन्हें थाने लेकर जाने लगे। विपक्षियों ने एक राय होकर लाठी, डंडा व धारदार हथियार से हमला कर दिया। जिसमें मोहम्मद अली और मोहम्मद सईद घायल हो गए। दूसरे पक्ष से वार्ड नंबर चार निवासी मो. वसीम ने तहरीर में कहा है कि मो. अली फाकिर, मो. सईद, मो. सिद्दीक, मो.अनस, मो.आदिल आदि ने साथियों के साथ घर पर आकर जानलेवा हमला कर दिया। जिसमें वसीम व सरवरी को मारा-पीटा। उस दैरान चेयरमैन मो.अली हाथ में पिस्टल लिये थे। दोनों पक्षों ने पुलिस को तहरीर दी है। पुलिस ने घायल चेयरमैन मोहम्मद अली को मेडिकल के लिए भेजा है।

## लाइसेंसी रिवाल्वर से अधिवक्ता ने खुद को मारी गोली, मौत

महराजगंज (रायबरेली)

**जांच जारी**

- महराजगंज कोतवाली क्षेत्र के आर्य नगर नवीन मंडी स्थल के पास हुई घटना

**अमृत विचार।** महराजगंज कोतवाली क्षेत्र के आर्य नगर नवीन मंडी स्थल के सामने स्थित आवास में अधिवक्ता एवं पूर्व बीडीसी शैलेन्द्र लाइसेंसी रिवाल्वर से गोली मार कर आत्महत्या कर ली।

जानकारी के मुताबिक करीब 24 घण्टे बाद भी अधिवक्ता शैलेन्द्र कमरे से बाहर नहीं निकले तो इसी भवन में दुकान कर रहे साकर मिस्त्री ने दरवाजा खटखटाया तो कोई आवाज नहीं आई। अधिवक्ता का मोबाइल भी नहीं उठा तो उसने उनके परिजनों को सूचना दी। सूचना पर पहुंचे परिजनों ने घटना की सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने सामने अधिवक्ता के भतीजे ऋषभ ने व उनके साथियों ने दरवाजा तोड़ दिया। कमरे के अंदर देखा तो अधिवक्ता शैलेन्द्र यादव का शव कुर्सी पर बैठे हुए अवस्था में मिला। उसके कनपटी के दोनों ओर खून व छेद देखे गए। कुर्सी के पास उसकी लाइसेंसी रिवॉल्वर भी मिली। रिवॉल्वर का कवर कुर्सी के सामने स्थित तखत पर मिला। मौके पर पहुंची फॉरेंसिक टीम की जांच के बाद पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। मौके से उसका रिवॉल्वर कब्जे में लिया। घर के बाहर किराए की दुकान में गाड़ियों के साकर बनाने वाले मिस्त्री ने पुलिस को बताया कि अधिवक्ता शैलेन्द्र यादव शुक्रवार को दोपहर करीब 11 बजे आए। अपने कमरे में चले गए। तब से बाहर नहीं निकले। इस संबंध में कोतवाल जगदीश यादव ने बताया कि मृतक युवक शैलेन्द्र के सिर के दाहिनी तरफ गोली लगने के निशान है। प्रथम दृष्टया मामला आत्महत्या का प्रतीत हो रहा है। उसके शव के पास से उसकी लाइसेंसी रिवाल्वर भी बरामद हुई है। फारेंसिक टीम भी जांच कर रही है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।


शैलेन्द्र की फाइल फोटो।

### लखनऊ-प्रयागराज मार्ग पर तेज रफ्तार वाहन की टक्कर से बाइक सवार की मौत, पत्नी घायल

**संवाददाता, रायबरेली, अमृत विचार।** हरचंदपुर थाना क्षेत्र में लखनऊ-प्रयागराज मार्ग पर शनिवार सुबह दर्दनाक सड़क हादसे में बाइक सवार युवक की मौत हो गई। जबकि उसकी पत्नी गंभीर रूप से घायल हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों को तत्काल अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने युवक को मृत घोषित कर दिया। जानकारी के अनुसार शनिवार की सुबह सुशील कुमार (49) पुत्र राम खेलावन अपनी पत्नी संगीता (37) के साथ बाइक से आस्तिक मंदिर होकर घर लौट रहे थे। गंगागंज के पास हाईवे पर पहुंचते ही लखनऊ की ओर से आ रही तेज रफ्तार अनियंत्रित थार ने उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में पति-पत्नी दोनों घायल हो गए। टक्कर के बाद मौके पर राहगीरों की भीड़ जुट गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को हरचंदपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद दोनों को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। जिला अस्पताल पहुंचने पर डॉक्टरों ने सुशील कुमार को मृत घोषित कर दिया, जबकि संगीता का इलाज जारी है। चौकी प्रभारी गुलूपुर योगेश कुमार पायला ने बताया कि वाहन को हिरासत में ले लिया गया है। तहरीर मिलने पर मुकदमा दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जाएगी। मामले की जांच जारी है।

## ब्लैक स्पॉट्स के निवारण के लिए की गई समीक्षा

### अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) की अध्यक्षता में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक हुई सम्पन्न

संवाददाता, रायबरेली

**अमत विचार।** शनिवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) सिद्धार्थ ने की। यहां पर सड़क सुरक्षा को लेकर व्यापक चर्चा की गई तथा यातायात व्यवस्था को और अधिक सुरक्षित एवं सुगम बनाने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए गए।

बैठक का मुख्य एजेंडा राजमार्गों पर अवैध रूप से निर्मित अवैध कटों को बंद कराना, राष्ट्रीय राजमार्गों पर नियमित रूप से प्रभावी पेट्रोलिंग किया जाना, राष्ट्रीय राजमार्ग पर पार्किंग व्यवस्था, सड़क सुरक्षा से सम्बन्धित की गई प्रवर्तन कार्रवाई, इन्ट्रीग्रेटेड रोड एक्सीडेन्ट डाटाबेस में विभिन्न विभागों द्वारा रोड एक्सीडेन्ट के सम्बन्ध में एन्ट्री को अद्यतन किया जाना, जनपद में स्थित विभिन्न चौराहों को यातायात की दृष्टि से सुगम व सरल बनाना, सड़कों पर विभिन्न प्रकार के अतिक्रमणों को हटाना, ब्लैक स्पॉट्स के निवारण के सम्बन्ध में समीक्षा की गई। बैठक में पीडब्ल्यूडी अधिशासी अभियंता महिपाल सिंह, एआरटीओ प्रवर्तन उमेश चंद कटियार सिंह सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।


कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक में मौजूद अधिकारी। अमृत विचार

**जिला स्तरीय उद्योग बन्धु की बैठक में अधिकारियों को किया गया निर्देशित, रायबरेली:** डीएम हर्षिता माथुर के निर्देशानुसार अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) सिद्धार्थ व अपर पुलिस अधीक्षक संजीव कुमार सिन्हा की संयुक्त अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जिला स्तरीय उद्योग बन्धु की समीक्षा बैठक सम्पन्न हुई। यहां पर अपर जिलाधिकारी ने उद्यमियों द्वारा औद्यौगिक क्षेत्रों में सड़कों की मरम्मत एवं नालियों की साफ-सफाई, जल निकासी, सफाई, विद्युत कार्य को दुरुस्त कराने आदि के संज्ञान में लाए गए कार्यों की बिंदुवार समीक्षा की। अपर जिलाधिकारी ने औद्योगिक क्षेत्रों में साफ-सफाई, विद्युत विभाग से सम्बन्धित समस्याओं एवं औद्योगिक क्षेत्र के ड्रेनेज सिस्टम आदि जैसी समस्याओं के सम्बन्ध में संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि उद्यमियों द्वारा अवगत कराई गई। बैठक में व्यापारी बंधुओं ने सड़कों की मरम्मत, बिजली, साफ-सफाई, पार्किंग, सामुदायिक शौचालय की समस्या उठाई गई, जिनकी बिंदुवार समीक्षा कर संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए गए की व्यापारियों की समस्याओं का निस्तारण कराया जाए, जिससे व्यापारियों को किसी प्रकार की कोई समस्या उत्पन्न न हो। बैठक में उपायुक्त उद्योग परमहंस मौर्य सहित संबंधित विभागों के अधिकारी व उद्यमी व व्यापारीग उपस्थित रहे।

### कलेक्ट्रेट में एनकार्ड की बैठक आयोजित

**रायबरेली, अमृत विचार।** शनिवार को कलेक्ट्रेट सभागार में अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) सिद्धार्थ की अध्यक्षता में एनकार्ड की बैठक आयोजित की गई। बैठक में नशीली दवाओं, अवैध शराब निर्माण की रोकथाम के लिए अब तक हुई कार्रवाई की विस्तार से समीक्षा की गई और आगामी रणनीति पर चर्चा की गई। उन्होंने निर्देश देते हुए कहा कि नशा मुक्ति अभियान को प्रभावी बनाते हुए विद्यार्थियों एवं युवाओं को जागरूक किया जाए, ताकि समाज में नशे की प्रवृत्ति पर अंकुश लगाया जा सके। बैठक में जिला आबकारी अधिकारी दिनेश कुमार, जिला समाज कल्याण अधिकारी सृष्टि अवस्थी सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

### केएन पब्लिक स्कूल में मनाया गया वार्षिकोत्सव

**रायबरेली, अमृत विचार।** शनिवार को केएन पब्लिक स्कूल मुंशीगंज में वार्षिकोत्सव धूमधाम से मनाया गया। संरक्षक प्रमोद कुमार पांडेय ने दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस दौरान परीक्षा फल वितरण भी किया गया। अभिभावकों एवं बच्चों ने बढ चलकर हिस्सा लिया। विद्यालय में आए अभिभावको ने बच्चों द्वारा प्रस्तुत किए गए सांस्कृतिक कार्यक्रम को सराहा। विद्यालय प्रबंधक प्रशांत पांडे ने सभी अभिभावकों एवं अतिथियों का स्वागत किया। समारोह में नन्हे मुन्ने बच्चों की मनमोहक प्रस्तुतियो ने सब का मन मोह लिया। प्रबंधक प्रशांत पांडेय कहा कि ऐसे कार्यक्रमों से बच्चो में नई उर्जा का संचार होता है। बच्चे देश का भविष्य हैं। इन्ही बच्चो में कोई नेता तो कोई अधिकरी व कोई फौजी बन देश की सेवा करेगा। उहोंने विद्यालय परिवार की तरफ से सभी अभिभवको व बच्चो की सराहना किया। वार्षिक उत्सव पर सभी बच्चो को परिक्षा फल व पुरस्कृरत कर बच्चो का मनोबल बढ़ाया। प्रधानाचार्य सुशील सिंह ने बच्चो की सफलता का पूरा श्रेय विद्यालय परिवार व शिक्षक शिक्षिकाओ को दिया। इस मौके पर लालगंज चेयरमैन सरिता गुप्ता, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष राम सिंह यादव, समाजसेवी धर्मेंद्र त्रिवेदी, प्रधान फजल, शेर बहादुर सिंह, विनय यादव, सौरभ सिंह यादव एवं प्रधानाचार्य बृजेश तिवारी मौजूद रहे।



समारोह में सम्मानित किए गए बच्चे, मौजूद अन्य।

### बच्चों की मनमोहक प्रस्तुतियों पर गूंजीं तालियां

**सरेनी (रायबरेली) अमृत विचार।** दुर्गाजंली पब्लिक स्कूल में शनिवार को 11वां स्थापना दिवस समारोह हर्षोल्लाह पूर्वक मनाया गया। समारोह में साक्षी, खुशबू, परिधि, प्रिया, निलाक्षी ने भारत देश है मेरा गीत पर मनमोहक प्रस्तुति दी। इसके बाद कजरी नृत्य में अवंतिका, सुरभि, अंशिका, आराध्या, शिवांशी, रूही, पूर्णिमा, शगुन, वैष्णवी, अदिति, अनन्या ने सभी का मनमोह लिया। छोटे बच्चों ने डिस्को दीवाने गाने में रुद्रांशी, शायरीन, आराधना, अनिका, सृष्टि, काव्यांश, अथर्व सिंह, माही, रुद्रांक्षी के कार्यक्रम ने सभी को तालिया बजाने पर मजबूर कर दिया। सत्र 2025 26 में कक्षा चार की छात्रा खुशबू ने स्टूडेंट ऑफ द ईयर पुरस्कार जीत कर अपने माता-पिता का मान बढ़ाया। वहीं छात्रा अवंतिका और उनके माता-पिता को भी सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में श्री हरिनाथ द्विवेदी भगवती विद्यालय के पूर्व प्रधानाचार्य ओमप्रकाश त्रिपाठी, ग्राम सभा के प्रधान, ओपी यादव, अमित, विजय, नीरज के साथ विद्यालय के अध्यक्ष दुर्गा बक्श सिंह, प्रबंधक सुशील कुमार, विद्यालय की प्रधानाचार्या पूजा शुक्ला एवं शिक्षक रामबली, अमित, सहयोगी शिक्षिकाएं आरती, पूजा पाल, साक्षी, दिव्या, आकांक्षा तिवारी, रिद्धिमा, पूनम, स्वीटी, खुशी, सिमरन, आकांक्षा तिवारी, खुशी सिंह, खुशी निर्मल, महक, लक्ष्मी आदि मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन विद्यालय के शिक्षक सतीश कुमार ने किया।


सम्मानित की गईं छात्राएं व मौजूद शिक्षक।

## डीआरएम ने लालगंज स्टेशन के निरीक्षण में जताई नाराजगी



लालगंज रेलवे स्टेशन का निरीक्षण करते मंडल रेलप्रबंधक सुनील कुमार वर्मा।

लालगंज (रायबरेली)

**अमृत विचार।** मंडल रेल प्रबंधक सुनील कुमार वर्मा ने शनिवार को लालगंज रेलवे स्टेशन का निरीक्षण किया। साथ ही अमृत भारत योजना के तहत कराए जा रहे निर्माण एवं सुंदरीकरण कार्यों में खामियां मिलने पर कड़ी नाराजगी जताई।

शनिवार की शाम को विशेष ट्रेन से पहुंचे डीआरएम ने स्टेशन परिसर और प्लेटफार्म का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान प्लेटफार्म संख्या एक पर टीनशेड निर्माण के लिए लगाए गए भारी लोहे के खंभों और उनके लिए खोदे गए गड्ढों की सुरक्षा व्यवस्था पर उन्होंने असंतोष व्यक्त किया। उन्होंने निर्देश दिए कि लोहे के पाइप गड्ढों से सुरक्षित दूरी पर लगाए जाएं और सुरक्षा मानकों का सख्ती से पालन किया जाए। डीआरएम ने स्टेशन पर वीवीआईपी शौचालय की बदहाल स्थिति और कमरे में पड़े फटे सोफों को देखकर भी नाराजगी जताई। उन्होंने तत्काल मरम्मत और साफ-सफाई के निर्देश दिए। बंद पड़ी कैंटीन पर लिखे नाम को पेंट कराकर हटाने और भवन को दुरुस्त कराने के लिए भी कहा। कर्मचारियों ने बताया कि ठेकेदार की मृत्यु के बाद नामांतरण को लेकर मामला न्यायालय में लंबित है, जिस पर डीआरएम ने शीघ्र निस्तारण के निर्देश दिए। स्टेशन के बाहर निरीक्षण के दौरान उन्होंने चहारदीवारी के पास शौचालय, वाहन पार्किंग और लखनऊ रोड को जोड़ने वाली सड़क बनवाने के निर्देश भी दिए। उन्होंने कहा कि सुंदरीकरण और निर्माण कार्य तय समय में गुणवत्ता के साथ पूरे किए जाएं। निरीक्षण के दौरान डीआरएम ने कर्मचारियों से समस्याएं भी जानीं और समाधान का भरोसा दिलाया।

## जवाबी-कीर्तन में झूम उठे श्रद्धालु

**आयोजन**

शिवगढ़ (रायबरेली)

**अमृत विचार।** क्षेत्र के पूरे पाण्डेय स्थित अवधेश्वर महादेव मन्दिर एवं राम जानकी मन्दिर ठाकुर द्वारा परिसर में मां भगवती का 17वां विशाल जागरण एवं जवाबी कीर्तन कार्यक्रम हर्षोल्लास के साथ सम्पन्न हुआ। जवाबी कीर्तन में रायबरेली के कीर्तनकार अजनबी सैलानी और मध्य प्रदेश की कीर्तनकारा कल्पना दुबे ने अपनी मधुर प्रस्तुतियों से ऐसा समां बांधा कि पूरा पण्डाल जयकारों से गूंज उठा। यह कार्यक्रम नव दुर्गा पूजा जागरण समिति के तत्वावधान में रमेश प्रकाश मिश्रा के नेतृत्व में किया गया। इस मौके पर संरक्षक धर्म प्रकाश मिश्रा, व्यवस्थापक अंकुर मिश्रा, प्रशान्त मिश्रा, पूर्व एमएलसी राजा राकेश प्रताप सिंह, राजेंद्र प्रकाश मिश्रा, राकेश प्रकाश मिश्रा, नन्दकिशोर तिवारी, गोविंद नारायण शुक्ला आदि लोग मौजूद रहे।


अवधेश्वर महादेव मन्दिर में आयोजित कार्यक्रम में मौजूद लोग। अमृत विचार

**पांच कुण्डीय गायत्री महायज्ञ आयोजित, रायबरेली:** चैत्र नवरात्रि के अवसर पर अटौरा बुजुर्ग स्थित संकटमोचन धाम, हनुमंत वाटिका में निर्माणाधीन वेदमाता गायत्री मंदिर के प्रांगण में पांच कुण्डीय गायत्री महायज्ञ का आयोजन किया गया। यज्ञ में श्रद्धालु भाई-बहनों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। इस मौके पर मनोराम शुक्ल, रामचंद्र, पुजारी सीताराम, रिटायर्ड डीआईजी डॉ. तहसीलदार सिंह, बलवंत त्रिवेदी, मनोज मिश्र, प्रमोद सिंह, रेनू टंडन आदि लोग मौजूद रहे।

### रुक्मिणी विवाह प्रसंग का किया वर्णन

**शिवगढ़ (रायबरेली) अमृत विचार।** नगर पंचायत के सरांय छात्रधारी में आयोजित सात दिवसीय श्रीभागवत महापुराण कथा के छठवें दिन कथा पण्डाल उस वक्त भक्ति रस से सराबोर हो उठा, जब कथा व्यास पं. देवेन्द्र अवस्थी महाराज ने श्रीकृष्ण-रुक्मिणी विवाह प्रसंग का भावपूर्ण एवं प्रेरणादायक वर्णन किया। उन्होंने बताया कि रुक्मिणी जी का श्रीकृष्ण के प्रति अटूट प्रेम और समर्पण सच्ची भक्ति का प्रतीक है। विपरीत परिस्थितियों और परिवार के विरोध के बावजूद रुक्मिणी जी ने भगवान को ही अपना सर्वस्व मानते हुए उन्हें पति रूप में स्वीकार किया। इस मौके आयोजक सदाशिव कश्यप, शिव भोला कश्यप, यजमान राम नारायण कश्यप, ईश्वरदीन कश्यप, राधेश्याम कश्यप, रमेश कश्यप, दुलारे कश्यप, बृजेश कश्यप, बंटी कश्यप, दुर्गेश कश्यप, हरिनरारान कश्यप, शिवनारायन कश्यप, अखिलेश मिश्रा, महन्त गुरु प्रसाद नग्गू सैनी, कलावती मिश्रा, शिव देवी शर्मा, राहुल शर्मा, तुषार उर्फ कल्लू कश्यप सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।


कथा कहते पं. देवेन्द्र अवस्थी महाराज।

### कम्पोजिट विद्यालय के मेधावी सम्मानित

**शिवगढ़, अमृत विचार।** क्षेत्र के पीएमश्री कम्पोजिट विद्यालय कुम्भी में मेरा गांव- मेरा विद्यालय थीम पर निपुण छात्र एवं अभिभावक सम्मान तथा विदाई समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम का आयोजन विद्यालय के प्रधानाध्यापक विश्वनाथ प्रताप दुबे के नेतृत्व में किया गया। इस दौरान निपुण बच्चों तथा अभिभावकों को सम्मानित किया गया। कक्षा 8 के छात्र-छात्राओं को भावभीनी विदाई दी गई। कार्यक्रम में मेधावी छात्र-छात्राओं को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर बैंक ऑफ बडौदा शाखा बेड़ारु के शाखा प्रबंधक पुष्कर पाण्डेय, रीजनल मैनेजर आशीष, सीएमसी अध्यक्ष जयकरन, सहायक अध्यापिका अंजुला सक्सेना, राजकुमार सिंह, संगीता गुप्ता, सुमन सिंह, प्रतिभा पटेल, निशा यादव, सचिन शुक्ला, चित्रा शुक्ला, राजेश श्रीवास्तव, अशर्फीलाल यादव, कल्पना सिंह आदि लोग उपस्थित रहे।


विद्यालय में सम्मानित बच्चे व मौजूद अतिथि।

### पूर्व मंत्री गिरीश नारायण की मनाई गई पुण्यतिथि

**लालगंज।** लालगंज क्षेत्र के एक उत्सव लॉन में शनिवार को पूर्व मंत्री गिरीश नारायण पांडे की प्रथम पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दिनेश प्रताप सिंह ने स्व# गिरीश नारायण पांडे के सामाजिक व राजनीतिक जीवन के कार्यों की सराहना की। उन्होंने कहा कि वे सहज जीवन जी कर हम लोगों को महसूस कराया कि जन सेवा ही नारायण सेवा है। कार्यक्रम की अध्यक्षता लोकतंत्र सेनानी राधा रमण तिवारी और राम बरदान सिंह ने किया। कार्यक्रम का संचालन भाजपा प्रांतीय परिषद सदस्य सुशील शुक्ला ने किया। इस अवसर पर भाजपा के वरिष्ठ नेता सुरेंद्र बहादुर सिंह दाढ़ी, भाजपा नेता जेपी सिंह, सरिता गुप्त, बृजेश दत्त गौड़, शैलेंद्र अग्निहोत्री, सतीश त्रिवेदी, विवेक शर्मा, रोहित सोनी, शिवम गुप्ता, अरुण कुमार सिंह, गीता अवस्थी, इंदू बाजपेई, अक्षत पांडे, विजय बाजपेई, बृजेश द्विवेदी, राजन अवस्थी, अशोक शुक्ला आदि लोग मौजूद रहे।



कार्यक्रम में राज्यमंत्री दिनेश प्रताप सिंह का माला पहना कर स्वागत करते लोग। अमृत विचार

### स्कूल में धूमधाम से मनाया गया वार्षिकोत्सव

**छतोह, अमत विचार।** छतोह ब्लॉक के बारा ग्राम सभा में संचालित बाबू सुरेंद्र पाल सिंह इंटर कॉलेज ने शुक्रवार को वार्षिकोत्सव मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सलोन विधायक अशोक कुमार रहे। प्रबंधक राहुल सिंह ने मुख्य अतिथि सहित सभी अतिथियों का माल्यार्पण कर स्वागत किया। छात्र-छात्राओं ने एकल और सामूहिक गीत, नृत्य और लघु नाटिका आदि रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत कर सभी का मनमोह लिया। इस मौके पर देवेंद्र प्रताप सिंह, संतोष पांडेय, दुर्गा सिंह, पवन कुमार सिंह, राहुल सिंह, वीरेंद्र प्रताप सिंह आदि लोग मौजूद रहे।

**आयोजन**

**मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. नवीन चंद्रा ने किया अभियान का उद्घाटन, सात किशोरियों को लगाया गया एचपीवी टीका**

## सर्वाइकल कैंसर से बचाव की पहल : एचपीवी टीकाकरण अभियान शुरू

संवाददाता, रायबरेली

**अमृत विचार।** महिलाओं में होने वाले गर्भाशय ग्रीवा कैंसर (सर्वाइकल कैंसर) की रोकथाम के उद्देश्य से जिले में ह्यूमन पैपिलोमा वायरस (एचपीवी) टीकाकरण अभियान का शुभारंभ शनिवार को जिला महिला चिकित्सालय स्थित प्रसव पश्चात केंद्र में किया गया। अभियान का उद्घाटन मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. नवीन चंद्रा ने किया। पहले दिन सात किशोरियों को एचपीवी टीका लगाया गया।

सीएमओ ने बताया कि सर्वाइकल कैंसर महिलाओं में प्रमुख कैंसरों में से एक है और एचपीवी टीकाकरण इसके प्रभावी बचाव का माध्यम है। उन्होंने अभिभावकों से अपील की कि वे अपनी 14 वर्ष आयु वर्ग की बेटियों का टीकाकरण अवश्य कराएं, जिससे उन्हें भविष्य में इस गंभीर बीमारी से सुरक्षित रखा जा सके। इस अभियान के तहत गार्डसिल की सिंगल डोज वैक्सीन दी जाएगी। प्रारंभिक तीन माह तक यह अभियान सप्ताह के सभी कार्यदिवसों में प्रातः 9 बजे से दोपहर 2 बजे तक संचालित होगा। इसके बाद यह नियमित टीकाकरण कार्यक्रम के तहत प्रत्येक बुधवार और शनिवार को आयोजित किया जाएगा। इसके अलावां जिला प्रशिक्षण अधिकारी अरुण कुमार ने बताया कि जिले में लगभग 36 हजार किशोरियों के टीकाकरण का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। यह टीकाकरण महिला अस्पताल स्थित पीपीसी सेंटर सहित सभी 19 सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों पर किया जाएगा। जिला स्वास्थ्य शिक्षा एवं सूचना अधिकारी डीएस अस्थाना ने बताया कि एचपीवी टीका पूरी तरह सुरक्षित है। इस अवसर पर सीएमएस डॉ. निर्मला साहू व कई स्वास्थ्य अधिकारी, लाभार्थी एवं उनके अभिभावक उपस्थित रहे।


कार्यक्रम में सीएमओ, सीएमएस व अन्य लोगों के साथ मौजूद किशोरियां।

### महिलाओं एवं किशोरियों को किया गया जागरूक

**डलमऊ (रायबरेली) अमृत विचार।** डलमऊ कोतवाली क्षेत्र के जमाल नगर मोहद्दीनपुर में शनिवार को पुलिस पाठशाला लगाई गई। कोतवाली प्रभारी राघवन कुमार सिंह ने महिलाओं एवं किशोरियों को जागरूक किया। उन्होंने बताया कि शासन द्वारा निर्धारित 1090, 181 तथा 112 डायल करके महिलाएं किसी भी आपात स्थिति में मदद ले सकती हैं। घरेलू हिंसा होने पर 181 पर अपनी शिकायत दर्ज कराएं, जिससे जांच कर कार्रवाई की जाएगी। साइबर ठगी को लेकर भी महिलाओं एवं ग्रामीणों को जानकारी दी गई। पुलिस इंस्पेक्टर ने बताया कि इन दोनों साइबर ठगी की घटनाएं ज्यादातर हो रही है जिसमें मोबाइल फोन पर कॉल के माध्यम से साइबर लोग भोले भाले लोगों को अपना शिकार बना रहे हैं बिना नंबर से ऐसी कॉल पर आने वाले मैसेज का या काल का जवाब ना दें ऐसी कोई परेशानी होने पर तुरंत पुलिस को सूचना दें। इस मौके पर उप निरीक्षक मोहम्मद नासिर एवं महिला आरक्षी उपस्थित रही।

## न्यूज ब्रीफ

### कच्ची शराब के साथ युवक गिरफ्तार

**सिंहपुर (अमेठी) :** शिवरतनगंज पुलिस ने शुक्रवार को अवैध कच्ची शराब के खिलाफ अभियान चलाते हुए एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया। पुलिस टीम गश्त के दौरान भुलैया पुरवा तिराहे के पास मौजूद थी, तभी मुखबिर से सूचना मिली कि एक व्यक्ति कच्ची शराब लेकर जा रहा है। सूचना पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर संदिग्ध को घेराबंदी कर पकड़ लिया। पूछताछ में उसने अपना नाम राम सुमिरन निवासी जैतपुर गांव बताया। तलाशी लेने पर उसके पास से करीब 5 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद हुई। इसके बाद उसे आबकारी अधिनियम की धारा 60(1) के तहत गिरफ्तार कर लिया गया। इस संबंध में थानाध्यक्ष डी एस मिश्रा ने बताया कि आवश्यक विधिक कार्रवाई करते हुए आरोपी को न्यायालय भेज दिया है।

### निराला महोत्सव कार्यक्रम आज

**डलमऊ (रायबरेली)।** निराला स्मृति संस्थान की ओर से 29 मार्च को डलमऊ कस्बे के निराला पार्क में निराला महोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम में प्रदेश के विभिन्न जनपदों से आए साहित्यकारों एवं कवियों का सम्मान व ग्रंथों का विमोचन किया जाएगा। बड़ा मठ के स्वामी दिव्यानंद महाराज ने बताया कि कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व विधायक सुरेंद्र बहादुर सिंह एवं अति विशिष्ट अतिथि स्वामी भास्कर स्वरूप होंगे। कार्यक्रम के प्रथम सत्र में साहित्यकारों का सम्मान व द्वितीय सत्र में ग्रंथ विमोचन एवं काव्य पाठ आयोजित किया जाएगा।

### प्रदेश सचिव बने प्रधान अखिलेश

**रायबरेली :** जनपद की ग्राम पंचायत मुस्तफाबाद बेलहनी के ग्राम प्रधान अखिलेश यादव को ग्रामीण सत्ता पंचायतीराज संगठन उत्तर प्रदेश की प्रदेश कार्यकारिणी में प्रदेश सचिव/प्रवक्ता पद पर मनोनीत किया गया है। यह मनोनयन संगठन के संस्थापक एवं प्रदेश अध्यक्ष विवेक चंद्र अवस्थी द्वारा संगठन की कार्यकारिणी के निर्णय के अनुसार किया गया। ग्राम प्रधान अखिलेश यादव ने कहा कि वे पंचायत प्रतिनिधियों की आवाज को और अधिक मजबूत करने तथा ग्रामीण विकास के कार्यों को नई दिशा देने के लिये पूरी निष्ठा से कार्य करते रहेंगे।

### बिना कार्य कराए ही निकाले गए लाखों रुपए

**तिलोई (अमेठी) :** ब्लॉक तिलोई क्षेत्र के अंतर्गत पूरे मनी मनोहर गांव में नाली निर्माण के नाम पर ग्राम प्रधान द्वारा सरकारी खाते से लाखों रुपए निकाल लिया गया है। जिसकी शिकायत ग्रामीण मोहम्मद सफीक ने जिलाधिकारी को शिकायती पत्र देकर आरोप लगाया है कि नाली का निर्माण का काम उनके के घर के पास से अकील के घर के आगे तक का कार्य कागजों पर दिखाया गया है जों कभी हुआ ही नही। जिससे घर में बरसात का पानी भर जाता है जिससे आने जाने वाले सभी राहगीरों को काफ़ी परेशानी होती है नाली निर्माण में प्राप्त दस्तावेजो के अनुसार ग्राम सभा प्रधान द्वारा अमान ट्रेडर्स मेटरवा को 63,250 व 36,500 एवं 24,260 रुपए, विमला ब्रिक फील्ड को 39,994 व 33,995 रुपया कुल 197,999 का भुगतान कर दिया गया है। किन्त नाली का निर्माण नहीं कराया गया था व सरकारी धनराशी को निकाल कर उपयोग किया जा चुका है। शिकायतकर्ता ने सरकारी खाते से निकाली गई धनराशि की जांच कराने की मांग की हैं। वहीं खंड विकास अधिकारी राजकुमार शर्मा ने बताया कि मामले की जांच कर कर कार्रवाई की जाएगी।

# गैस एजेंसियों पर लोगों की लग रहीं लंबी कतारें

## समस्याः सिलेंडर नहीं मिलने से उपभोक्ताओं की बढ़ी मुसीबत, लोगों ने लगाया कालाबाजारी करने का आरोप

संवाददाता, अमेठी


गैस सिलेंडर की पर्ची कटवाने के लिए लगी उपभोक्ताओं की लंबी लाइन। अमृत विचार

**अमृत विचार।** जनपद अमेठी में प्रकाश गैस सर्विस और जगदीशपुर स्थित अभय गैस एजेंसी की अव्यवस्था से उपभोक्ता भारी परेशानी का सामना कर रहे हैं। पिछले तीन दिनों से प्रकाश गैस सर्विस पर ताला लटका हुआ है, जिससे गैस वितरण ठप है। उपभोक्ताओं को पीने के पानी और जानकारी के अभाव में लंबी कतारों में खड़े रहना पड़ रहा है। यह स्थिति ग्रामीणों में गहरा आक्रोश पैदा कर रही है।

विनोद कुमार पांडे ने बताया कि वे 26 मार्च की रात बारह बजे से लाइन में लगे हैं, लेकि गैस वितरण की कोई सूचना नहीं मिली। एजेंसी मालिक और कर्मचारी मौके से नदारद हैं, जिससे ग्रामीणों की मुश्किलें बढ़ गई हैं। वहीं हरिश्चंद्र तिवारी के अनुसार, पिछले तीन दिनों से गैस बुकिंग पोर्टल भी काम नहीं कर रहा है। इससे बुकिंग कराने वाले उपभोक्ता अपनी पर्ची तक नहीं निकाल पा रहे हैं। परेशान शिवम अग्रहरी ने कहा कि उपभोक्ता केवाईसी और गैस वितरण दोनों के लिए भटक रहे हैं। कई ग्रामीण धूप में लंबी कतारों में खड़े रहने से बीमार पड़ गए हैं। राजकुमार, जो पहले से घायल हैं, वे भी 27 मार्च 2026 की रात से लाइन में लगे हैं, पर उन्हें गैस नहीं मिली है।

दूसरी ओर अमेठी के जगदीशपुर में अभय गैस एजेंसी पर भी एलपीजी गैस की कमी से उपभोक्ता परेशान हैं। एक उपभोक्ता ने बताया कि वे 27 मार्च को 30 किलोमीटर दूर से आए थे, पर गैस नहीं मिली। शनिवार की सुबह चार बजे से ही लोग लाइन में लगे हैं। उपभोक्ताओं का आरोप है कि सिलेंडरों की कालाबाजारी की जा रही है। इससे उन्हें समय पर गैस उपलब्ध नहीं हो पा रही है। दोपहर के समय भी उपभोक्ता अपनी बारी का इंतजार कर रहे हैं।

उपभोक्ताओं को 958 रुपये की एलपीजी के साथ 190 रुपये की सुरक्षा पाइप लेने के लिए मजबूर किया जा रहा है। यह तब भी हो रहा है जब उपभोक्ता एक महीने पहले ही पाइप लेकर गए हों। इस बात को लेकर गोदाम पर मौजूद कर्मियों और उपभोक्ताओं के बीच कहासुनी भी हो रही है। उपभोक्ताओं की जेबें ढीली की जा रही हैं। प्रशासन का कोई भी प्रतिनिधि मौके पर मौजूद नहीं है।

परेशान ग्रामीणों ने प्रशासन से तत्काल हस्तक्षेप की मांग की है।


गैस एजेंसी के बाहर उपभोक्ताओं की लगी लंबी कतार। अमृत विचार

उन्होंने प्रकाश गैस सर्विस पर जल्द से जल्द वितरण व्यवस्था सुधारने की अपील की है। गैस वितरण सुनिश्चित करने और कर्मचारियों की उपस्थिति अनिवार्य करने की मांग की गई है। इससे उपभोक्ताओं को समय पर सही जानकारी मिल सकेगी। यह समस्या जल्द हल होनी चाहिए ताकि आम जनता को राहत मिल सके।

### अधूरी पड़ी टंकी से ग्रामीणों में नाराजगी

**अमेठी।** शाहगढ़ ब्लॉक के चंदौकी गांव में जल जीवन मिशन के तहत बन रही पानी की टंकी का काम अभी तक अधूरा पड़ा है। गांव में न तो पानी की सप्लाई शुरू हो सकी है और न ही सोलर पैनल लगाया गया है, ऐसे में ग्रामीणों को योजना का लाभ नहीं मिल पा रहा है। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि लापरवाही और भ्रष्टाचार के चलते परियोजना अधर में लटकी हुई है। ग्रामीणों का कहना है कि हर घर जल योजना का सपना अभी तक पूरा नहीं हो सका, जिससे नाराजगी बढ़ती जा रही है। वहीं टंकी पर लगी शिलापट्ट में लागत 452 .23 लाख रुपये दर्ज है, जबकि स्थानीय लोगों ने पूछा तो बताया गया कि वास्तविक लागत करीब 4 .52 लाख रुपये है। वहीं जल निगम के अवर अभियंता राजेश कुमार गुप्ता ने बताया कि कार्य प्रगति पर है और करीब एक माह के भीतर शुरू कर दी जाएगी।


शोपीस बनी पानी की टंकी।

# पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे पर वाहन की टक्कर से सिपाही गंभीर, रेफर

शुकुल बाजार (अमेठी)

हादसा


सीएचसी घायल सिपाही का इलाज करते स्वास्थ्य कर्मी। अमृत विचार

**अमृत विचार।** पूर्वांचल एक्सप्रेसवे पर शनिवार दोपहर अज्ञात वाहन की टक्कर से कार सवार एक सिपाही गंभीर रूप से घायल हो गया। टक्कर इतनी तेज थी कि कार डिवाइडर तोड़ते हुए दूसरी लेन में पहुंचकर पलट गई।

जानकारी के अनुसार घटना पूर्वांचल एक्सप्रेसवे के किलोमीटर 70.8 के पास हुई। कार में सवार धरनी धर सिंह पुत्र रामचरन निवासी ग्राम पलही, थाना कुड़वार, जिला सुल्तानपुर गंभीर रूप से घायल हो गए । सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची यूपीडा एंबुलेंस ने घायल सिपाही को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शुकुल बाजार पहुंचाया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने उनकी हालत गंभीर देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया। बताया जा रहा है कि घायल सिपाही सुल्तानपुर से लखनऊ जा रहे थे। धरनी धर सिंह वर्तमान में रायबरेली जनपद के बछरावा थाने में तैनात हैं। घटना की सूचना मिलते ही शुकुल बाजार पुलिस ने बछरावा थाना अध्यक्ष को अवगत करा दिया। वहीं क्षतिग्रस्त कार को यूपीडा के बृजपाल कनौजिया द्वारा कार्यदायी संस्था की हाइड्रा मशीन से हटवाकर टोल प्लाजा ऊंचगांव पर खड़ा करा दिया गया, जिससे एक्सप्रेसवे पर यातायात सुचारू बना रहा।

वहीं थाना अध्यक्ष विवेक वर्मा ने बताया कि घायल सिपाही के साथ थाना से एक सिपाही जिला अस्पताल भेजा गया था जहां हालत गंभीर देखते हुए डॉ ने लखनऊ के लिए रेफर कर दिया एवं टक्कर मारने वाले अज्ञात वाहन की तलाश सीसीटीवी फुटेज के माध्यम से की जा रही है।

# कोरारी-रामगढ़ मार्ग बदहाल गुजरने वाले राहगीर परेशान


बदहाल हालत में कोरारी-रामगढ़ मार्ग। अमृत विचार

संवाददाता, अमेठी

**अमृत विचार।** कोरारी से होकर रामगढ़ जाने वाली सड़क की हालत इन दिनों बेहद खराब हो गई है। सड़क पूरी तरह उखड़ चुकी है और जगह-जगह बड़े-बड़े रोड़े निकल आए हैं, जिससे लोगों को आने-जाने में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

ग्रामीणों का कहना है कि सड़क पर चलना तो दूर, पैदल निकलना भी मुश्किल हो गया है। सुशील मिश्रा ने बताया कि उन्हें रोज इसी रास्ते से आना-जाना पड़ता है, लेकिन सड़क की हालत इतनी खराब है कि हर दिन परेशानी झेलनी पड़ती है।और बताया कि सड़क बने हुए करीब 5 साल से ज्यादा हो गया है।

वहीं सुधाकर तिवारी ने बताया कि कुछ दिन पहले वह अपनी बुजुर्ग दादी को दवा दिलाने ले जा रहे थे, तभी टूटी सड़क पर गाड़ी फिसल गई और दोनों गिर पड़े, जिससे उन्हें चोटें आईं। इलाज के बाद अब हालत ठीक है, लेकिन घटना ने सड़क की खस्ताहाल स्थिति को उजागर कर दिया। ग्रामीणों ने बताया कि कई बार जनप्रतिनिधियों से शिकायत की गई, लेकिन अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई। शैलेंद्र मिश्रा ने कहा कि वह रोज इसी रास्ते से अमेठी नौकरी के लिए जाते हैं, लेकिन बदहाल सड़क से निकलना दूभर है।

# दिशा की बैठक में विकास पर दिया गया जोर

संवाददाता, अमेठी


दिशा बैठक में मौजूद सांसद व अन्य लोग। अमृत विचार

**अमृत विचार।** जिला विकास समन्वय एवं अनुश्रवण समिति "दिशा" की बैठक शनिवार को विकास भवन स्थित प्रेरणा सभागार में सांसद अमेठी किशोरी लाल शर्मा की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में विभिन्न विभागों द्वारा संचालित केंद्र व राज्य सरकार की विकास योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की गई तथा अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

बैठक में जिला पंचायत अध्यक्ष राजेश अग्रहरि, विधायक गौरीगंज राकेश प्रताप सिंह, विधायक जगदीशपुर सुरेश पासी, पूर्व एमएलसी दीपक सिंह, जिलाधिकारी संजय चौहान, पुलिस अधीक्षक सरवणन टी, मुख्य विकास अधिकारी सचिन कुमार सिंह, अपर जिलाधिकारी न्यायिक अनिल चतुर्वेदी सहित अन्य अधिकारी व जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। इस दौरान महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना, दीनदयाल अंत्योदय योजना, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना,

**● विभिन्न योजनाओं की प्रगति पर की गई विस्तार से चर्चा**

प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी/ग्रामीण), स्वच्छ भारत मिशन, राष्ट्रीय सामाजिक सहायता कार्यक्रम, सांसद आदर्श ग्राम योजना, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना, जल जीवन मिशन, आयुष्मान भारत योजना, प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना, डिजिटल इंडिया, प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना सहित अन्य योजनाओं की प्रगति पर विस्तार से चर्चा की गई।

बैठक में परियोजना निदेशक डीआरडीए ऐश्वर्य यादव ने पिछली दिशा बैठक में जनप्रतिनिधियों द्वारा उठाए गए मुद्दों व सुझावों पर की गई कार्यवाही की जानकारी समिति के समक्ष प्रस्तुत की, जिस पर सदस्यों ने सहमति जताई। सांसद किशोरी लाल शर्मा ने कहा कि सभी योजनाएं सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाएं हैं, इसलिए संबंधित अधिकारी इनका बेहतर ढंग से क्रियान्वयन सुनिश्चित करें। बैठक के दौरान सांसद ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि जनप्रतिनिधियों की शिकायतों और प्रस्तावों को गंभीरता से लेकर उनका शीघ्र निस्तारण किया जाए तथा जनप्रतिनिधियों से निरंतर संवाद बनाए रखा जाए।

वहीं जिलाधिकारी संजय चौहान ने बैठक में उपस्थित जनप्रतिनिधियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उनके द्वारा दिए गए सभी निर्देशों का संबंधित अधिकारियों से अक्षरशः अनुपालन कराया जाएगा।

### कंपोजिट विद्यालय में आयोजित वार्षिकोत्सव में मेधावियों का किया गया सम्मान



वार्षिक उत्सव में कार्यक्रम प्रस्तुत करते बच्चे। अमृत विचार

**फुरसतगंज (अमेठी) अमृत विचार।** कंपोजिट विद्यालय खैरहना में शनिवार को वार्षिकोत्सव एवं मेधावी सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि खंड शिक्षा अधिकारी बहादुरपुर राकेश सचान रहे। कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं ने रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से सभी का मन मोह लिया। बच्चों द्वारा प्रस्तुत "कान्हा छोड़ दे कलाई" गीत पर नृत्य को विशेष सराहना मिली। इसके अलावा सरस्वती वंदना प्रियंका, मधु, आशी और प्रांसी, स्नेहा, खुशबू, दीपिका ने प्रस्तुत कर खूब तालियां बटोरीं। छोटे बच्चों ने "चंदा ने पूछा तारों से" तथा दिव्यांशी, चांदनी, ज्योति और रागनी ने "बड़ा निक लागे अपने देशवा के माटी" गीत पर प्रस्तुति देकर दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया।कार्यक्रम के दौरान विद्यालय टॉपर विवेक कुमार पुत्र सर्वेश कुमार को कक्षा 8 में प्रथम स्थान प्राप्त करने पर प्रधानाध्यापक रफीक अहमद द्वारा खंड शिक्षा अधिकारी के माध्यम से साइकिल देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर ब्राह्मणी ग्राम पंचायत के पूर्व प्रधान अनिल यादव ने विद्यालय को 5001 रुपये की सहयोग राशि देकर बच्चों का उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम में प्रधानाध्यापक रफीक अहमद, अतुल कुमार शर्मा सहित कई शिक्षक, अभिभावक व ग्रामीण उपस्थित रहे।

### श्रीमद भागवत कथा के पूर्व निकली कलश यात्रा

**अमेठी, अमृत विचार।** शनिवार को नौगिरवा गांव में रविवार से आयोजित होने जा रही श्रीमद्भागवत कथा को लेकर भव्य कलश यात्रा निकाली गई। कलश यात्रा में क्षेत्र के बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की मौजूदगी रही। नौगिरवा गांव में आयोजक धनंजय सिंह के यहाँ आयोजित होने वाली श्रीमद्भागवत कथा के एक दिन पूर्व निकली कलश यात्रा में श्रद्धालुओं ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। गाजे बाजे के साथ निकली कलश यात्रा का जगह जगह लोगों ने पुष्प वर्षा के साथ स्वागत करते हुए भागवत भगवान और भगवान श्री कृष्ण के जयकारे लगाए। कलश यात्रा नौगिरवा गाँव से होकर टिकरी गांव स्थित भव्य मां दुर्गा देवी मंदिर तक गई। टिकरी गांव स्थित शिवमन्दिर पर भी बड़ी संख्या में लोग पहुंचकर कलश का दर्शन पूजन किए। आयोजक ने बताया कि कथा व्यास आचार्य डॉ विद्याकांत शुक्ल जी महाराज रहेंगे। कथा दोपहर तीन बजे से शाम सात बजे तक होगी।कलश यात्रा में कथा यजमान केश कुमारी सिंह एवं धनंजय सिंह के साथ पूर्व शिक्षक कृष्ण देव सिंह , रणंजय सिंह, रंजीत सिंह,एडवोकेट रवि सिंह, शिव पूजन सिंह, स्वामी शरण,मंगल, मनोज सिंह, बृजभूषण,वीर भद्र, के साथ बड़ी संख्या में लोगों की मौजूदगी रही ।


कलश यात्रा में शामिल श्रद्धालु।

# शिक्षा मानव के विकास के लिए महत्वपूर्ण

संवाददाता, रायबरेली



सम्मानित किए गए बच्चे, मौजूद अतिथि। अमृत विचार

**अमृत विचार।** शनिवार को अमावां ब्लॉक के प्राथमिक विद्यालय कोडरा अहिरन व सतांव ब्लॉक के उच्च प्राथमिक विद्यालय सलारपुर में वार्षिक परीक्षा फल वितरण किया गया।

अमावां ब्लॉक के प्राथमिक विद्यालय कोडरा अहिरन में आयोजित शारदा संगोष्ठी व वार्षिकोत्सव के मुख्य अतिथि राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के जिलाध्यक्ष वीरेंद्र सिंह रहे। विशिष्ट अतिथि जूनियर शिक्षक संघ के ब्लॉक अध्यक्ष सुरेश सिंह, समाजसेवी संतोष सिंह रहे। कार्यक्रम के दौरान बच्चों को एसएमसी के बच्चों पुरस्कृत किया गया। वार्षिकोत्सव एवं सांस्कृतिक गतिविधियों का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कक्षा 5 के उत्तीर्ण विद्यार्थियों के लिए विदाई समारोह भी आयोजित हुआ। जिलाध्यक्ष वीरेंद्र सिंह ने कहा कि ऐसे सांस्कृतिक आयोजन विद्यालय की प्रगतिशील सोच को दर्शाते हैं। इस मौके पर आरएसएम ब्लॉक अध्यक्ष ब्रजेन्द्र कुमार, शिक्षा मित्र संघ के ब्लॉक अध्यक्ष वीरेंद्र सिंह, प्रधानाध्यापक विनोद कुमार यादव, रजनी शुक्ला आदि लोग मौजूद रहे। सतांव ब्लॉक के उच्च प्राथमिक विद्यालय सलारपुर समारोह में मुख्य अतिथि वरिष्ठ समाजसेवी सुरेंद्र चौधरी व विशिष्ट अतिथि रवि शंकर पटेल और अध्यक्षता दिलीप चौधरी ने की। प्रधानाध्यापिका प्रतिमा सिंह ने विद्यालय के विकास के त्रिवर्षीय कार्ययोजना पर प्रकाश डाला। मेधावी छात्रों को समाजसेवी सुरेंद्र चौधरी द्वारा पुरस्कार देकर छात्रों का उत्साह वर्धन किया गया।

# एसडीएम ने पांच ओवरलोड ट्रक किए सीज, मचा हड़कंप

डलमऊ (रायबरेली)


कार्रवाई के दौरान मौजूद एसडीएम।

**अमृत विचार।** उपजिलाधिकारी सत्येंद्र सिंह के निर्देश पर फतेहपुर रोड पर ओवरलोड वाहनों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की गई। जांच अभियान के दौरान कुल पांच ओवरलोड ट्रकों को चिन्हित कर सीज करने के आदेश दिए गए। इस कार्रवाई से परिवहन नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों में हड़कंप मच गया।

उपजिलाधिकारी ने कहा कि ओवरलोडिंग से सड़कें क्षतिग्रस्त होती हैं और दुर्घटनाओं की संभावना भी बढ़ जाती है, इसलिए ऐसे मामलों में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को नियमित रूप से जांच अभियान चलाने के निर्देश भी दिए। इस मौके पर कोतवाली प्रभारी राघवन सिंह, क्षेत्रीय लेखपाल हरिओम त्रिपाठी सहित पुलिस बल मौजूद रहा।

### सांसद ने दिव्यांगजनों को बांटे उपकरण

**अमेठी, अमृत विचार।** अमेठी सांसद किशोरी लाल शर्मा ने अपने दो दिवसीय क्षेत्र भ्रमण के पहले दिन जनसंपर्क और जनसेवा का व्यापक संदेश दिया। शुक्रवार को वे प्रात : नौ बजे केंद्रीय जनसंपर्क कार्यालय, गौरीगंज पहुंचे। वहां उन्होंने महत्वपूर्ण दिशा बैठक में भाग लेकर विभिन्न विकास योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की। बैठक के दौरान सांसद ने अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए। इसके उपरांत उन्होंने कांग्रेस कार्यालय, गौरीगंज में आयोजित एक कार्यक्रम में हिस्सा लिया। इस अवसर पर जरूरतमंद दिव्यांगजनों को 125 ट्राई साइकिल और 10 व्हीलचेयर भेंट की गईं। सांसद ने इस मौके पर कहा कि समाज के हर वर्ग तक सुविधाएं पहुंचाना उनकी प्राथमिकता है। उन्होंने दिव्यांगजनों के सशक्तिकरण हेतु हर संभव प्रयास करने का आश्वासन दिया। इसके पश्चात सांसद अमेठी विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न क्षेत्रों का भ्रमण करेंगे। वे आमजन से सीधा संवाद स्थापित कर उनकी समस्याओं को सुनेंगे। इन समस्याओं के त्वरित समाधान का भी आश्वासन देंगे। सायंकाल वे रायबरेली जनपद स्थित अपने सांसद आवास, भूएमऊ पहुंचेंगे।

### धर्म, सत्य और भक्ति का बताया गया महत्व

**मुसाफिरखाना (अमेठी) अमृत विचार।** क्षेत्र के सादीपुर गांव में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा के चतुर्थ दिवस शनिवार को कथाव्यास स्वामी प्रणवपुरी महाराज ने विभिन्न पौराणिक प्रसंगों के माध्यम से धर्म, सत्य और भक्ति का महत्व बताया। उन्होंने राजा बलि और वामन भगवान की कथा सुनाते हुए कहा कि जब वामन भगवान तीन पग भूमि मांगने राजा बलि के द्वार पहुंचे, तब गुरु शुक्राचार्य ने उन्हें सावधान किया, फिर भी राजा बलि अपने वचन से पीछे नहीं हटे। उन्होंने कहा कि संपत्ति का नाश स्वीकार है, लेकिन असत्य स्वीकार नहीं। उनकी धर्मनिष्ठा से प्रसन्न होकर भगवान ने उन्हें इंद्र पद का वरदान दिया। कथाव्यास ने बताया कि जीवन में संकट अवश्य आते हैं, लेकिन मनुष्य को धर्म और सत्य के मार्ग से विचलित नहीं होना चाहिए। इसके बाद महाराज मनु के वंश का वर्णन करते हुए राजा अम्बरीष की कथा सुनाई और बताया कि मनुष्य को पद और प्रतिष्ठा के बावजूद अभिमान नहीं करना चाहिए तथा ईश्वर भक्ति में लीन रहना चाहिए।

आयोजन

## अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) ने बताया गेहूं क्रय अवधि 30 मार्च से 15 जून तक निर्धारित

# गेहूं खरीद कार्यशाला आयोजित, 93 गेहूं क्रय केन्द्र स्थापित

संवाददाता, रायबरेली


कार्यशाला की अध्यक्षता करते अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) सिद्धार्थ, मौजूद अन्य।

**अमृत विचार।** डीएम हर्षिता माथुर के निर्देशानुसार अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) सिद्धार्थ की अध्यक्षता में रबी विपणन वर्ष 2026-27 में न्यूनतम समर्थन मूल्य योजनान्तर्गत कृषकों से गेहूं खरीद हेतु कलेक्ट्रेट सभागार में गेहूं खरीद कार्यशाला का आयोजन किया गया। उन्होंने बताया कि वर्तमान वर्ष 2026-27 में गेहूं का न्यूनतम समर्थन मूल्य 2585.00 प्रति क्विंटल निर्धारित किया गया है जो गत वर्ष की तुलना में 160 रुपए प्रति क्विंटल अधिक है। उन्होंने बताया कि वित्तीय रबी विपणन वर्ष 2026-27 में न्यूनतम समर्थन मूल्य योजनान्तर्गत जनपद में स्थापित होने वाले गेहूं क्रय केन्द्रों की संख्या 93 है, जिसमें खाद्य विभाग के 34, भारतीय खाद्य निगम के 5, पीसीएफ 29, पीसीयू 15, यूपीएसएस 8 एवं मण्डी परिषद के 2 गेहूं क्रय केन्द्र है। उन्होंने कहा कि अनुमोदित क्रय केन्द्रों में खाद्य विभाग के 6, पीसीएफ के 3, पीसीयू के एक एवं यूपीएसएस के 3 कुल 13 मोबाइल गेहूं क्रय केन्द्रों का संचालन किया जाएगा।

उन्होंने कहा कि गेहूं क्रय अवधि 30 मार्च से 15 जून 2026 तक निर्धारित हैं, सभी 93 गेहूं क्रय केन्द्रों पर केंद्र प्रभारी तैनात है। क्रय केंद्र पर खरीद हेतु आवश्यक उपकरण यथा दो इलेक्ट्रानिक कांटा, एक नमी मापक यंत्र, विनोइंग फैन, डबल जाली का छलना एवं पॉवर डस्टर तथा एनालिसिस किट आदि की व्यवस्था मण्डी परिषद द्वारा अनिवार्य रूप से करायी जाएगी। उन्होंने कहा कि गेहूं की बिक्री हेतु किसान खाद्य तथा रसद विभाग की वेबसाइट पर पंजीकरण कराएं। इस मौके पर नगर मजिस्ट्रेट राम अवतार, जिला खाद्य विपणन अधिकारी सोनी गुप्ता सहित सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित रहे।

### 45 दिवसीय कृषि प्रशिक्षण का समापन


कृषि प्रशिक्षण का समापन में मौजूद लोग।

**जगदीशपुर (अमेठी) अमृत विचार।** कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार के प्रायोजन तथा राष्ट्रीय कृषि विस्तार प्रबंधन संस्थान मैनेज, हैदराबाद के सहयोग से सेंटर ऑफ टेक्नोलॉजी एंड एंटरप्रेन्योरशिप डेवलपमेंट सीटेड, कमरौली में आयोजित 45 दिवसीय कृषि आधारित आवासीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का शनिवार को भव्य समापन हुआ। 10 फरवरी से 28 मार्च 2026 तक चले इस प्रशिक्षण में 25 प्रतिभागियों ने भाग लिया। समापन समारोह की अध्यक्षता कृषि विज्ञान केंद्र कठोरा के हेड एवं सीनियर साइंटिस्ट डॉ. नवनीत मिश्रा ने की, जबकि मुख्य अतिथि के रूप में संजय गांधी पॉलिटेक्निक जगदीशपुर के ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट ऑफिसर सुनील कुमार मौजूद रहे। डॉ. मिश्रा ने कहा कि तकनीकी शिक्षा के माध्यम से युवा कृषि आधारित उद्योग स्थापित कर आत्मनिर्भर बन सकते हैं और अन्य लोगों को भी रोजगार दे सकते हैं। वहीं सुनील कुमार ने प्रतिभागियों से 20 लाख रुपये तक का ऋण लेकर स्वयं का व्यवसाय शुरू करने का आह्वान किया। नोडल अधिकारी राकेश शुक्ला ने प्रशिक्षण को उपयोगी बताते हुए प्रतिभागियों को शीघ्र बैंक से संपर्क कर ऋण प्रक्रिया शुरू करने की सलाह दी। कार्यक्रम का संचालन अरविंद कुमार ने किया तथा अंत में शिवम व ऋषभ ने आभार व्यक्त किया।

# अमृत विचार
रविवार, 29 मार्च 2026




ख़ुसरो रैन सुहाग की,
जागी पी के संग
तन मेरो मन पीउ को,
दोउ भए एक रंग

अमीर ख़ुसरो कहते हैं, सौभाग्य की रात बहुत अच्छी रही। वह आनंद की अद्वैतमयी स्थिति ऐसी थी कि तन तो जीवात्मा का था और मन प्रियतम का था। इस सौभाग्यशाली रात में दोनों मिलकर एक हो गए।



# भारत की श्रुति में, बोली में और हर मंगलमुहूर्त में हैं राम

'इतिहास' पक्षपातपूर्ण नहीं होता। वह निष्पक्ष और निर्मम होता है। निर्मम का अर्थ है मेरा नहीं, इदं न मम। निष्पक्ष। जहां मम है, मेरा है, वहां पक्षपात है, लेकिन 'श्रद्धा' असंभव पर विश्वास है। श्रद्धा का विकास शून्य से नहीं होता। वह इतिहास से तथ्य लेती है। संस्कृति की कसौटी पर कसती है। 'लोक' समर्थन करता है, विश्वास की सीमाएं फैलती हैं। विश्वास 'अंधविश्वास' जैसा दिखाई पड़ सकता है, लेकिन तर्क और विज्ञान की कसौटी महत्वपूर्ण है। हिंदू-श्रद्धा का आधार दर्शन और वैज्ञानिक दृष्टिकोण है।

हिंदू अनुभूति में 'राम, कृष्ण और शिव' त्रिदेव हैं। श्रीराम और श्रीकृष्ण विष्णु के अवतार माने जाते हैं। भारतीय श्रद्धा ने उन्हें इतिहास में खोजा। उन्हें भगवान भी माना। डॉ. राममनोहर लोहिया भारत के लोकमन की थाह ले चुके थे। लोहिया ने राम, कृष्ण और शिव को भारत में पूर्णता के तीन महान स्वप्नों की संज्ञा दी। 'राम की पूर्णता मर्यादित व्यक्तित्व में है, कृष्ण की उन्मुक्त या संपूर्ण व्यक्तित्व में और शिव की असीमित व्यक्तित्व में, लेकिन हर एक पूर्ण है।' (राम, कृष्ण और शिवः लोहिया, पृ. 4)। डॉ. लोहिया समाजवादी थे। डॉ. रामविलास शर्मा मार्क्सवादी थे।


हिंदू अनुभूति में 'राम, कृष्ण और शिव' त्रिदेव हैं। श्रीराम और श्रीकृष्ण विष्णु के अवतार माने जाते हैं। भारतीय श्रद्धा ने उन्हें इतिहास में खोजा। उन्हें भगवान भी माना। डॉ. राममनोहर लोहिया भारत के लोकमन की थाह ले चुके थे। लोहिया ने राम, कृष्ण और शिव को भारत में पूर्णता के तीन महान स्वप्नों की संज्ञा दी। 'राम की पूर्णता मर्यादित व्यक्तित्व में है, कृष्ण की उन्मुक्त या संपूर्ण व्यक्तित्व में और शिव की असीमित व्यक्तित्व में, लेकिन हर एक पूर्ण है।'


महाभारत के संबंध में डॉ. शर्मा की टिप्पणी दिलचस्प है, 'महाभारत इतिहास है, आख्यान है... आधुनिक अर्थ में वह इतिहास नहीं है, लेकिन इतिहास से भिन्न भी नहीं है।' फिर आगे कहा, 'ऋग्वेद में जो समाज-व्यवस्था है, ऋग्वेद और रामायण के समाजों से महाभारत का समाज पिछड़ा हुआ है।' (भारतीय संस्कृति और हिंदी प्रदेश) यहां एक समाज ऋग्वेद का है, एक रामायण का और बाद का समाज महाभारत का है। श्रीराम और रामायण का समाज ऋग्वेद के बाद है, महाभारत के पहले है। राज्य-व्यवस्था भी विकसित है।

भारत के ज्ञात इतिहास, पौराणिक अनुश्रुति के अनुसार वैवस्वत मनु पहले आर्य राजा थे। उनके बड़े पुत्र थे इक्ष्वाकु। मनु और इक्ष्वाकु ऋग्वेद में भी हैं। इक्ष्वाकु अयोध्या के राजा थे। इक्ष्वाकु के 19 पीढ़ी बाद मान्धाता चक्रवर्ती राजा हुए। उनका पुत्र पुरुकुत्स अयोध्या का राजा बना। पुरुकुत्स के 11 पीढ़ी बाद दानवीर राजा हरिश्चंद्र का शासन आया। 41वीं पीढ़ी में राजा सगर और 45वीं में चक्रवर्ती सम्राट भगीरथ। इक्ष्वाकुवंश के बाद 60वीं पीढ़ी में दिलीप, फिर दिलीप का पोता रघु और भी प्रतापी राजा हुआ। रघु के कारण ही 'रघुवंशी' शब्द चला। रघु के पुत्र अज, अज के पुत्र दशरथ और दशरथ के पुत्र श्रीराम। श्रीराम इक्ष्वाकु वंश की 65वीं पीढ़ी में थे।

वाल्मीकि ने इन्हीं श्रीराम को अपना नायक बनाया। 'रामायण' अस्तित्व में आई। वाल्मीकि 'आदर्श मनुष्य' का चित्रण कर रहे थे। वाल्मीकि के श्रीराम मनुष्य हैं, ईश्वर भी हैं, लेकिन मनुष्य ज्यादा हैं। तुलसीदास के राम ईश्वर हैं, वे मनुष्य रूप में लीला करते हैं। राम सबको भाए। श्रीराम का चरित्र और व्यक्तित्व विश्वव्यापी बना। संस्कृत और प्राकृत सहित भारत और विश्व की तमाम भाषाओं में राम कथाएं लिखी गईं। तमिल कवि कंबन ने 11वीं सदी में ही रामकथा लिखी। मुस्लिम आबादी वाले देश इंडोनेशिया में भी रामायण राष्ट्रीय महत्व वाला ग्रंथ है। भारतीय इतिहास के सबसे बड़े लोकप्रिय नेता महात्मा गांधी भारत में 'रामराज्य' के ही स्वप्नद्रष्टा बने।



हृदय नारायण दीक्षित
पूर्व विधानसभा अध्यक्ष उत्तर प्रदेश

लोहिया के अनुसार 'राम' उत्तर और दक्षिण की एकता के देवता हैं और 'रामायण' उत्तर-दक्षिण एकता का ग्रंथ। उन्होंने कहा, 'राम की पूर्णता मर्यादित व्यक्तित्व में है। उन जैसा मर्यादित जीवन कहीं और नहीं, न इतिहास में, न कल्पना में। श्रीराम समन्वय के प्रतीक हैं। न्याय के लिए संघर्ष के प्रतीक हैं। राम आनंद-सागर हैं, हिलोरे लेने वाला सागर नहीं, विश्रांत-निस्पंद। लोहिया को तुलसी का 'रामचरित मानस' मोहित करता था। एक-एक चैपाई आनंद का सागर है।

'रामराज्य' विश्व में अद्वितीय है। वैदिककाल से लेकर आधुनिक काल की किसी राज्यप्रणाली में रामराज्य के आदर्श नहीं मिलते। तुलसी लिखते हैं, 'बयरु न कर काहू सन कोई, राम प्रताप विषमता खोई।' (रामचरितमानस, उत्तरकाण्ड) फिर कहते हैं, 'अल्प मृत्यु नही कौनिऊ पीरा, सब सुंदर सब बिरुज शरीरा। नहि दरिद्र कोऊ दुखी न दीना, नहि कोऊ अबुध न लच्छन हीना। न अल्पमृत्यु है, न बीमारियां। सब स्वस्थ हैं। कोई गरीब और दुःखी नहीं है। न कोई मूर्ख है और न अगुणी।' (वही) सबसे दिलचस्प बात यह है, 'बिधु महि पूर मयूखन्हि, रबि तप जेतन्हि काज- 'चन्द्रमा' धरती को प्रकाश से पूर्ण करता है, सूर्य उतना ही तपते हैं, जितना जरूरी होता है।' फिर वर्षा के बारे में कहते हैं, 'मांगे वारिधि देहि जल, रामचंद्र के राज- बादल इच्छा करते ही, जल मांगते ही बरस पड़ते हैं।'

रामचरितमानस की प्रगतिशीलता सांस्कृतिक परंपरा से संवाद करती है। यह 'विधि निषेधमय कलिमय हरनी' (बालकांड) है, इसमें विधि-निषेध (करणीय और अकरणीय) की सूची है। वेदों की परंपरा है, उपनिषदों का दर्शन है। सगुण भक्ति-उपासना है। निर्गुण-निराकार की सरल व्याख्या है। अद्वैत दर्शन भी है, 'एक दारुगत देखिए एकू, पावक सम जुग ब्रह्म विवेकू- जैसे लकड़ी के भीतर निराकार अग्नि छिपी रहती है, दिखाई नहीं पड़ती, लेकिन जलते समय अग्नि प्रकट रहती है।' प्रकट अग्नि सगुण है, अप्रकट अग्नि निर्गुण है। ऋग्वेद में अग्नि से ऐसी ही प्रार्थना है। उपनिषदों वाले ब्रह्म की तुलसी की चैपाई ठेठ अवधी भाषा में है, 'व्यापकु एकु ब्रह्म अविनाशी, सत चेतन घन आनंद वासी।' (बालकांड) लेकिन तुलसी भक्तिमार्गी हैं, 'निरगुन तें एहि भांति बड़, नाम प्रभाऊ अपार'- वे नाम का प्रभाव निर्गुण और सगुण से भी बड़ा बताते हैं, 'कहहुं नाम बड़ नाम राम तें निज विचार अनुसार।' यहां राम का नाम सगुण राम से भी बड़ा है। 'राम नाम वाणी है। मन संकल्प है। ध्यान है, विज्ञान है, अन्न-जल उन्हीं में है, वे तेज हैं। आकाश हैं, आशा हैं, प्राण हैं।'

मार्क्सवादी विद्वान श्रीराम को कल्पना बताते हैं। 'राम' भारत की श्रुति में, बोली में, नमस्कार और कुशलक्षेम में, प्रत्येक मंगलमुहूर्त में हैं। चक्रवर्ती राजगोपालाचार्य बहुपठित विद्वान और राजनेता थे। रामकथा पर वे भी सम्मोहित थे। उन्होंने तमिल में 'तिरुगमन-रामायण' लिखी। इसका हिंदी अनुवाद उनकी पुत्री और महात्मा गांधी की पुत्र-बहू लक्ष्मी देवदास गांधी ने किया। राजाजी ग्रंथ की भूमिका में लिखते हैं, 'सियाराम, हनुमान और भरत को छोड़कर हमारी कोई गति नहीं। उनकी कथा हमारे पूर्वजों की धरोहर है। हम आज उसी के आधार पर जीवित हैं।' (हिंदी अनुवाद, पृ. 7) यहां 'इसी के आधार पर हम जीवित हैं' वाक्य पर गौर करना चाहिए। भारत का राष्ट्रजीवन अखंड रामायण है। अविभक्त है।

हिंदू अनुभूति के महानायक हैं श्रीराम। वे दिक्काल में हैं और दिक्काल के परे भी। भारतीय जनता के चित्त, आचार-व्यवहार पर श्रीराम का प्रभाव है। श्रीराम 'मंगल भवन' हैं और 'अमंगलहारी' भी। वे भारत के मन में रमते हैं। मिले तो राम-राम, अलग हुए तो राम-राम। राम का नाम हम सब बचपन से सुनते आए हैं। वे संकट के धैर्य हैं। वे परम शक्तिशाली हैं। भाव-श्रद्धा में वे ईश्वर हैं। राम तमाम असंभवों के संभव हैं। युद्ध में अजेय पौरुष-पराक्रम और निजी जीवन में मर्यादा के पुरुषोत्तम। श्रीराम भारतीय आदर्श व आचरण के शिखर हैं। भारतीय मनीषा ने उन्हें ब्रह्म या ईश्वर जाना है। श्रीकृष्ण भी विष्णु के अवतार हैं। वे अर्जुन को गीता (10.31) में बताते हैं 'पवित्र करने वालों में मैं वायु हूं और शस्त्रधारियों में राम हूं।' राम महिमावान हैं। श्रीकृष्ण भी स्वयं को राम बताते हैं। (यह लेखक के निजी विचार हैं।)

# नेपाल में बालेन युगः रैपर से पीएम तक का सफर

नेपाल की राजनीति में हाल के समय में उभरी एक दिलचस्प और असामान्य कहानी है बालेन शाह का उदय। पारंपरिक राजनीतिक रास्तों से अलग, एक स्वतंत्र छवि के साथ उभरे बालेन का देश के शीर्ष नेतृत्व एवं प्रधानमंत्री की कुर्सी तक पहुंचना अपने आप में नई अप्रत्याशित राजनीति का संकेत है। काठमांडू के गौरीगाऊं में जन्मे बालेन सामान्य परिवेश से आते हैं। नेपाल में प्रारंभिक शिक्षा के बाद उन्होंने सिविल इंजीनियरिंग की पढ़ाई की और फिर स्ट्रक्चरल इंजीनियरिंग में विशेषज्ञता हासिल की। एक इंजीनियर के रूप में उन्होंने देश के विभिन्न हिस्सों में काम किया, खासकर भूकंप के बाद पुनर्निर्माण कार्यों में सक्रिय भूमिका निभाई।



निजाम जीलानी
लेखक

राजनीति में आने से पहले बालेन एक कवि, रैपर और स्ट्रक्चरल इंजीनियर थे। उनकी रचनाएं केवल मनोरंजन तक सीमित नहीं थीं, बल्कि वे सामाजिक असमानता, अन्याय और विकृतियों के खिलाफ एक सशक्त आवाज थे। उनके रैप गीतों में आक्रोश भी था, बदलाव की मांग भी और देश के प्रति गहरी चिंता भी। यही वजह रही कि उन्होंने बहुत कम समय में एक मजबूत जन समर्थन तैयार कर लिया। युवाओं के बीच लोकप्रिय होते हुए उन्होंने संगीत को सामाजिक चेतना जगाने का माध्यम बनाया।

बालेन शाह ने स्वतंत्र उम्मीदवार के रूप में 2022 के काठमांडू महानगरपालिका चुनाव में उतरने का निर्णय लिया। यह कदम अपने आप में जोखिम भरा था, क्योंकि नेपाल की राजनीति में बड़े दलों का प्रभाव अधिक था, लेकिन उन्होंने इस चुनौती को अवसर में बदला। युवाओं व मध्यम वर्ग के मतदाताओं का व्यापक समर्थन उन्हें मिला, जिसने उनकी उम्मीदवारी को एक आंदोलन का रूप दे दिया और वह काठमांडू के मेयर के बने।


पारंपरिक राजनीतिक रास्तों से अलग, एक स्वतंत्र छवि के साथ उभरे बालेन का देश के शीर्ष नेतृत्व एवं प्रधानमंत्री की कुर्सी तक पहुंचना अपने आप में नई अप्रत्याशित राजनीति का संकेत है। बालेन सामान्य परिवेश से आते हैं।


मेयर बनने के बाद बालेन शाह ने प्रशासनिक सुधार, पारदर्शिता और शहरी विकास पर विशेष ध्यान दिया। उन्होंने काठमांडू में अवैध निर्माण के खिलाफ अभियान चलाया, सार्वजनिक सेवाओं में सुधार की पहल की और डिजिटल तकनीकों के उपयोग को बढ़ावा दिया। उनकी कार्यशैली ने यह संदेश दिया कि अगर इच्छा शक्ति हो तो सीमित संसाधनों में भी बदलाव संभव है। यही उनकी सबसे बड़ी ताकत बनी। उनकी यात्रा यहीं नहीं रुकी। परिस्थितियों ने उन्हें राष्ट्रीय राजनीति की ओर धकेला, जहां उन्होंने स्थापित नेताओं को न सिर्फ चुनौती दी, बल्कि पराजित भी किया और सत्ता के खिलाफ़ अपनी आवाज़ को और बुलंद किया।

युवाओं, मध्यम वर्ग और बदलाव की चाह रखने वाले मतदाताओं ने उन्हें खुलकर समर्थन दिया। उनकी उम्मीदवारी एक जन आंदोलन का रूप लेती गई और अंततः नेपाल झापा-5 से चुनाव जीतकर उन्होंने पूर्व प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली जैसे दिग्गज नेता को हराया। पार्टी को बहुमत दिलाते हुए प्रधानमंत्री की कुर्सी तक पहुंचे। यह जीत केवल एक व्यक्ति की सफलता नहीं थी, बल्कि पारंपरिक राजनीति के प्रति जनता की नाराज़गी और नए विकल्प की तलाश का प्रतीक भी है। (यह लेखक के निजी विचार हैं।)

# असंगठित क्षेत्रों के मजदूरों का भविष्य

भारत की अर्थव्यवस्था का एक बड़ा हिस्सा असंगठित क्षेत्र के मजदूरों के कंधों पर टिका हुआ है, लेकिन फिर भी यही वर्ग सबसे अधिक उपेक्षित और असुरक्षित बना हुआ है। अस्थिरता, असमानता और काम के लिए रोज का संघर्ष इनके जीवन की वास्तविकता है। प्रतिदिन काम का न मिलना, मिल भी जाए तो कम मजदूरी और सामाजिक सुरक्षा के अभाव ने उनके जीवन को लगातार संकट में डाल रखा है। यह केवल आर्थिक समस्या नहीं है, बल्कि यह उनके अस्तित्व, सम्मान और परिवारिक संरचना को भी प्रभावित करती है। कोरोना महामारी के बाद से असंगठित क्षेत्रों के मजदूरों की स्थिति और भी अधिक चिंताजनक हो गई है।

इसका सबसे अधिक प्रभाव महिलाओं पर पड़ता है। असंगठित क्षेत्र में काम करने वाली महिलाएं पुरुषों की तुलना में न केवल कम मजदूरी पाती हैं, बल्कि कई बार उनसे पुरुषों के बराबर काम लेकर भी कम भुगतान किया जाता है। इसके साथ ही उन्हें घर की जिम्मेदारियों का भी पूरा बोझ उठाना पड़ता है। यह दोहरी जिम्मेदारी उनके जीवन को और कठिन बना देती है। महिलाओं के श्रम को अक्सर 'सहायक' या 'पूरक' माना जाता है, जबकि वास्तव में वे परिवार की आर्थिक रीढ़ होती हैं, जबकि इस नजरिए को पूरी तरह से बदलने की आवश्यकता है, ताकि उनके योगदान को भी सही पहचान और सम्मान मिल सके।



संगीता कुमारी
एक्टिविस्ट

कई आंकड़े और रिपोर्ट बताते हैं कि अन्य राज्यों की तुलना में झारखंड और बिहार से सबसे अधिक लोग मजदूरी के लिए अन्य राज्यों की ओर पलायन करते हैं। बिहार में असंगठित क्षेत्र के मजदूरों की संख्या करोड़ों में है और मुजफ्फरपुर जिले में भी लाखों लोग इसी वर्ग में आते हैं। न्यूनतम मजदूरी की बात करें, तो सरकार द्वारा तय मजदूरी अक्सर कागजों तक सीमित रह जाती है। वास्तविकता में मजदूरों को इससे काफी कम भुगतान किया जाता है, जो उनके श्रम का उचित मूल्य नहीं है। उनसे न्यूनतम मजदूरी में अधिकतम काम कराया जाता है।

गरीबी और बेरोजगारी की यह स्थिति उन्हें अपने घर-परिवार से दूर जाने के लिए मजबूर करती है। बेहतर रोजगार की तलाश में वे पंजाब, हरियाणा, दिल्ली, महाराष्ट्र और गुजरात जैसे राज्यों में पलायन करते हैं। यह पलायन केवल आर्थिक मजबूरी नहीं, बल्कि पारिवारिक संकट भी है। अपने परिवार, बच्चों और गांव को छोड़कर अनजान शहरों में रहना, असुरक्षित परिस्थितियों में काम करना और कई बार शोषण का शिकार होना उनके जीवन का हिस्सा बन जाता है। पीछे छूटे परिवार, विशेषकर महिलाएं और बच्चे, असुरक्षा और अभाव में जीवन जीते हैं।

केंद्र से लेकर राज्य सरकार तक मजदूरों के हित में कई योजनाएं चलाई जा रही हैं, जैसे जीरामजी, प्रधानमंत्री श्रम योगी मानधन योजना। इन योजनाओं का उद्देश्य मजदूरों को रोजगार, पेंशन और अन्य सुविधाएं प्रदान करना है, लेकिन जमीनी स्तर पर इन योजनाओं का लाभ ज्यादातर असंगठित क्षेत्रों के इन मजदूरों तक नहीं पहुंच पाता है।

(यह लेखिका के निजी विचार हैं।)

# पीएनजी के साथ हरित भविष्य की ओर

पश्चिम एशिया में युद्ध से उत्पन्न संकट के बीच निकट भविष्य में ईंधन की किल्लत को लेकर लोग आशंकित हैं। हाल ही में संसद में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी पश्चिम एशिया संकट को गंभीर बताते हुए कोरोना जैसी चुनौतियों के लिए तैयार रहने की अपील की। सच तो यह है कि सरकार हो या विपक्षी दल सभी एकमत से इस संभावित खतरे को स्वीकार रहे हैं। ऐसे में कोरोना काल का कड़वा अनुभव झेल चुके नागरिकों का जीवनयापन के वैकल्पिक संसाधनों को लेकर चिंतित होना स्वाभाविक है।

बढ़ती पर्यावरण संबंधी चुनौतियों और ऊर्जा समाधानों की बढ़ती मांग के चलते, आने वाले वक्त में भारत में पीएनजी की लोकप्रियता बढ़ेगी। भारत में शहरीकरण और औद्योगीकरण के बढ़ते विस्तार के साथ, विश्वसनीय और टिकाऊ ऊर्जा स्रोतों की मांग में लगातार वृद्धि होगी।

इससे पहले काफी दिनों से चल रहे एलपीजी गैस मिलने की समस्या से हम जूझ ही रहे हैं। हालात बता रहे हैं कि आने वाले दिनों में पेट्रोल-डीजल को लेकर भी ऐसी समस्या संभावित है। ऐसे में वैकल्पिक उपायों पर चर्चा की जानी चाहिए। जैसा कि बीते दिनों राज्यसभा में प्रधानमंत्री ने पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष के बीच ऊर्जा सुरक्षा और आत्मनिर्भरता पर सरकार की रणनीति स्पष्ट की। उन्होंने कहा कि सरकार ईंधन के किसी एक स्रोत पर निर्भरता कम करने की दिशा में काम कर रही है और घरेलू गैस सप्लाई में एलपीजी के साथ-साथ पीएनजी को भी बढ़ावा दिया जा रहा है। सरकार का प्रयास हर क्षेत्र में विदेशी निर्भरता कम करने की दिशा में है, क्योंकि मौजूदा समय में देश का 90 प्रतिशत से अधिक व्यापार विदेशी जहाजों पर निर्भर है, जो किसी वैश्विक संकट में चुनौती बन सकता है, फिलवक्त युद्ध के बीच हम देख रहे हैं। इन सभी के बीच अब हमारे मन में यह सवाल उठना लाजिमी है कि अगर एलपीजी का विकल्प पीएनजी बनती है तो यह गैस हमारे लिए क्या किफायती और उपयोगी साबित होगी?




अजय दयाल
हल्द्वानी

इस सवाल के साथ एक परंपरागत मूलमंत्र को याद कीजिए- आवश्यकता अविष्कार की जननी है, परंतु हम अगर पीएनजी की बात कर रहे हैं तो यहां मामला थोड़ा उल्टा है। अविष्कार हो चुका है, जिसे अब आवश्यकता बनाना है। वास्तव में परिवार, व्यवसाय और उद्योग सभी को पारंपरिक ईंधनों के विकल्प की तलाश है, जो न केवल उनकी आवश्यकताओं को पूरा करें, बल्कि स्वच्छ और हरित पर्यावरण अनुकूल भी हों। इसी तलाश में, पाइपयुक्त प्राकृतिक गैस (पीएनजी) एक प्रमुख विकल्प के रूप में सामने है, जो पूरे देश में तेजी से लोकप्रिय हो रही है। पीएनजी को सुविधा, सामर्थ्य और पर्यावरणीय लाभों का एक आकर्षक पैकेज सरीखा मान सकते हैं, जो भारतीय उपभोक्ताओं और व्यवसायों के लिए एक विशेष विकल्प बनने भी लगी है।

पीएनजी को समझें तो यह जीवाश्म से उत्पन्न नेचुरल गैस का परिष्कृत रूप है, जिसे भूमिगत पाइपलाइनों के बिछाये जाल से सीधे घरों, व्यावसायिक प्रतिष्ठानों और औद्योगिक इकाइयों तक पहुंचाया जाता है। यह एक स्वच्छ रूप से जलने वाला जीवाश्म ईंधन है, जो मुख्य रूप से मीथेन और अन्य हाइड्रोकार्बन के मिश्रण से बना होता है। यह गैस अपेक्षाकृत स्वच्छ रूप से जलने वाला ईंधन है, जो कोयला या तेल जैसे अन्य जीवाश्म ईंधनों की तुलना में कम हानिकारक साबित होगी। यह कम कार्बन डाइऑक्साइड, सल्फर डाइऑक्साइड और कण पदार्थ उत्सर्जित करती है, जिसे पर्यावरण अनुकूल ही कहेंगे। खास बात यह है कि पीएनजी का उपयोग विभिन्न उद्देश्यों के लिए किया जा सकता है। इनमें आवासीय परिवेश में खाना पकाना, हीटिंग करना और उपकरणों को बिजली देना, साथ ही औद्योगिक प्रक्रियाओं और वाणिज्यिक कार्यों के लिए ऊर्जा प्रदान करना शामिल हैं। पीएनजी एक स्वाभाविक रूप से सुरक्षित ईंधन है, क्योंकि यह हवा से हल्का होता है और रिसाव होने पर जल्दी से फैल जाता है, जिससे आग या विस्फोट का खतरा कम हो जाता है। जहां तक किफायत की बात है, तो यह गैस एलपीजी या बिजली जैसे अन्य पारंपरिक ईंधनों की तुलना में घरेलू और व्यावसायिक दोनों उपयोगों के लिए एक किफायती विकल्प है। इसकी कीमत आमतौर पर अधिक स्थिर होती है और बाजार के उतार-चढ़ाव से कम प्रभावित होती है, जिससे उपभोक्ताओं को दीर्घकालिक लागत बचत होती है। इस सुविधा में सिलेंडरों को फिर से भरने या बदलने की झंझट खत्म हो जाती है, जिससे पीएनजी आधुनिक जीवन के लिए एक परेशानी मुक्त विकल्प बनता है।

# बाह्य आकर्षणों में डूबे व्यक्ति का मन सदैव रहता है अशांत

मूर्खता के मामले में कालिदास का उल्लेख प्राचीन ग्रंथों में किया गया है। दरअसल उज्जैन राज्य की राजकुमारी से विद्वता के मामले में पराजित कथित विद्वानों ने विद्योत्तमा का विवाह किसी मूर्ख व्यक्ति से कराने का निश्चय किया। जब उन सबने, जिस डाल पर बैठकर उसी डाल को काट रहे कालिदास को देखा तो उन सबको लगा कि इससे ज्यादा मूर्ख तो कोई हो ही नहीं सकता है, क्योंकि वो जो डाल काट रहा है, जब वह नीचे गिरेगी तो काटने वाला खुद भी गिर जाएगा। इतनी भी समझ उसे नहीं है। ठीक भी सोचा उन कथित विद्वानों ने, जो शास्त्रार्थ में विद्योत्तमा से पराजित हो गए थे।



सलिल पांडेय
मिर्जापुर


अब सवाल उठता है कि क्या कालिदास ही मूर्ख थे? अगर देखा जाए तो हर वह व्यक्ति मूर्ख है जो काम, क्रोध, मद और लोभ के चक्कर में बुद्धि-विवेक की डाल को खुद ही काटता है। बुद्धि-विवेक से जब व्यक्ति रहित हो जाता है तब उसका हर कदम गलत उठता है। बाह्य आकर्षणों में डूब गए व्यक्ति का मन सदैव अशांत रहता है। इसी प्रकार क्रोध करने पर शरीर की तंत्रिका प्रणाली अव्यवस्थित होती है। शरीर का रसायन तंत्र बिगड़ता है।

हिंदी के विद्वान समालोचक आचार्य रामचंद्र शुक्ल ने क्रोध को पिशाच की संज्ञा देते हुए लिखा कि पिशाच ऐसा राक्षस है, जो सिर्फ ऋषियों का यज्ञ-विध्वंस नहीं करता, बल्कि खून पीता है। ऐसे पिशाचों में 'आतापि-वातापि' नामक दो भाइयों का जिक्र वाल्मीकि रामायण में किया गया है। इन दोनों भाइयों ने मिलकर अगस्त्य ऋषि को निगल लिया था, लेकिन अपने योगबल से वे आतापि का पेट फाड़कर बाहर निकल आए थे।

इस दृष्टांत का मतलब यही है कि स्वार्थ साधने के पीछे सिर्फ समय ही नहीं, बल्कि अपना स्वास्थ्य खराब करना मूर्खता ही है। जो भी मनुष्य अपने मन से सत्य के विपरीत कदम उठाता है, वह मूर्ख ही है, क्योंकि एक ओर मन यदि कह रहा है कि स्वार्थ-सिद्धि का कदम गलत है, इसके बावजूद गलत कामों के प्रति चाहत रखने पर मन में द्वंद्व होता है। यानी मन में संघर्ष होता है।

(यह लेखक के निजी विचार हैं।)

# गंगा नदी का घड़ियाल से हैं सांस्कृति और आध्यात्मिक संबंध



गंगा नदी और घड़ियाल का संबंध सनातन संस्कृति में केवल प्राकृतिक नहीं, बल्कि आध्यात्मिक और प्रतीकात्मक भी है। गंगा को वेदों, पुराणों और महाकाव्यों में पापहरिणी, मोक्षदायिनी और जीवनदायिनी कहा गया है। गंगा का वाहन परंपरागत रूप से मकर माना गया है, जिसे अनेक विद्वान घड़ियाल के रूप में भी देखते हैं। यह तथ्य दर्शाता है कि घड़ियाल केवल एक जलीय जीव नहीं, बल्कि गंगा की दिव्य शक्ति और जल तत्व की गहराई का प्रतीक है।

घड़ियाल का स्वभाव शांत और मनुष्य के प्रति अहिंसक होता है। वह मुख्यतः मछलियों का आहार करता है और नदी के जलीय जीवन को संतुलित रखता है। सनातन दृष्टि में प्रत्येक जीव का अस्तित्व सृष्टि-चक्र का अनिवार्य अंग है। घड़ियाल गंगा के निर्मल और गहरे प्रवाह का संकेतक माना जा सकता है, क्योंकि वह स्वच्छ जल में ही पनपता है। इस प्रकार उसकी उपस्थिति गंगा की पवित्रता और जीवन शक्ति का द्योतक है। धार्मिक आस्थाओं में गंगा स्नान आत्मशुद्धि का माध्यम है, तो प्राकृतिक दृष्टि से घड़ियाल नदी की जैविक शुद्धता का रक्षक है। अतः सनातन संस्कृति में गंगा और घड़ियाल का संबंध प्रकृति और अध्यात्म के अद्भुत समन्वय का प्रतीक है, जो मानव को सृष्टि के प्रति कर्तव्य और संरक्षण का संदेश देता है।



डॉ. जितेंद्र शुक्ला
वन्यजीव विशेषज्ञ

गंगा की धारा भारतीय जीवन की अनवरत स्पंदनशीलता का प्रतीक है। यह नदी केवल जल का प्रवाह नहीं, बल्कि सभ्यता, कृषि, आस्था, अर्थव्यवस्था और जैव-विविधता की जीवनरेखा है। इसी धारा में एक ऐसा प्राचीन जलीय जीव भी निवास करता है, जो करोड़ों वर्षों की विकास यात्रा का साक्षी रहा है- घड़ियाल। लंबी और पतली थूथन, तीक्ष्ण दंत-पंक्तियां, जल में तीव्र गति से तैरने की क्षमता और विशिष्ट शारीरिक संरचना से युक्त यह जीव गंगा तंत्र का शीर्ष जलीय शिकारी है। बीते शताब्दी में जब यह प्रजाति विलुप्ति के कगार पर पहुंच गई थी, तब यह प्रश्न उठ खड़ा हुआ था कि क्या गंगा अपने इस प्राचीन प्रहरी को सदा के लिए खो देगी। आज वर्ष 2026 में भारतीय वन्यजीव संस्थान द्वारा गंगा और उसकी ग्यारह सहायक नदियों में किए गए व्यापक सर्वेक्षण में 3037 घड़ियालों की उपस्थिति दर्ज होना उस आशंका का सशक्त प्रत्युत्तर है। यह उपलब्धि संघर्ष, संवेदनशीलता, वैज्ञानिक दृष्टि और दीर्घकालीन नीतिगत प्रतिबद्धता की संयुक्त सफलता का परिणाम है। घड़ियाल, जिसका वैज्ञानिक नाम गवियलिस गैंगेटिकस है, भारतीय उपमहाद्वीप की विशिष्ट प्रजाति है। कभी यह गंगा, यमुना, घाघरा, गंडक, सोन, ब्रह्मपुत्र और सिंधु की धाराओं में व्यापक रूप से पाया जाता था। घड़ियाल का शारीरिक रूप अत्यंत विशिष्ट है। उनके शरीर का आकार लंबा और दुबला-पतला होता है। थूथन संकरा और लंबा होता है, जो मछली पकड़ने की उत्कृष्ट क्षमता प्रदान करता है। दंत पंक्तियां तीक्ष्ण और संगठित होती हैं, जिससे वे तैरते जल में ही अपने शिकार को पकड़ने में सक्षम रहते हैं। उनका शरीर भारी और चिकना होता है, जिससे जल में गति कम होते हुए भी सहजता से नियंत्रण संभव होता है। नर घड़ियाल की थूथन पर एक उभार होता है, जिसे वैज्ञानिक 'घड़ा' कहते हैं। यह उभार प्रजनन काल में ध्वनि उत्पन्न करने और मादा को आकर्षित करने में सहायक होता है।

घड़ियाल मुख्यतः मछली भक्षी होते हैं। एक वयस्क घड़ियाल प्रतिदिन औसतन डेढ़ से दो किलोग्राम मछली का सेवन करता है। यह संख्या नदी के सांख्यिकीय संतुलन को बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। नदी तंत्र में यदि शीर्ष शिकारी अनुपस्थित हो जाएं, तो कुछ मछली समूह अत्यधिक वृद्धि कर सकते हैं, जिससे खाद्य श्रृंखला असंतुलित हो जाती है और विशेष प्रजातियों का अस्तित्व संकट में पड़ता है। घड़ियाल इस असंतुलन को रोकते हैं और विभिन्न मछली प्रजातियों की संतुलित संख्या को सुनिश्चित करते हैं।

(यह लेखक के निजी विचार हैं।)


स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक त्रिनाथ शुक्ला द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर, इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 से मुद्रित एवं 25/16-ए, जापलिंग रोड, लखनऊ-226001 (उ.प्र.) से प्रकाशित। **संपादक- राजेश श्रीनेत, कार्यकारी संपादक- अनिल त्रिगुणायत*** 0522-4008111 (कार्यालय), ईमेल-editorschoice@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-50986/1989 *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी। (नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा)।

मिलते-जुलते नामों, डिज़ाइन व कलर स्कीम से भ्रमित न हों
केवल असली होलोग्राम युक्त एम. के. बन्धानी हींग ही खरीदें
पाँच पीढ़ी की विश्वसनीय हींग परम्परा
पुण्यश्लोक गोलोकवासी बाबू किशोर चन्द कपूर "किशोर" जी के आशीर्वाद से अभिसिंचित एवम् संचालित
एम. के. बन्धानी हींग
श्री के. एम. डिस्ट्रीब्यूटर


विक्रय केन्द्र : नारायन प्लाजा, 51/71 नयागंज कानपुर 208001, फोन – 9519456555, 9695416555

# तेज हवा से 10 मिनट में ही राख हुई एक एकड़ में बनी यज्ञशाला

## आहुति में डाला गए नारियल के फटने से आग लगने की संभावना, मची भगदड़, घबराए लोगों को नियंत्रित करने में समिति व पुलिस के छूटे पसीने


आग लगने के बाद जला हुआ पंडाल। अमृत विचार


घटनास्थल पर वाहन व लोगों को जाने से रोकते पुलिसकर्मी। अमृत विचार


मंडलायुक्त से घटना की जानकारी लेते नगर विधायक वेद प्रकाश गुप्ता। अमृत विचार

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** प्रदेश के परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह के नेतृत्व में आयोजित श्रीलक्ष्मी नारायन महायज्ञ की यज्ञशाला में शनिवार को लगी आग इतनी भीषण थी कि पूरी यज्ञशाला महज 10 मिनट में ही जलकर राख हो गई। तेज हवा के चलते घास-फूंस व बांस बल्लियों से बनी यज्ञशाला से उठ रही लपटों ने विकराल रूप धारण कर लिया। इससे वहां भगदड़ मच गई। घंटों अफरा-तफरा की स्थिति रही। घटना के समय आसपास करीब 20 हजार से ज्यादा लोग मौजूद थे। घबराए लोगों को नियंत्रित करने में समिति के कार्यकर्ता व पुलिस के पसीने छूट गए।

जानकारी के अनुसार 20 मार्च से आयोजित इस महायज्ञ की यज्ञशाला को करीब एक एकड़ भूमि में परंपरागत तरीके से घास-फूंस व बांस-बल्लियों की सहायता से तैयार किया गया था। पश्चिमी ओर टेंट के पर्दे भी लगाए गए थे। यज्ञ शनिवार सुबह करीब 11:30 बजे समाप्त हो गया था। आधे घंटे में करीब सभी लोग यज्ञशाला से निकल भी चुके थे। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार दोपहर करीब 12.10 बजे एक कुंड में पड़ा नारियल अचानक फट गया, इससे निकली चिंगारी से यज्ञशाला में आग लग गई। लोग जब तक कुछ समझाते तब तक तेज पछुआ हवाओं ने आग की लपटों को और तेज कर दिया। देखते ही देखते महज 10 मिनटों में ही यज्ञशाला जलकर राख हो गई। यज्ञशाला में लगी आग की चिंगारी गोशाला के छप्पर पर गिरी, जिससे गोशाला में भी आग लग गई। हालांकि वहां मौजूद कार्यकर्ताओं ने किसी तरह गोवंशों को बाहर निकाल उनकी जान बचाई।

**प्रत्यक्षदर्शी बोले, इतनी जल्द हो गया कि कुछ समझ में नहीं आया :** मौके पर मौजूद लोगों ने बताया कि अचानक सब इतनी जल्दी हो गया कि कुछ समझ में ही नहीं आया। यज्ञ में शामिल होने बिहार के बक्सर जिले से आए सोनू पांडेय व आचार्य देवमणि पांडेय ने बताया कि आग लगने के बाद इस कदर अफरा-तफरी मच गई कि लोग चाहकर भी आग बुझाने में मदद नहीं कर पाए। वहीं रोहतास निवासी राकेश त्रिपाठी ने बताया कि 20 मार्च से ही यहां पर दमकल की गाड़ी खड़ी थी, समापन पर वह नजर नहीं आई। अगर वह मौके पर होती तो शायद आग तेज होने से पहले ही उसे बुझा लिया जाता। बलिया से आए महेश शर्मा, सुनयना व आशीष का कहना है कि इतने बड़े कार्यक्रम में प्रशासनिक व्यवस्थाएं कुछ नहीं थी। दमकल भी देर से आई।

### मुख्य पांडाल में मौजूद थे परिवहन मंत्री तथा कई विधायक समेत अन्य वीआईपी

घटना से कुछ देर पहले ही परिवहन मंत्री यज्ञशाला से निकलकर मुख्य पांडाल में पहुंचे थे। उनके साथ गोसाईगंज विधायक अभय सिंह समेत कुछ अन्य विधायक व वीआईपी थे। अधिकारियों ने उन्हें आग पर काबू पाने की सूचना दी, जिसके बाद दोबारा लोगों को पांडाल में आने दिया गया। माइक से संयम रखने की अपील की जा रही थी। समिति से जुड़े कार्यकर्ता भक्तों को तय स्थान पर बैठाते दिखे।

> यज्ञ में पहले से ही सुरक्षा कही दृष्टि से पुलिस व यातायातकर्मी तैनात किए गए थे। दमकल के एक वाहन को यहां खड़ा कराया गया था। आग लगने की सूचना पर आसपास के फायर स्टेशनों से दमकल वाहन मंगाए गए व दोनों जगह लगी आग पर काबू पाया गया। घटना में किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई है। आग लगने के कारणों की जांच की जा रही है।
>
> –डॉ. गौरव ग्रोवर, एसएसपी

> यज्ञ का आज समापन था। करीब 11:30 बजे यज्ञशाला में पूर्णाहुति के बाद यज्ञ समाप्त हो गया था। लोग यज्ञशाला से बाहर आ गए थे। करीब 12:10 पर आग लगने की सूचना मिली। मौके पर पहुंचे दमकल वाहनों ने आग को बुझा दिया व किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई है।
>
> –दयाशंकर सिंह, परिवहन मंत्री व अध्यक्ष श्रीलक्ष्मी नारायन यज्ञ यमिति।


घटनास्थल पर मौजूद मंडलायुक्त राजेश कुमार, डीआईजी सोमेन वर्मा, डीएम निखिल टीकाराम फुंडे, एसएसपी डॉ गौरव ग्रोवर।

### करीब एक बजे पहुंचे वरिष्ठ अधिकारी

घटना की सूचना मिलने पर करीब एक बजे नगर विधायक वेद प्रकाश गुप्त, आयुक्त राजेश कुमार, डीआईजी सोमेन वर्मा, डीएम निखिल टीकाराम फुंडे, एसएसपी डॉ. गौरव ग्रोवर, एसपी सिटी चक्रपाणि त्रिपाठी, सीओ अयोध्या आशुतोष तिवारी, सीएफओ एमपी सिंह समेत थाना कैंट, कोतवाली अयोध्या व थाना आरजेबी की फोर्स मौके पर पहुंची। डीएम के निर्देश पर 12 से ज्यादा एंबुलेंस व मेडिकल टीम भी मौके पर पहुंची। घटना की ओर जाने वाले मार्ग को ब्लॉक कर दिया गया। श्रद्धालुओं को भी मुख्य पांडाल में नहीं जाने दिया गया। पुलिस के जवान पीएएस सिस्टम से लोगों को घटनास्थल के पास न जाने की अपील करते रहे।

## न्यूज ब्रीफ

### डीएम ने किया वेयर हाउस का निरीक्षण

**अयोध्या, अमृत विचार :** जिला निर्वाचन अधिकारी/ जिलाधिकारी निखिल टीकाराम फुंडे ने शनिवार को कलेक्ट्रेट स्थित ईवीएम और वीवी पैट वेयर हाउस का निरीक्षण किया। निर्देश दिया कि सुरक्षा के दृष्टिगत स्ट्रांग रूम की सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाएं। उप जिला निर्वाचन अधिकारी अनिरुद्ध प्रताप सिंह, सहायक निर्वाचन अधिकारी उदयराज पांडे व कार्यालय के स्टाफ व मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधिगण मौजूद रहे।

### एक हजार शिक्षक जाएंगे दिल्ली

**अयोध्या, अमृत विचार :** टीईटी के विरोध में सहकारी बैंक सभागार में आयोजित समीक्षा बैठक को संबोधित करते हुए प्रांतीय पर्यवेक्षक एवं मांडलिक मंत्री दिलीप पांडेय ने कहा सरकार को टेट अनिवार्यता का काला कानून वापस लेना ही होगा। अध्यक्षता कर रहे प्रांतीय ऑडिटर एवं जिलाध्यक्ष नीलमणि त्रिपाठी ने कहा टीचर्स फेडरेशन ऑफ इंडिया द्वारा 4 अप्रैल को दिल्ली के रामलीला मैदान में आयोजित होने वाली रैली में जिले से एक हजार से अधिक शिक्षक जाएंगे। संचालन जिला मंत्री चक्रवर्ती सिंह ने किया। बैठक में प्रत्येक ब्लॉक के अध्यक्ष ,मंत्री,कोषाध्यक्ष, ब्लॉक संघर्ष समिति के अध्यक्ष और मंत्री आदि रहे।

### मंडलीय समीक्षा बैठक अब 30 मार्च को

**अयोध्या, अमृत विचार :** मंडलायुक्त राजेश कुमार की अध्यक्षता में आज शनिवार को प्रस्तावित मंडलीय समीक्षा बैठक अपरिहार्य कारणों से स्थगित कर दी गई। सूचना विभाग की विज्ञप्ति के अनुसार यह समीक्षा बैठक अब 30 मार्च को होगी।

### मिशन शक्ति अभियान के तहत किया जागरूक

**बीकापुर, अयोध्या :** नारी सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलंबन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से चलाए जा रहे मिशन शक्ति अभियान के तहत बीकापुर कोतवाली पुलिस द्वारा शनिवार को पुलिस चौकी मोतीगंज क्षेत्र में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। साईं किसान इंटर कॉलेज जोहन तथा श्रीमती श्यामा देवी केशवपति राम मिलन शिक्षण संस्थान अलगू नगर जोहन विद्यालय में मिशन शक्ति कार्यक्रम संपन्न हुआ। कार्यक्रम में एसआई सना पाल के साथ ज्योति शर्मा, वीना, चौकी प्रभारी मोतीगंज प्रवीण सिंह, कांस्टेबल जय प्रकाश सिंह, राम लखन राठौर और दीपक सहित अन्य पुलिसकर्मी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में छात्राओं से संवाद कर उनकी समस्याएं सुनी गईं और उन्हें हर परिस्थिति में निर्भीक होकर आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया गया।

# आग लगने के बाद मची अफरा-तफरी


आग लगने के बाद बंधे पर खड़े श्रद्धालु। अमृत विचार


घटनास्थल पर मौजूद परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह व गोसाईगंज विधायक अभय सिंह।

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार:** घटना के समय मुख्य पांडाल व परिसर में करीब 20 हजार से ज्यादा लोग मौजूद थे। यज्ञशाला के बगल ही रहने के लिए टेंट की कुटिया बनाई गई थी, इसमें भी लोग मौजूद थे। लपटें देख भगदड़ और चीख पुकार मचने लगी। सभी जान बचाने के लिए इधर-उधर भागने लगे। घटना के बाद मौके पर चारों ओर अफरा-तफरी का माहौल व्याप्त हो गया। यह देख पांडाल व परिसर में लगे लाउडस्पीकर से लोगों को ऊपर बंधे पर जाने के लिए कहा गया। वहां मौजूद पुलिस व यातायात पुलिसकर्मियों ने मोर्चा संभाला व लोगों को नियंत्रित कर सुरक्षित स्थानों पर भेजा। करीब 12:40 बजे पहुंची दमकल के तीन बड़े, चार छोटे व पांच बुलेट टेंडर ने दोनों जगहों पर लगी आग पर काबू पाया। पानी के लिए नगर निगम के टैंकरों को भी बुलाया गया। करीब 1:30 बजे तक आग पर पूरी तरह काबू पाया।

# पीएनजी का इस्तेमाल करने वाले 93 धारकों को सरेंडर करना होगा सिलेंडर

- एलपीजी किल्लत के बीच कौशलपुरी में जल्द शुरू होगी पीएनजी सेवाएं

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** जिले में एलपीजी संकट के बीच पाइप्ड नेचुरल गैस (पीएनजी) का इस्तेमाल करने वाले लोगों के लिए बुरी खबर सामने आ रही है। अब ऐसे लोगों को अपना सिलेंडर सरेंडर करना होगा। नगर के 93 घरों में पीएनजी इस्तेमाल की जा रही है।

जिला आपूर्ति अधिकारी ने आदेश जारी कर दिया है। आदेश की अवहेलना करने वालों पर सख्त कार्रवाई होगी। अमेरिका, इजरायल व ईरान के बीच एलपीजी का संकट उत्पन्न हो गया है। भविष्य में ऐसे संकट का सामना न करना पड़े, इसके लिए एलपीजी (लिक्विड पेट्रोलियम गैस) पर निर्भरता कम कर पीएनजी को बढ़ावा दिया जा रहा है।

सरकार ने पीएनजी उपभोक्ताओं को तीन महीने में एलपीजी कनेक्शन सरेंडर करने और न करने पर सिलेंडर आपूर्ति बंद करने का आदेश दिया है। इसके बाद 24 मार्च को एक ओर आदेश जारी किया गया कि पीएनजी की आपूर्ति करने वाली कंपनी की ओर से उपभोक्ताओं को सूचना भेजी जाएगी कि वह एलपीजी कनेक्शन सरेंडर करें। जिला आपूर्ति अधिकारी बृजेश मिश्रा ने बताया कि अभी साकेतपुरी कॉलोनी में 93 लोग पीएनजी इस्तेमाल कर रहे हैं। उन्हें अपना सिलेंडर सरेंडर करना पड़ेगा। पीएनजी से जुड़े जिम्मेदारों से बातचीत हो गई है। कौशलपुरी में पीएनजी लाइन है, लेकिन लोक निर्माण विभाग की 600 मीटर सड़क का कोई कार्य होना बाकी है। उसके बाद कौशलपुरी में भी पीएनजी का संचालन हो जाएगा।

# सामूहिक पूजन व प्रसाद वितरण के साथ वासंतिक नवरात्र संपन्न

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** श्रीअध्यात्म शक्तिपीठ मुबारकगंज में शनिवार को सामूहिक पूजन, जप, हवन और प्रसाद वितरण के साथ वासंतिक नवरात्र का समापन हुआ। कार्यक्रम में देश के राज्यों और जिलों से साधक और श्रद्धालु पहुंचे थे। आध्यात्मिक पत्रिका अनादि आस्था को गुरुदेव पं. रामकृष्ण पांडेय आमिल के श्रीचरणों में समर्पित करने के बाद वितरण किया गया।

पीठ के आचार्य गिरिजा प्रसाद मिश्र की देखरेख में मुख्य अर्चक सुधीर कुमार पांडेय ने सामूहिक पूजन हवन आरंभ किया। पीठ परिसर में विराजमान भगवती तारा, मां पीतांबरा, महाकाली, महालक्ष्मी, महासरस्वती, ललिता त्रिपुरसुंदरी, भगवान भैरव, हरिद्रा गणपति, स्वामीजी महाराज और पीठ के संस्थापक गुरुदेव पं. रामकृष्ण पांडेय आमिल समेत सभी देवी-देवताओं के विग्रहों की विशेष पूजा अर्चना की। न्यास अध्यक्ष देवमित्र पांडेय, हिंदी संस्थान के पूर्व उपाध्यक्ष सुधाकर अदीब, संजय मालवीय, राजेश पाठक, जय प्रकाश सिंह, रोहित पांडेय मुन्ना, डा. रजनीश तिवारी, अजय कुमार तिवारी, आशीष, सुनीता, मिथुन यादव, अजीत सिंह, श्याम जायसवाल, आदर्श मिश्र, अपूर्व मिश्र, सुरेश विश्वकर्मा, रमेश विश्वकर्मा, गंगा द्विवेदी, राहुल पांडेय, जज स्वरांगी शुक्ल, सेवानिवृत्त डीआइजी बीडी शुक्ल, डॉ. आदित्य उपाध्याय आदि शामिल रहे।

# पति को आजीवन कारावास पत्नी को तीन साल की सजा

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार:** ट्यूबवेल पर सो रहे अधेड़ की कुल्हाड़ी से काटकर हत्या करने के मामले में कोर्ट ने आरोपी को हत्या का दोषी पाते हुए आजीवन कठोर कारावास की सजा से दंडित किया है। उस पर 11 हजार जुर्माना भी हुआ है। आरोपी की पत्नी को कोर्ट ने साक्ष्य छिपाने में तीन साल की सजा तथा एक हजार रुपए जुर्माना से से दंडित किया है। फैसला अपर जिला जज इंद्रजीत सिंह की अदालत से शनिवार को हुआ।

सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता अभय वैश्य ने बताया कि घटना मवई कोतवाली के सामैसी गांव का है। इसी गांव के रहने वाले रामनाथ कोरी 7 मई 2021 को अपने ट्यूबवेल पर सोने गए थे। रात में उनके गांव के धोखई कोरी ने कुल्हाड़ी से उनका सिर धड़ से अलग कर दिया और उसे ले जाकर अपने घर के सामने चबूतरे के नीचे छुपा दिया। इसकी रिपोर्ट मृतक के भतीजे रामबरन ने दर्ज कराई थी। रिपोर्ट दर्ज होने के बाद पुलिस ने धोखई और उसकी पत्नी राजरानी को गिरफ्तार किया। राजरानी के निशान देही पर चबूतरे के नीचे छुपाया गया सिर बरामद हुआ तथा धोखई के निशान देही पर हत्या में प्रयुक्त आला कत्ल कुल्हाड़ी बरामद हुआ था। विवेचना के बाद पुलिस ने धोखई के खिलाफ हत्या तथा उसकी पत्नी के खिलाफ साक्ष्य छिपाने की धारा में आरोप पत्र अदालत में प्रस्तुत किया। सुनवाई के बाद कोर्ट ने दोषी पाते हुए दोनों को सजा से दंडित किया।

### मिशन शक्ति के तहत निकाली स्कूटी रैली


पुलिस लाइन से महिला पुलिसकर्मियों ने निकाली स्कूटी रैली। अमृत विचार

**अयोध्या, अमृत विचार :** मिशन शक्ति फेज-पांच के तहत शनिवार को पुलिस लाइंस से महिला पुलिसकर्मियों ने स्कूटी रैली निकाली। इसे एसएसपी डॉ गौरव ग्रोवर ने हरी झंडी दिखायी। यह रैली रिजर्व पुलिस लाइंस से प्रारंभ होकर पुष्पराज चौराहा, रिकाबगंज, नियावां, उदया चौराहा होते हुए वापस पुलिस लाइंस परिसर पहुंची। एसएसपी ने बताया कि इस रैली का उद्देश्य समाज में महिलाओं को उनके कानूनी और संवैधानिक अधिकारों के प्रति जागरूक बनाना है। साथ ही समाज में उनके अधिकारों एवं सम्मान के प्रति जागरूकता बढ़ाना रहा। इस अवसर पर एसपी ग्रामीण बलवंत चौधरी समेत अन्य मौजूद रहे।

### महिला परिचालकों की भर्ती को आए 90 आवेदन

**अयोध्या, अमृत विचार :** परिवहन निगम द्वारा महिला परिचालकों की भर्ती के लिए अयोध्या धाम बस स्टेशन स्थित आरएम कार्यालय पर भर्ती मेला लगाया गया। क्षेत्रीय प्रबंधक विमल राजन ने बताया कि भर्ती मेले में अयोध्या, अंबेडकरनगर, सुलतानपुर व अमेठी जनपद की कुल 90 महिलाओं ने आवेदन किया। इसमें अयोध्या जनपद की 46, अंबेडकरनगर की 18, सुल्तानपुर की 22 व अमेठी की चार महिलाएं शामिल रहीं। बताया कि एक सप्ताह में इनके कागजातों की जांच कर मेरिट बनाकर जारी कर दी जाएगी। चयनित महिलाओं को एक सप्ताह का प्रशिक्षण देने के उपरांत उनके गृह जनपद में तैनाती दी जाएगी। अयोध्या परिक्षेत्र में 350 महिला परिचालकों की भर्ती को मेला आयोजित किया गया था।

### पर्स व मोबाइल चुराने वाली 4 महिलाएं गिरफ्तार

**अयोध्या कार्यालय, अमृत विचार :** कोतवाली अयोध्या पुलिस ने रामनवमी मेले में श्रद्धालुओं का पर्स व मोबाइल चोरी करने वाले गिरोह की चार महिलाओं को गिरफ्तार किया है। इनके पास से चोरी किए गए तीन महंगे मोबाइल फोन, 17 हजार नगद, चार लेडीज हैंडबैग व पर्स समेत अन्य सामान बरामद हुआ। सीओ अयोध्या आशुतोष तिवारी ने बताया कि रामनवमी मेले में महिला चोरों के गिरोह के सक्रिय होने की सूचना थी। तीन पीड़िताओं की शिकायत पर केस भी दर्ज किया गया था। घटना की जांच कर रहे अयोध्या कोतवाल पंकज सिंह व उनकी टीम ने एक सूचना के आधार पर शनिवार की सुबह सरयू नयापुल अयोध्या-बस्ती मार्ग हाईवे के किनारे से चार महिलाओं को गिरफ्तार किया। इनकी पहचान कमलावती निवासी विशुनपुर थाना बरौली जनपद गोपालगंज बिहार, जानकी निवासी सत्तीबाग थाना यादवपुर जनपद गोपालगंज बिहार, सिंगेश्वरी निवासी बिजुरतीहाता थाना पचरूखी जनपद सीवान बिहार व शांति देवी निवासी खजुरिया थाना बरौली जनपद गोपालगंज बिहार के रूप में हुई। इनके पास से तीन घटनाओं में चोरी किया संपूर्ण सामान भी बरामद हुआ। तीनों का चालान कर दिया गया है।


मनमानी

हमेशा विवादों में रही सीएचसी का एक और बड़ा कारनामा

# सीएचसी सोहावल में फाड़ा गया हाजिरी का सबूत

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** अक्सर विवादों में रहने वाली सोहावल सीएचसी अब एक और नए कारनामे की वजह से चर्चा में आ गई है। इस बार मामला चिकित्सकीय कार्य का नहीं बल्कि हाजिरी रजिस्टर के फाड़े जाने का है। यह सब कुछ सीएमओ के औचक निरीक्षण के पहले होना बताया जा रहा है। बड़ी ही सफाई से मार्च माह का वह पन्ना गायब कर दिया गया, जिसमें अधीक्षक समेत तमाम वरिष्ठ चिकित्सकों के नाम थे। ईद की 21 मार्च शनिवार को छुट्टी पड़ जाने के कारण तहसील समाधान दिवस का आयोजन नहीं हो पाया था। इसके बाद 23 मार्च को जिलाधिकारी निखिल टीकाराम फुंडे की अध्यक्षता में सोहावल तहसील में समाधान दिवस का आयोजन हुआ। इस दौरान जिले के समस्त विभागों के अधिकारी वहां मौजूद रहे। सूत्रों की मानें तो कार्यक्रम के बाद सीएमओ डॉ. देवेंद्र कुमार भिटौरिया ने सोहावल सीएचसी के औचक निरीक्षण किया। अस्पताल परिसर की सुविधाएं परखीं। इसके बाद उन्होंने हाजिरी रजिस्टर देखा तो वह दंग रह गए। मार्च माह का पन्ना फटा हुआ था। सीरियल नंबर 18 के बाद के कर्मचारी व चिकित्सकों के नाम नहीं थे। उन्होंने मौके पर मौजूद अधीक्षक डॉ. आकांक्षा वर्मा से पूछताछ करते हुए गहरी नाराजगी व्यक्त की।


हाजिरी रजिस्टर से फटा पन्ना। अमृत विचार

> मामला मेरे संज्ञान में है। अधीक्षक से स्पष्टीकरण मांगा गया है, लेकिन अभी तक कोई जवाब नहीं मिला है।
>
> –डॉ. देवेंद्र कुमार भिटौरिया, सीएमओ

**मामले को डकारने का चल रहा प्रयास :** बताया जाता है कि हाजिरी का रजिस्टर फार्मासिस्ट या अधीक्षक के पास रहता है, लेकिन सीएमओ के पहुंचने से पहले रजिस्टर के पन्ने को किसने फाड़ा? रजिस्टर में सबसे अधिक कौन अनुपस्थित था? या किसी के कहने पर रजिस्टर को फाड़ दिया गया? यह बड़ा सवाल बनकर उभरा है। मामले को डकारने व बचाने का प्रयास चल रहा है।

**सुनबा सीएचसी में भी हो चुका कांड :** हाल ही में सुनबा सीएचसी में हाजिरी रजिस्टर का एक कांड सामने आया था। इसमें अपने चहेतों को बचाने व सबसे ज्यादा छुट्टी देने के लिए उसके नाम के आगे अब्सेंट लगा दिया था। इसके बाद उस पर सफेदा लगाकर हस्ताक्षर कराया गया था। इस मामले में अधीक्षक डॉ. अखिलेश उपाध्याय ने घटना के संज्ञान में होने की बात कही थी।

# सीएमओ साहब, मेरी सेवा पुस्तिका गायब हो गयी

**अयोध्या अमृत विचार:** सीएचसी मिल्कीपुर के अंतर्गत मवई खुर्द उपकेंद्र पर तैनात एएनएम साधना मिश्रा ने कार्यालय से सेवा पुस्तिका गायब हो जाने की शिकायत सीएमओ डॉ. देवेंद्र कुमार भिटौरिया से की है। उसने कहा है कि पूर्व में कार्यरत वरिष्ठ लिपिक शशिभूषण तिवारी को सीएचसी से सीएमओ कार्यालय सम्बद्ध कर दिया गया। बाद में अधीक्षक मिल्कीपुर द्वारा कई बार शशिभूषण तिवारी व तत्कालीन सीएमओ से पत्राचार किया गया, लेकिन कोई निष्कर्ष नहीं निकलने पर आठ सदस्यीय कमेटी की मौजूदगी में 31 अक्टूबर को कार्यालय का ताला तोड़ा गया। उपलब्ध अभिलेखों की जो सूची सीएचसी कर्मचारी/अधिकारी ग्रुप में प्रस्तुत की गई, उसमें सेवा पुस्तिका का कोई उल्लेख नहीं है जबकि स्थानान्तरित पूर्व वरिष्ठ लिपिक शशिभूषण तिवारी द्वारा मार्च 2025 को मेरे सेवा पुस्तिका का अवलोकन कराया गया था। वर्तमान वरिष्ठ लिपिक उद्यम सिंह ने बताया कि अलमारियों में सेवा पुस्तिका नहीं है।

## एलपीजी सिलेंडर की आपूर्ति प्रभावित: जुबिलेंट फूडवर्क्स

नयी दिल्ली। जुबिलेंट फूडवर्क्स लि. ने शनिवार को कहा कि पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष के कारण उसके कुछ रेस्तरां में एलपीजी सिलेंडरों की आपूर्ति बाधित हुई है। डोमिनोज पिज्जा और डंकिन डोनट्स सहित फास्ट-फूड श्रृंखला संचालित करने वाली कंपनी ने कहा कि वह बिजली तथा पीएनजी जैसे वैकल्पिक साधनों की ओर तेजी से बढ़ रही है।

अमृत विचार
लखनऊ, रविवार, 29 मार्च 2026
www.amritvichar.com



## बिजनेस ब्रीफ

### सेल के सीएमडी पद के लिए अशोक पांडा के नाम की सिफारिश

नयी दिल्ली। सरकार में शीर्ष पदों के लिए चयन करने वाली संस्था लोक उद्यम चयन बोर्ड (पीईएसबी) ने सार्वजनिक क्षेत्र की इस्पात कंपनी स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड (सेल) के चेयरमैन और प्रबंध निदेशक पद के लिए अशोक कुमार पांडा के नाम की सिफारिश की है। पांडा उन 10 चयनित उम्मीदवारों में शामिल थे जिनका साक्षात्कार सेल में चेयरमैन और प्रबंध निदेशक (सीएमडी) पद के लिए लिया गया था। सेल के वर्तमान सीएमडी अमरेंदु प्रकाश का कार्यकाल दो अप्रैल, 2026 को समाप्त हो रहा है। उन्होंने 31 मई, 2023 को इस पद का कार्यभार संभाला था।

### रेंटोमोजो ने आईपीओ के लिए सौंपे दस्तावेज

नयी दिल्ली। घरेलू फर्नीचर और उपकरण किराये पर देने वाली कंपनी रेंटोमोजो लिमिटेड ने आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) के माध्यम से धन जुटाने के लिए बाजार नियामक भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) के समक्ष प्रारंभिक दस्तावेज दाखिल किए हैं। शुक्रवार को दाखिल की गई विवरण पुस्तिका (डीआरएचपी) के अनुसार, प्रस्तावित आईपीओ में 150 करोड़ रुपये तक के शेयर का नया निर्गम और मौजूदा शेयरधारकों द्वारा 2,83,99,567 शेयर तक की बिक्री की पेशकश (ओएफएस) शामिल है। कंपनी ने कहा कि नए शेयरों से प्राप्त राशि का उपयोग कर्ज चुकाने, गोदाम और स्टोर के लिए पट्टा या लाइसेंस शुल्क देने, और सामान्य व्यावसायिक कार्यों के लिए किया जाएगा।

### थर्मैक्स बैबकॉक को 1,600 करोड़ का ऑर्डर

नयी दिल्ली। ऊर्जा समाधान उपलब्ध कराने वाली कंपनी थर्मैक्स की अनुषंगी थर्मैक्स बैबकॉक एंड विल्कॉक्स एनर्जी सॉल्यूशंस (टीबीडब्ल्यूएस) ने एक अत्याधुनिक तापीय विद्युत परियोजना के लिए लगभग 1,600 करोड़ रुपये के बॉयलर पैकेज आपूर्ति का ऑर्डर हासिल किया है। कंपनी के अनुसार, यह ऑर्डर भारत की एक प्रमुख तापीय ऊर्जा परियोजना कंपनी से 800 मेगावाट के संयंत्र के लिए मिला है। बयान में कहा गया है कि ऑर्डर के तहत बॉयलर का निर्माण, आपूर्ति, चालू करना और प्रदर्शन परीक्षण शामिल है।

### फोर्टिस को 117 करोड़ का आयकर नोटिस

नयी दिल्ली। फोर्टिस हेल्थकेयर लि. की इकाई फोर्टिस हॉस्पिटल्स लि. को आयकर विभाग से 117 .04 करोड़ रुपये का नोटिस मिला है। कंपनी ने शेयर बाजार को दी सूचना में बताया कि फोर्टिस हॉस्पिटल्स लिमिटेड को 27 मार्च 2026 का आयकर आदेश प्राप्त हुआ है, जो आकलन वर्ष 2024-25 से संबंधित है। इसके तहत 117 .04 करोड़ रुपये की मांग की गई है। कंपनी ने कहा कि वह इस आदेश के खिलाफ अपील समेत सभी विकल्पों पर विचार कर रही है।

# बाहरी झटकों से वृद्धि पर नकारात्मक प्रभाव का जोखिम: वित्त मंत्रालय

## बदलते हालात में सतत निगरानी और समायोजित प्रतिक्रिया बनाए रखना महत्वपूर्ण

नयी दिल्ली, एजेंसी




देश में निकट भविष्य का परिदृश्य अनिश्चित बना हुआ है। बाहरी झटके विशेष रूप से पश्चिम एशिया संकट, कच्चे माल की उच्च लागत और संभावित आपूर्ति बाधाएं वृद्धि के लिए जोखिम पैदा कर रही हैं। वित्त मंत्रालय ने शनिवार को एक रिपोर्ट में यह कहा। हालांकि रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि मजबूत वृहद आर्थिक बुनियाद और ठोस घरेलू मांग प्रभाव को कम करने में मदद कर सकते हैं।

वित्त मंत्रालय के आर्थिक मामलों के विभाग द्वारा जारी मार्च माह की मासिक आर्थिक समीक्षा के अनुसार वैश्विक घटनाओं ने भारत के लिए जटिल और बहुस्तरीय जोखिम पैदा कर दिए हैं। इसका कारण देश एक प्रमुख ऊर्जा आयातक होने के साथ-साथ पश्चिम एशिया क्षेत्र के साथ मजबूत व्यापार, निवेश और धन प्रेषण का जुड़ाव है।

इसमें कहा गया- हालांकि भारत के अपेक्षाकृत मजबूत वृहद आर्थिक बुनियाद और निरंतर नीतिगत प्रयास मजबूती प्रदान करते हैं, लेकिन बदलती स्थिति के लिए गहन निगरानी और सुविचारित नीतिगत प्रतिक्रियाओं की आवश्यकता है। रिपोर्ट के अनुसार ऊर्जा विविधीकरण, कृषि क्षेत्र में तैयारी, मुद्रास्फीति की स्थिति, बाह्य क्षेत्र की मजबूती और नीतिगत उपायों के जरिये सरकार के हस्तक्षेप आर्थिक प्रणाली की क्षमता को मजबूत करता है ताकि वैश्विक घटनाओं से उत्पन्न होने वाले अल्पकालिक व्यवधानों को सहन किया जा सके।

इसके साथ ही, बदलती परिस्थितियों को देखते हुए सतत निगरानी और समायोजित प्रतिक्रिया बनाए रखना भी महत्वपूर्ण है।

रिपोर्ट में कहा गया कि इन उपायों और मौजूदा आर्थिक सुरक्षा पहल के साथ कुछ सहारा मिलने के बावजूद, जोखिमों का संतुलन नकारात्मक दिशा में बना हुआ है। ऐसे हालात में, लगातार सतर्कता बनाए रखना और सक्रिय नीतिगत कदम उठाना आवश्यक होगा ताकि बदलती वैश्विक अनिश्चितताओं के प्रभाव को कम किया जा सके। हाल में तेल की कीमतों में उछाल मध्यम अवधि में महंगाई के लिए जोखिम पैदा करता है, क्योंकि ऊंची ऊर्जा लागत विशेष रूप से ईंधन-निर्भर क्षेत्रों में धीरे-धीरे घरेलू कीमतों में तेजी के रूप में बदलती है। रिपोर्ट में कहा गया कि अगर तेल और गैस की कीमतें लगातार बढ़ती रही, तो इससे विभिन्न क्षेत्रों में लागत बढ़ने के और प्रभाव पड़ सकते हैं। इसके बावजूद, सरकार सतर्क है और घरेलू ऊर्जा की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करने तथा संभावित महंगाई दबाव को कम करने के उपाय कर रही है।

रिपोर्ट में कहा गया है कि वैश्विक कच्चे तेल की ऊंची कीमतें भी वस्तु व्यापार संतुलन के लिए जोखिम पैदा करती हैं, जबकि बाहर से भेजा जाने वाला पैसा (धन प्रेषण) को लेकर दृष्टिकोण भी संवेदनशील बना हुआ है क्योंकि खाड़ी सहयोग परिषद की अर्थव्यवस्थाओं का वित्त वर्ष 2023-24 में भारत के कुल धन प्रेषण में लगभग 38 प्रतिशत हिस्सा था। इसमें कहा गया कि तेजी से अनिश्चित होते वैश्विक परिवेश में, भारतीय अर्थव्यवस्था की मजबूती ठोस घरेलू बुनियाद पर निर्भर करेगा। रिपोर्ट में कहा गया कि आर्थिक वृद्धि को मजबूत बनाए रखने के लिए लगातार संरचनात्मक सुधारों पर ध्यान देना जरूरी होगा, ताकि प्रतिस्पर्धा बढ़े, कार्यकुशलता बढ़े और निवेश को बढ़ावा मिले।

# बीआईयू और बीएफआई के बीच नवाचार इकोसिस्टम को लेकर साझा रोडमैप तय

कार्यालय संवाददाता, बरेली



बीएफआई प्रतिनिधियों के साथ बैठक में मौजूद बीआईयू कुलपति डॉ. लता अग्रवाल। साथ में डॉ. वरुण अग्रवाल एवं डॉ. अर्जुन अग्रवाल। फोटो: अमृत विचार

बरेली इंटरनेशनल यूनीवर्सिटी (बीआईयू) में शनिवार को ब्लॉकचेन फॉर इम्पैक्ट (बीएफआई) के साथ महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई, जिसमें विश्वविद्यालय के नवाचार इकोसिस्टम को मजबूत बनाने की दिशा में हुई प्रगति और भविष्य की रणनीति पर चर्चा की गई।

बैठक में बीएफआई की ओर से प्रोग्राम डायरेक्टर डॉ. श्वेता जिंदल और प्रोग्राम मैनेजर डॉ. सोनालिका सिंह शामिल रहीं। इस दौरान बीआईयू की कुलपति डॉ. लता अग्रवाल की उपस्थिति में एमओयू का आदान-प्रदान किया गया। कार्यक्रम में डॉ. वरुण अग्रवाल, डॉ. अर्जुन अग्रवाल और इन्क्यूबेशन सेंटर के सीईओ क्लॉडियस लाजरुस भी मौजूद रहे।

कार्यक्रम की शुरुआत डॉ. अर्जुन अग्रवाल के स्वागत भाषण से हुई। इसके बाद इन्क्यूबेशन टीम ने प्रस्तुति के माध्यम से विश्वविद्यालय में नवाचार को बढ़ावा देने के लिए किए जा रहे प्रयासों को साझा किया। इसमें छात्रों, शिक्षकों और शोधकर्ताओं की सक्रिय भागीदारी पर विशेष जोर दिया गया। बैठक के दौरान छात्र नवाचार प्रोजेक्ट्स का प्रदर्शन भी किया गया, जिसने सभी का ध्यान आकर्षित किया। इन प्रस्तुतियों के माध्यम से परिसर में विकसित हो रही उद्यमिता और समस्या-समाधान की संस्कृति को दर्शाया गया। साथ ही विभिन्न कॉलेजों के प्राचार्यों और फैकल्टी सदस्यों ने सहभागिता बढ़ाने और अंतर-विषयी सहयोग को मजबूत करने पर विचार रखे। बीएफआई प्रतिनिधियों ने बीआईयू के संरचित और गुणवत्ता-आधारित दृष्टिकोण की सराहना की। डॉ. श्वेता जिंदल ने विश्वविद्यालय को नवाचार के क्षेत्र में निरंतर प्रगति बनाए रखने और इन्क्यूबेशन प्रक्रिया को और सुदृढ़ करने की सलाह दी।

बैठक का समापन नवाचार इकोसिस्टम को और प्रभावी बनाने तथा विश्वविद्यालय को विकास के अगले चरण तक ले जाने की साझा प्रतिबद्धता के साथ हुआ।

# व्यापार में बदले की कार्रवाई के तहत शुल्क लगाने को उचित नहीं ठहराएं

नयी दिल्ली, एजेंसी

- भारत ने डब्ल्यूटीओ के सदस्यों को 'पारदर्शिता' के दुरुपयोग को लेकर चेताया

भारत ने विश्व व्यापार संगठन (डब्ल्यूटीओ) के सदस्यों को चेतावनी दी है कि वे शुल्क लगाने को उचित ठहराने या वैध घरेलू नीतियों को चुनौती देने के लिए डब्ल्यूटीओ के पारदर्शिता प्रावधान का दुरुपयोग न करें। भारत ने कहा कि 'पारदर्शिता'' को निरंतर क्षमता निर्माण सहायता के जरिये समर्थन दिया जाना चाहिए ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि सभी देश निष्पक्ष और प्रभावी ढंग से अपने दायित्वों का पालन करें। डब्ल्यूटीओ के व्यापार में तकनीकी बाधाओं से संबंधित समझौते में पारदर्शिता एक महत्वपूर्ण भाग है। इसके तहत, सदस्य देशों को अपनी व्यापार नीतियों, सब्सिडी और नियामक उपायों के बारे में नियमित और स्पष्ट रूप से जानकारी साझा करनी होती है। अमेरिका डब्ल्यूटीओ सुधार प्रस्ताव के तहत अनिवार्य खुलासों पर सख्त नियमों के लिए दबाव डाल रहा है।

उसका आरोप है कि कई देश डब्ल्यूटीओ को सब्सिडी, शुल्क या नीतिगत बदलावों की सूचना समय पर नहीं देते हैं। डब्ल्यूटीओ के विकासशील सदस्य देश सैद्धांतिक रूप से पारदर्शिता के महत्व से सहमत हैं, लेकिन अमेरिका द्वारा इसे लागू करने के तरीके पर उन्हें गंभीर आपत्ति है।

# केंद्र सरकार का शहरी क्षेत्रों में पीएनजी नेटवर्क के तेज विस्तार पर जोर

नयी दिल्ली, एजेंसी

केंद्र सरकार ने शनिवार को देश के शहरी क्षेत्रों में पीएनजी नेटवर्क के तेजी से विस्तार पर जोर दिया। पश्चिम एशिया संघर्ष के कारण एलपीजी आपूर्ति संबंधी चिंताओं के बीच पीएनजी नेटवर्क को बढ़ावा दिया जा रहा है।



केंद्रीय आवास एवं शहरी मामलों के मंत्री मनोहर लाल ने एक ही जगह सभी प्रकार की मंजूरी प्रणाली, शहरी नियोजन में गैस पाइपलाइन का एकीकरण और अंतिम-छोर तक कनेक्टिविटी में सुधार सहित प्रमुख प्राथमिकताओं का उल्लेख किया।

उन्होंने पेट्रोलियम मंत्री हरदीप सिंह पुरी, उपभोक्ता मामलों के मंत्री प्रल्हाद जोशी, राज्य प्रतिनिधियों और उद्योग जगत के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में आयोजित एक गोलमेज सम्मेलन में 50 लाख नए पीएनजी (पाइप के जरिये घरों में पहुंचने वाली रसोई गैस) कनेक्शन प्रदान करने के महत्वाकांक्षी लक्ष्य का उल्लेख किया। आवास एवं शहरी मामलों के मंत्रालय के एक बयान के अनुसार, अधिकारियों ने देश में पीएनजी विस्तार को धीमा करने वाली प्रमुख बाधाओं को जिक्र किया, जिनमें नगरपालिका अनुमतियों में देरी, मार्ग अधिकार (आरओडब्ल्यू) अनुमोदन और उच्च बहाली यानी मरम्मत शुल्क शामिल हैं।

राज्यों ने ऐसे शुल्कों को युक्तिसंगत बनाने या माफ करने तथा समयबद्ध मंजूरी प्रणालियों को अपनाने की आवश्यकता बतायी। शहरी क्षेत्रों में मौजूदा बुनियादी ढांचे के साथ तरलीकृत पेट्रोलियम गैस (एलपीजी) से पीएनजी में चरणबद्ध परिवर्तन पर व्यापक सहमति है।

### पीएम ई-ड्राइव योजना में संशोधन, समय सीमा तय

नयी दिल्ली, एजेंसी। सरकार ने ई-स्कूटर और ई-रिक्शा के लिए नई समय सीमा और अधिकतम वाहनों की संख्या तय करने के लिए इलेक्ट्रिक वाहनों को बढ़ावा देने की योजना पीएम ई-ड्राइव में संशोधन किया है। केंद्र सरकार ने 10,900 करोड़ रुपये की पीएम ई-ड्राइव (पीएम इलेक्ट्रिक ड्राइव रिवोल्यूशन इन इनोवेटिव व्हीकल एनहांसमेंट) दिशानिर्देश संशोधित किए हैं। इसके अनुसार, 31 जुलाई, 2026 तक पंजीकृत इलेक्ट्रिक दोपहिया वाहन और 31 मार्च, 2028 तक पंजीकृत इलेक्ट्रिक तीनपहिया वाहन (ई-रिक्शा और ई-कार्ट) योजना के तहत प्रोत्साहन पाने के पात्र होंगे। प्रोत्साहन राशि का लाभ उठाने के लिए अधिकतम शोरूम कीमत इलेक्ट्रिक दोपहिया वाहनों के लिए 1.5 लाख रुपये और इलेक्ट्रिक तिपहिया वाहनों (ई-रिक्शा और ई-कार्ट) के लिए 2 .5 लाख रुपये तक सीमित है।

सुरक्षा विशेषज्ञ की बात | भारत की डिजिटल सार्वजनिक व्यवस्था 'इंडिया स्टैक' अब दुनिया के लिए एक उदाहरण

# साइबर खतरे अब डेटा ही नहीं, जीवन को भी जोखिम

नयी दिल्ली, एजेंसी

बढ़ते साइबर हमलों के बीच अब खतरा सिर्फ आंकड़ों की चोरी तक सीमित नहीं रहा, बल्कि यह सीधे लोगों की जान के लिए भी जोखिम बन गया है। एक वरिष्ठ साइबर सुरक्षा विशेषज्ञ ने यह बात कही। डेलॉयट के दक्षिण एशिया में भागीदार और साइबर मामलों के प्रमुख गौरव शुक्ला ने कहा कि सूचना प्रौद्योगिकी और संचालन प्रणालियों के आपस में जुड़ने से हमलों का दायरा बढ़ गया है। इससे विमानन, परिवहन और सार्वजनिक सेवाओं जैसे क्षेत्र ज्यादा खतरे में आ गए हैं।

उन्होंने कहा-पिछले कुछ वर्षों में डिजिटल बदलाव तेजी से हुआ है, जिससे हमले की संभावनाएं भी बढ़ी हैं। जितनी ज्यादा प्रणालियां जुड़ती हैं, उतने ही अधिक मौके हमलावरों को मिलते हैं। शुक्ला ने उदाहरण देते हुए कहा कि अगर आप राजमार्ग पर 120 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से आधुनिक प्रौद्योगिकी से लैस कार चला रहे हों और अचानक उसका




- करीब 24 देशों को भारत जैसी ही सार्वजनिक व्यवस्था बनाने में सलाह दे रहा है डेलॉयट

स्टीयरिंग आपके नियंत्रण में न रहे, तो आप अपने बैंक खाते की नहीं, बल्कि अपनी जान की चिंता करेंगे।

उन्होंने कहा कि इससे साफ है कि अब साइबर सुरक्षा केवल डेटा की सुरक्षा तक सीमित नहीं रही, बल्कि यह सीधे मानव जीवन की सुरक्षा से जुड़ गई है। शुक्ला ने बताया कि अगर किसी चिकित्सा उपकरण में साइबर हमला कर मरीज के बारे में जानकारी बदल दिए जाएं, तो यह जानलेवा हो सकता है। वहीं, बिजली उत्पादन या आपूर्ति व्यवस्था पर हमला होने से पूरे देश में अंधेरा छा सकता है। उन्होंने यह भी कहा कि दुनिया की करीब आठ अरब आबादी के बीच 30 अरब से ज्यादा सेंसर वाले उपकरण मौजूद हैं, यानी हर व्यक्ति के आसपास औसतन तीन से अधिक ऐसे उपकरण होते हैं। भारत की डिजिटल प्रगति पर उन्होंने कहा कि देश की डिजिटल सार्वजनिक व्यवस्था, जिसे आम तौर पर 'इंडिया स्टैक' कहा जाता है, अब दुनिया के लिए एक उदाहरण बन चुकी है। डेलॉयट करीब 24 देशों को ऐसी ही व्यवस्था बनाने में सलाह दे रहा है।

हालांकि उन्होंने चेतावनी दी कि जैसे-जैसे यह व्यवस्था पहचान और भुगतान से आगे बढ़कर शिक्षा और स्वास्थ्य तक पहुंचेगी, वैसे-वैसे नए खतरे भी पैदा होंगे। जनवरी में भारत के लगभग 80 प्रतिशत डिजिटल भुगतान इसी व्यवस्था के माध्यम से हुए, इसलिए इसकी सुरक्षा राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए बहुत महत्वपूर्ण है।



## पांच राज्यों में विधानसभा चुनाव महासंग्राम




# पश्चिम बंगाल चुनाव देश की सुरक्षा के लिए अहम: अमित शाह

## गृहमंत्री ने तृणमूल सरकार के खिलाफ जारी किया आरोप पत्र

कोलकाता, एजेंसी

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शनिवार को तृणमूल कांग्रेस सरकार के खिलाफ एक 'आरोपपत्र' जारी किया तथा पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव को देश की सुरक्षा के लिए अहम बताते हुए भाजपा के प्रचार अभियान को और तेज कर दिया। शाह ने राज्य में सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस पर तीखा हमला बोलते हुए आरोप लगाया कि इसके 15 साल के शासन के दौरान बंगाल देश के लिए घुसपैठ, तुष्टीकरण की राजनीति और सीमा पर असुरक्षा का प्रमुख गलियारा' बन गया है। उन्होंने कहा कि ममता दीदी ने हमेशा 'विक्टिम कार्ड' की राजनीति खेली है। कभी वह अपनी चोट की बात करती हैं, तो कभी निर्वाचन आयोग को भला-बुरा कहती हैं। जनता अब ममता दीदी की 'विक्टिम कार्ड' वाली राजनीति को अच्छी तरह समझ चुकी है।

निर्वाचन आयोग की एसआईआर कवायद का विरोध करने पर शाह ने बनर्जी पर निशाना साधते हुए कहा


चुनाव रैली में तृणमूल कांग्रेस के खिलाफ आरोप पत्र जारी करते गृहमंत्री अमित शाह।

कि वह अल्पसंख्यक वोट बैंक को बचाने को ऐसी चीजें कर रही हैं।

शाह ने कहा कि मतदाता सूची का विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) अन्य राज्यों में भी हुआ है, लेकिन कहीं भी इसे इतना बड़ा मुद्दा नहीं बनाया गया। बंगाल में इसे मुद्दा सिर्फ इसलिए बनाया गया है, क्योंकि ममता बनर्जी अपने वोट बैंक को बचाना चाहती हैं। निर्वाचन आयोग जैसे संवैधानिक निकायों का अपमान करना बंगाली संस्कृति का हिस्सा नहीं है। यह दावा करते हुए कि असम में भाजपा के सत्ता में आने के बाद वहाँ से घुसपैठ लगभग खत्म हो गई है।

शाह ने आरोप लगाया कि अब पश्चिम बंगाल आखिरी बचा हुआ रास्ता बनकर उभरा है, जिसके ज़रिए घुसपैठिए भारत में प्रवेश करते हैं और अलग-अलग राज्यों में फैल जाते हैं। शाह ने कहा कि बंगाल चुनाव न केवल बंगाल के लिए, बल्कि पूरे देश के लिए महत्वपूर्ण है। एक तरह से, पूरे देश की सुरक्षा बंगाल चुनाव से जुड़ी हुई है। उन्होंने दावा किया कि पश्चिम बंगाल की सीमाओं से होने वाला अवैध प्रवासन राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए चिंता का विषय बन गया है।

शाह ने अपने सबसे तीखे हमलों में से एक में कहा कि रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण सिलीगुड़ी कॉरिडोर की सुरक्षा तृणमूल सरकार की तुष्टीकरण और वोट बैंक की राजनीति के कारण खतरे में पड़ गई है। संकरी पट्टी वाला सिलीगुड़ी कॉरिडोर पूर्वोत्तर को शेष भारत से जोड़ता है। उन्होंने आरोप लगाया कि केंद्र के बार-बार अनुरोध के बावजूद, ममता बनर्जी सरकार ने बांग्लादेश सीमा पर बाड़ लगाने को जमीन उपलब्ध नहीं कराई है।



पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने रानीगंज में एक जनसभा को संबोधित किया। यहां उन्होंने कहा कि बंगाल को तबाह करने की कोशिश से भाजपा देश में सत्ता गंवा देगी। कहा कि मतदाता सूची के एसआईआर के दौरान मतदाताओं के नाम हटाने के लिए निर्वाचन आयोग भाजपा के इशारे पर काम कर रहा है।

### भाजपा उपद्रवियों की पार्टी : अभिषेक बनर्जी

कोलकाता, एजेंसी। तृणमूल कांग्रेस के नेता अभिषेक बनर्जी ने शनिवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) को उपद्रवियों की पार्टी करार दिया और उसपर राज्य में रामनवमी रैलियों के दौरान हिंसा भड़काने का आरोप भी लगाया। पार्टी के दो नंबर के नेता बनर्जी ने बीरभूम जिले के लाभपुर में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए कहा कि बंगाल के लोग पारंपरिक रूप से सभी त्योहारों को सौहार्दपूर्वक मनाते आए हैं। कहा कि क्या आपने दुर्गा पूजा, काली पूजा, जगद्धात्रि पूजा, ईद, छठ पूजा, क्रिसमस या जैन समुदाय द्वारा निकाली जाने वाली यात्राओं के दौरान किसी उपद्रव या झड़प की कोई घटना सुनी है? तो फिर रामनवमी जैसे पवित्र अवसर का उपयोग वे (भाजपा) हिंसा और अराजकता पैदा करने के लिए क्यों कर रहे हैं? चुनाव से पहले पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद जिले के कुछ हिस्सों में शुक्रवार को उस वक्त तनाव फैल गया, जब रामनवमी जुलूस के दौरान झड़पें हुईं। कई स्थानों से पथराव, तोड़फोड़ और आगजनी की घटनाएँ रिपोर्ट हुईं। डायमंड हार्बर से लोकसभा सांसद ने बिना किसी घटना का उल्लेख किए आरोप लगाया कि भाजपा का मतलब उपद्रवी होना है। उन्होंने दावा किया कि भाजपा और इसके सहयोगी संगठन रामनवमी के जुलूसों में गुंडों को लाते हैं, जो तलवारें लहराते हैं और सार्वजनिक रूप से शराब पीते हैं। डायमंड हार्बर के सांसद ने लाभपुर रैली में कहा कि केवल रामनवमी के दौरान ही हिंसा की रिपोर्ट क्यों होती है?

### तमिलनाडु: द्रमुक ने 164 सीटों पर घोषित किये उम्मीदवार

चेन्नई, एजेंसी। तमिलनाडु में सत्तारूढ़ द्रमुक ने शनिवार को 23 अप्रैल को होने वाले विधानसभा चुनावों के लिए 164 सीट पर अपने उम्मीदवारों के नाम घोषित किए। पार्टी ने मुख्यमंत्री एम.के. स्टालिन और उनके बेटे एवं उपमुख्यमंत्री उदयनिधि को उनकी मौजूदा सीटों से फिर से नामांकित किया है। ज्यादातर मंत्रियों, विधायकों और वरिष्ठ नेताओं को टिकट दिया गया है। पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए द्रमुक अध्यक्ष स्टालिन ने कहा कि वह कोलाथुर से एक बार फिर चुनाव लड़ेंगे। उदयनिधि भी इसी शहर के चेपॉक-ट्रिप्लिकेन से दोबारा चुनाव लड़ रहे हैं।

# असम: कांग्रेस में अपमानित कर अवांछित महसूस कराया गया: प्रद्युत बोरदोलोई

गुवाहाटी, एजेंसी

हाल में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) में शामिल हुए असम से दो बार के सांसद प्रद्युत बोरदोलोई ने कहा है कि कांग्रेस में उन्हें उपेक्षित, अलग-थलग और अवांछित व्यक्ति जैसा महसूस कराया गया। पांच दशक से अधिक समय तक कांग्रेस में रहे बोरदोलोई दिसपुर से भाजपा के टिकट पर विधानसभा चुनाव लड़ रहे हैं। बोरदोलोई ने एक साक्षात्कार में कहा कि एक के बाद एक कई ऐसी बातें हुईं, जिन्होंने उन्हें आहत किया और शायद इसकी शुरुआत 2022 में कांग्रेस के संगठनात्मक चुनाव से हुई थी। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस में उन्हें अपमान का सामना करना पड़ रहा था, उन्हें अवांछित व्यक्ति जैसा महसूस कराया गया और पार्टी अध्यक्ष पद के लिए उनके द्वारा शशि थरूर की उम्मीदवारी का समर्थन किए जाने के बाद उन्हें किनारे कर दिया गया।

मल्लिकार्जुन खरगे चुनाव जीतकर कांग्रेस अध्यक्ष बने। बोरदोलोई ने कहा कि उसके बाद मुझे लगा कि मेरे खिलाफ व्यवस्थित तरीके से कार्रवाई हो रही है, हालांकि खरगे हमेशा उदार रहे और उन्होंने मुझे स्वीकार किया... सोनिया गांधी, जो मेरे लिए मां जैसी रही हैं, उन्होंने भी कभी मेरे साथ भेदभाव नहीं किया। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस में दूसरे पायदान के नेतृत्व ने उन्हें व्यवस्थित ढंग से किनारे कर दिया और यह बहुत साफ दिखाई देता था।

# केरल: कांग्रेस आलाकमान की सुधाकरन से भेंट, राहुल बोले- यूडीएफ एकजुट

नयी दिल्ली, एजेंसी। कांग्रेस आलाकमान ने केरल के कन्नूर से लोकसभा सदस्य के. सुधाकरन की नाराजगी की खबरों के बीच शनिवार को उनसे मुलाकात की और कहा कि राज्य में पूरा संयुक्त लोकतांत्रिक मोर्चा (यूडीएफ) एकजुट है तथा इस विधानसभा चुनाव में 100 सीट जीतने की ओर अग्रसर है। पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी की सुधाकरन से मुलाकात के दौरान सांसद का परिवार तथा कांग्रेस के संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल भी मौजूद थे। राहुल गांधी ने मुलाकात की तस्वीर सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर साझा करते हुए एक पोस्ट में कहा कि आज कांग्रेस अध्यक्ष खरगे जी और वेणुगोपाल जी के साथ सुधाकरन जी और उनके परिवार से मुलाकात की। के. सुधाकरन जी ने अपना पूरा जीवन केरल के लोगों के लिए लड़ते हुए बिताया है। वह हर तूफान, हर चुनौती, हर परीक्षा से गुजरे हैं। उनमें एक सच्चे कांग्रेसी सिपाही की ताकत और निष्ठा है।

## वर्ल्ड ब्रीफ

### डोनबास पर शर्त का जेलेंस्की का दावा झूठा

**पेरिस।** अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने शुक्रवार को यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की के उस दावे को खारिज किया, जिसमें कहा गया था कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का प्रशासन किसी युद्धविराम योजना के तहत अमेरिकी सुरक्षा गारंटी के बदले यूक्रेन से उसके पूर्वी डोनबास क्षेत्र को रूस को सौंपने की मांग कर रहा है। फ्रांस में जी-7 की बैठक के बाद रुबियो ने जेलेंस्की की हालिया टिप्पणी का खंडन करते हुए कहा कि अमेरिका ने यूक्रेन के साथ बातचीत में ऐसी कोई शर्त नहीं रखी है। रुबियो ने कहा, यह झूठ है।

### मिसाइल के मलबे से पांच भारतीय घायल

**दुबई।** संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) की वायु रक्षा प्रणाली द्वारा एक बैलिस्टिक मिसाइल को उसके लक्ष्य पर पहुंचने से पहले मार गिराए जाने के बाद खलीफा इकोनॉमिक जोंस अबू धाबी के आसपास उसका मलबा गिरने से पांच भारतीय घायल हो गए। स्थानीय मीडिया ने शनिवार को यह खबर दी। अबू धाबी मीडिया कार्यालय ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में बताया कि प्राधिकारियों ने इस घटना में पांच भारतीय नागरिकों के घायल होने की पुष्टि की है।

### सीआरपीएफ जवान की शोपियां में मृत्यु

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के शोपियां जिले में शनिवार को केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के एक जवान की संदिग्ध रूप से दिल का दौरा पड़ने से मृत्यु हो गई। अधिकारियों ने बताया कि सीआरपीएफ की 14वीं बटालियन के हेड कांस्टेबल ज्ञान चंद शनिवार सुबह शोपियां स्थित जिला पुलिस लाइन्स (डीपीएल) शिविर में बेहोश पाए गए। उन्होंने बताया कि जवान को तुरंत अस्पताल ले जाया गया, जहां उन्हें मृत घोषित कर दिया गया। जवान की मृत्यु के कारण का पता लगाने के लिए बीएनएसएस के तहत कार्यवाही शुरू कर दी गई है।

### ओडिशा में तूफान से तीन लोगों की मौत

**पुरी।** ओडिशा के मयूरभंज और पुरी जिलों में नॉरवेस्टर तूफान से तीन लोगों की मौत हो गई और तीन अन्य घायल हो गए। पुलिस के अधिकारी ने शनिवार को बताया कि शुक्रवार रात करीब 11 बजे मयूरभंज जिला मुख्यालय बारीपदा में तेज हवाओं के साथ गरज के साथ बौछारें पड़ीं। उन्होंने कहा कि दो लोगों की मौत हो गई और तीन अन्य घायल हो गए।

# सेना को मिली देश में बनी लाइट मशीन गन प्रहार की पहली खेप

ग्वालियर, एजेंसी

- अडाणी डिफेंस एंड एयरोस्पेस ने ग्वालियर फैक्ट्री में किया निर्मित

देश की एक रक्षा कंपनी ने शनिवार को मेक इन इंडिया पहल के तहत निर्मित 2,000 प्रहार लाइट मशीन गन (एलएमजी) की पहली खेप भारतीय सेना को सौंप दी। प्रहार नामक यह एलएमजी 7.62 एमएम कैलिबर की है जिसे अडाणी डिफेंस एंड एयरोस्पेस द्वारा ग्वालियर के बाहरी क्षेत्र स्थित इसके लघु अस्त्र परिसर में निर्मित किया गया है।

सेना को एलएमजी सौंपने के लिए शनिवार को संबंधित परिसर में एक समारोह आयोजित किया गया, जिसमें रक्षा मंत्रालय के महानिदेशक (खरीद) ए. अंबरासु तथा अडाणी डिफेंस एंड एयरोस्पेस के मुख्य कार्यकारी अधिकारी आशीष राजवंशी और निजी कंपनी के अन्य वरिष्ठ अधिकारी शामिल हुए। बाद में, अंबरासु ने सेना के लिए बनी एलएमजी की पहली खेप ले जा रहे ट्रकों को हरी झंडी दिखाई। झंडी दिखाए जाने के बाद राजवंशी ने कहा कि आज जिस यात्रा की शुरुआत हुई है, उसे पूरा करने में हमें छह साल लगे। हमने इसे तय समय से 11 महीने पहले ही सौंप दिया है। कहा कि ग्राहक ने हमें जो मूल समयसीमा दी थी, वह सात साल से ज्यादा की थी, लेकिन मैं आपको भरोसा दिला सकता हूँ कि अगले तीन साल में पूरा ऑर्डर उपलब्ध करा दिया जाएगा।

## अमेरिका-ईरान संघर्ष

### क्या होगा युद्ध का अंतिम परिणाम

अमेरिका और इजराइल ने जब 28 फरवरी 2026 को संयुक्त रूप से ईरान पर ऑपरेशन एपिक फ्यूरी के तहत मिसाइल हमले शुरू किए, तो दुनिया एक ऐसे संघर्ष की गवाह बनी जिसकी आशंका लंबे समय से जताई जा रही थी। वर्तमान में युद्ध अपने चरम पर है, दोनों पक्ष पीछे हटने को तैयार नहीं हैं। ईरान ने न केवल अमेरिकी सैन्य ठिकानों पर पलटवार किया है, बल्कि होर्मुज जलडमरूमध्य पर संप्रभुता का दावा करते हुए वैश्विक तेल आपूर्ति को ठप करने की धमकी दी है। संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस ने इसे महाविनाशकारी करार देते हुए चेतावनी दी है कि यह युद्ध पूरी दुनिया को एक ऐसे अनियंत्रित भंवर में धकेल सकता है जिससे बाहर निकलना असंभव होगा। भारत की भी ऊर्जा सुरक्षा और लाखों प्रवासियों का भविष्य दांव पर लगा है।



### क्यों आन पड़ी युद्ध की जरूरत

- परमाणु कार्यक्रम और निरीक्षण : ईरान द्वारा अपने क्षतिग्रस्त परमाणु केंद्रों पर अंतरराष्ट्रीय निरीक्षकों को अनुमति देने से इनकार करना तनाव का मुख्य बिंदु बना।
- इजरायली दबाव : इजरायल ने दावा किया कि ईरान परमाणु हथियार हासिल करने के बेहद करीब है। 28 फरवरी 2026 को सुप्रीम लीडर अली खामेनेई की एक सैन्य अभियान में मौत ने आग में घी का काम किया।
- वार्ता की विफलता : अमेरिका ने 15-सूत्रीय युद्धविराम योजना पेश की थी, जिसे ईरान ने यह कहते हुए ठुकरा दिया कि वह हर्जाने और संप्रभुता की गारंटी के बिना पीछे नहीं हटेगा।
- रणनीतिक महत्वाकांक्षा : ट्रम्प प्रशासन का मानना है कि केवल सत्ता परिवर्तन के माध्यम से ही ईरान के खतरे को हमेशा के लिए खत्म किया जा सकता है।

### नाटो और यूरोपीय देशों की चुप्पी के पीछे का सच

- कानूनी बाध्यता का अभाव : नाटो का अनुच्छेद 5 केवल तभी लागू होता है जब किसी सदस्य देश पर हमला हो। चूंकि यह युद्ध अमेरिका और इजरायल द्वारा शुरू किया गया है, इसलिए यूरोपीय देश इसे रक्षात्मक नहीं मानते। ● ऊर्जा संकट का डर : यूरोप अपनी ऊर्जा जरूरतों के लिए खाड़ी देशों के तेल पर निर्भर है। उन्हें डर है कि युद्ध में शामिल होने से ईरान तेल सप्लाई काट देगा, जिससे उनकी अर्थव्यवस्था चरमरा जाएगी।
- सार्वजनिक विरोध : जर्मनी, फ्रांस और ब्रिटेन की जनता युद्ध के खिलाफ सड़कों पर है। नेता अपनी घरेलू राजनीति को खतरे में नहीं डालना चाहते।
- ट्रम्प की नीतियों पर अविश्वास : यूरोपीय सहयोगियों को लगता है कि ट्रम्प ने उन्हें विश्वास में लिए बिना यह हमला किया, इसलिए वे अब इसकी जिम्मेदारी साझा नहीं करना चाहते।

### भारत के परिप्रेक्ष्य में परिणाम

- ऊर्जा संकट : भारत अपनी जरूरत का 80% तेल आयात करता है। होर्मुज जलडमरूमध्य बंद होने से तेल की कीमतें $150 प्रति बैरल के पार जा सकती हैं। ● प्रवासियों की सुरक्षा : खाड़ी देशों में रहने वाले करीब 80 लाख भारतीय नागरिक सीधे तौर पर प्रभावित होंगे। उन्हें वापस लाना भारत सरकार के लिए एक बड़ी चुनौती होगी।
- कूटनीतिक संतुलन : भारत का अमेरिका और ईरान दोनों के साथ रणनीतिक रिश्ता है। चाबहार बंदरगाह जैसी परियोजनाओं का भविष्य अब अधर में लटक गया है। ● आर्थिक मंदी : बढ़ती महंगाई और शेयर बाजार की उथल-पुथल भारतीय अर्थव्यवस्था की रफ्तार को धीमा कर सकती है।

# इजराइल ने ईरान पर बोला 50 विमानों से हमला

## एटमी ठिकानों को बनाया निशाना, ईरान ने सऊदी अरब पर दागीं छह बैलिस्टिक मिसाइलें, ड्रोन से किया हमला

- पश्चिम एशिया युद्ध में पहली बार यमन ने इजराइल की ओर दागीं मिसाइलें

दुबई, एजेंसी

इजराइल ने ईरान के अंदर 50 फाइटर जेट्स से हमला किया है। इजराइली सेना के मुताबिक शुक्रवार रात ईरान के तीन इलाकों में हथियार बनाने वाली फैक्ट्रियों और परमाणु कार्यक्रम से जुड़े ठिकानों को निशाना बनाया गया। वहीं ईरान ने सऊदी अरब पर छह बैलिस्टिक मिसाइलों से हमला किया है। वहीं यमन ने पहली बार इजराइल पर मिसाइलें दागीं।

सेना ने बताया कि ये हमले खुफिया जानकारी के आधार पर किए गए और कई घंटों तक चले। हमलों में अराक और यज्द जैसे अहम इलाके शामिल थे। जिन ठिकानों को निशाना बनाया गया, उनमें हथियार बनाने वाली सैन्य इंडस्ट्री और बैलिस्टिक के साथ एंटी-एयरक्राफ्ट मिसाइल के पुर्जे बनाने वाली फैक्ट्री शामिल थी। इसके अलावा अराक में मौजूद हेवी वॉटर प्लांट पर भी हमला किया गया, जिसे इजराइल ने परमाणु हथियारों के लिए प्लूटोनियम तैयार करने में अहम बताया है। वहीं यज्द में उस प्लांट को भी निशाना बनाया गया, जहां यूरेनियम संवर्धन



इज़राइल के तेल अवीव में मिसाइल हमले में क्षतिग्रस्त हुई एक इमारत से अपना सामान लेकर बाहर निकलते लोग।

(एनरिचमेंट) के लिए जरूरी विस्फोटक सामग्री तैयार की जाती है। वहीं, ईरान ने सऊदी अरब के प्रिंस सुल्तान एयरबेस पर शुक्रवार रात को 6 बैलिस्टिक मिसाइलें और 29 ड्रोन दागे। इस हमले में 15 सैनिक घायल हुए, जिनमें 5 की हालत गंभीर है।

वहीं, यमन ने शनिवार तड़के इजराइल की ओर एक मिसाइल दागी और यह पहली बार है जब इजराइल पर यमन ने हमला किया है। इजराइल की सेना ने यह जानकारी दी। इस बीच, ईरान और हिजबुल्ला ने शुक्रवार रात से शनिवार तक इजराइल पर हमले जारी रखे तथा बीर शेबा एवं इजराइल के मुख्य परमाणु अनुसंधान केंद्र के पास के इलाके में रात के दौरान तीसरी बार सायरन बजे। यमन की राजधानी सना पर तेहरान समर्थित हूती विद्रोही समूह का 2014 से कब्जा है। समूह ने इजराइल के खिलाफ हमला किए जाने की तत्काल पुष्टि नहीं की। हूती विद्रोही इस युद्ध से अब तक दूर रहे हैं। दरअसल 2015 में यमन की निर्वासित सरकार की ओर से इस समूह के खिलाफ युद्ध करने वाले सऊदी अरब एवं विद्रोहियों के बीच वर्षों से एक असहज संघर्षविराम की स्थिति है। इस बीच, इजराइल ने ईरान के खिलाफ हमले तेज करने और उनका दायरा बढ़ाने की धमकी देने के कुछ घंटे बाद उसके परमाणु केंद्रों पर हमला किया। ईरान ने जवाबी कार्रवाई करने का संकल्प लिया और सऊदी अरब में एक सैन्य अड्डे पर हमला किया। ईरान ने कहा कि अपने आधारभूत ढांचे पर हमले का कड़ा जवाब देगा।

## इन्फ्रास्ट्रक्चर पर हमले का देंगे कड़ा जवाब : ईरान

### ईरानी हमले में 24 से अधिक अमेरिकी सैनिक घायल

**दुबई।** सऊदी अरब के एक हवाई अड्डे पर पिछले सप्ताह ईरानी हमलों में 24 से अधिक अमेरिकी सैनिक घायल हो गए हैं। इस बारे में जानकारी रखने वाले दो व्यक्तियों ने यह खुलासा किया है। दोनों व्यक्तियों ने यह जानकारी अपना नाम गुप्त रखने की शर्त पर दी क्योंकि वे टिप्पणी करने के लिए अधिकृत नहीं थे। ईरान ने शुक्रवार को सऊदी अरब के प्रिंस सुल्तान हवाई अड्डे पर छह बैलिस्टिक मिसाइल और 29 ड्रोन दागे, जिसमें कम से कम 15 सैनिक घायल हो गए, जिनमें से पांच गंभीर रूप से घायल हैं। अमेरिकी अधिकारियों ने शुरू में बताया था कि कम से कम 10 अमेरिकी सैनिक घायल हुए हैं, जिनमें से दो गंभीर रूप से घायल हैं। मामले की जानकारी रखने वाले व्यक्तियों के अनुसार, इस सप्ताह की शुरुआत में भी इस अड्डे पर दो बार हमले हुए थे, जिनमें से एक घटना में 14 अमेरिकी सैनिक घायल हो गए थे।

### सऊदी, मिस्र और तुर्किये के विदेशमंत्री जाएंगे पाकिस्तान

**इस्लामाबाद।** ईरान के साथ जारी युद्ध की वजह से पश्चिम एशिया में उत्पन्न संकट पर चर्चा करने के लिए पाकिस्तान ने सऊदी अरब, मिस्र और तुर्किये के विदेश मंत्रियों का आमंत्रित किया है। विदेश विभाग ने शनिवार को यह जानकारी दी। विदेश कार्यालय ने बताया कि पाकिस्तान के उप प्रधानमंत्री और विदेश मंत्री इशाक डार के निमंत्रण पर सऊदी अरब के विदेश मंत्री प्रिंस फैसल बिन फरहान अल सऊद, तुर्किये के विदेश मंत्री हाकान फिदान और मिस्र के विदेश मंत्री बदर अब्देलट्टी रविवार और सोमवार को इस्लामाबाद का दौरा करेंगे। बयान के मुताबिक इस यात्रा के दौरान, विदेश मंत्री क्षेत्र में तनाव कम करने के प्रयासों सहित कई मुद्दों पर गहन चर्चा करेंगे। विदेश कार्यालय ने बताया कि तीनों देशों के विदेशमंत्री अपनी पाकिस्तान यात्रा के दौरान प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ से भी मुलाकात करेंगे। बयान के मुताबिक पाकिस्तान सऊदी अरब, तुर्किये और मिस्र जैसे मित्र देशों के साथ अपने संबंधों को बहुत महत्व देता है, और यह यात्रा इन देशों के साथ पाकिस्तान के सहयोग और समन्वय को और मजबूत करने का अवसर प्रदान करेगी।

### जर्मनी के चांसलर ने ईरान युद्ध पर की ट्रंप के रुख की निंदा

**बर्लिन।** जर्मनी के चांसलर फ्रेडरिक मर्ज ने ईरान युद्ध के मामले में अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के रवैये की तीखी आलोचना की है। जर्मन प्रेस एजेंसी ने यह जानकारी दी। मर्ज ने शुक्रवार देर रात फ्रैंकफर्ट में एक कार्यक्रम में कहा कि ट्रंप अभी जो कर रहे हैं, वह तनाव कम करने और शांतिपूर्ण समाधान तक पहुंचने की कोशिश नहीं है बल्कि बड़े पैमाने पर तनाव बढ़ाने वाला ऐसा रुख है जिसके अनिश्चित परिणाम हैं। उन्होंने कहा कि ये तनाव बढ़ाने वाले ऐसे कदम हैं, जो खतरनाक हैं... न केवल सीधे तौर पर प्रभावित लोगों के लिए, बल्कि हम सभी के लिए। मर्ज ने इस बात पर भी संदेह जताया कि ईरान के मौजूदा नेतृत्व को युद्ध के जरिये हटाया जा सकता है। उन्होंने कहा कि क्या वास्तव में सत्ता परिवर्तन ही लक्ष्य है? ...अगर यही लक्ष्य है तो मुझे नहीं लगता कि वे इसे हासिल कर पाएंगे।

## मेरी विरासत एक महान शांतिदूत के रूप में दर्ज होगी तो मुझे अच्छा लगेगा : ट्रंप



**वाशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने पिछले साल भारत एवं पाकिस्तान समेत आठ युद्ध रुकवाने का एक बार फिर दावा करते हुए कहा है कि वह चाहेंगे कि उनकी विरासत एक महान शांतिदूत के रूप में बने। ट्रंप ने मियामी में सऊदी समर्थित 'फ्यूचर इन्वेस्टमेंट इनिशिएटिव (एफआईआई) प्रायोरिटी समिट' को संबोधित करते हुए कहा कि ईरान के साथ कोई भी समझौता करने की एक शर्त होर्मुज जलडमरूमध्य को फिर से खोला जाना है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि तेल आपूर्ति के लिए समुद्र में पहुंच बहाल की जानी चाहिए। उन्होंने कहा, हम अभी बातचीत कर रहे हैं और अगर हम कुछ कर सकें तो यह बहुत अच्छा होगा लेकिन उन्हें इसे खोलना होगा।

- अमेरिकी राष्ट्रपति ने भारत-पाकिस्तान समेत आठ युद्ध रुकवाने का फिर किया दावा

अमेरिकी राष्ट्रपति ने अपना यह दावा दोहराया कि उन्होंने आर्मेनिया और अजरबैजान, कांगो लोकतांत्रिक गणराज्य और रवांडा, कंबोडिया और थाईलैंड, मिस्र और इथियोपिया, सर्बिया और कोसोवो तथा इजराइल और हमास के बीच युद्ध समेत आठ युद्ध रुकवाने में मदद की। ट्रंप ने कहा कि मैं चाहूंगा कि मेरी विरासत एक महान शांतिदूत के रूप में बने क्योंकि मैं सचमुच मानता हूं कि मैं शांतिदूत हूं। अभी ऐसा नहीं लगता लेकिन मेरा मानना है कि मैं शांति स्थापित करने वाला हूं। उन्होंने कहा कि मैंने भारत और पाकिस्तान के बीच भी युद्ध रुकवाया। वे एक हफ्ते से लड़ रहे थे।

# ओडिशा में बस पलटने से पांच की मौत, 30 घायल

भुवनेश्वर, एजेंसी

ओडिशा के नयागढ़ जिले में शुक्रवार देर रात एक पर्यटक बस के पलटने से कम से कम पांच लोगों की मौत हो गई और 30 अन्य घायल हो गए। पुलिस के अनुसार यह दुर्घटना कल देर रात करीब दो बजे हुई, जब 55 यात्रियों को ले जा रही बस दासपल्ला के हनुमान घाटी रोड पर पलट गई।

पुलिस के मुताबिक, दुर्घटना का कारण वाहन की गति तेज होने का संदेह है। पुलिस ने बताया कि बस हनुमान घाटी रोड पर मोड़ लेते समय पलट गई। मृतकों की पहचान हरि पात्रा, उनकी पत्नी लक्ष्मी पात्रा, सुप्रभा साहू, उनकी बेटी सुमति और चालक प्रबीन कुमार साहू के रूप में हुई है। पुलिस ने बताया कि सभी ब्रह्मपुर के निवासी थे। मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी ने इस घटना पर गहरा दुख व्यक्त किया और मृतकों के परिजनों के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त की। उन्होंने मृतकों के परिजनों के लिए मुख्यमंत्री राहत कोष (सीएमआरएफ) से 4 लाख रुपये की अनुग्रह राशि की घोषणा भी की है। उपमुख्यमंत्री प्रभाती परिडा ने भी इस घटना पर दुख व्यक्त किया। उन्होंने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में कहा कि नयागढ़ जिले के दासपल्ला के पास एक पर्यटक बस दुर्घटना में कई यात्रियों की जान जाने की खबर सुनकर मैं बहुत दुखी और व्याकुल हूं। घायल यात्रियों में से एक आर्य पात्रा ने आरोप लगाया कि वाहन तेज गति से चल रहा था। उन्होंने कहा कि घाट रोड पर बस बहुत तेज गति से चल रही थी।



- नयागढ़ जिले में पर्यटक बस हुई हादसे का शिकार, बस पर सवार थे कुल 55 यात्री

## जयशंकर ने वैश्विक मुद्दों पर की फ्रांस के राष्ट्रपति मैक्रों से बात

पेरिस, एजेंसी

विदेशमंत्री एस. जयशंकर ने यहां जी7 विदेश मंत्रियों के शिखर सम्मेलन से इतर फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों से मुलाकात कर तात्कालिक वैश्विक मुद्दों पर वार्ता की। कहा कि वह चर्चा तथा उनकी अंतर्दृष्टियों को महत्व देते हैं।

जयशंकर ने शनिवार को एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि बीती रात फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों से मिलना मेरे लिए सम्मान की बात है। विदेश मंत्री ने कहा कि उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की ओर से मैक्रों को हार्दिक शुभकामनाएं दीं। जयशंकर ने कहा कि चर्चा और उनकी अंतर्दृष्टियों को महत्व देता हूं। वह बृहस्पतिवार को फ्रांस के अब्बे डे वॉक्स-डे-सर्ने में, साझेदार देशों के साथ जी7 विदेश मंत्रियों की दो-दिवसीय बैठक में हिस्सा लेने के लिए पहुंचे। हालांकि, भारत जी7 का सदस्य नहीं है, फिर भी इस शक्तिशाली समूह के मौजूदा अध्यक्ष फ्रांस ने उसे एक भागीदार देश के तौर पर आमंत्रित किया है। बृहस्पतिवार को फ्रांस में जी7 विदेश मंत्रियों की बैठक में जयशंकर ने ग्लोबल साउथ के देशों की ऊर्जा, खाद्य और ईंधन सुरक्षा से जुड़ी चिंताओं को उठाया, और वैश्विक शासन सुधारों की आवश्यकता पर भी जोर दिया। विदेश मंत्री ने पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष से उत्पन्न अनिश्चितताओं की पृष्ठभूमि में व्यापार गलियारों और आपूर्ति श्रृंखलाओं के महत्व पर भी बात की।



- जी-7 शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए फ्रांस पहुंचे हैं विदेश मंत्री

## आईआईटी खरगपुर शुरू करेगा एमडी कोर्स, मांगी मंजूरी

**कोलकाता।** भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान खरगपुर ने स्नातकोत्तर डॉक्टर ऑफ मेडिसिन (एमडी) पाठ्यक्रम शुरू करने के लिए राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग के पास आवेदन किया है। संस्थान के निदेशक सुमन चक्रवर्ती ने शनिवार को कहा कि यदि प्रस्ताव को केंद्र की मंजूरी मिल जाती है तो यह पहला आईआईटी होगा जो स्नातकोत्तर चिकित्सा कार्यक्रम शुरू करेगा। चक्रवर्ती ने कहा कि आवेदन दाखिल करने की अंतिम तिथि 31 मार्च है और हमने राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग की मंजूरी के लिए औपचारिक प्रक्रिया शुरू कर दी है। अब संबंधित मंत्रालय के जवाब का इंतजार है।

प्रस्तावित स्नातकोत्तर कार्यक्रम 20 सीटों के साथ शुरू किया जाएगा। चक्रवर्ती ने कहा कि शिक्षा मंत्रालय ने इस प्रस्ताव का समर्थन किया है लेकिन अंतिम निर्णय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के पास है क्योंकि यह एक अंतर-मंत्रालयी निर्णय है। उन्होंने कहा, हमने एमडी कार्यक्रम में छात्रों को पढ़ाने के लिए पहले ही 20 चिकित्सकों की नियुक्ति कर दी है। चक्रवर्ती ने कोई निश्चित समय-सीमा बताने से इनकार किया।

# भारत के साथ रिश्तों को नई गति देगा नेपाल

- पीएम बालेंद्र शाह बोले-भारत संग घनिष्ठता से काम करने को उत्सुक

**काठमांडू।** नेपाल के नवनिर्वाचित प्रधानमंत्री बालेन्द्र शाह ने भारत के साथ रिश्तों को नई गति देने की इच्छा जाहिर करते हुए शनिवार को कहा कि वह भारत संग घनिष्ठता के साथ काम करने को उत्सुक हैं।

शपथ ग्रहण के बाद शुभकामनाएं देने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का आभार भी व्यक्त किया। शुक्रवार को शपथ ग्रहण के तुरंत बाद प्रधानमंत्री मोदी ने शाह को बधाई देते हुए कहा था कि वह नेपाल के प्रधानमंत्री के साथ मिलकर भारत-नेपाल संबंधों को और मजबूत करने के लिए काम करने के उत्सुक हैं। मोदी के संदेश के जवाब में नेपाल के प्रधानमंत्री कार्यालय ने एक्स पर कहा, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी, आपके स्नेहपूर्ण शब्दों और शुभकामनाओं के लिए धन्यवाद। मैं हमारे दोनों देशों के बीच बहुआयामी संबंधों को आगे बढ़ाने और हमारी जनता की साझा समृद्धि के लिए आपके साथ मिलकर काम करने को उत्सुक हूं। क्षेत्रीय रणनीतिक दृष्टि से नेपाल, भारत के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण देश माना जाता है, और दोनों देशों के बीच घनिष्ठ सहयोग को इस परिप्रेक्ष्य में खास अहमियत दी जाती है।

रिपोर्ट — साल 1990 से 2023 की अवधि के लिए किए गए वैश्विक विश्लेषण में दावा

# देश में मातृ मृत्यु दर में लगभग 80 प्रतिशत की गिरावट

नई दिल्ली, एजेंसी

भारत में मातृ मृत्यु दर 1990 के मुकाबले 2023 में लगभग 80 प्रतिशत कम हो गई। इस दौरान यह दर प्रति एक लाख जीवित जन्मों पर 508 से घटकर 116 हो गई। एक नई रिपोर्ट में यह बात आई है।

द लांसेट ऑब्स्टेट्रिक्स, गायनेकोलॉजी एंड वीमेन्स हेल्थ जर्नल में प्रकाशित एक नई वैश्विक विश्लेषण रिपोर्ट के अनुसार भारत में वर्ष 2023 में कुल 24,700 मातृ मृत्यु के मामले दर्ज किए गए, जिससे मातृ मृत्यु अनुपात प्रति एक लाख जीवित जन्मों पर 116 रहा। अनुमानों के अनुसार, इसी वर्ष पाकिस्तान में कुल 10,300 मातृ मृत्यु के मामले सामने आए, जबकि अफ्रीकी देशों इथियोपिया और नाइजीरिया में क्रमशः 11,900 और 32,900 मातृ मृत्यु दर्ज की गईं। वॉशिंगटन विश्वविद्यालय के इंस्टीट्यूट फॉर हेल्थ मैट्रिक्स एंड इवैल्युएशन (आईएचएमई) के शोधकर्ताओं और वैश्विक सहयोगियों के नेतृत्व में किए गए अध्ययन में कहा गया है कि पिछले तीन दशकों में मातृ मृत्यु में कमी आई है, लेकिन हाल के वर्षों में प्रगति की रफ्तार धीमी पड़ी है और यह विभिन्न देशों में असमान बनी हुई है। उन्होंने बताया कि 'ग्लोबल बर्डन ऑफ डिजीज' (जीबीडी) अध्ययन 2023 तक 204 देशों और क्षेत्रों में मातृ मृत्यु दर के रुझानों का सबसे अद्यतन वैश्विक आकलन प्रस्तुत करता है। नवीनतम नमूना पंजीकरण प्रणाली 2021-23 के अनुसार, देश में मातृ मृत्यु दर प्रति लाख जीवित जन्मों पर 88 है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के एक सूत्र ने बताया कि यह आंकड़ा सुरक्षित गर्भावस्था और प्रसव सुनिश्चित करने की दिशा में हुई प्रगति को दर्शाता है।

### मातृ स्वास्थ्य के क्षेत्र में भारत की प्रगति को मिली वैश्विक मान्यता

सूत्र ने कहा कि मातृ स्वास्थ्य के क्षेत्र में हमारी प्रगति को वैश्विक स्तर पर मान्यता मिली है और संयुक्त राष्ट्र मातृ मृत्यु अनुमान अंतर-एजेंसी समूह (यूएन-एमएमईआईजी) की नवीनतम रिपोर्ट के अनुसार, भारत ने 1990 के बाद से एमएमआर में 86 प्रतिशत की कमी हासिल की है, जो वैश्विक औसत 48 प्रतिशत से कहीं अधिक है। यह उपलब्धि 2030 तक एमएमआर को 70 से नीचे लाने के सतत विकास लक्ष्यों के मानक को पूरा करने के प्रति भारत की प्रतिबद्धता को रेखांकित करती है। शोधकर्ताओं के अनुसार, 2023 में पूरी दुनिया में कुल 2.4 लाख मातृ मृत्यु हुई, जिसका मतलब है कि हर एक लाख जीवित जन्मों पर 190.5 माताओं की मौत हुई। यह 1990 में प्रति एक लाख जन्मों पर 321 मातृ मृत्यु से एक तिहाई से ज्यादा कम है।

## कैसा रहेगा आपका आज का दिन

**मेष** — आज घर में मांगलिक कार्यक्रम हो सकते हैं। मन में कई सारे विचार आने के कारण अस्थिरता का भाव रहेगा।

**तुला** — आज रुके हुए अधिकतम कार्य गति में आ जायेंगे। अपने काम पर ध्यान केन्द्रित रखें। मित्रों की सहायता से पीछे न हटें।

**वृष** — आज नई जिम्मेदारियां आयेंगी। धार्मिक स्थल की यात्रा कर सकते हैं। एकाग्रचित्त होकर काम करने से सफलता मिलेगी।

**वृश्चिक** — आज आपका स्वभाव लोगों के लिए प्रेरणा बनेगा। व्यापार में बड़ा रिस्क लेने से बचें। आपकी आर्थिक स्थिति बेहतर रहेगी।

**मिथुन** — आज परिजनों के रूखे व्यवहार से मन दुखी हो सकता है। दांतों के रोग परेशान कर सकते हैं। विद्यार्थियों को मेहनत का उचित परिणाम मिलेगा।

**धनु** — आज कार्यक्षेत्र में सहकर्मियों से पर्याप्त सहयोग नहीं मिलेगा। जीवनसाथी के साथ आपके सम्बन्ध कमजोर हो सकते हैं।

**कर्क** — आज व्यवसाय में बिक्री बढ़ने से मन प्रसन्न रहेगा। आय के नवीन साधन विकसित होंगे। आपका मूड काफी अच्छा रहेगा।

**मकर** — आज घर में महत्वपूर्ण व्यक्तियों का आगमन हो सकता है। बिजनेस में आप बड़ी उपलब्धि अर्जित कर सकते हैं।

**सिंह** — आज जीवनसाथी को अनावश्यक खर्चों से बचना चाहिए। बजट का ध्यान रखते हुये ही काम करें। आपको अस्पताल भी जाना पड़ सकता है।


**कुंभ** — आज समाज में आपका नाम बढ़ेगा। जटिल समस्याओं का व्यवहारिक समाधान ढूंढ लेंगे। सेहत का विशेष ध्यान रखें।

**कन्या** — आज इंजीनियरिंग के छात्रों की जॉब मिल सकती है। लेखन कार्य से जुड़े लोगों की रचनात्मकता में वृद्धि होगी।

**मीन** — आज कार्यक्षेत्र में सभी काम बिना किसी रुकावट के पूर्ण होंगे। नए कार्यों में बड़ी सफलता मिल सकती है।

### आज का पंचांग

-पं.मनोज कुमार द्विवेदी




**आज की ग्रह स्थिति :** 29 मार्च, रविवार 2026 संवत-2083, शक संवत 1948 मास- चैत्र, पक्ष-शुक्ल पक्ष, एकादशी 07.46 तक तत्पश्चात द्वादशी।

**दिशाशूल**- पश्चिम, **ऋतु**- वसंत।
**चन्द्रबल**- वृषभ, कर्क, कन्या, तुला, मकर, कुम्भ।
**ताराबल**-अश्विनी, भरणी, रोहिणी, आर्द्रा, पुष्य, आश्लेषा, मघा, पूर्वा फाल्गुनी, हस्त, स्वाति, अनुराधा, ज्येष्ठा, मूल, पूर्वाषाढ़ा, श्रवण, शतभिषा, उत्तराभाद्रपद, रेवती।
**नक्षत्र**-अश्लेषा 14.38 तक तत्पश्चात मघा।

### सुडोकू - 102 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 4 | 9 | 2 | 5 | 8 | 7 | 6 | 3 |
| 6 | 2 | 8 | 7 | 3 | 1 | 9 | 5 | 4 |
| 5 | 7 | 3 | 6 | 4 | 9 | 2 | 8 | 1 |
| 7 | 3 | 6 | 1 | 9 | 4 | 5 | 2 | 8 |
| 8 | 9 | 4 | 5 | 2 | 3 | 1 | 7 | 6 |
| 2 | 5 | 1 | 8 | 7 | 6 | 3 | 4 | 9 |
| 4 | 6 | 5 | 3 | 1 | 2 | 8 | 9 | 7 |
| 9 | 1 | 7 | 4 | 8 | 5 | 6 | 3 | 2 |
| 3 | 8 | 2 | 9 | 6 | 7 | 4 | 1 | 5 |

### सुडोकू -103

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 3 | | | 5 | | 2 | | |
| 4 | | | | 9 | | | 1 | |
| | 2 | | | | 6 | 8 | | 7 |
| | | 4 | | | 2 | | | 1 |
| | 8 | | | | | 9 | 7 | |
| 6 | | | 9 | | | 3 | | |
| 7 | | 1 | 8 | | | | 3 | |
| | 4 | | | 7 | | | | 9 |
| | | 5 | | 4 | | | 2 | |



> मैं दिल्ली कैपिटल्स से जुड़ने के लिए पूरी तरह से प्रतिबद्ध हूं। मैं लगातार टीम के संपर्क में हूं और उन्हें अपनी स्थिति के बारे में बता रहा हूं। मैं दिल्ली कैपिटल्स के लिए जल्द से जल्द उपलब्ध होने के लिए अपनी तरफ से हर संभव कोशिश करता रहूंगा।
> –मिचेल स्टार्क


# स्टेडियम

लखनऊ, रविवार, 29 मार्च 2026

अमृत विचार

www.amritvichar.com


**IPL 2026**

**आज का मुकाबला**

कोलकाता नाइट राइडर्स **बनाम** मुंबई इंडियंस

**समय** - शाम 7:30 बजे

## हाईलाइट

### स्टार्क ने आलोचकों पर साधा निशाना

**नई दिल्ली।** मिचेल स्टार्क ने आईपीएल 2026 में अपने देरी से पहुंचने को लेकर चल रही बातों पर आलोचकों पर निशाना साधा और स्पष्ट किया कि सत्र की शुरुआत में उनकी अनुपस्थिति दिल्ली कैपिटल्स के प्रति प्रतिबद्धता की कमी वजह से नहीं बल्कि चोट प्रबंधन के कारण है। बायें हाथ का यह तेज गेंदबाज अभी तक भारत नहीं पहुंचा है। इससे वह दिल्ली कैपिटल्स के शुरुआती मैच नहीं खेल पाएंगे। इससे विदेशी खिलाड़ियों की अपनी फ्रेंचाइजी के लिये प्रतिबद्धता को लेकर बहस छिड़ गई है। इस बढ़ती आलोचना पर अपनी चुप्पी तोड़ते हुए स्टार्क ने शनिवार को एक बयान में कहा, भारतीय मीडिया में कुछ लोगों द्वारा अपने-अपने मंचों के जरिए दी गई राय और विचारों के बावजूद, बताना चाहता हूं कि मैं फिलहाल अपने कंधे और कोहनी की चोट से उबरने और प्रबंधन की प्रक्रिया में हूं जिसकी गंभीरता का मुझे गर्मियों के सत्र के दौरान अंदाजा नहीं था।

### निकिता ने छत्तीसगढ़ के लिए स्वर्ण पदक जीता

**रायपुर।** भारोत्तोलक निकिता ने 'खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स' (केआईटीजी) 2026 में मेजबान छत्तीसगढ़ का स्वर्ण पदक का इंतजार खत्म किया जबकि ओडिशा की महिला तैराकों ने शनिवार को यहां चौथे दिन तैराकी में दांव पर लगे तीनों स्वर्ण पदक जीत लिए। निकिता ने महिलाओं की 77 किग्रा स्पर्धा में अपना दबदबा बनाते हुए दिन की आखिरी स्पर्धा में आसानी से स्वर्ण पदक जीत लिया। वहीं ओडिशा ने रितिका मिंज (100 मीटर फ्रीस्टाइल), अंजली मुंडा (50 मीटर बैकस्ट्रोक) और चार गुणा 100 मेडले रिले टीम के स्वर्ण पदक जीते। अंजली ने कुल पांच स्वर्ण पदक जीते जिनमें से चार उन्होंने व्यक्तिगत स्पर्धाओं में हासिल किए। तालिका में कर्नाटक 15 स्वर्ण, छह रजत और तीन कांस्य पदक के साथ शीर्ष पर बना हुआ है जबकि ओडिशा सात स्वर्ण, तीन रजत और 10 कांस्य पदक के साथ दूसरे स्थान पर है। मेजबान छत्तीसगढ़ आठ पदक के साथ सातवें स्थान पर है।

### जर्मनी ने स्विस टीम को हराया

**लंदन।** फ्लोरियन विट्र्ज़ ने दो गोल किए और दो गोल में मदद की, जिससे जर्मनी ने दो बार पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए विश्व कप फुटबॉल से पहले के मैत्री मैच में स्विट्जरलैंड को 4-3 से हराया जबकि मिकेल ओयार्ज़ाबल के दो गोल की मदद से स्पेन ने सर्बिया को 3-0 से पराजित किया। अन्य मैचों में बेन व्हाइट ने इंग्लैंड की टीम में वापसी करते हुए गोल किया लेकिन फिर स्टॉपेज टाइम में पेनल्टी दे दी, जिससे इंग्लैंड ने उरुग्वे के साथ 1-1 से ड्रॉ खेला, जबकि नीदरलैंड ने एम्स्टर्डम में नॉर्वे को 2-1 से हराया। इंग्लैंड के कोच थॉमस ट्यूशेल का व्हाइट का चयन करना चौंकाने वाला था, क्योंकि चार साल पहले वह विश्व कप के बीच में ही अपने साथियों को छोड़कर चले गए थे। जब मैच में 21 मिनट बचे हुए थे तब आर्सेनल के डिफेंडर फिकायो टोमोरी की जगह उन्हें मैदान पर उतारा गया।

# ईशान की पारी से सनराइजर्स ने बनाए नौ विकेट पर 201 रन

## आईपीएल-2026 : रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के जैकब डफी ने चटकाए तीन विकेट



**बेंगलुरु, एजेंसी**

कार्यवाहक कप्तान ईशान किशन के 38 गेंद में 80 रन की मदद से सनराइजर्स हैदराबाद ने गत चैम्पियन रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के खिलाफ शनिवार को इंडियन प्रीमियर लीग 2026 के पहले मैच में नौ विकेट पर 201 रन बनाए। ईशान ने अपनी पारी में आठ चौके और पांच छक्के लगाये। उन्होंने चौथे विकेट के लिये हेनरिच क्लासेन (31) के साथ 97 रन की साझेदारी की।

आरसीबी के कप्तान रजत पाटीदार ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला किया। एम चिन्नास्वामी स्टेडियम पर करीब दस महीने बाद क्रिकेट की वापसी हुई है। पिछले साल आरसीबी के पहली बार खिताब जीतने के बाद जश्न में मची भगदड़ के दौरान 11 प्रशंसकों की मौत होने से इस मैदान पर क्रिकेट नहीं हो रहा था। आरसीबी के लिए जैकब डफी ने चार ओवर में 22 रन देकर तीन विकेट लिये। न्यूजीलैंड के इस तेज गेंदबाज ने अपने कद का पूरा इस्तेमाल करते हुए बल्लेबाजों को काफी परेशान किया। अभिषेक शर्मा (सात) खुलकर खेल नहीं सके हालांकि उन्होंने डफी को बैकवर्ड प्वाइंट पर छक्का लगाया था। शॉर्ट गेंद के सामने हमेशा असहज होने वाले अभिषेक ने डफी की गेंद पर विकेट के पीछे जितेश शर्मा को कैच थमाया। इससे पहले शुरूआती ओवर में ही अभिषेक को डफी की ही गेंद पर विकेट के पीछे लपके जाने की अपील पर आरसीबी ने एक डीआरएस रिव्यू गंवा दिया था। ट्रेविस हेड और नीतिश कुमार रेड्डी को भी डफी ने आउट किया। सनराइजर्स ने पांचवें ओवर में ही 29 रन पर तीन विकेट गंवा दिये थे और पावरप्ले के बाद स्कोर तीन विकेट पर 49 रन था।

ईशान ने हालांकि दबाव में आये बिना साहसिक पारी खेली और 27 गेंद में अर्धशतक पूरा कर दिया। उन्होंने अभिनंदन सिंह को एक ओवर में दो छक्के और एक चौका लगाया। इसके बाद स्पिनर कृणाल पंड्या को भी दो छक्के जड़े। अभिनंदन ने ही हालांकि ईशान को डीप बैकवर्ड प्वाइंट पर फिल साल्ट के हाथों लपकवाया। आखिरी पांच ओवरों में सनराइजर्स के बल्लेबाज 59 रन ही बना सके। अनिकेत वर्मा ने 19 गेंद में 43 रन बनाये जिन्हें भुवनेश्वर कुमार की गेंद पर विराट कोहली ने 26 के स्कोर पर जीवनदान दिया था।



अभिषेक शर्मा का विकेट लेने के बाद जश्न मनाते जैकब डफी। एजेंसी

**सनराइजर्स हैदराबाद**

**201/9** (20 ओवर)

| | |
|---|---|
| ट्रेविस हेड का साल्ट बो डफी | 11 |
| अभिषेक शर्मा का शर्मा बो डफी | 07 |
| ईशान का साल्ट बो अभिनंदन | 80 |
| नीतिश रेड्डी का अभिनंदन बो डफी | 01 |
| क्लासेन का साल्ट बो शेफर्ड | 31 |
| सलिल का पडिक्कल बो सुयश | 09 |
| अनिकेत का कोहली बो शेफर्ड | 43 |
| हर्ष दुबे का पडिक्कल बो शेफर्ड | 03 |
| हर्षल का पडिक्कल बो कुमार | 00 |
| डेविड पेन नाबाद | 06 |
| जयदेव उनादकट नाबाद | 04 |

**गेंदबाजी :** डफी 4-0-22-3, भुवनेश्वर 4-0-31-1, अभिनंदन 3-0 -38-1, शेफर्ड 4-0-54-3, सुयश 3-0-28-1, कृणाल 2-0-26-0

### मैच से पहले खिलाड़ियों और अधिकारियों ने एक मिनट का मौन रखा

**बेंगलुरु।** रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) और सनराइजर्स हैदराबाद के बीच शनिवार को यहां इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2026 के पहले मैच से पहले खिलाड़ियों और मैच अधिकारियों ने एक मिनट का मौन रखकर उन 11 प्रशंसकों को श्रद्धांजलि दी जिनकी पिछले साल हुई भगदड़ में जान चली गई थी। पिछले साल जून में आरसीबी के पहले आईपीएल खिताब की जीत के जश्न के दौरान शहर के एम चिन्नास्वामी स्टेडियम के पास हुई भगदड़ में यह अप्रिय घटना हुई थी। जश्न मनाने के लिए भारी भीड़ जमा हो गई थी जिससे भगदड़ मच गई जिसमें 11 लोगों की मौत हो गई। बोर्ड ने भगदड़ में जान गंवाने वाले प्रशंसकों के प्रति सम्मान व्यक्त करने के लिए आईपीएल 2026 का उद्घाटन समारोह को पहले ही रद्द कर दिया था।

# जीत के साथ आगाज करने उतरेगा मुंबई

**मुंबई, एजेंसी**

खेल के सभी विभागों में मजबूत दिख रही मुंबई इंडियंस की टीम इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में पांच साल के खिताब के सूखे को खत्म करने के लिए रविवार को टूर्नामेंट के अपने पहले मैच में कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) का सामना करेगी, जिसकी टीम कुछ खिलाड़ियों के चोटिल होने से कमजोर नजर आ रही है।

मुंबई इंडियंस ने 2013 से लेकर 2020 के बीच पांच बार खिताब जीता था लेकिन वह पिछले कुछ वर्षों से चैंपियन नहीं बन पाया है। इस बार उसकी निगाह अपना छठा खिताब जीतने पर होगी और इसके लिए वह शानदार शुरुआत करने में कोई कसर नहीं छोड़ेगा। पिछले साल हार्दिक पंड्या की अगुवाई वाली टीम क्वालीफायर दो में पंजाब किंग्स से हारने के बाद तीसरे स्थान पर रही थी, लेकिन मुंबई इंडियंस इस बार अच्छी तैयारी के साथ मैदान पर उतर रहा है।

रोहित शर्मा फॉर्म में वापसी करने के लिए उत्सुक होंगे। रोहित के अलावा उसकी टीम में कई स्टार खिलाड़ी हैं जिनमें भारत की टी20 विश्व कप विजेता टीम के खिलाड़ी कप्तान सूर्यकुमार यादव, पंड्या, तिलक वर्मा और जसप्रीत बुमराह भी शामिल हैं। मुंबई इंडियंस के पास कई शानदार विदेशी खिलाड़ी भी हैं, जिनमें रयान रिकेल्टन, शेरफेन रदरफोर्ड, कॉर्बिन बॉश, न्यूजीलैंड के कप्तान मिशेल सेंटनर, विल जैक्स, एएम ग़ज़नफ़र और ट्रेंट बोल्ट प्रमुख हैं। बुमराह और बोल्ट की जोड़ी खतरनाक साबित हो सकती है। शार्दुल ठाकुर और दीपक चाहर के रूप में मुंबई इंडियंस के पास दो अनुभवी भारतीय गेंदबाज हैं, जबकि नमन धीर एक बार फिर फिनिशर की भूमिका अच्छी तरह से निभाने की कोशिश करेंगे। पिछले साल उन्होंने अपनी इस भूमिका के साथ पूरा न्याय किया था।

इसलिए मुंबई के लिए सबसे बड़ी चुनौती अंतिम एकादश में उचित संयोजन तैयार करना होगा। उसकी टीम शुरुआत में कुछ मैच जीतने के लिए प्रतिबद्ध होगी क्योंकि अक्सर वह अच्छी शुरुआत करने में नाकाम रही है। मुंबई में खेलने के कारण कोलकाता नाइट राइडर्स में कप्तान अजिंक्य रहाणे और युवा अंगकृष रघुवंशी के रूप में कुछ स्थानीय खिलाड़ी भी नजर आएंगे लेकिन उसका गेंदबाजी आक्रमण कमजोर नजर आता है जिसका मुंबई इंडियंस पूरा फायदा उठाने की कोशिश करेगा। नीलामी के समय केकेआर का गेंदबाजी आक्रमण अच्छा नजर आ रहा था लेकिन भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के निर्देश पर फ्रेंचाइजी ने बांग्लादेश के तेज गेंदबाज मुस्तफिजुर रहमान को बाहर कर दिया था जबकि उसके दो भारतीय तेज गेंदबाज आकाश दीप और हर्षित राणा चोट के कारण टूर्नामेंट से बाहर हो गए हैं।

जिंबॉब्वे के तेज गेंदबाज ब्लेसिंग मुजरबानी प्रतिभाशाली हैं लेकिन उन पर दबाव हो सकता है। ऐसे में गेंदबाजी विभाग की बड़ी जिम्मेदारी वरुण चक्रवर्ती को निभानी पड़ेगी जो टी20 विश्व कप में अपेक्षित प्रदर्शन नहीं कर पाए थे। केकेआर की टीम में सीएसके के दो पूर्व खिलाड़ी रचिन रविंद्र और मथीशा पथिराना भी शामिल हैं। टिम सीफर्ट विकेटकीपर बल्लेबाज के तौर पर एकमात्र शुरुआती विकल्प हैं, जबकि उनके पास कैमरन ग्रीन और सुनील नारायण के रूप में दो बेहतरीन ऑलराउंडर भी मौजूद हैं।



मुंबई इंडियंस की टीम। फाइल फोटो

- कमजोर दिख रही केकेआर के खिलाफ मुकाबला आज

**टीम**

**मुंबई इंडियंस :** हार्दिक पंड्या (कप्तान), क्विंटन डीकॉक (विकेटकीपर), दानिश मालेवार, रॉबिन मिंज, रयान रिकेल्टन, शेरफेन रदरफोर्ड, रोहित शर्मा, सूर्यकुमार यादव, अथर्व अंकोलेकर, राज बावा, कॉर्बिन बॉश, विल जैक्स, मयंक रावत, नमन धीर, मिशेल सेंटनर, शार्दुल ठाकुर, तिलक वर्मा, अश्विनी कुमार, ट्रेंट बोल्ट, जसप्रीत बुमराह, दीपक चाहर, गजनफर, मयंक मार्कंडेय, मो. इजहार, रघु शर्मा।

**कोलकाता नाइट राइडर्स :** अजिंक्य रहाणे (कप्तान), रिंकू सिंह (उपकप्तान), फिन एलन, तेजस्वी दहिया (विकेटकीपर), मनीष पांडे, रोवमैन पॉवेल, अंगकृष रघुवंशी, रमनदीप सिंह, सार्थक रंजन, टिम सीफर्ट, राहुल त्रिपाठी, दक्ष कामरा, कैमरन ग्रीन, सुनील नारायण, रचिन रवींद्र, अनुकूल रॉय, वैभव अरोड़ा, सौरभ दुबे, कार्तिक त्यागी, ब्लेसिंग मुजरबानी, मथीशा पथिराना, नवदीप सैनी, प्रशांत सोलंकी, उमरान मलिक, वरुण चक्रवर्ती।

### पंत की सुझाव लेने के प्रति खुली सोच से बनता है सकारात्मक माहौल



**नई दिल्ली।** ऑस्ट्रेलिया की टी20 टीम के कप्तान मिचेल मार्श ने ऋषभ पंत की नेतृत्वक्षमता की जमकर तारीफ करते हुए कहा कि लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) का कप्तान सुझाव लेने की प्रति खुली सोच रखता है जिससे टीम के अंदर सकारात्मक माहौल पैदा होता है। एलएसजी के पास मार्श और एडन मार्करम के रूप में दो अंतरराष्ट्रीय कप्तान हैं। मार्श ने पीटीआई से साक्षात्कार में कहा बात बस इतनी सी है कि आप अपना सर्वश्रेष्ठ योगदान दें, ऋषभ को हर संभव सहयोग दें। वह एक बेहतरीन युवा खिलाड़ी है जो अपनी टीम का नेतृत्व बखूबी करता है। वह हमेशा फीडबैक और सुझाव लेने के लिए तैयार रहता है और उस पर अमल भी करता है। उन्होंने कहा हमारी टीम में कुछ बहुत अच्छे नेतृत्वकर्ता हैं जो काफी महत्व रखते हैं।

### चोटिल एमएस धोनी आईपीएल के पहले दो सप्ताह नहीं खेल पाएंगे



**नई दिल्ली।** चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के दिग्गज खिलाड़ी महेंद्र सिंह धोनी पिंडली की चोट के कारण इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के पहले दो सप्ताह में नहीं खेल पाएंगे। फ्रेंचाइजी ने शनिवार को यह जानकारी दी। सीएसके ने बयान में कहा महेंद्र सिंह धोनी फिलहाल पिंडली की चोट से उबरने के लिए रिहैबिलिटेशन से गुजर रहे हैं। इस कारण उनका आईपीएल 2026 के पहले दो सप्ताह में खेलने की संभावना नहीं है। धोनी ने 2020 में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लेने के बाद से आईपीएल खेलना जारी रखा है। इस 44 वर्षीय खिलाड़ी के आईपीएल में भविष्य को लेकर प्रत्येक सत्र में कयास लगाए जाते हैं। धोनी अब सिर्फ आईपीएल में खेलते हैं इसलिए उनके लिए मैच फिटनेस बनाए रखना और भी मुश्किल हो जाता है। रुतुराज गायकवाड़ हालांकि टीम के कप्तान हैं, लेकिन टीम की रणनीति धोनी के इर्द-गिर्द ही घूमती है। वह आईपीएल की शुरुआत से ही इस टीम से जुड़े हुए हैं। धोनी ने पिछले आईपीएल में 14 मैच खेले थे और निचले क्रम में बल्लेबाजी करते हुए फिनिशर की भूमिका निभाई थी। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लेने के बाद से उन्हें घुटने की समस्या से बार-बार जूझना पड़ा है और 2023 में उनकी सर्जरी भी हुई थी।



अहमदाबाद में अभ्यास सत्र के दौरान गुजरात टाइटन्स के जोस बटलर। एजेंसी

### काम और निजी जिंदगी में संतुलन बनाए रखने के लिए टी20 लीग की पेशकश ठुकराई भी : बटलर

**नई दिल्ली।** इंग्लैंड के सफेद गेंद के क्रिकेट में बेहतरीन विकेटकीपर-बल्लेबाजों में से एक जोस बटलर का कहना है कि उन्होंने काम और निजी जिंदगी में संतुलन बनाए रखने के लिए कभी कभी कुछ टी20 फ्रेंचाइजी लीग की पेशकश को ठुकराया भी है। कितना क्रिकेट बहुत ज्यादा होता है, इस पर बटलर ने कहा कि यह पूरी तरह व्यक्ति पर निर्भर करता है। बटलर सितंबर में 36 साल के हो जाएंगे लेकिन वह अब भी इंग्लैंड के लिए सफेद गेंद की जिम्मेदारी उठा रहे हैं और साथ ही इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के लगातार 11वें सत्र में लोकप्रिय टी20 बल्लेबाज के तौर पर भी खेल रहे हैं। गुजरात टाइटंस के साथ उनका यह दूसरा सत्र होगा। तो क्या वह ऐसे मोड़ पर आ गए हैं जहां उन्हें फ्रेंचाइजी और देश में से किसी एक को चुनना पड़ सकता है? इस पर उन्होंने कहा मैं जहां खेल रहा हूं, वहीं पर अपना पूरा ध्यान लगा रहा हूं। मेरे सामने जो है, उसे देखता हूं और उसी के हिसाब से खेलता हूं। बटलर ने मंगलवार को पंजाब किंग्स के खिलाफ टीम के पहले मैच से पहले पीटीआई के साथ एक खास बातचीत में कहा निश्चित रूप से अभी आईपीएल ही सबसे अहम है। उनका मानना है कि प्राथमिकता को देखते हुए सोच-समझकर फैसला लेना चाहिए। उन्होंने कहा कुछ समय बाद, आप पीछे मुड़कर देखते हैं और सोचते हैं कि मैं अपने करियर में किस मोड़ पर हूं? मेरे लिए क्या जरूरी है? बटलर ने कहा मैं इंग्लैंड के लिए सिर्फ सफेद गेंद का क्रिकेट खेलता हूं। मुझे लगता है कि अब मेरे पास एक ऐसा कैलेंडर है जिसे मैं काफी अच्छे से संभाल सकता हूं।

**प्रबल दावेदार**

**तीन साल में टूर्नामेंट का अपना दूसरा खिताब जीतने के लिए आज करेंगे मुकाबला, पिछले साल नहीं कर पाए थे प्रतिभाग**

# सिनर मियामी ओपन के फाइनल में, अब मुकाबला लेहेका से

**मियामी गार्डन्स (अमेरिका), एजेंसी**

दुनिया के दूसरे नंबर के खिलाड़ी यानिक सिनर ने एक साल पहले मियामी ओपन टेनिस टूर्नामेंट में हिस्सा नहीं लिया था क्योंकि प्रतिबंधित पदार्थ के सेवन लिए पॉजिटिव पाए जाने के बाद उन्हें तीन महीने के लिए निलंबित कर दिया गया था। अब इटली का यह 24 वर्षीय खिलाड़ी तीन साल में अपना दूसरा मियामी ओपन खिताब जीतने और 2017 में रोजर फेडरर के बाद 'सनशाइन डबल' जीतने वाला पहला पुरुष खिलाड़ी बनने के करीब है।

सिनर ने शुक्रवार रात हार्ड रॉक स्टेडियम में विश्व में चौथे नंबर के खिलाड़ी अलेक्जेंडर ज़्वेरेव पर 6-3, 7-6 (7-4) से जीत हासिल करके मियामी ओपन के फाइनल में प्रवेश किया। सिनर ने कहा यहां आकर अच्छा टेनिस खेलना मेरा मुख्य लक्ष्य था। मेरे लिए दोबारा फाइनल में पहुंचना बहुत मायने रखता है। यह शानदार सफर रहा है और मैं बहुत खुश हूं। सिनर ने ज्वेरेव को लगातार सात बार हराया है और एटीपी मास्टर्स 1000 में लगातार 32 सेट जीतने का रिकॉर्ड बनाया है।

हार्डकोर्ट पर शानदार प्रदर्शन करने वाले सिनर ने 15 मार्च को इंडियन वेल्स में दानिल मेदवेदेव को हराकर सनशाइन डबल का पहला चरण जीता था। रविवार को होने वाले फाइनल में उनका मुकाबला 21वीं वरीयता प्राप्त जिरी लेहेका से होगा और वह इस मैच में जीत के प्रबल दावेदार के रूप में उतरेंगे। सिनर ने 2024 से मियामी में लगातार 11 मैच जीते हैं। सिनर का लेहेका के खिलाफ करियर रिकॉर्ड 3-0 का है, उन्होंने आखिरी बार 2025 में फ्रेंच ओपन में उन्हें हराया था।

लेहेका ने सेमीफाइनल में 28वीं वरीयता प्राप्त आर्थर फिल्स को 6-2, 6-2 से हराकर अपने करियर में पहली बार एटीपी मास्टर्स 1000 टूर्नामेंट के फाइनल में जगह बनाई। लेहेका के चेक गणराज्य के साथी जैकब मेनसिक ने पिछले साल मियामी ओपन जीता था।



### नोवाक जोकोविच ने मोंटेकार्लो मास्टर्स से नाम वापस लिया

**मोनाको।** नोवाक जोकोविच ने दाहिने कंधे की चोट के कारण मियामी ओपन में भाग न लेने के बाद मोंटेकार्लो मास्टर्स टेनिस टूर्नामेंट से भी नाम वापस ले लिया है। इंस्टाग्राम पर जोकोविच के टूर्नामेंट से हटने की घोषणा करते हुए लिखा हम उन्हें शुभकामनाएं देते हैं और उम्मीद करते हैं कि वह जल्द ही कोर्ट पर वापसी करेंगे। जोकोविच के कारण स्पष्ट नहीं किया गया है, पर दो सप्ताह पहले बीएनपी पारिबास ओपन के चौथे दौर में जैक ड्रेपर से तीन सेटों में हारने के बाद से उन्होंने कोई मैच नहीं खेला है।